हिंदी पुस्तक-साहित्य

[१८६७–१९४२ ईस्वी]

माताप्रसाद गुप्त,

एम० ए०, डी० लिट्०

लेक्चरर, हिंदी विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय

१९४५

हिंदुस्तानी एकेडेमी, यू० पी०,

इलाहाबाद

प्रकाशक
हिंदुस्तानी ऐकेडेमी,
इलाहाबाद, यू० पी०

मुद्रक पं० मगनकृष्ण दीक्षित, दीक्षित प्रेस, इलाहाबाद

स्वर्गीय पितामह

श्री० नारायणदास साहु की

पुण्य-स्मृति में

जिन्हें १९४० की विजयादशमी की छुट्टियों में

मृत्यु-शैया पर छोड़ कर

इस कार्य की धुन में दिल्ली गया

और पुनः जिनके दर्शन प्राप्त न कर सका

—लेखक

प्रस्तावना

प्रस्तुत कृति ईस्वी सन् १८६७ और १९४२ के बीच में प्रकाशित उन समस्त मुद्रित पुस्तकों तथा उनके लेखकों, शीर्षकों, प्रकाशकों और संस्करणों का यथासंभव एक तिथि-क्रम में उल्लेख करने का प्रयत्न करती है जो मूलतः हिन्दी में है, अथवा हिन्दी में अनूदित या रूपांतरित हैं, और जो अपने-अपने विषय के साहित्य के इतिहास में स्थान पाने की अधिकारिणी हैं।

समय की सीमाएँ—१८६७ की तिथि तीन कारणों से रक्खी गई है। एक तो १८६७ में ही देश के पुस्तक-प्रकाशन का नियंत्रण करने की आवश्यकता समझी गई, और 'रेजिस्ट्रेशन आव बुक्स एंड प्रेस ऐक्ट' बना, जिसके द्वारा भारत में प्रकाशित प्रत्येक पुस्तक के अनिवार्य रूप से अपने-अपने प्रान्तीय रजिस्टर में दर्ज कराने और इस प्रकार निर्मित सूची के त्रैमासिक रूप में प्रान्तीय गज़ट में प्रकाशित होने की व्यवस्था की गई; दूसरे, १८६७ के पहले हिंदी में प्रकाशन की गति इतनी धीमी रही कि उसके कुछ ही बाद आनेवाले वर्षों के अनुपात में वह प्रगतिहीन तक कही जा सकती है; और तीसरे, हिन्दी साहित्य के एक युग का आरंभ इसी तिथि से माना जा सकता है—इसी वर्ष भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की पहली मौलिक रचना प्रकाशित हुई, उन भारतेन्दु की जिनको उस युग का उन्नायक और आधुनिक हिन्दी साहित्य का पिता माना जा सकता है। १९४२ को दूसरी सीमा मानने के कारण भी इसी प्रकार एक से अधिक हैं; १९४२ तक की त्रैमासिक सूचियाँ समस्त प्रान्तीय गज़टों में प्रकाशित हो चुकी हैं; पर बाद की सूचियाँ उस संयुक्तप्रान्त के ही गज़ट में अभी नहीं प्रकाशित हुई हैं जिसमें वस्तुतः अधिकांश हिन्दी साहित्य का सृजन हो रहा है; दूसरे, कागज़ के प्रतिबंधों और छपाई की बढ़ी दर के कारण भी १९४३ से प्रकाशन-कार्य एक प्रकार से रुक सा गया है; और तीसरे, अपने देश में १९४२ से जो युद्धोयोग प्रारंभ हुआ उसके कारण इधर देश की चिन्ताधारा अपनी समस्त स्वच्छंदता के

साथ प्रवाहित नहीं हो सकी है। फलतः १८६७ तथा १९४२ की तिथियाँ देश के साहित्य के इतिहास में अलग-अलग अपना स्वतंत्र महत्व रखती हैं।

चयन—इस अवधि के बीच मुद्रित प्रत्येक पुस्तक का समावेश करना प्रस्तुत कृति का लक्ष्य नहीं है; इसमें केवल ऐसी ही कृतियों का समावेश हुआ है जो प्रायः अपने विषय के साहित्य के इतिहास में एक निश्चित स्थान की अधिकारिणी हैं।* प्रत्येक विषय के साहित्य के इतिहास में कुछ धाराएँ और परंपराएँ दिखलाई पड़ती हैं, जिनके प्रारंभ, समृद्धि और ह्रास का स्पष्ट करना साहित्य के इतिहास का एक सर्व-प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। यह स्पष्टीकरण प्रत्येक धारा का सूत्रपात करने वाली प्राय: समस्त रचनाओं, समृद्धिकाल की कलापूर्ण और अधिकारपूर्ण रचनाओं, और ह्रासकाल की सबसे अधिक पूर्ण और त्रुटिहीन रचनाओं का विवरण दिए बिना यथेष्ट रूप से कदाचित् नहीं हो सकता, इस कारण चयन में उपर्युक्त सिद्धान्त का निरंतर ध्यान रक्खा गया है। अपूर्णता तथा त्रुटियों की संभावना इस प्रकार के चयन में अवश्यंभावी है। आशा है कि उन्हें यथासंभव दूर करने में विद्वानों का सहयोग अवश्य प्राप्त होगा।

पुस्तक विभाजन—मुख्य पुस्तक दो अंशों में विभक्त है प्रत्येक विषय के साहित्य की सूची—जिसे सुविधा के लिए 'विषय सूची' कहा गया है, और प्रत्येक लेखक द्वारा प्रस्तुत साहित्य की सूची—जिसे सुविधा के लिए 'लेखक सूची' कहा गया है। इनके अतिरिक्त दो अंश और हैं; भूमिका तथा पुस्तक अनुक्रमणिका। भूमिका में कुछ अन्य बातों के अतिरिक्त प्रत्येक विषय के साहित्य का उसके दो युगों में सिंहावलोकन किया गया है। और पुस्तक अनुक्रमणिका में प्रत्येक पुस्तक के उल्लेख की पृष्ठ-संख्या दी गई है। इन चारों अंशों की रचना अलग अलग उद्देश्यों से हुई है।

*शिक्षा-विभाग की आवश्यकताओं के लिए लिखी गई पुस्तकों का समावेश इसी दृष्टि से १९०९ के अनंतर प्रायः नहीं किया गया है।

मुख्य पुस्तक के प्रथम अंश का उद्देश्य है प्रत्येक विषय के साहित्य का एक ही दृष्टि में ऐतिहासिक परिचय। किसी भी विषय वर्ग के संबंध में यदि यह जानना हो कि उस पर साहित्य कितना है और किसी भी काल-भाग में उसकी प्रगति किन दिशाओं अथवा धाराओं में रही है तो उक्त सूची को उठाकर देखने पर जानने में देर न लगेगी। इस अंश में प्रत्येक विषय का साहित्य चार विभागों में बाँट कर रक्खा गया है; 'प्राचीन' अर्थात् १८६७ से पूर्व निर्मित साहित्य, 'तत्कालीन' अर्थात् १८६७-१६४२ में निर्मित सामान्य साहित्य, 'बाल' अर्थात् १८६७-१६४२ में अपरिपक्क बुद्धि के पाठकों के लिए निर्मित साहित्य, और 'अनूदित' अर्थात् अन्य भाषाओं से रूपांतरित साहित्य। तत्कालीन साहित्य को प्रकाशन-क्रम से रखने का यत्न किया गया है, और इस प्रयास में प्रथम संस्करण की तिथि को ही, यदि वह प्राप्त है, आधारभूत माना गया है। परवर्ती संस्करणों की तिथियाँ केवल प्रथम के अप्राप्य होने पर ही गई हैं, और जब इस प्रकार की तिथियाँ दी गई हैं तब संस्करण का भी उल्लेख कर दिया गया है—अन्यथा प्रथम संस्करण ही समझना चाहिए। प्राचीन साहित्य का समावेश सामान्यतः ग्रंथों के रचना-काल के क्रम से किया गया है, किन्तु अनेक ग्रंथों के रचना-काल अप्राप्य या निश्चित रूप से प्राप्य न होने के कारण इस नियम में व्यतिक्रम भी हो गया है। अनूदित अंश में यह काल-क्रम की व्यवस्था और भी शिथिल है, क्योंकि अन्य भाषाओं के साहित्य का इतिहास मेरा और भी कम पढ़ा हुआ है। इस क्रम के स्थान पर प्राचीन तथा अनूदित साहित्य प्रकाशन की तिथियों के क्रम में दिया जा सकता था; किन्तु उससे ऐतिहासिक धारणा के निर्माण में सहायता मिलने के स्थान पर बाधा ही पड़ती, इसलिए वह क्रम नहीं रक्खा गया—वैसे प्रकाशन की यह तिथियाँ लेखक-सूची से प्राप्त की जा सकती हैं। रचना-काल-संबंधी इस अनिश्चय और अज्ञान के कारण ही इन विभागों में कोई भी तिथियाँ नहीं दी गई हैं।

दूसरा अंश इसी प्रकार अलग-अलग विभिन्न लेखकों के साहित्यो-

द्योग का इतिहास प्रस्तुत करने का यत्न करता है, और इसमें संख्याओं के द्वारा प्रत्येक कृति के विषय का भी संकेत कर दिया गया है। विषय-सूची देखने के अनंतर यदि जानना यह हो कि किसी कृति का उसके लेखक के साहित्योद्योग में क्या स्थान है तो वह लेखक के नाम को अकारादि क्रम से इस सूची में देखकर उक्त रचना की तिथि को देखते हुए अभीष्ट स्थान पर पहुँच सकता है—केवल प्राचीन तथा अनूदित साहित्य के संबंध में तिथि विषय-सूची में न होने के कारण सहायक न होगी। और, इसी प्रकार यदि लेखक-सूची को देखने के अनंतर किसी लेखक की किसी रचना के संबंध में यह जानना हो कि वह अपने विषय के साहित्योद्योग में क्या स्थान रखती है तो लेख-सूची में दिए हुए विषय-विभाजन संबंधी संकेत देखकर रचना-तिथि का अनुगमन करते हुए अविलंब उस कृति के स्थल तक पहुँच सकता है। विषय-सूची में तिथि का उल्लेख न होने के कारण प्राचीन तथा अनूदित साहित्य के संबंध में यहाँ भी थोड़ी-सी असुविधा हो ही सकती है।

भूमिका में अन्य कुछ बातों के अतिरिक्त साहित्य का एक सिंहावलोकन है। यह सिंहावलोकन 'तत्कालीन' सामान्य साहित्य तक ही सीमित है, और दो अंशों में विभक्त है : १८६७-१९०९, जिसे विगत युग का साहित्य- कहा गया है, और १९०९-१९४२, जिसे वर्त्तमान युग का साहित्य कहा गया है। १९०९ की तिथि को इन ७५ वर्षों के इतिहास में एक क्रांतिविन्दु इसलिए माना गया है कि आधुनिक काल में यह तिथि हिंदी के लगभग प्रत्येक विषय के साहित्य के इतिहास में एक नवीन युग का सूत्रपात करती है, जैसा इस सिंहावलोकन से स्वतः स्पष्ट हो जावेगा। इस अंश में ध्यान केवल विचार और भाव-धाराओं के विकास का रक्खा गया है, और इसी के आधार पर प्रत्येक विषय के साहित्य का विभाजन किया गया है। इस प्रकार के सिंहावलोकन में पुस्तकों का विषय-संकेत आवश्यक था, उसे करने का यत्न किया गया है; पर जो भी विषय-परिचायक सूचनाएँ प्राप्त हैं, वह प्रायः ऐसी अपर्याप्त और कभी-कभी अविश्वसनीय हैं कि उनसे पूरा काम लेना या

उन पर पूर्णरूप से निर्भर करना असंभव था, और अनेकानेक पुस्तकों के संबंध की यह सूचनाएँ भी अप्राप्य हैं; ऐसी दशा में दो ही बातें हो सकती थीं : या तो सिंहावलोकन इस सामग्री की सहायता से किया जाता और रिक्त स्थलों की पूर्ति काम चलाने के लिये किसी न किसी प्रकार—कभी-कभी अनुमान का आश्रय लेते हुए भी—की जाती, या तो सिंहावलोकन का विचार ही छोड़ दिया जाता। मैंने दूसरे की अपेक्षा पहले को ही ठीक समझा, क्योंकि इस प्रकार का प्रयास आवश्यक था, चाहे उसमें कितनी भी अपूर्णता और कितना ही अनिश्चय क्यों न हो। एक बार इस प्रकार का प्रयास हो जाने पर कभी-न-कभी वह लेखकों और विद्वानों के सहयोग से पूर्ण और निश्चित हो ही सकता है। फलतः इस सिंहावलोकन के उपयोक्ताओं को बहुत सतर्कता के साथ उसमें उल्लिखित तथ्यों को ग्रहण करना होगा यह बात अधिक से अधिक स्पष्ट हो जानी चाहिए।

चौथे अंश में अकारादि क्रम से पुस्तकों का नामोल्लेख करते हुए वे पृष्ठ-संख्याएँ दी हुई हैं जिन पर प्रस्तुत ग्रंथ में उनका उल्लेख हुआ है—केवल पुस्तक के नाम को सहायता से भी अनुक्रमणिका का आश्रय लेते हुए तत्संबंधी सूचनाएँ ग्रंथ में देखी जा सकती हैं।

उल्लेख प्रणाली—लेखकों का नाम पूरा-पूरा, प्रायः उनकी उपाधियों आदि के सहित, केवल लेखक-सूची में दिया हुआ है—अन्य स्थानों पर उनके नामों का सर्वप्रमुख वैयक्तिक अंश ही उद्धृत हुआ है; पुनः, 'प्राचीन' में लेखकों का उल्लेख उनके उपनामों की सहायता से हुआ है, और इसी प्रकार 'तत्कालीन' में लेखकों का उल्लेख उनके वास्तविक नामों की सहायता से, यद्यपि कभी-कभी दोनों का उल्लेख किया गया है; इस नियम की अवहेलना आवश्यक ज्ञान के अभाव में ही हुई है। पुस्तकों का नामोल्लेख भी, इसी प्रकार, पूर्ण रूप से केवल लेखक-सूची में मिलेगा; अन्य अंशों में नाम बड़ा होने पर प्रायः उसका मुख्यांश ही उल्लिखित हुआ है। पुस्तकों के प्रकाशन-स्थान की सूचनाएँ तो केवल लेखक-सूची में दी गई हैं; यद्यपि अन्य

किसी सूची के साथ भी वे दी जा सकती थीं पर दो कारणों से यह उचित समझा गया : एक तो इसलिए कि प्रकाशन-गृहों का संबंध हिंदी के सामान्य प्रकाशनोद्योग के इतिहास में—विज्ञानपरिषद् जैसी दो-चार संस्थाओं को छोड़कर—विशेष विषयों के साथ उतना नहीं है जितना विशेष लेखकों के साथ इस—संबंध में 'वैशेषिकता' (Specialisation) का सूत्रपात अभी हुआ ही नहीं है; और दूसरे, इसलिए कि लेखकों और पुस्तकों का नाम भी पूर्ण विस्तार के साथ उसी सूची में दिया गया है। प्रकाशन-गृहों तथा तिथियों के संबंध में एक अव्यवस्था अनिवार्य हो गई है। प्राप्त सूचनाओं में कभी तो केवल प्रकाशन-गृहों के अध्यक्षों और अधिष्ठाताओं का उल्लेख मिला है, और कभी केवल प्रकाशन-गृहों का; दोनों का सर्वत्र उल्लेख नहीं मिला है, इसलिए कभी-कभी एक ही प्रकाशक का उल्लेख विभिन्न पुस्तकों के संबंध में दो प्रकार से हो गया है। तिथियाँ मैंने प्रकाशन की ही देने का यत्न किया है—जो केवल गज़टों में प्रकाशित त्रैमासिक सूचियों में प्राप्त होती हैं; उन्हीं पुस्तकों के संबंध में मुझे मुद्रण-तिथियाँ देकर संतुष्ट होना पड़ा है जिनकी सूचनाएँ मैंने अन्यत्र से प्राप्त की हैं। पुस्तकों पर मुद्रण-तिथि ही दी हुई होती है, जो प्रकाशन-तिथि से प्रायः कुछ महीने पहले हुआ करती है; इसलिए उन पुस्तकों की तिथियों के सम्बंध में कभी-कभी १ वर्ष का अंतर मिल सकता है जो वर्ष के अन्तिम महीनों में मुद्रित होती हैं।

वर्गीकरण—वर्गीकरण के अनेक दृष्टिकोण, और उन्हीं के अनुसार अनेक आधार हो सकते हैं। साथ ही ड्यूयी जैसी एक बहुप्रचलित प्रणाली को लेकर बहुप्रचारजनित उसकी सुविधाओं के कारण भी उसके स्वीकार का समर्थन किया जा सकता है। किंतु, मेरा विचार है कि वह प्रणाली और इस प्रकार की और भी कुछ वैदेशिक प्रणालियाँ हमारी आवश्यकताओं के ध्यान से अनुपयुक्त हैं। इस प्रसंग में ज़रा विस्तार के साथ विचार करना आवश्यक होगा। पहले हम ड्यूयी के मुख्य वर्गों में से कुछ को ले सकते हैं : पहला वर्ग है सामान्य कृतियों (General works), का जिसमें विभिन्न ढंगों के साहित्य का

समावेश हुआ है। साहित्यिक विवेचन और साहित्यिक इतिहास के दृष्टिकोण से इस वर्ग की न कोई विशेष आवश्यकता है, और न हिंदी में इस वर्ग का कोई उल्लेखनीय साहित्य ही है। दूसरे और तीसरे वर्ग हैं दर्शन (Philosophy) और धर्म (Religion) के। भारत में दर्शन और धर्म—ज्ञान और कर्म—अलग-अलग विवेचित नहीं हुए हैं, और केवल पश्चिमी आदर्शों पर लिखे गए दर्शन-ग्रंथों का अब भी प्रायः अभाव ही है, इसलिए इन्हें अलग-अलग वर्गों में रखने की आवश्यकता नहीं है। एक ओर तो इस प्रकार का विस्तार है, दूसरी ओर समस्त ललित साहित्य (Literature) को जो कदाचित् किसी भी भाषा में सपूर्ण साहित्य का आधे से कम न ठहरेगा और हिंदी में तो आधे से अधिक ही होगा—एक ही वर्ग में रखा गया है; प्रकट है कि इसका समर्थन भी साहित्यिक विवेचन तथा साहित्यिक इतिहास-लेखन के दृष्टिकोण से करना कठिन होगा। विषयों के विभाजन-विस्तारों में जाइये तो सैद्धान्तिक मतभेद हो सकता है। ललित साहित्य (Literature)—जिससे हमें सबसे अधिक संबंध है—इतिहास-भूगोल की तरह विषय के अनुसार विभाजित न होकर देश के अनुसार विभाजित हुआ है: अमेरिकन इंग्लिश, जर्मन, फ्रेंच, इटालियन, स्पैनिश, लैटिन, ग्रीक तथा अन्य। विभिन्न देशों का यह साहित्य तदनंतर विभिन्न साहित्य-रूपों जैसे काव्य आदि में रखा गया है। फिर प्रत्येक का साहित्य काल-विभाग के अनुसार ६ कालों में विभक्त हुआ है। और फिर प्रत्येक काल में ६ विभाग किए गए हैं—आठ में आठ सर्वप्रमुख लेखक हैं, और नवें में उनसे उतरी कक्षा के लेखक हैं। ललित साहित्य का संकेताङ्क ८०० है। अंग्रेज़ी साहित्य का ८२० है। अंग्रेज़ी काव्य का ८२१ है। अंग्रेज़ी काव्य के विक्टोरियन काल का ८२१·८ है और यह निम्नलिखित प्रकार से विभक्त है, ·८१ टेनीसन, ·८२ इलिज़ाबेथ ब्राउनिंग, ·८३ राबर्ट ब्राउनिंग, ·८४ रॉसेटी, ·८५ मॉरिस, ·८६ स्विनबर्न, ·८७ ब्रिजेज़, ·८८ वाट्सन तथा ·८६ छोटे कवि। इस प्रकार के वर्गीकरण से यह स्पष्ट होगा कि चिन्ता-धाराओं और

काव्य-परंपराओं का अध्ययन नहीं हो सकता। साथ ही, इस प्रणाली में विषय-विभाजन अनिवार्य रूप से ६ या कम वर्गों में ही किया जा सकता है, अधिक में नहीं। यह व्यवधान अत्यंत कृत्रिम है, और पुस्तकालय-प्रबंध की दृष्टिकोण से चाहे जितना सुविधाजनक हो अध्ययन विवेचन और इतिहास की दृष्टि से नितांत अवैज्ञानिक और असुविधाजनक है। शेष प्रणालियों में से केवल एक और प्रणाली का उल्लेख करना आवश्यक होगा—जिसका प्रयोग हाल में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से प्रकाशित अंग्रेज़ी में अपने ढंग की अद्वितीय पुस्तक 'कैम्ब्रिज बिब्लिओग्राफ़ी आव् इंग्लिश लिटरेचर' में किया गया है। उसके संपादकों ने १८००-१६०० के साहित्य को इन वर्गों में रक्खा है: १. साहित्यिक सूचियाँ और साहित्यिक इतिहास, २. कविता, ३. उपन्यास और आख्यायिका, ४. नाटक, ५. समालोचनात्मक और मिश्रित गद्य, ६. इतिहास, दर्शन, विज्ञान तथा अन्य ज्ञान प्रणालियाँ, और ७. अन्य देशों का साहित्य। इन विभागों में एक-एक लेखक की समस्त कृति एकत्र हो गई है, और उस लेखक के संबंध का साहित्य भी यहीं दिया गया है। यह प्रणाली ड्यूयी से कितना विपरीत है यह समझने में कठिनाई न होगी। मैंने इन दोनों अतिवादों से बचने का यत्न किया है। न तो समस्त ललित—और समस्त देशों के ललित—साहित्य को एक वर्ग में कसने का व्यर्थ यत्न किया है, और न इतिहास, दर्शन, विज्ञान तथा अन्य ज्ञान-प्रणालियों में से सबको अलग-अलग रक्खा है। साथ ही, साहित्य में मिलने वाली लेखकों और साहित्यकारों से संबंध रखने वाली समालोचनात्मक और परिचयात्मक सामग्री का स्वतंत्र ऐतिहासिक और विवेचनात्मक अध्ययन भी हो सकता है, इसलिए उसका एक स्वतंत्र-वर्ग रक्खा है। आशा है कि वर्गीकरण और विषय विभाजन का यह प्रयास हमारी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुविधाजनक होगा। प्रत्येक मुख्य वर्ग में किन-किन विषयों का समावेश होना चाहिए, इस संबंध में भी मतभेद के लिए अवसर पर्याप्त हो सकता है, और जितना ही अधिक विचार किया जावेगा उतना ही अधिक उसमें

सुधार की भी संभावना हो सकती है। किन-किन विषयों का समावेश मैंने किस-किस वर्ग में किया है प्रस्तुत पुस्तक के उपयोग के लिए यही जानना यथेष्ट होगा, और वह भूमिका के सिंहावलोकन की विषयानुक्रमणिका को देख कर हृदयंगम किया जा सकता है।

आभार प्रदर्शन शेष है। सबसे पहले मैं कृतज्ञ हूँ इंपीरियल रेकॉर्ड्स आफ़िस, दिल्ली के अध्यक्ष डा० सुरेन्द्रनाथ सेन तथा उनके विभाग के कर्मचारियों का जिन्होंने मुझे समस्त प्रान्तों के १८६७ से १९४१ तक के गज़ट देखने की संपूर्ण सुविधाएँ प्रदान की। १९४२ तथा १९४३ के शेष आवश्यक गज़ट मैंने कलकत्ता की इंपीरियल लाइब्रेरी में देखे, इसलिए उक्त लाइब्रेरी के भी अध्यक्ष तथा कर्मचारियों का मैं अनुगृहीत हूँ। अपने प्रान्त के अधिकतर गज़ट मैंने प्रयाग विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी तथा स्थानीय पब्लिक लाइब्रेरी में देखे। इन लाइब्रेरियों के अध्यक्षों और कर्मचारियों का मैं बाधित हूँ। पुस्तकालयों और उनके सूचीपत्रों के उपयोग के संबंध में हिंदी साहित्य-सम्मेलन-संग्रहालय तथा पुनः प्रयाग विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी के अधिकारियों का उपकृत हूँ, जिन्होंने अपने समस्त सूचीपत्र और संग्रह मेरे उपयोग के लिए सुलभ किए। नागरी-प्रचारिणी सभा काशी के आर्यभाषा पुस्तकालय के नवीन सूचीपत्र का उपयोग न कर सका इसका मुझे खेद है। सन् १९४३-४४ में बहुत सी लिखा-पढ़ी के अनंतर भी प्रस्तुत कार्य के लिए वहाँ के अधिकारी उसे एक सप्ताह के लिए भी न दे सके, यद्यपि उसकी दो टाइप की हुई प्रतियाँ उनके पास थीं, और उनके पास उसका एक कार्ड-इन्डेक्स भी था।

प्रकाशन के संबंध में हिन्दुस्तानी अकेडेमी, यू० पी० के अधिकारियों का हृदय से कृतज्ञ हूँ, जिन्होंने इस ग्रंथ को प्रकाशित कर हिंदी जनता के लिए इसे सुलभ किया।

इस ग्रंथ के लिए प्रेस कापी तैयार करने में मेरे एक पूर्वछात्र और इस समय प्रयाग विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में रिसर्च-स्कालर श्री रामसिंह तोमर तथा पुस्तक-अनुक्रमणिका तैयार करने में मेरे एक

पूर्वछात्र और इस समय प्रयाग विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में रिसर्च-स्कालर श्री विश्वनाथ मिश्र से मुझे अमूल्य सहायता मिली है : उनका मैं कृतज्ञ हूँ। पुस्तक के प्रेस में जाने के पूर्व उसकी भूमिका के कुछ अंश देख कर प्रयाग विश्वविद्याल के अपने सहयोगी डा० रामकुमार वर्मा तथा डा० लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय, और हिंदू विश्वद्यालय, काशी के डा० श्री कृष्ण लाल ने कुछ संशोधन किए हैं, इसके लिए इन महोदयों का भी मैं आभारी हूँ।

कार्य-सपादन के लिए मैं बाधित हूँ प्रयाग विश्वविद्यालय के अधिकारियों का, और विशेषरूप से उसके वाइस-चांसलर माननीय डा० अमरनाथ जी झा का, जिन्होंने समय-समय पर प्रयाग से बाहर जाकर इस कार्य को पूरा करने में सुविधाएँ प्रदान की। अंत में, पर सब से अधिक, मैं कृतज्ञता-प्रकाश करना चाहता हूँ श्रद्धेय डा० धीरेन्द्र वर्मा के प्रति, जिनके निरंतर प्रोत्साहन के बिना यह कार्य असंभव था, और जिन्होंने इस कार्य के संपादन में अनेक सत्परामर्श दिए हैं।

इस प्रकार का कार्य, जहाँ तक मुझे ज्ञात है, किसी भी भारतीय भाषा में अभी तक नहीं हुआ है, इसलिए मुझे आशा है कि हिंदी जनता और हिंदी विद्वान् अनेक त्रुटियों के रहते हुए भी इसे सगर्व अपनावेंगे और त्रुटि-परिहार में सहायक होंगे। प्रेस के आवश्यक सहयोग के अनंतर भी इस ग्रंथ में छपाई की भूलों की कमी नहीं है, इसका कारण अधिकतर प्रूफ़ देखने में मेरी ही असावधानी है। पुस्तक साल भर में धीरे-धीरे छपती रही है, इसलिए ज्ञान वृद्धि के साथ-साथ प्रायः बाद में छपे हुए अंशों में पहले छपे हुए अंशों की अपेक्षा दूसरे प्रकार की भूलें कम मिलेंगी, किंतु छापे की भूलों से वह अंश भी ख़ाली नहीं हैं। शुद्धि-पत्र में केवल अत्यंत आवश्यक संशोधनों का ही समावेश किया गया है। ऐसे संशोधनों का समावेश उसमें नहीं किया जा सका है जो विचारशील पाठक स्वतः कर सकते हैं। आशा है कि वे इसके लिए मुझे क्षमा करेंगे।

हिंदी विभाग,
प्रयाग विश्वविद्यालय

माता प्रसाद गुप्त

विषय-तालिका

भूमिका खंड

विषय-सूची खंड

संकेत और संक्षेप

लेखक-सूची में प्रत्येक पुस्तक के नाम के अनंतर ही कुछ संख्याएँ और कुछ वर्ण कोष्टको के भीतर दिए गए है। वे उनके विषय-विभाजन का संकेत करते हैं, और उनसे इस प्रकार का आशय लेना चाहिए :—

१ = काव्य	११ = ललित कला
२ = उपन्यास	१२ = उपयोगी कला
३ = कहानी	१३ = शरीर-रक्षा
४ = नाटक	१४ = विज्ञान
५ = निबंध	५१ = समाज-शास्त्र
६ = साहित्य-शास्त्र	१६ = शिक्षा
७ = जीवन-चरित्र	१७ = धर्म
८ = इतिहास	१८ = समालोचना
९ = देश-दर्शन	१९ = साहित्य का इतिहास
१० = भाषा-दर्शन	२० = विभाषा साहित्य का अध्ययन

अनू० = प्राचीन
प्रा० = अनूदित
बा० = बाल

इसके अतिरिक्त दो और संक्षिप्त रूप कुछ स्थलों पर व्यवहृत हुए हैं :—

सं० = संपादक लि० = लिमिटेड

भूमिका

१. हमारी चिन्ताधारा

हिंदी साहित्य का प्रथम सूत्र सिद्धों और नाथपंथियों के साहित्य में मिलता है, जो बौद्धमत की उस महायान शाखा के विकसित रूप थे जो समाज के समस्त स्तरों के प्राणियों को निर्वाण दिलाने का दावा करता था, और जो हीनयान की भाँति केवल विरक्तों और सन्यासियों के निर्वाण से संतुष्ट नहीं था। ये साधक नाना मतों का खंडन करते थे, सहज और शून्य में समाधि लगाने को कहते थे और गुरु की भक्ति—कभी-कभी उन्हें बुद्ध से भी बड़ा बताकर—करने का उपदेश करते थे। प्रायः समाज के दलित वर्ग से उत्पन्न होने के कारण इन्हें सामाजिक विषमता का कटु अनुभव हुआ करता था, और इसीलिए जाति-पाँति का खंडन इन्होंने खूब किया है—यद्यपि यह भी हो सकता है कि स्वतः महायान धर्म का ही इसमें काफ़ी हाथ हो, क्योंकि उसके उपदेशक और भी से जाति-पाँति का विरोध करते आ रहे थे। यह सिद्ध और नाथपंथी साधक एक विशिष्ट शब्दावली का प्रयोग करते थे, और कभी-कभी अपने उपदेश विरोधाभास-प्रचुर उलटवासियों के रूप में रखते थे। इनका साहित्य मुख्यतः गीतों में, दोहों में और चौपाइयों में है, और उसका विकास पूर्वी मध्यदेश और उसकी पूर्वी सीमा पर हुआ।

मध्यदेश की पश्चिमी सीमा पर तथा राजस्थान में प्रायः इसी समय एक अन्य साहित्य का विकास हुआ जो चारण-साहित्य कहा जाता है। इन चारणों ने अपने क्षत्रिय आश्रयदाता शासकों की कीर्ति का गान किया है जिनमें जातीय दर्प और कुलाभिमान की एक अति के कारण पारस्परिक युद्ध और कलह का प्राधान्य था—और जिसके फलस्वरूप ही यह देश विधर्मी आक्रमणकारियों के हाथ में चला गया। चारणों ने अनेक रासों में उनके इसी वीर और उद्धत चरित्र का अतिरंजित वर्णन किया है। इस परंपरा का सबसे अधिक विकसित ग्रंथ 'पृथ्वीराज रासो' है जो अनेक छंदों में निर्मित हुआ है।

उपर्युक्त समस्त साहित्य अपभ्रंश-मिश्रित हिंदी में है—हिंदी का पूर्ण विकास उसमें नहीं दिखाई देता। उसका वास्तविक विकास बाद में आने-वाले साहित्य में मिलता है।

१४०० ई० के लगभग हिंदी साहित्य में एक नवीन धारा का प्रादुर्भाव होता है जो हमारे साहित्य के इतिहास में सबसे अधिक महत्वपूर्ण है : वह है भक्ति-धारा। दक्षिण भारत में इसका इतिहास पुराना है किंतु, उत्तर भारत में इसका पुनरावर्तन मुख्यतः रामानंद जी के द्वारा हुआ। रामानंद जी की शिष्य-परंपरा में दो विभिन्न परंपराओं का विकास हुआ; निर्गुण राम-भक्ति और सगुण राम-भक्ति। निर्गुण भक्ति वाले संत—जिनमें कबीरदास सर्वप्रमुख हैं—प्रायः हिंदू समाज के निम्न स्तर और मुसलमान समाज से उत्पन्न हैं, और इन पर उस सिद्धमत और नाथपंथ का गहरा प्रभाव दिखाई पड़ता है जिसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। उन्हीं की भाँति यह भी नाना मतों का खंडन करते थे, शून्य और सहज में समाधि लगाने को कहते थे, और गुरुभक्ति का उपदेश—कभी-कभी उन्हें गोविन्द से भी बड़ा बताकर—किया करते थे। जाति-पाँति का खंडन इन्होंने भी खूब किया। और इनकी रचनाएँ भी गीतों में—जिन्हें यह सबद (शब्द) कहते थे, दोहों में—जिन्हें यह साखी कहते थे, और चौपाइयों में—जिन्हें यह रमैनी (रामायणी) कहते थे पाई जाती हैं। पर इनमें उनकी अपेक्षा विशेषता यह है कि भक्ति को इन्होंने सर्वोपरि माना है, उनके वामाचार की इन्होंने निन्दा की है, और इस्लाम से भी कभी-कभी कुछ बातें ग्रहण की हैं।

रामानंद जी की सगुणभक्ति-परंपरा में—जिसमें सर्वप्रमुख तुलसीदास हैं—किसी भी मत-मतान्तर का खंडन नहीं है, बल्कि सभी के प्रति एक उदार भावना है : नाभादास जी ने अपने समय के और अपने पूर्व के प्रायः समस्त संप्रदायों के संतों का उल्लेख 'भक्तमाल' में अभूतपूर्व श्रद्धा और आदर के साथ किया है। इस परंपरा में शून्य और सहज आदि योग के तत्वों को कोई महत्व नहीं दिया गया

है। गुरु को भी उतना महत्व नहीं प्रदान किया गया है जितना निर्गुणभक्ति-परंपरा में। और, जाति-पाँति के संबंध में समाज के लिए वर्णाश्रम व्यवस्था का समर्थन किया गया है—यद्यपि साधना क्षेत्र में उसका निराकरण किया गया है। वर्णाश्रम धर्म के सबसे बड़े समर्थक तुलसीदास स्वतः अपनी कोई जाति-पाँति नहीं मानते और अपना गोत्र भी अपने स्वामी का ही गोत्र बताते हैं। भक्ति के संबंध में इस परंपरा की श्रद्धा अविभाजित थी—योग तथा ज्ञानादि में इनकी आस्था कदाचित् एकदम नहीं थी। तुलसीदास ने अपने समय में प्रचलित हिंदी की प्राय: समस्त साहित्यिक और लोकगीत की पद्धतियों में अपनी अपूर्व प्रतिभा का चमत्कार दिखाया, और हमारे मध्ययुग के साहित्य के इतिहास में प्रबंध-काव्य का वह आदर्श उपस्थित किया जो अब भी उच्चतम है। किंतु, तुलसीदास की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने भारतीय संस्कृति का एक ऐसा सर्वमान्य रूप सब के सामने रक्खा जैसा बहुत कम हुआ है। वे भारतीय संस्कृति के सबसे अधिक सच्चे प्रतिनिधियों में से हैं, और यही कारण है कि उनका स्थान भारतीय साहित्य में ही नहीं विश्व-साहित्य में भी महत्वपूर्ण है।

सगुण भक्ति की एक और धारा इसी समय प्रवाहित हुई : वह थी कृष्णभक्ति धारा। इसमें अनेक परंपराएँ विकसित हुईं—जिनमें से सबसे अधिक महत्वपूर्ण है वल्लभाचार्य की, जिसमें हमारे साहित्य के अप्रतिम कवि सूरदास का आविर्भाव हुआ। तुलनाप्रेमी समालोचक भले ही यह कह दें कि सूरदास ने केवल एक ही साहित्यिक पद्धति पर रचना की, और जीवन की बहुरूपता उनकी रचनाओं में नहीं पाई जाती, पर उन्हें भी यह स्वीकार करना पड़ेगा कि जिस पद्धति को उन्होंने अपनाया और जीवन के जिस क्षेत्र को उन्होंने अपनी प्रतिभा का क्रीड़ाक्षेत्र बनाया उनमें वह अद्वितीय हैं। बालस्वभाव और मातृ-हृदय के चित्रण में जितने सफल सूरदास हुए है संसार का कोई भी अन्य कवि कदाचित् ही उतना सफल हुआ होगा, और प्रेम के दोनों पक्षों—संयोग और विरह का जितना पूर्ण और मनोरम विकास

सूरदास ने किया है वह भी हिंदी साहित्य के लिए कम गर्व की बात नहीं है। कृष्णभक्ति-धारा के कवियों की एक बड़ी विशेषता है लोक-जीवन की उपेक्षा, और यह उपेक्षा एक प्रकार से अनिवार्य थी. क्योंकि इनकी भक्ति ही कृष्ण के उस जीवन से संबद्ध थी जिसमें लोक मर्यादा की उपेक्षा है। इन कवियों ने प्रायः गीति-परंपरा को ही सम्पन्न बनाया, और निस्संदेह उसे काफ़ी ऊँचा उठाया।

साधना की एक और धारा हिंदी साहित्य के इतिहास में उल्लेखनीय है; वह है सूफ़ी प्रेमधारा, जो इस देश में मुसलमानों के साथ आई। यह एक प्रकार से हिंदू और मुसलमान संस्कृतियों और साधनाओं की उस सामान्य भावभूमि का स्पर्श करती थी जिसका केन्द्र प्रेम है। समाज में प्रचलित कुछ कथानकों को लेकर इन सूफ़ी कवियों ने लौकिक सौन्दर्य के द्वारा अलौकिक सौन्दर्य, लौकिक प्रेम के द्वारा अलौकिक प्रेम की अद्‌भुत व्यंजना की है। इनकी समस्त रचनाएँ चौपाई-दोहा पद्धति पर प्रबंधकाव्य के रूप में मिलती हैं, और साहित्य में एक आवश्यक अभाव की पूर्ति करती हैं।

ईस्वी १७वीं शताब्दी के प्रारंभ से साहित्य में एक नवीन धारा प्रकट हुई, वह थी रीतिधारा। यह आमूल साहित्यिक थी और साहित्य शास्त्र का आधार लेकर चली थी। रस और अलंकार इस धारा के दो किनारे थे—यद्यपि रस-विवेक इसमें उतना ही ग्रहण किया गया था जितना नायक-नायिका भेद के अन्तर्गत आता था। नायक और नायिका के पदों पर आसीन किए गए कृष्ण और राधिका, और उन्हें शृङ्गार-रस के ही आलंबन के रूप में ग्रहण किया गया। नवीनता इस बात में नहीं थी कि कृष्ण और राधा को शृङ्गाररस के आलंबन के रूप में पहले-पहल ग्रहण किया गया—ऐसा तो पहले से भी था, और सूरदास के भी पद-समूह को यथावत् समझने के लिए कभी-कभी नायक-नायिका भेद का ज्ञान अनिवार्य हो जाता है। नवीनता इस बात में थी कि वर्ण्य विषय कृष्ण-चरित्र नहीं था वरन् नायक-नायिका भेद ही था। अलंकारों के संबंध में भी एक प्रवृत्ति प्रायः देखी जाती है: आश्रयदाताओं की

कथाचर्चा—क्योंकि इस धारा के अधिकतर कवि किसी न किसी के आश्रित थे—अलंकारों के उदाहरण में की गई है, और कभी-कभी छंद-संग्रहों के नाम के साथ उनके नाम भी संबद्ध हुए हैं। इस समस्त साहित्य के संबंध में एक बात और भी ध्यान देने योग्य है। वह यह है कि इस धारा का कवि-समुदाय साहित्य की सृष्टि कर रहा था, साहित्य-शास्त्र की नहीं—उसका लक्ष्य काव्य-रचना ही विशेष था, काव्यशास्त्र का विवेचन नहीं; इसीलिए यद्यपि शास्त्रीय विवेचन की दृष्टि से इसका योग सामान्य ही है—और कभी-कभी तो प्राचीन आचार्यों के द्वारा निर्दिष्ट लक्षणों की उपेक्षा भी उदाहरणों में मिल सकती है—पर उदाहरणों की सरसता और काव्योचित उदाहरणों की बहुलता में निस्संदेह इसका योग असाधारण है। कुछ समालोचकों की सम्मति में तो इस बात में यह संस्कृत के रीति-साहित्य से भी आगे बढ़ जाता है। इस धारा के कवियों ने विशेष रूप से कवित्त और सवैया छंदों को ही माँजा है, यद्यपि दोहे को भी उन्होंने परिष्कार प्रदान किया है।

ईस्वी १६वीं शताब्दी के आरंभ में इस रीतिधारा में ह्रास परिलक्षित होने लगता है। वास्तविक कविता का स्थान रूढ़िवाद लेने लग गया और प्रायः शताब्दी के मध्य तक पहुँचते-पहुँचते ह्रास की यह प्रक्रिया पूर्ण हो गई। इसी समय हमने पाश्चात्य साहित्य और संस्कृति से परिचय प्राप्त करना प्रारंभ किया, और हमारे राजनैतिक जीवन में एक बड़ी क्रांति उपस्थित हुई। १८५७ ई० तक समस्त हिंदी प्रदेश अंग्रेज़ी शासन की परिधि में आ चुका था, और उसके अनंतर वह निरंतर अधिकाधिक अंग्रेज़ी साहित्य और संस्कृति से प्रभावित होने लगा था। अभी तक हमारा लगभग समस्त साहित्य पद्य में था और—निस्संदेह अनेक कारणों से—जीवन से बहुत दूर था, अब वह गद्य में भी ढलने लगा और जीवन के निकट आने लगा। आश्रयदाता दरबारों के नष्ट हो जाने के कारण अपने गुण-ग्राहक हमारे कवियों और लेखकों को सामान्य जनता में बनाने पड़े, और पाश्चात्य जगत के वस्तुवाद से प्रभावित होकर उनका ध्यान दैनिक जीवन की ओर भी गया। परिणाम

यह हुआ कि साहित्य में एक अभूतपूर्व परिवर्तन दिखाई पड़ा—यद्यपि शताब्दी के अन्त तक रीतिधारा का प्रभाव काव्य-क्षेत्र में बहुत कुछ अक्षुण्ण बना रहा, और एकाध नवीन साहित्य-रूपों—जैसे उपन्यास—में वह कुछ आगे तक भी बना रहा।

ईस्वी २०वीं शताब्दी के प्रारंभ में यह दशा भी बदल जाती है। साहित्य में न धर्म का वह बाह्य और संकुचित रूप रह जाता है और न वह रीतिरूढ़ता। साहित्य के प्रत्येक अंग में एक स्वस्थ विकास लक्षित होने लगता है, और जीवन के आदर्शों में एक क्रांति परिलक्षित होने लगती है। अहर्निशि यह प्रवृत्ति बढ़ती जाती है, और धीरे-धीरे साहित्य की एक बहुमुखी वृद्धि होने लगती है। काव्य, उपन्यास, कहानी, नाटक, निबंध, समालोचना, इतिहास और विज्ञान, आदि सभी अंगों पर तेज़ी से साहित्य-निर्माण प्रारंभ हो जाता है। आज का साहित्य पिछले समस्त युगों के साहित्य की अपेक्षा समाज के सामान्य जीवन के अधिक निकट है। नारी अब पिछली शताब्दी तक की वासना-पूर्ति का साधन-मात्र न रह कर हमारे लिए एक कोमल, उदार और पवित्र भावनाओं को उद्दीप्त करनेवाली देवी बन गई है। धर्म का पिछला सांप्रदायिक रूप अब चला गया है, और वह एक व्यापक मानव धर्म का रूप ग्रहण करने लग गया है। जीवन का भी कुछ और व्यापक अर्थ लिया जाने लगा है, और उसके आदर्श बदले हुए दिखाई पड़ने लगे हैं। जीना अपने लिए उतना नहीं है, और न उस परोक्ष सत्ता और उस परोक्ष जीवन के लिए है जो अज्ञात है, जीना है मानवता के लिए; आज का साहित्य—और साहित्यिक—मानवतावादी है।

किंतु, यह सब हुआ है प्रायः पिछले ७५ वर्षों में ही। क्या फिर भी, हमारे साहित्य का भविष्य आशापूर्ण नहीं है? एक पराधीन जाति का साहित्य, बिना किसी राजकीय सहायता के, शासक जाति के एक अत्यंत विकसित साहित्य के सामने जिसे सभी प्रकार के प्रोत्साहन प्राप्त हैं, और उर्दू जैसी विभाषा के अनेक रूपों में आड़े आते हुए भी इतना आगे बढ़ सका यह बात साधारण नहीं है। पर यह बात कुछ

नई भी नहीं है। और, जब हम यह देखते हैं कि प्रायः अपने जन्म के साथ ही हमारे साहित्य को इन्हीं परिस्थितियों में से गुज़रना पड़ा है, और फिर भी इसने निरंतर उन्नति की है तो हमें यह विश्वास कर लेना चाहिए कि इसके मूल में जीवन का शाश्वत तत्व विद्यमान है। अपूर्णता इसमें बहुत है पर हमारे जीवन में भी तो बड़ी अपूर्णता है। और जब तक हम पराधीन बने रहेंगे तब तक अपने जीवन और साहित्य की पूर्णता हमारे लिए एक मिथ्या कल्पना मात्र होगी। फिर भी, पिछले दस सौ वर्षों से लगातार कुचले गए मध्यदेश के दस करोड़ मनुष्यों की चिन्ताधारा से वास्तविक परिचय प्राप्त करने का एकमात्र साधन यही साहित्य है, इसलिए विश्वास है कि मानवता के विकास में रुचि रखने वाला विश्व स्वतः इसकी रक्षा में दत्तचित्त रहेगा।

पिछले ७५ वर्षों के अपने इस साहित्य का ज़रा और विस्तृत परिचय प्राप्त करने की आवश्यकता है। हमें और निकट से इसकी गतिविधि का निरीक्षण करना चाहिए, और देखना चाहिए कि इसके प्रत्येक अंग पर कार्य क्या हुआ है और कहाँ तक हमने प्राप्त साधनों से लाभ उठाया है, और कहाँ तक हमने उनकी अवहेलना की है;. कहाँ तक हमने अपनी शक्ति का सदुपयोग किया है, और कहाँ तक उसका दुरुपयोग किया है और पुनः जो कुछ हमने किया है वह हमने अपनी किन भावनाओं तथा किन प्रवृत्तियों से प्रेरित होकर किया है। नीचे उक्त काल के समस्त साहित्य को दो युगों—१८६७-१६०६ ई० जिसको विगत युग कहा गया है, तथा १६०६-१६४२ ई० जिसे वर्तमान युग कहा गया है—में विभाजित कर इसी दिशा में एक सामान्य प्रयास किया है। आशा है कि अपने आधुनिक साहित्योद्योग को यथावत् समझने में यह सहायक होगा।

२. विगत युग का साहित्य

काव्य

विगत युग के हिंदी काव्य-साहित्य को उसकी मुख्य प्रवृत्तियों के अनुसार हम निम्नलिखित वर्गों में विभक्त पाते हैं। १. राम-चरित्र, २. कृष्ण-चरित्र, ३. शिव-चरित्र, ४. पौराणिक उपाख्यान, ५. संत-चरित्र, ६. भक्ति-स्तुति, ७. शृङ्गारात्मक, ८. नखशिख, ९. प्रकृति-चित्रण, १०. लोकगीत, ११. स्थान-वर्णन, १२. मानव-चरित्र, १३. सामाजिक, १४. विनोद-व्यंग्य, १५. सामयिक तथा राष्ट्रीय, और १६. स्फुट मुक्तक। यह वर्ग यद्यपि एक दूसरे से सर्वथा स्वतंत्र नहीं हैं, फिर भी प्रायः प्रत्येक का एक व्यक्तित्व है। उसी के अनुसार हम नीचे इस साहित्य पर विचार करेंगे।

१. **राम-चरित्र**—आलोच्यकाल में राम के पौराणिक चरित्र को लेकर बहुत थोड़ी रचनाएँ हुईं। जानकीप्रसाद महंत का 'सुजस कदंब' (१८७७) इस परंपरा की पहली उल्लेख-योग्य रचनाओं में से है। रघुराज सिंह का 'राम-स्वयंवर' (१८७९), जो अपने वर्णन-विस्तारों के के लिए अति प्रसिद्ध है, रमणविहारी की 'रामकीर्ति-तरङ्गिणी' (१८८३ रिप्रिंट), जिसमें केवल बालकाण्ड की कथा कही गई है, श्रीराम कृत 'प्रेम-सरोवर' (१८८४), जिसमें पूरी कथा राग-रागिनियों में कही गई है, लाला सीताराम की 'सीताराम चरित्र-माला' (१८८५), रमण-विहारी की एक दूसरी और पहिली की अपेक्षा कुछ विस्तृत रचना 'रामचन्द्र सत्योपाख्यान' (१८८६ रिप्रिंट), जिसमें पुनः केवल विवाह तक की कथा का समावेश हुआ है, जानकीप्रसाद महंत की एक दूसरी रचना 'रामनिवास रामायण' (१८८९), जो विविध छंदों में कथा का विस्तार करती है, कालिकाप्रसाद सिंह की 'मानस-तरंगिणी' (१८९६),

जिसमें धनुर्भंग की घटना का विस्तृत वर्णन किया गया है, तथा अक्षय-कुमार का 'रसिक-विलास रामायण' (१९०१) इस परंपरा की अन्य प्रमुख कृतियाँ हैं।

इस युग में राम-काव्य का विकास वस्तुत: एक दूसरी ही दिशा में हुआ। कृष्ण-साहित्य तथा अवध की नवाबी की शृङ्गारपूर्ण परंपराओं से प्रभावित होकर इस काल के भक्तों और कवियों ने राम को 'कन्हैया' बना कर छोड़ा। रमणविहारी का 'जुगल-विहार' (१८७७) इसी दूसरी दिशा में किया गया एक प्रयास है। नंदकिशोर दूबे का 'जल-झूलन' (१८७९) राम-सीता के सरयू-विहार का वर्णन करता है। रघुबरचरण की 'दोलोत्सव दीपिका' (१८८५) में उनके हिंडोले के वर्णन हैं। हीराप्रसाद का 'शृङ्गार-प्रदीप' (१८८६) दिव्य दंपति के शृङ्गार का चित्रण करता है। रामरत्न गोस्वामी का 'सियावर-केलि पदावली' (१८९०) गोपीवल्लभ कृष्ण के अनुकरण पर सीता-वल्लभ राम की क्रीड़ाओं का वर्णन करती है। सियादासके 'षट्ऋतु विनोद' (१८९२) में विभिन्न ऋतुओं में रामसीता-विहार का विस्तार किया गया है। रामनाथ प्रधान के 'राम होरी-रहस्य' (१८९३) में राम को होली खेलाई गई है। रानी रघुराज कुँवरि का 'रामप्रिया-विलास' (१८९३), कालिकाप्रसाद सिंह का 'राम रसिक-शिरोमणि' (१८९५), स्वामी सूर्यकिशोर का 'मिथिला-विलास' (१८९५), मधुर अली की 'युगल-विनोद पदावली' (१८९६), रसरङ्गमणि की 'सरयू-रसरङ्ग-लहरी' (१८९८), 'युगलप्रिया' की 'युगलप्रिया' (१९०२) तथा महादेवलाल की 'रहस्य-पदावली' (१९०६) इसी परंपरा की अन्य रचनाएँ हैं।

२. **कृष्ण-चरित्र**—कृष्ण का पौराणिक रूप अब लुप्त हो चला था। थोड़े से 'रुक्मिणी-मङ्गलों' को छोड़ कर—जिनमें से उल्लेखनीय शंभुराय (१८६९), विष्णुदास (१८७५), तथा हरिनारायण (१८९३) के हैं—एकाध ही रचना हमें ऐसी मिलती है जिसमें हमें कृष्ण के पौराणिक चरित्र के दर्शन होते हैं, जैसे गंगाधर कवि की

'कृष्ण-चरितावली' (१८६३), में; शेष समस्त कृष्ण-काव्य में हमें गोपीवल्लभ कृष्ण ही मिलते हैं।

इस दूसरी प्रकार की रचनाओं में हरिश्चंद्र का 'विरह-शतक' (१८६७), जो उनकी प्राथमिक रचनाओं में से है, गोपिकाओं के विरहोद्गार उपस्थित करता है। उनकी 'देवी छद्मलीला' (१८७३) में राधा देवी के रूप में कृष्ण के सामने आती हैं, और उन्हें विस्मित करने का प्रयत्न करती हैं। राधाकृष्ण के 'ब्रजविलास' (१८७६) में ब्रज की लीलाओं का वर्णन है। रघुवंश सहाय ने 'ब्रज-वनयात्रा' (१८७६) में गोचारण आदि लीलाओं का वर्णन किया है। कुन्दन-लाल की 'लघुरस-कलिका' (१८७६) के पदों में राधाकृष्ण की कथा द्वारा साहित्य के नवरसों तथा वात्सल्य का परिपाक किया गया है। हरिश्चंद्र का 'युगल-सर्वस्व' (१८७६) दिव्य दंपति के प्रेम का चित्रण करता है। छत्रदास के 'मानमुंज-चरित्र' (१८८०) में निम्बार्क मत के सिद्धान्तों के अनुसार राधाकृष्ण की कथा कही गई है। खड्गबहादुर मल्ल की 'जोगिन-लीला' (१८८३) में कृष्ण की एक छद्मलीला का वर्णन हुआ। ब्रज की लीलाओं का एक संक्षिप्त वर्णन गोवर्धनदास धूसर की 'ब्रजविलास-सारावली' (१८८४ द्वितीय) में मिलता है। अम्बिकादत्त व्यास ने 'सुकवि-सतसई' (१८८७) में कृष्ण की प्रेमलीलाओं का विस्तार सात सौ दोहों में किया है। राधागोविन्ददास की 'दोहावली मानलीला' (१८८६) में राधा के मान की कथा है। गोविन्द सहाय की 'श्याम-केलि' (१८८६) में कृष्ण की कुछ लीलाओं का वर्णन है। राधाकान्त शरण ने 'साहित्य युगल-विलास' (१८८६) में दिव्य दंपति के विलास का वर्णन किया है। नवनीत लाल की 'कुब्जा पचीसी' (१८८६) में कुब्जा और कृष्ण के प्रेम सम्बन्धी छन्द हैं। दुनियामणि त्रिपाठी की 'कृष्ण पदावली' (१८६०) में कृष्ण-चरित्र संबंधी स्फुट पद हैं। वैद्यनाथ शर्मा की 'गोपी-विरह छंदावली' (१८६१) का विषय स्वतः प्रकट है। दंपति की काम-क्रीड़ाओं का एक वर्णन महेश्वरबख्श सिंह कृत 'प्रिया-प्रियतम-विलास' (१८६१) में भी हुआ

है। वृन्दावन के उनके बिहार का वर्णन विस्तारपूर्वक वेणीमाधव अग्निहोत्री के 'वृन्दावन आमोद' (१८६२) में हुआ है। बच्चू चौबे के 'ऊधो-उपदेश' (१८६२) का विषय भ्रमरगीत है। बलवीर के 'राधिका-शतक' (१८६२) में राधा-संबंधी एक सौ छंद हैं। श्यामसुन्दर का 'राधा-विहार' (१८६२) भी इसी प्रकार की रचना है। द्वारकादास के 'रासपञ्चाध्यायी' (१८६२) का विषय स्पष्ट ही है। बसंत जायसी के 'कृष्ण-चरित्र' (१८६४) में भी ब्रज की लीलाओं का विस्तार किया गया है। श्यामसुन्दर के 'रसिक-विनोद' (१८६५) का विषय भी राधा-कृष्ण-प्रेम है। और 'राधिका-मङ्गल' (१६०३) में लक्ष्मीनारायण नृसिंहदास ने राधा-कृष्ण का विवाहोत्सव तक मनाया है। गजराजसिंह के 'अजिर-विहार' (१६०४) में कृष्ण की शिशुलीला का विस्तार किया गया है। हीरासखी के 'अनुभवरस' (१६०६) में राधा-कृष्ण की लीलाओं का एक विस्तृत तथा गिरिराज कुँवर के 'व्रजराज-विलास' (१६०६) में उसका एक सामान्य वर्णन मिलता है। फलतः कृष्ण-काव्य में व्रजवल्लभ और गोपीवल्लभ कृष्ण को कितनी प्रधानता दी गई है यह स्पष्ट हो गया होगा।

३. **शिव-चरित्र**—शिव की उपासना बहुप्रचलित होते हुए भी हिन्दी-प्रदेश में स्वतंत्र न हो सकी, इसीलिए वह व्यापक रूप से यहाँ काव्य का विषय भी न हो सकी। शिव-चरित्र का स्थान इस युग के साहित्य में भी नगण्य है। राजाराम कृत 'शंकर-चरित-सुधा' (१८८२), लाला सीताराम का 'पार्वती-पाणिग्रहण' (१८८४), तंत्रधारी सिंह की 'शिव-उमंग' (१८८६) तथा लखपतराय कृत 'शशिमौलि' (१८८६) इस परंपरा की इनी-गिनी रचनाएँ हैं।

शक्ति-उपासना तो भक्ति के प्रवाह में पहले ही न टिक सकी थी। हिन्दी-प्रदेश में मुख्यत: बिहार प्रान्त में ही उसको आश्रय मिला था। आलोच्य-काल में केवल एक उल्लेखनीय रचना शाक्त-मत की मिलती है : वह है टेकनारायण प्रसाद की 'शाक्त-मनोरञ्जन' (१८६१), जो बिहार की देन है।

४. **पौराणिक उपाख्यान**—पौराणिक उपाख्यानों को लेकर काव्य-रचना हिंदी प्रदेश में बहुत पहले से होती आ रही है। वस्तुतः रामकाव्य और कृष्णकाव्य भी पौराणिक काव्य ही हैं, किन्तु इनकी स्वतंत्र परंपराएँ—विशेष रूप से कृष्ण-काव्य की—इस प्रकार विकसित हुईं कि उनमें पौराणिकता नाममात्र की रह गई, इसलिए इनकी गणना पौराणिक काव्य-कोटि में न की जानी चाहिए। राम और कृष्ण-काव्य की अत्यधिक लोकप्रियता का एक परिणाम और भी हुआ: दूसरे प्राचीन आख्यानों-उपाख्यानों को लेकर उत्कृष्ट काव्य-निर्माण हिंदी में आलोच्य-काल तक न हो सका।

रामकथाश्रित उपाख्यानों में से एक को लेकर 'सुलोचनाख्यान' (१८७७) नाम की एक रचना रघुनाथप्रसाद की मिलती है; एक अन्य उपाख्यान को लेकर 'श्रवणाख्यान' (१८९३) नाम की रचना दलपतिराम कवि की मिलती है; और लवकुश-चरित्र को लेकर उसी नाम की एक रचना (१९०२) मिश्रबंधु की मिलती है।

कृष्णकथाश्रित उपाख्यानों में से उषा-अनिरुद्ध की कथा लेकर सबसे अधिक रचनाएँ की गईं। सीताराम का 'उषा-चरित्र' (१८७१), गजाधर शुक्ल का 'उषा-चरित्र' (१९०२), ललनप्रिया का 'अनिरुद्ध-परिणय' (१९०३), तथा शंकर का 'उषा-चरित्र' (१९०४), उसी कथा से संबंध रखते हैं। कृष्ण-सुदामा की मैत्री की कथा लेकर भी इसी प्रकार अनेक रचनाएँ उपस्थित की गईं। वीर कवि का 'सुदामा-चरित्र' (१८८१), शालिग्राम वैश्य का 'सुदामा-चरित्र' (१८९३), तथा कुञ्जनदास का 'सुदामा-विनोद' (१९०२) उसी कथा पर आधारित हैं। रामदयाल का 'बलभद्र विजय' (१९०३) भी कृष्णकुल का ही है।

पौराणिक कुल के शेष उपाख्यान-काव्यों में से उल्लेखनीय हैं ईश्वरदास जगन्नाथ कृत 'द्रौपदी आख्यान' (१८८४), लालताप्रसाद का 'धनञ्जय-विजय' (१८९२) तथा लक्ष्मीनारायण नृसिंह जी कृत 'नलदमयंती-चरित्र' (१९०४), जो महाभारत कुल के हैं।

स्फुट उपाख्यान-काव्यों में से उल्लेखनीय हैं जगन्नाथदास 'रत्नाकर'

कृत 'हरिश्चंद्र' (१८६६), प्रसिद्ध नारायणसिंह कृत 'सावित्री उपाख्यान' (१६०३) तथा खुन्नालाल शर्मा कृत 'इन्दुमती-परिणय' (१६०६) जिनमें से अंतिम की रचना 'रघुवंश' के आधार पर हुई है।

पौराणिक कथाओं के संबंध में यह धारणा बहुत प्राचीन है कि वे शोक और विषाद का हरण करती हैं। अतएव कतिपय पौराणिक कथाओं को लेकर इस युग में गोकुलचंद ने 'शोक-विनाश' (१८७०) तथा रामभजन त्रिवेदी ने 'राधा-विषाद-मोचनावली' (१६०७) की रचना की। अन्तिम के साथ राधा का संबंध हेतुमात्र का है।

५. **संत-चरित्र**—हमारे काव्य-साहित्य के इतिहास में संतों के चरित्र इने-गिने हैं। आलोच्य काल में केवल एक संत-चरित्र ऐसा मिलता है जिसका उल्लेख किया जा सके; वह है दलपतिराम कवि कृत 'पुरुषोत्तम-चरित्र' (१८८४)। किंतु, यह अकेली रचना भी महत्वपूर्ण है। इसमें गुजरात के स्वामीनारायण संप्रदाय के संस्थापक सहजानंद जी का जीवन-वृत्त व्रजभाषा में ७६४ पृष्ठों में उपस्थित किया गया है।

६. **भक्ति-स्तुति**—रामभक्ति काव्य आलोच्य काल में प्रायः नगण्य है। जानकीप्रसाद महंत की 'बजरङ्गबत्तीसी' (१८७७), 'नाम पच्चीसी' (१८७७), 'इश्क अजायब' (१८८४), तथा 'विरह-दिवाकर' (१८८६), कृष्णदेवनारायण सिंह का 'अनुराग-मुकुल' (१८८६) तथा 'अनुराग-मञ्जरी' (१६०१), लालदास कवि का 'रामचरणानुराग' (१८६६) और लछिराम कवि का 'हनुमानशतक' (१६०२) प्रस्तुत विषय की इनी-गिनी रचनाएँ हैं।

वास्तव में विकास कृष्ण-भक्ति काव्य का ही हुआ। हरिश्चंद्र के 'भक्ति-सर्वस्व' (१८७०), 'प्रेमाश्रुवर्षण' (१८७३), 'स्वरूप-चिन्तन' (१८७५) तथा 'रागसंग्रह' (१८८१) में कृष्ण की प्रेमात्मिका भक्ति के सुंदर छंद और पद हैं। लक्ष्मणप्रसाद पांडेय का 'रस-तरङ्ग' (१८७८), गोकुलदास साधु की 'प्रेमपत्रिका' (१८८२), श्यामलाल की 'अनुराग लतिका' (१८८५), जिसका सम्पादन हरिश्चंद्र ने किया

था, बंशीधर की 'प्रेम-लतिका' (१८८५), शिवराज मिश्र की 'अनुराग लतिका' (१८८७), देवतीर्थ स्वामी की 'श्यामसुधा' (१८८८), अनन्त-राम शर्मा की 'अनन्त-प्रेमवाणी' (१८६२), रामदयाल नेवटिया का 'प्रेमांकुर' (१८६६), तथा श्यामनारायण का 'प्रेमप्रवाह' (१८६७) कृष्ण-सम्बन्धी अन्य भक्ति-स्तुति काव्य-ग्रंथ हैं।

शिव-भक्ति संबंधी कोई भी उल्लेखनीय रचना आलोच्य-काल में नहीं मिलती। शक्ति-भक्ति संबंधी दो रचनाएँ अवश्य उल्लेखनीय हैं; महावीरप्रसाद द्विवेदी कृत 'देवीस्तुति-शतक' (१८६२) तथा भगवानदीन लाला कृत 'भक्तिभवानी' (१६०७)।

तुलसीदास की 'विनयपत्रिका' के अनुकरण पर विभिन्न देवताओं की स्तुतियों की दो रचनाएँ अलग उल्लेखनीय हैं—इनके नाम भी वही हैं: मदनगोपालसिंह कृत 'विनयपत्रिका' (१८८१) तथा गङ्गादास कृत 'विनयपत्रिका' (१८६८)।

इस काल की रचनाओं में से निम्नलिखित और भी ऐसी हैं जिन्हें भक्ति-स्तुति काव्य में स्थान मिलना चाहिए: माधवसिंह कृत 'भक्ति-तरंगिणी' (१८७४), श्यामलालसिंह कृत 'ईश्वर-प्रार्थना' (१८८०), शिवशरणलाल मिश्र कृत 'भक्तिसार' (१८८८), पाटेश्वरीप्रसाद कृत 'प्रेम-प्रकाशिका' (१८६१), रघुराजसिंह कृत 'भक्ति-विलास' (१८६१ द्वितीय) तथा 'पदावली' (१८६४), अम्बिकादत्त व्यास कृत 'ईश्वर-इच्छा' (१८६८), बलवन्तसिंह कृत 'भक्ति-शिरोमणि' (१८६६), मोतीराम भट्ट कृत 'मनोद्वेग-प्रवाह' (१६०१), रामप्रतापसिंह कृत 'भक्ति-विलास' (१६०४) तथा कमला कृत 'भजन-सरोवर' (१६०८)। इन रचनाओं में प्रायः राम और कृष्ण की सम्मिलित उपासना मिलती है, इसलिए इन रचनाओं को भक्ति-स्तुति साहित्य में एक अलग स्थान दिया जा सकता है।

७. शृङ्गारात्मक—शृङ्गारात्मक काव्य दो रूपों में मिलता है: रीतिप्रधान और स्वतंत्र। पहले प्रकार की रचनाओं में से दो सतसई-

प्रणाली पर हैं : गुलाबसिंह धाऊ की 'प्रेम-सतसई' (१८७०) तथा जानकीप्रसाद द्विवेदी की 'जानकी-सतसई' (१८६६), शेष प्रायः सामान्य मुक्तक प्रणाली पर हैं। इन पिछली में से प्रमुख हैं बलदेवप्रसाद का 'शृङ्गार-सुधाकर' (१८७७), भेदीराम का 'सुंदरी-विलास' (१८८०), चुन्नीलाल का 'रसिक-विनोद' (१८८२), बिहारीसिंह की 'मालती-मञ्जरी' (१८८२), शेरसिंह का 'रस-विनोद' (१८८३), ईश्वरीप्रताप नारायण राय का 'रहस्यकाव्य-शृङ्गार' (१८८४), बच्चू चौबे की 'सुरस-तरंगिणी' (१८८५), खड्गबहादुर मल्ल का 'रसिक-विनोद' (१८८५), नारायण का 'अष्टयाम' (१८८७), गौरीशंकर का 'प्रेम-प्रकाश' (१८८६), ब्रह्म-दत्त कवि का 'दीपप्रकाश' (१८९०) विश्वेश्वरदयाल का 'प्रेमोद्रेक' (१८९०), रामकिङ्करसिंह का 'अनुराग-विनोद' (१८९०), माधवप्रसाद की 'सुंदरी-सौदामिनी' (१८९१), नकछेदी तिवारी का 'उपालम्भ-शतक' (१८९२), सज्जनसिंह का 'रसिक-विनोद' (१८९२), हरिशंकरसिंह का 'शृङ्गारशतक' (१८९२), विजयसिंह की 'विजयरसचन्द्रिका' (१८९३), प्रभुदयाल का 'प्रेमविलास' (१८९४), गोपालराम का 'दम्पति वाक्य-विलास' (१८९५), बलदेवप्रसाद का 'शृङ्गारसरोज' (१८९५), राम-किङ्करसिंह का 'रसिक-विहार-रत्नाकर' (१८९६), ठाकुरदीन मिश्र की 'प्रेमतरङ्ग दोहावली' (१८९७), उदयभानुलाल की 'भानुविरहावली' (१८९७), अयोध्यासिंह उपाध्याय का 'रसिक-रहस्य' (१८९९), मोहन-लाल गुप्त का 'प्रेमरसामृत' (१८९९), पातेश्वरप्रसाद का 'अनुराग प्रकाश' (१८९९), दौलतराम कवि का 'महेश्वर रसमौर ग्रंथ' (१८९९), शीतलप्रसाद का 'प्रेम-सरोवर' (१९००), जैनेन्द्र किशोर की 'शृङ्गार-लता' (१९००), किशोरीलाल गोस्वामी की 'प्रेमवाटिका' (१९०२), रङ्गनारायण लाल की 'प्रेमलतिका' (१९०२), बालमुकुन्द वर्मा की 'प्रेम-रत्नावली' (१९०३), हर्षादराय मुन्शी की 'रसिक-प्रिया' (१९०४), जयपाल महाराज का 'रसिक-प्रमोद' (१९०५), कार्त्तिकप्रसाद का 'शृङ्गार-दान' (१९०५), बलदेवप्रसाद मिश्र की 'महा मनमोहिनी' (१९०५), अक्षयबट मिश्र का 'आनंद कुसुमोदय' (१९०६) तथा बदरी-

नारायण चौधरी का 'आनंद अरुणोदय' १९०६)। इन ग्रंथों में प्रेम का चित्रण प्रायः रीति परिपाटी पर ही हुआ है।

दूसरे प्रकार की रचनाओं में उल्लेखनीय हैं जगमोहनसिंह कृत 'प्रेम-रत्नाकर' (१८७३) तथा 'प्रेमसम्पत्तिलता', (१८८५), हरिश्चन्द्र कृत 'प्रेम-माधुरी' (१८७५), कृष्णदेवनारायणसिंह कृत 'सनेह-सुमन' (१८८७), किशोरीलाल गोस्वामी कृत 'प्रेमरत्नमाला' (१९०२ द्वितीय), अयोध्यासिंह उपाध्याय कृत 'प्रेमाम्बु-वारिधि' (१९००), 'प्रेम-प्रपञ्च' (१९००), 'प्रेमाश्रु वर्षण' (१९०१), 'प्रेमाम्बु प्रवाह' (१९०१) तथा 'प्रेम-पुष्पोहार' (१९०४)। इन रचनाओं में अवश्य प्रायः प्रेम का स्वाभाविक स्वरूप ही प्रमुख है।

८. **नखशिख**—नखशिख-वर्णन काव्य-परंपरा का पहले ही से एक प्रिय विषय रहा है। कवि-समुदाय में इसकी एक प्रथा-सी हो गई थी। आलोच्यकाल में भी उस प्रथा का निर्वाह होता रहा। यह नखशिख प्रायः राधिका के नखशिख के रूप में मिलता है। हनुमानप्रसाद का 'नखशिख' (१८७८), बिहारीसिंह का 'नखशिख-भूषण' (१८८३), नवनीत कवि का 'श्यामाङ्ग अवयव भूषण' (१८८३), दिवाकर भट्ट का 'नखशिख' (१८८५), लोकनाथ चौबे की 'राधिका-सुषमा' (१८८६), खूबचंद कुँवर की 'अङ्गचंद्रिका' (१८९०), गणेशदत्त मिश्र की 'नख-शिख बत्तीसी' (१८९२), रङ्गनारायण लाल का 'अङ्गादर्श' (१८९३), शंभुनाथ राजा की 'नखशिख बत्तीसी' (१८९३), विश्वेश्वर बख्श पाल वर्मा का 'अङ्गादर्श' (१८९४), बैजनाथ कुर्मी का 'नखशिखवर्णन' (१८९६), कालिकाप्रसाद सिंह का 'राधाजी का नखशिख' (१८९९), तथा माधवदास का 'नखशिख' (१९०५) अपने विषय की उल्लेखनीय कृतियाँ हैं। सूर्यनाथ मिश्र कृत 'लोचन-पचीसी' (१९०६) केवल नेत्रों पर है। केवल एक नखशिख ग्रंथ इस परंपरा से कुछ अलग है: वह है योगेन्द्रनारायण सिंह का 'शारदा का नखशिख' (१८९९), जिसमें सरस्वती का नखशिख वर्णित हुआ है।

९. **प्रकृति-चित्रण**—स्वतंत्र रूप से प्रकृति-वर्णन केवल ऋतु-

वर्णन के रूप में प्रायः मिलता है, और उसकी भी एक प्रथा सी हो गई थी। वह प्रथा इस काल में भी चलती रही। कुछ ग्रंथ समस्त ऋतुओं का वर्णन करते हैं, और कुछ किसी विशेष ऋतु का ही। षट्ऋतु-वर्णन संबंधी रचनाओं में उल्लेखनीय हैं बैजनाथ कुर्मी कृत 'षट्ऋतु-वर्णन' (१८८७), जगमोहनसिंह महाराज कृत 'ऋतु-प्रकाश' (१८८७) तथा कृष्णलाल गोस्वामीकृत 'पंचऋतु-वर्णन' (१८८३)। ऋतु-विशेष संबंधी रचनाओं का पावस ही सब से प्रिय वर्ण्य रहा है। अम्बिकादत्त व्यास का 'पावस पचासा' (१८८६), तथा लोकनाथ चतुर्वेदी कृत 'पावस पच्चीसी' (१८८६) पावस-संबंधी सामान्य ग्रंथ हैं। हिंडोला पावसोत्सव का एक लोकप्रिय अंग रहा है। जगन्नाथदास 'रत्नाकर' कृत 'हिंडोला' (१८८४) तथा रामानंद कृत 'हिंडोला' (१८६२) पावसोत्सव के इसी अंग पर हैं। शेष ऋतुओं से संबंध रखनेवाले काव्य-साहित्य में महत्वपूर्ण हैं राधाचरण गोस्वामी कृत 'शिशिर-सुषमा' (१८८३), ललनपिया कृत 'होली शतक' (१८६३), तथा श्रीधर पाठक कृत 'गुनवंत हेमंत' (१६००)। अंतिम में प्रकृति-निरीक्षण ध्यान देने योग्य है। इस ऋतु-वर्णन की प्रथा से किंचित स्वतंत्र केवल एक रचना इस काल में महत्वपूर्ण दिखाई पड़ती है, वह है बलदेवदास कृत 'प्रभात-शतक' (१८६७)।

१०. **लोकगीत**—प्रायः श्रृङ्गारपूर्ण रचनाओं के लिए ही इस काल में एक नवीन परंपरा का अनुसरण किया गया: लोकगीतों के कुछ बहुप्रचलित तर्ज़ों को लेकर कविता की गई। लावनी इसी प्रकार का एक तर्ज़ है। इस तर्ज़ की उल्लेखनीय प्रारंभिक रचनाएँ हैं हरिश्चंद्र कृत 'फूलों का गुच्छा' (१८७३) तथा बनारसी कृत 'लावनी' (१८७७ द्वितीय)। लावनी का विकास दो शैलियों पर हुआ, जिन्हें क़लगी' और 'तुर्रा' कहते हैं। 'क़लगी' वे गीत हैं जिनमें स्त्री (या प्रकृति) पुरुष (या देव) से प्रेम की याचना करती है, और 'तुर्रा' वे हैं जिनमें पुरुष (या देव) स्त्री (या प्रकृति) से प्रेम की याचना करता है। इन विकसित शैलियों पर जमशेदजी होरमसजी पीरान के 'क़लगी के दिलपसंद ख्याल' (१८८२), नन्दलाल का 'तुर्रा राग' (१८८३),

आदितराम जोइतराम के 'क़लगी नी लावनियो' (१८८७) तथा शम्भु-दयाल का 'अमसी ब लावनी ख्यालात तुर्री' (१८८८) उल्लेखनीय हैं।

पुराने ढंग के कुछ ऋतु-गीतों का भी प्रयोग प्रायः शृङ्गारपूर्ण रचनाओं के लिए किया गया। कजली इनमें सबसे अधिक लोकप्रिय ठहरी। खड्गबहादुर मल्ल कृत 'सुधाबुंद' (१८८२) तथा 'पावस-प्रेम-प्रवाह' (१८८२), बदरीनारायण चौधरी कृत 'कजली-कादम्बिनी' (१८९०), हरिश्चन्द्र कृत 'रस-बरसात' (१९००), अम्बिकादत्त व्यास कृत 'रसीली कजरी' (१९०४ तृतीय) तथा किशोरीलाल गोस्वामी का 'सावन-सुहावन' (१९०५) इनमें प्रमुख हैं। फाग या धमार भी लोकप्रियता में कजली से थोड़ा ही पीछे रहा। खड्गबहादुर मल्ल का 'फाग-अनुराग' (१८८२), तेगबहादुर राना का 'फाग-धमाल' (१८९१) तथा ललनपिया का 'ललन-फाग' (१९०२) इस शैली की रचनाएँ हैं।

११. स्थान-वर्णन—स्थान-वर्णन-संबंधी काव्य के लिए प्रेरणा आलोच्यकाल के प्रारंभ में प्रायः धार्मिक भावना से ही प्राप्त होती थी, इसलिए वर्ण्य प्रायः तीर्थादि ही हुए, किन्तु आगे चलकर दूसरी भावनाएँ भी इसी प्रकार प्रेरक होने लगीं। सच्चिदानन्द स्वरूप का 'विहार-वृन्दावन' (१८७३), रामचरण की 'व्रजयात्रा' (१८८३), देवदास का 'अद्भुत वृन्दावन' (१८९७) पहले प्रकार की भावना के परिणाम हैं। दूसरी भावनाओं की स्फूर्ति का प्रारम्भ श्रीधर पाठक के कुछ ग्रंथों में देखा जाता है। उनके 'आगरा' (१८८२) तथा 'काश्मीर-सुषमा' (१९०४) इसी प्रकार के हैं। कालीचरण सिंह का 'अमहरा' (१९०५) उक्त स्थान की ऐतिहासिक महत्ता का वर्णन करता है। इन्हीं के साथ जगमोहन सिंह की 'मानस-सम्पत्ति' (१८८६) तथा शिवचन्द्र भरतिया की 'प्रवास कुसुमावली' (१९०४–) का भी उल्लेख किया जा सकता है जिनमें अनेक स्थानों की यात्रा करते हुए उनका वर्णन किया गया है।

१२. मानव-चरित्र—मानव-चरित्र सम्बन्धी रचनाएँ इस काल में

दो प्रकार की मिलती हैं। एक हैं वे जिनके लिए प्रेरणा किसी स्वार्थ के कारण मिलती है, और दूसरी हैं वे जिनके लिए प्रेरणा चित्त की उदात्त वृत्तियों से प्राप्त होती है। पहले प्रकार की रचनाओं में प्रमुख हैं उत्तमराम कवि कृत 'विवाह-वर्णन' (१८७१), जिसमें किन्हीं दीवान हरिभाऊ लाल की कन्या के विवाह का वर्णन है, करणीदान कवि कृत 'भैरव विनोद' (१९०१), जिसमें किन्हीं भैरव सिंह के शौर्य और प्रेम की कथा है, मोहनलाल शर्मा कृत 'माधव-यशेन्दु-प्रकाश' (१९०४), जिसमें किन्हीं जयपुराधीश की विलायत-यात्रा का वर्णन है, तथा तुलसीप्रसाद कृत 'हज्जो' (१९०५) जो किसी की निन्दा में लिखी गई है। दूसरे प्रकार की रचनाओं में से उल्लेखनीय हैं रामकिशोर शर्मा व्यास कृत 'चंद्रास्त' (१८८५) तथा शेरसिंह वर्मा कृत 'संताप चालीसा' (१८९२); पहले में हरिश्चन्द्र भारतेन्दु तथा दूसरे में स्वामी दयानन्द के निधन पर उस संताप की व्यञ्जना हुई है, जो दोनों युग-प्रवर्तकों के निर्वाण पर हिन्दी-प्रदेश में व्याप्त हुआ था। जवाहरमल्ल का 'उपालंभ' (१८८७) एक अलग ढंग की रचना है : इसमें एक माता अपने पुत्र को कुछ प्रेमपूर्ण उलाहने देती है।

१३. सामाजिक—आर्यसमाज के प्रादुर्भाव के कारण आलोच्य काल में लेखकों का ध्यान समाज की ओर विशेष रूप से आकृष्ट हुआ। परिणाम-स्वरूप काव्य-क्षेत्र में भी कतिपय रचनाएँ ऐसी पाई जाती हैं जिनमें समाज-सुधार का शंखनाद प्रतिध्वनित होता है। इनमें से उल्लेखनीय हैं 'एक विधवा' कृत 'स्त्री-विलाप' (१८८२), जिसमें हिन्दू-समाज की नारी जाति सम्बन्धी अनुदारता की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है, प्रतापनारायण मिश्र कृत 'मन की लहर' (१८८५), जिसमें समाज में प्रचलित अनेक कुरीतियों पर गीति-रचनाएँ की गई हैं, जङ्गबहादुर सिंह कृत 'बाल-विवाह' (१८९३), जिसमें उक्त प्रथा के दोषों का निदर्शन किया गया है, कन्हैयाप्रसाद मिश्र कृत 'विहार के गृहस्थों का जीवन चरित्र' (१९०३), जो अपना विषय स्वतः सूचित करता है, तथा अयोध्यासिंह उपाध्याय कृत 'उद्बोधन' (१९०६), जिसमें समाज को जाग्रत करने

की चेष्टा की गई है। इनमें से प्रभावशाली कविता केवल अंतिम में पाई जाती है। कन्हैयाप्रसाद मिश्र की 'विद्याशक्ति' (१९०१) की की गणना भी, जिसमें विद्या प्राप्ति के लाभ बताए गये हैं, इसी वर्ग में की जा सकती है।

१४. **विनोद-व्यंग्य**—आलोच्य काल में विनोद-व्यंग्य साहित्य में एक नवीन भावना और नवीन स्फूर्ति दिखाई पड़ी। लेखकों ने सामाजिक और सामयिक विषयों को इस प्रकार की कविता का वर्ण्य बनाने का यत्न किया; परिणामस्वरूप हमें राधाचरण गोस्वामी कृत 'नापित-स्तोत्र' (१८८२), हरिश्चन्द्र कृत 'वेश्यास्तोत्र' (१८८२), देवकीनन्दन तिवारी कृत 'बुढ़िया बखान शतक' (१८८३), राधाचरण गोस्वामी कृत 'रेलवे स्तोत्र' (१८८३), कृष्णलाल गोस्वामी कृत 'हास्य-पञ्चरत्न' (१८८४), नवनीत कवि कृत 'मूर्खशतक' (१८९२), प्रतापनारायण मिश्र कृत 'तृप्यंताम्' (१९०५), तथा महादेव प्रसाद कृत 'खटकीरा-युद्ध' (१९०६) जैसी रचनाएँ मिलती हैं। यदि पहेली-साहित्य की गणना भी इस वर्ग में की जावे तो उसकी एक उल्लेखनीय कृति चण्डीप्रसाद सिंह कृत 'पहेली-भूषण' (१८८६—) है जो कई भागों में प्रकाशित हुई।

१५. **सामयिक तथा राष्ट्रीय**—सामयिक पत्रों के प्रचार के साथ-साथ इस काल में सामयिक साहित्य की सृष्टि खूब हुई। काव्य-क्षेत्र भी इस सामयिकता से अप्रभावित न रह सका। राधाचरण गोस्वामी की 'दामिनी दूतिका' (१८८२) तार के द्वारा प्रेमियों की बातचीत कराकर तार के उपयोग का समर्थन करती है। हरिश्चन्द्र की 'विजयिनी-विजय-वैजयंती' (१८८२) एक भारतीय सेना की विदेश में विजय पर गर्व प्रगट करती है। आलाराम स्वामी कृत 'कांग्रेस-पुकार-मंजरी' (१८९२) तथा ब्लैकेट का 'देशोद्धार कांग्रेस काव्य' (१८९२) कांग्रेस की स्थापना द्वारा देशोन्नति का आश्वासन दिलाते हैं। बदरी नारायण चौधरी कृत 'मङ्गलाशा हार्दिक धन्यवाद' (१८९२) और 'भारत-बधाई' (१९०३) अंग्रेजी शासन पर संतोष और हर्ष प्रगट

करते हैं। श्रीधर पाठक का 'क्लाउड मेमोरियल' (१९००) १८९९ ई० के सूखे पर लिखा गया है। हिन्दी बनाम उर्दू और व्रजभाषा बनाम खड़ी बोली की समस्याओं पर भी कुछ रचनाएँ की गईं। सोहनप्रसाद कृत 'हिन्दी और उर्दू की लड़ाई' (१८८५), महावीरप्रसाद द्विवेदी कृत 'नागरी' (१९००), तथा श्यामजी शर्मा कृत 'खड़ी बोली पद्या-दर्श' (१९०५) इसी प्रकार की हैं। इन समस्त रचनाओं में स्थायित्व का अभाव है।

विदेशीय शासन का एक बड़ा प्रसाद यह प्राप्त हुआ कि धीरे-धीरे देश में एक 'स्वदेश' की भावना जागृत हुई। आलोच्य काल के अंतिम चरण में फलतः कुछ रचनाएँ ऐसी भी मिलती हैं जो इसी राष्ट्रीय भावना से प्रेरित होकर लिखी गई हैं। भोपालदास कृत 'भारत-भजनावली' (१८९७), गुरुप्रसाद सिंह कृत 'भारत-संगीत' (१९०१), गिरिधर शर्मा कृत 'मातृ-वन्दना' (१९०५) तथा गदाधर सिंह कृत 'भारत मही' [१९०८ ?] इस प्रकार की रचनाओं में सर्वप्रमुख हैं।

१६. **स्फुट मुक्तक**—आलोच्यकाल में मुक्तकों के आश्रयदाता दरबार नष्ट-प्राय हो चले थे, किन्तु उनका स्थान सामयिक पत्र-पत्रिकाएँ और उनके द्वारा उनकी पाठक जनता लेने लग गए थे; कवि-सम्मेलनों से भी इस प्रकार की रचना के लिए प्रोत्साहन मिलने लगा था; इसलिए स्फुट मुक्तक काव्य में हमें प्रायः समाज के समस्त वर्गों की रुचि का साहित्य मिल जाता है। ईश्वरी प्रसाद सिंह की 'चित्र-चन्द्रिका' (१८७५), छाया सिंह की 'आनंद-लहरी' (१८७६), साजन भाई खोजा के 'साजन-काव्यरत्न' (१८७६), भानजी मूनजी कृत 'भान-भवानी', 'मणिरत्न-माला' तथा 'भान-बावनी' (१८७९), विष्णु-कुमारी देवी की 'पद-मुक्तावली' (१८८१), श्रीधर पाठक के 'मनो-विनोद' (१८८२), कन्हैयालाल लाला के 'शारदा-विलास' (१८८३), नकछेदी तिवारी के 'जगद् विनोद' (१८८६), गिरिधरलाल की 'छंद रत्नमाला' (१८८६), किशन सिंह के 'सवैये शतक' (१८८८), वल्लभ-

राम सूजाराम व्यास के 'वल्लभ कृत काव्य' (१८८८), गोपीश्वर राजा के 'गोपीश्वर-विनोद' (१८८८), वामनाचार्य गोस्वामी के 'वामन-विनोद' (१८८८), माधव प्रसाद त्रिपाठी के 'माधव-विलास' (१८८८), प्रेमदास के 'लोकोक्ति-शतक' (१८८८), महावीरप्रसाद द्विवेदी के 'विद्या-विनोद' (१८८६), झूमकलाल के 'नवरस-विहार' (१८९०), शालिग्राम कवि के 'शतपञ्च-विलास' (१८९१), सज्जनसिंह महाराणा के 'रसिक-विनोद' (१८९२), हरिशंकर सिंह के 'काव्य-रत्नाकर, (१८९२), प्रभुदयाल की 'कवितावली' (१८९३), सीताराम शर्मा की 'काव्य-कलापिनी' (१८९४), मुकुन्दलाल नागर के 'गुलदस्ता-ए-मुकुन्द' (१८९४), गजाधरप्रसाद शुक्ल के 'जगदीश-विनोद' (१८९५), लाल जी राम के 'काव्यांकुर' (१८९६), शिवदास के 'सुधासिंधु' (१८९६), जानकीप्रसाद महंत की 'कवित्त-वर्णावली' (१८९६), प्रताप-नारायण मिश्र के 'लोकोक्ति-शतक' (१८९६), रघुराजसिंह महाराजा के 'रघुराज-पचासा' (१८९६), शिवम्बर प्रसाद के 'मित्र-विलास' (१८९७), रघुबर दयाल के 'रस-प्रकाश' (१८९७), रामसुख की 'कवितावली' (१८९७), गौरीशंकर शुक्ल के 'मनरञ्जन-प्रकाश' (१८९७), गङ्गानारायण के 'पद-कुसुमाकर' (१८९७), महेश्वरबख्श सिंह के 'महेश्वर-विनोद' (१८९७), श्यामसुन्दर के 'महेश्वर-सुधाकर' (१८९८), लक्ष्मीनारायण सिंह की 'विनोदमाला' (१८९९), पातिराम बाबू के 'कवि-भूषण-विनोद' (१९००), महेश्वरबख्श सिंह के 'महेश्वर-प्रकाश' (१९०२) गदाधर शुक्ल के 'भुवनेन्द्र-भूषण' (१९००), श्याम जी शर्मा के 'श्याम-विनोद' (१९०१), ललनपिया के 'ललन-प्रदीपिका' (१९०१) तथा 'ललन-प्रभाकर' (१९०१), रामचन्द्र शुक्ल के 'चारण-विनोद' (१९०१), श्यामसुन्दर मिश्र के 'सुधासिंधु' (१९०२), ललन-पिया की 'ललन-चन्द्रिका' (१९०२), रघुनाथप्रसाद त्रिपाठी के 'माला चतुष्ठय' (१९०३), शिवपाल सिंह के 'शिवपाल-विनोद' (१९०३), ललनपिया के 'ललन-विनोद' (१९०३), अक्षयबट मिश्र के 'पुष्पोपहार' (१९०३), ललनपिया के 'ललन-सागर' (१९०४), कार्त्तिकप्रसाद के

'कवित्त-रत्नाकर' (१९०४), बालमुकुन्द गुप्त की 'स्फुट कविता' (१९०६), बचनेश मिश्र के 'नवरत्न' (१९०६), राधारमण मैत्र की 'केशर-मञ्जरी' (१९०७) तथा चूड़ामणि और बाँकेलाल की 'समस्यावली' (१९०८), में विविध विषयों की मुक्तक रचनाओं के संग्रह मिलते हैं। इनमें अनेक शैलियों और अनेक प्रणालियों पर रची हुई कविता के दर्शन होते हैं। पर इस समस्त परंपरा में भी नवीन विचार-धारा का अनुपात प्राचीन की तुलना में वैसा ही है, जैसा हम ऊपर शेष परंपराओं के संबंध में देख चुके हैं। श्रीधर पाठक के 'मनोविनोद' (१८८२), महावीरप्रसाद द्विवेदी के 'विद्या-विनोद' (१८८६), प्रतापनारायण मिश्र के 'लोकोक्ति-शतक' (१८९६), रामचन्द्र शुक्ल के 'चारण-विनोद' (१९०१) तथा बालमुकुन्द गुप्त की 'स्फुट कविता' (१९०६)—विशेष रूप से अन्तिम—जैसी थोड़ी ही रचनाएँ ऐसी हैं जिनमें काव्य-धारा प्राचीन परिपाटी को छोड़ कर देश-काल के अनुरूप नए क्षेत्रों और नए दृष्टिकोणों की ओर अग्रसर हुई है, और जिनमें एक नव-चेतना के लक्षण स्पष्ट दिखाई पड़ते हैं: शेष में प्रायः वही पुराने पचड़े और वही पुराने राग हैं।

इस समस्त साहित्य के संबंध में यदि एक व्यापक दृष्टि से विचार किया जावे तो ज्ञात होगा कि कविता-सरिता प्रायः पहले से चली आती उन धाराओं में प्रवाहित हुई जो ह्रासोन्मुख थीं; विकासोन्मुख और सामान्य गतिशील धाराओं का सम्मिलित उद्योग भी उनकी तुलना नहीं कर सका। इसलिए, इस काल तक कविता ने नवयुग में प्रवेश नहीं किया, वह प्रसुप्त अवस्था में रहती हुई अपने बीती रँग रलियों का स्वप्न—वह भी स्वप्न मात्र—देखती रही, और उसमें जागरण के चिह्न वस्तुतः नहीं दिखाई पड़े, यदि यह कहा जावे तो कदाचित् अनुचित न होगा।

उपन्यास

आलोच्यकाल में उपन्यास का जन्म एक महान घटना थी, और जितनी शीघ्रता के साथ इसने लोकप्रियता प्राप्त की वह भी अभूतपू

थी। यद्यपि साधारणत: श्रीनिवासदास इसके जन्मदाता माने जाते हैं और उनका 'परीक्षागुरु' (१८८४ द्वितीय) हिंदी का पहला मौलिक उपन्यास माना जाता है, किंतु यह धारणा ठीक नहीं है क्योंकि १८७० से भी पूर्व उपन्यास-रचना के प्रमाण मिलते हैं। इस प्रकार का पहला उपन्यास जिसका उल्लेख मिलता है 'मनोहर उपन्यास' (१८७१) है, जिसके संपादक हैं सदानंद मिश्र तथा शंभुनाथ मिश्र। लेखक का नाम नहीं दिया हुआ है, किंतु यह अनुवाद नहीं ज्ञात होता क्योंकि यह संपादकों द्वारा केवल 'संगृहीत और संशोधित' कहा गया है। इसकी कथावस्तु के संबंध में भी कोई संकेत नहीं है यह अवश्य खेदजनक है।

इस काल का उपन्यास-साहित्य चार प्रमुख धाराओं में विभक्त मिलता है; १. सामाजिक, २. ऐतिहासिक, ३. ऐयारी-तिलस्मी, और ४. जासूसी। सामाजिक उपन्यासों के हमें चार भेद मिलते हैं : (अ) उद्देश्य-प्रधान, (आ) रस-प्रधान, (इ) वस्तु-प्रधान, तथा (ई) चरित्र-प्रधान। इन्हीं शीर्षकों में हम उपन्यास-साहित्य का निरीक्षण करेंगे।

१. (अ) उद्देश्य-प्रधान—आलोच्यकाल में उद्देश्य-प्रधान उपन्यासों का सबसे अधिक बाहुल्य रहा। श्रीनिवासदास का परीक्षा-गुरु' (१८८४ द्वितीय) इस परंपरा के पहले उपन्यासों में से है। इसमें लेखक ने अपने जीवन के अनेक क्षेत्रों के अनुभव को समाविष्ट करने का यत्न किया है। बालकृष्ण भट्ट का 'नूतन ब्रह्मचारी' (१८८६) भी उपदेश-प्रधान है। किशोरीलाल गोस्वामी ने 'त्रिवेणी' [१८८८ ?] में आर्यसमाज आदि सुधारवादी समाजों के विरुद्ध सनातनधर्म के सिद्धान्तों का समर्थन किया है। अपने एक दूसरे उपन्यास 'स्वर्गीय कुसुम' [१८८९ ?] में उन्होंने देवदासी प्रथा का विरोध किया है। राधाकृष्ण दास का 'निःसहाय हिंदू' (१८९०) तत्कालीन हिन्दू समाज की दुरवस्था का परिचय कराता है। देवदत्त का 'सच्चा मित्र' (१८९१) मित्र का आदर्श उपस्थित करता है। बालकृष्ण भट्ट का एक दूसरा उपन्यास 'सौ अजान एक सुजान' (१८९२) भी उपदेश-प्रधान है। गोपालराम गहमरी के एक उपन्यास 'नए बाबू' (१८९४)

का भी उल्लेख यहाँ किया जा सकता है। लेखक विधवा-विवाह तथा स्त्री-स्वातंत्र्य के विरुद्ध है, और वह इन प्रश्नों पर सनातनधर्म के आदर्शों का समर्थक है। रामगुलाम का 'सुवामा' (१८६४) नायक और नायिका में प्रेम का विकास करता है और अंत में दोनों के माता-पिता द्वारा उनका विवाह करा देता है। मुरलीधर शर्मा का 'सत्कुलाचरण' (१६००) अपने विषय का निरूपण करता है। अमृतलाल चक्रवर्ती का 'सती सुखदेवी' (१६०२) सतीत्व का आदर्श उपस्थित करने का यत्न करता है। शारदाप्रसाद वर्मा का 'प्रेमपथ' (१६०३) प्रेम के दुर्गम पथ का परिचय कराने के लिए लिखा गया है। लज्जाराम शर्मा के 'आदर्श-दंपति' (१६०४) तथा रामचीज़सिंह के कुलवन्ती' (१६०४) की विशेषताएँ स्वतः स्पष्ट हैं। कमलाप्रसाद के 'कुलकलङ्किनी' (१६०५) के विषय के संबंध में भी कोई संदेह नहीं हो सकता। उपर्युक्त देवदत्त मिश्र के 'सच्चा 'मित्र' की भाँति लोचनप्रसाद पाण्डेय का 'दो मित्र' (१६०६) भी मैत्री- धर्म का आदर्श उपस्थित करने का यत्न करता है। गोकुलप्रसाद का 'पवित्र-जीवन' (१६०७) अपनी कहानी आप कहता है। बलदेवप्रसाद मिश्र ने 'संसार' (१६०७) में कलि के प्रभावों का वर्णन किया है। लालजीदास ने 'धोखे की टट्टी' (१६०७) में भारतीय विद्यार्थी-जीवन की कथा रख कर उसके सुधार का यत्न किया है। लज्जाराम शर्मा के 'बिगड़े का सुधार' (१६०७) में सतीत्व का आदर्श उपस्थित किया गया है, और गयाचरण त्रिपाठी के 'सती' (१६०७) में भी वही किया गया है। लोलाराम शर्मा के 'सुशीला विधवा' (१६०६) में वैधव्य जीवन का समर्थन किया गया है। यही इस काल के प्रमुख उद्देश्य-प्रधान सामाजिक उपन्यास हैं। आलोच्यकाल के अंत में ऐसे भी एकाध उपन्यासों का आविर्भाव हुआ जिनमें चरित्र अथवा समाज-सुधार को ध्यान में रखते हुए कुछ हास्य तथा व्यंग्य-प्रधान सामाजिक चित्रों की उद्भावना हुई। महादेवप्रसाद मिश्र का 'झाड़लाल की करतूत' (१६०८) इसी प्रकार की रचना है।

इन उपन्यासों के विश्लेषण से ज्ञात होगा कि लेखकों की दृष्टि विशेष रूप से स्त्रियों के चरित्रों पर थी, यद्यपि समाज-सुधार के अन्य प्रश्न भी कभी-कभी उन्हें व्यग्र करते थे। १९०० के बाद उनकी यह प्रवृत्ति और भी स्पष्ट रूप से लक्षित होती है। क्या यह आर्य-समाज तथा पाश्चात्य सभ्यता के प्रभावों की प्रतिक्रिया तो नहीं थी ?

(आ) रस-प्रधान—रस-प्रधान उपन्यासों की परंपरा यद्यपि सामाजिक उपन्यासों का ही एक अंग है पर आलोच्यकाल में उसका विकास प्रायः एक स्वतंत्र परंपरा के रूप में हुआ दिखाई पड़ता है। क्षेत्रपाल शर्मा का 'कामलता' (१८९०) इस परंपरा का एक प्रारंभिक उपन्यास है जो शृङ्गार-प्रधान है। किशोरीलाल गोस्वामी का 'लीलावती' (१९०१), वासुदेव मोरेश्वर पोतदार का 'प्रणयि माधव' (१९०१), हरिहरप्रसाद जिज्ञल का 'शीला' (१९०१), श्याम जी शर्मा का 'प्रियावल्लभ-प्रेममोहिनी' (१९०२), हरिहरप्रसाद जिज्ञल का 'कामोदकला' (१९०३), शिवचंद्र भरतिया का 'कनकसुंदर' (१९०४), शीतलप्रसाद का 'मनमोहिनी' (१९०५), किशोरीलाल गोस्वामी के 'चंद्रावली' (१९०५), 'हीराबाई' (१९०५), 'चंद्रिका' (१९०५) तथा 'तरुण तपस्विनी' (१९०६), गिरिजानंद तिवारी का 'सुलोचना' (१९०६) तथा लक्ष्मीनारायण गुप्त का 'नलिनी' (१९०८) इस परंपरा के कतिपय अन्य उल्लेखनीय प्रयास हैं, और इन सब में भी शृङ्गार रस की ही व्याप्ति है।

इस काल के रस-प्रधान सामाजिक उपन्यासों के निरीक्षण से फलतः ज्ञात होगा कि उनमें रसराज की उपासना सी की गई है और वासनापूर्ण चित्र ही इनके लेखकों की भेंट है। क्या इन उपन्यासों के लेखकों और पाठकों के जीवन में अन्यथा कोई रस ही इस समय नहीं रह गया था ?

(इ) वस्तु-प्रधान—वस्तु-प्रधान उपन्यास उपर्युक्त की अपेक्षा कम लिखे गए। गोपालराम गहमरी के 'चतुर चञ्चला' (१८९३), 'भानमती' (१८९४), तथा 'नेमा' (१८९४) इस परंपरा के पहले उपन्यास ज्ञात होते हैं। यह प्रायः मनोरंजन की दृष्टि से लिखे गए हैं। शेष में से

भुवनेश्वर मिश्र का 'घराऊ घटना' (१८६४) अपनी घटना-प्रधानता को इंगित करता है; गोपालराम गहमरी के 'सास-पतोहू' (१८६६) का विषय स्पष्ट है; जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी का 'संसार-चक्र' (१८६६) भी घटना-प्रधान है : लेखक के पूर्वजन्म में विश्वास के कारण बहुत-सी ऐसी बातें आप से आप घट जाती हैं जो सामन्यतः न उपस्थित हो सकतीं; गोपालराम गहमरी के 'डबल बीबी' (१६०२) में सौतों के झगड़े तथा 'देवरानी-जेठानी' (१६०२) में उनके झगड़ों की कथाएँ हैं; उनके 'दो बहन' (१६०३) तथा 'तीन पतोहू' (१६०५) में भी गार्हस्थ्य-जीवन के चित्र हैं; विट्ठलदास नागर का 'क़िस्मत का खेल' (१६०५) भाग्यवाद-प्रधान है; हज़ारीलाल का 'तीन बहिन' (१६०५) गोपालराम के उपर्युक्त 'दो बहन' की नक़ल-सा ज्ञात होता है, और किशोरीलाल गोस्वामी का 'पुनर्जन्म' (१६०७) गोपालराम के उपर्युक्त 'डबल बीबी' की भाँति सौतिया डाह का चित्रण करता है।

इस प्रकार ज्ञात होगा कि आलोच्यकाल के वस्तु-प्रधान सामाजिक उपन्यासों में गार्हस्थ्य जीवन का ही चित्रण प्रायः किया गया है, और उसमें भी विशेष लेखा घरेलू झगड़ों का लिया गया है, जो उतने ही पुराने हैं जितना पुराना हिंदू कुल का संगठन। कभी-कभी हमारे गार्हस्थ तथा सामाजिक जीवन को प्रभावित करने वाली 'नई रोशनी' की ओर भी दृष्टिपात किया गया है पर वह बहुत अपर्याप्त ढंग से। यद्यपि कला की दृष्टि से यह उपन्यास अपने काल के दूसरे उपन्यासों के समकक्ष संभव है न खड़े हो सकें, किंतु ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे यह उनकी अपेक्षा जीवन की वास्तविकता के अधिक निकट हैं, इसलिए साहित्य के इतिहास में उनकी अपेक्षा इनका महत्व कम नहीं कहा जा सकता।

(ई) चरित्र-प्रधान—आलोच्य काल में चरित्र-प्रधान उपन्यास कदाचित् सबसे कम हैं। इनमें से जगमोहन सिंह के 'श्यामा-स्वप्न' में उसकी नायिका श्यामा एक ब्राह्मण बालिका है जो एक खत्री नवयुवक पर अनुरक्त है और जातिच्युत होकर भी प्रेम का निर्वाह करती है; अयोध्यासिंह उपाध्याय के 'प्रेमकान्ता' [१८६४ ?] की नायिका में एक

प्रेम-प्रधान चरित्र की अवतारणा की गई है; और उनके 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' (१८६६) में निराश प्रणय का चित्रण किया गया है; लज्जाराम शर्मा के 'धूर्त्त रसिकलाल' (१८६६ में एक धूर्त चरित्र की अवतारणा की गई है; प्रथम पुरुष में वर्णित कार्त्तिकप्रसाद खत्री का 'दीनानाथ' (१८६६), व्रजनन्दन सहाय का 'अद्भुत प्रायश्चित' (१६०६), नवलराय का 'प्रेम (१६०७), तथा सकलनारायण पाण्डेय का 'अपराजिता' (१६०७) इस परंपरा के अन्य उल्लेखनीय प्रयास हैं।

संख्या में कम पर कला की दृष्टि से लिखे गये उपन्यासों की यह परंपरा आनेवाले युग में विकसित हुई। इन उपन्यासों में भी यद्यपि प्रधानता प्रेम की ही रही, किन्तु वह एक वासनापूर्ण प्रवृति के रूप में नहीं बल्कि प्राय: जीवन की एक साधना के रूप में ही प्रायः इन उपन्यासों में प्रस्फुटित हुआ है।

२. ऐतिहासिक—हिन्दी में ऐतिहासिक उपन्यासों का आरम्भ संभवतः किशोरीलाल गोस्वामी से होता है। उनकी 'लवङ्गलता' (१८६०) इस परंपरा के प्रारम्भिक उपन्यासों में से है। इसकी नायिका में लेखक ने एक ऐसी वीराङ्गना का चित्र उपस्थित किया है जिसने अनेक विपत्तियाँ झेल कर भी पातिव्रत की रक्षा की है। जादेश्री उन्नदजी कवि कृत 'खुशबू कुमारी' (१८६१ रिप्रिन्ट) भी इसी परंपरा का उपन्यास ज्ञात होता है, यद्यपि कथावस्तु अज्ञात होने के कारण निश्चयपूर्वक उसके विषय में और कुछ नहीं कहा जा सकता। यह उपन्यास व्रजभाषा में है और आकार में भी बड़ा है, इसलिए महत्वपूर्ण है। एक अन्य प्रारम्भिक उपन्यास उदयराम कवि का 'मोजदीन-महताब' (१८६३) है जिसमें महताब के प्रेम के कारण फारस का राजकुमार मोजदीन उत्तराधिकार का परित्याग करता है। यह कथा गुजराती और हिन्दी में है। बलदेवप्रसाद मिश्र के 'अनारकली' (१६००), 'पृथ्वीराज चौहान' (१६०२), तथा 'पानीपत' (१६०२), गङ्गाप्रसाद गुप्त का 'नूरजहाँ' (१६०२), किशोरीलाल गोस्वामी के 'कुसुमकुमारी' (१६०१), 'राजकुमारी' (१६०२), तथा 'तारा'

(१६१२) भी इस परंपरा में उल्लेखनीय है। अंतिम में लेखक ने अकबर-कालीन दरबारी जीवन का एक अच्छा चित्र उपस्थित किया है। रामप्रताप शर्मा का '[illegible]देव' (१६०३), विट्ठलदास नागर का 'पद्मा-कुमारी' (१६०३) गङ्गाप्रसाद गुप्त के 'वीरपत्नी' (१६०३), 'कुमारसिंह सेनापति' (१६०३) तथा 'पूना में हलचल' (१६०३ द्वितीय), किशोरी-लाल गोस्वामी के 'चपला' (१६०३), तथा 'कनक-कुसुम' (१६०३), मिट्ठलाल मिश्र का 'रणधीरसिंह' (१६०४), श्यामसुन्दर वैद्य का 'पञ्जाब पतन' (१६०४), गङ्गाप्रसाद गुप्त का 'हम्मीर' (१६०४), भगवानदास का 'उरदू बेगम' (१६०५), मथुराप्रसाद शर्मा का 'नूरजहाँ' (१६०५), लालजी सिंह का 'बीरबाला' (१६०६) कतिपय अन्य उल्लेखनीय कृतियाँ हैं। अंतिम में लेखक औरंगज़ेब और मेवाड़ के बीच के संघर्ष का चित्रण करता है। किशोरीलाल गोस्वामी का 'लखनऊ की कब्र' (१६०६) अवध के एक नवाब नासिरुद्दीन हैदर के समय की घट-नाओं का उपस्थित करता है। जयरामलाल रस्तोगी का 'सौतेली माँ' (१६०६), देवीप्रसाद मुंशी का 'रूठीरानी' (१६०६), जैनेन्द्रकिशोर का 'गुलेनार' (१६०७), जङ्गबहादुर सिंह का 'राजेन्द्रकुमार' (१६०७) और जयरामदास गुप्त के 'काश्मीर-पतन' (१६०७) तथा 'रङ्ग में भङ्ग' (१६०७) भी अच्छे ऐतिहासिक उपन्यास हैं। अंतिम दो में लेखक ने १८१८ में सिक्ख अधिकार के बाद काश्मीर की दुरवस्था का चित्रण किया है, किन्तु इन पर लिटन के 'लास्ट डेज़ आव पॉम्पियाई' की छाया बताई गई है। जयरामदास गुप्त का 'मायारानी' (१६०८) भी ऐतिहासिक है। उनका 'नवाबी परिस्तान' (१६०६) वाजिदअली शाह के राज्यकाल से सम्बन्ध रखता है। उनके 'कलावती' (१६०६) तथा 'मल्का चाँदबीबी' (१६०६) भी इसी युग की ऐतिहासिक उपन्यासों की परंपरा में आते हैं।

ये उपन्यास कहने को ऐतिहासिक अवश्य हैं पर निकट से देखनेपर ज्ञात होगा कि इनमें ऐतिहासिक वातावरण का प्रायः अभाव है। साथ ही साथ इनमें नायिकाभेद वाले ढंग के प्रेम का प्राधान्य है,

और उसी के लिए इनमें युद्धादि की अवतारणा प्रमुख रूप से की गई है।

३. ऐयारी-तिलस्मी—हिंदी में ऐयारी और तिलस्मी उपन्यासों का आरंभ देवकीनदंन खत्री से होता है : उनका 'चंद्रकांता' (१८६२) इस परंपरा का प्रथम तथा 'नरेन्द्रमोहिनी' (१८६३) दूसरा उपन्यास है। इनके बाद तो ऐयारी और तिलस्मी उपन्यासों की एक समृद्ध परंपरा चल पड़ी। देवीप्रसाद उपाध्याय का 'सुन्दर-सरोजिनी' (१८६३), जैनेन्द्र किशोर का 'कमलिनी' (१८६४), देवकीनन्दन खत्री के 'वीरेन्द्र वीर' (१८६५), 'चन्द्रकान्ता-सन्तति' (१८६६), 'कुसुम-कुमारी' (१८६६), तथा 'नौलखा हार' [१८६६ ?], मदनमोहन पाठक का 'माया-विलास' (१८६६—), जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी का 'वसन्त-मालती' (१८६६), हरेकृष्ण जौहर के 'कुसुमलता' (१८६६) तथा 'भयानक भ्रम' (१६००), सरस्वती गुप्ता का 'राजकुमार' (१६००), बालमुकुन्द वर्मा के 'कामिनी' (१६००) तथा 'राजेन्द्र-मोहिनी' (१६०१), हरेकृष्ण जौहर के 'नारी-पिशाच' (१६०१), 'मयङ्क-मोहिनी' (१६०१) तथा 'जादूगर' (१६०१), देवकीनन्दन खत्री का 'गुप्त गोदना' (१६०२), हरेकृष्ण जौहर का 'कमलकुमारी' (१६०२) मदनमोहन पाठक का 'आनन्दसुन्दरी' (१६०२), मुन्नीलाल खत्री का 'सच्चा बहादुर' (१६०२), देवकीनन्दन का 'काजर की कोठरी, (१६०२), हरेकृष्ण जौहर के 'निराला नक़ाबपोश' (१६०२), तथा 'भयानक ख़ून' (१६०३), किशोरीलाल गोस्वामी का 'कटे मूड़ की दो-दो बातें' (१६०५), देवकीनन्दन खत्री का 'अनूठी बेगम' (१६०५) विश्वेश्वर प्रसाद वर्मा का 'वीरेन्द्र कुमार' (१६०६), किशोरीलाल गोस्वामी का 'याकूती तख्ती' (१६०६) तथा रामलाल वर्मा का 'पुतली महल' (१६०८) इस परंपरा के अन्य उल्लेखनीय उपन्यास हैं। यह धारा अगले युग के प्रथम चरण तक इसी प्रकार अप्रतिहत गति से प्रवाहित होती रही।

इन ऐयारी और तिलस्मी उपन्यासों का प्रचार खूब हुआ—यहाँ तक

कि दूसरी परंपराओं के उपन्यासों में भी कभी-कभी ऐयार और तिलस्म ढूँढ़े जाने लगे। एक अतिप्राकृत भावना के आधार पर ही इन उपन्यासों की रचना हुई थी। पाठक-जनता में यह अतिप्राकृत भावना क्यों इतनी विशेष समादृत हुई? इसके लिए मेरा ध्यान है कि उसकी मध्ययुगीन विकृत रुचि को ही उत्तरदायिनी समझना चाहिए।

४. **जासूसी उपन्यास**—हिंदी में जासूसी उपन्यासों का आरम्भ गोपालराम गहमरी से होता है। उनके 'अद्भुत लाश' (१८९६) तथा 'गुप्तचर' (१८९९), और रुद्रदत्त शर्मा का 'बरसिंह दारोगा' (१९००) इस परंपरा के प्रारंभिक प्रयासों में हैं। गोपालराम गहमरी के 'बेक़सूर की फाँसी' (१९००), 'सरकती लाश' (१९००), 'ख़ूनी कौन है?' (१९००) 'बेगुनाह का ख़ून' (१९००) 'जमुना का ख़ून' (१९००), 'डबल जासूस' (१९००), 'मायाविनी' (१९०१), 'जादूगरनी मनोरमा' (१९०१), 'लड़की चोरी' (१९०१), 'जासूस की भूल' (१९०१), 'थाना की चोरी' (१९०१), 'भयङ्कर चोरी' (१९०१), 'अन्धे की आँख' (१९०२) 'जालराजा' (१९०२), 'जाली काका' (१९०२), 'जासूस की चोरी' (१९०२), 'मालगोदाम में चोरी' (१९०२), 'डाके पर डाका' (१९०३), 'डाक्टर की कहानी' (१९०३), 'घर का भेदी' (१९०३), 'जासूस पर जासूस' (१९०३), 'देवीसिंह' (१९०४), 'लड़का गायब' (१९०४), 'जासूस चक्कर में' (१९०६), किशोरीलाल गोस्वामी का 'ज़िन्दे की लाश' (१९०६), जयरामदास गुप्त का 'लँगड़ा ख़ूनी' (१९०७), माधव केसीट् का 'अद्भुत रहस्य' (१९०७) तथा ईश्वरीप्रसाद शर्मा का 'कोकिला' (१९०८) इस परंपरा के अन्य उल्लेखनीय प्रयास हैं।

ऐयारी-तिलस्मी उपन्यासों की भाँति ही उपन्यासों की यह परंपरा भी अप्रतिहत गति से चलती रही, और अगले युग के प्रथम चरण तक उसी की भाँति यह भी ख़ूब प्रचलित रही। हिंदी में यह परंपरा नवीन थी, अंग्रेज़ी से आई थी और भारतीय वातावरण के अनुकूल भी नहीं थी। तब हिंदी जनता ने इसका स्वागत इतना अधिक क्यों किया?

मेरा अनुमान है कि शेष बातों में प्रायः मध्ययुगीन इस युग की जनता इन उपन्यासों के अतिरंजित बुद्धिवाद से प्रभावित हुई, और इसीलिए यह परंपरा भी उसमें खूब लोकप्रिय हुई।

उपन्यास इस युग के लिए एक नई वस्तु थी, किन्तु फिर भी जितना विकास इसका प्रस्तुत युग में हुआ वह एक आश्चर्यजनक घटना थी। यह अवश्य था कि अपने आदर्शों में उपन्यास अपने युग से आगे न बढ़ सका।

कहानी

हिंदी के कहानी-साहित्य का प्रारंभ प्रायः विद्वान् १९०९ के बाद मानते हैं, किन्तु यह विचार ठीक नहीं है, यद्यपि यह सही है कि आलोच्यकाल में उसका यथेष्ट विकास नहीं हुआ। ऐतिहासिक कहानियाँ—कम से कम वह भी जिनमें इतिहास की किसी घटना को लेकर कथावस्तु का संगठन किया गया हो—कोई भी नहीं दिखलाई पड़तीं। ऐयारी-तिलस्मी कहानियाँ भी कठिनाई से ही मिलेंगी। और, लगभग यही दशा जासूसी कहानियों की भी है। पर यह अवश्य है कि यदि ऐयारी-तिलस्मी, और विशेष रूप से जासूसी उपन्यासों का और निकट से निरीक्षण किया जावे तो उनमें से अनेक वास्तव में कहानी ग्रंथ ही ठहरेंगे, उपन्यास उनको कहना बहुत उचित न होगा। आवश्यकता है कि इस दृष्टि से उनका निरीक्षण किया जावे, और तब निस्संदेह हिंदी कहानी-साहित्य के इतिहास पर मूल्यवान प्रकाश पड़ेगा। सामाजिक कहानियाँ अवश्य मिलती हैं, और सब से अधिक संख्या में मिलती हैं, किंतु उनमें भी चरित्र-प्रधान कहानियाँ—वे कहानियाँ जिनमें किसी मनोवैज्ञानिक तथ्य का निरूपण हो—बिलकुल नहीं मिलतीं। मिलती हैं केवल उद्देश्य-प्रधान, रस-प्रधान और वस्तु-प्रधान कहानियाँ; साथ ही कुछ उक्ति-प्रधान कहानियाँ भी मिलती हैं। इन्हीं चार से आलोच्यकाल का कहानी-साहित्य निर्मित होता है।

१. उद्देश्य-प्रधान—उद्देश्य-प्रधान कहानियों के दो भेद दिखाई

पड़ते हैं : वे कहानियाँ जो पाठ्य-क्रम के लिए लिखी गई थीं, और वे जो स्वतंत्र रूप से लिखी गईं।

पहले प्रकार की कहानियाँ आलोच्यकाल में प्रारंभ से ही मिलती हैं। कृष्णदत्त मिश्र कृत 'बुद्धि फलोदय' (१८६७) की कहानी अपने षष्ठ संस्करण में हमारे सामने सबसे पहले आती है। इसमें सुबुद्धि और दुर्बुद्धि की कहानी कही गई है। दूसरी कहानी-पुस्तक शिवप्रसाद सितारेहिंद सं० 'बामा-मनोरंजन' (१८६७) है, जो तृतीय संस्करण में उसी समय हमारे सामने आती है। इसकी कहानियाँ स्त्रीशिक्षा के दृष्टिकोण से लिखी हुई हैं। कुछ और आगे बढ़ने पर पं० गौरीदत्त की 'तीन देवों की कहानी' (१८७० द्वितीय) मिलती है, जिसमें एक उपदेशप्रद अलौकिक कथा है। नजमुद्दीन कृत 'सूरजपुर की कहानी' (१८७१ तृतीय) भी प्रायः इसी समय की है, और इसी श्रेणी की है। इसी प्रकार की एक अन्य कृति रामप्रसाद तिवारी की 'नीतिसुधा तरङ्गिणी' (१८७५ द्वितीय) है, जिसकी नीति-प्रधानता स्पष्ट है।

दूसरे प्रकार की कहानियाँ भी पहले से ही मिलने लगती हैं, यद्यपि उतना नहीं जितना ऊपर वाली कहानियाँ। पराहूदास के 'दृष्टान्त-कोष' (१८७०) में नीति-उपदेशपूर्ण कहानियाँ पर्याप्त संख्या में हैं। अम्बिकादत्त व्यास की 'कथाकुसुम-कलिका' (१८८८) में भी नीति-प्रधान कहानियाँ प्रमुख हैं। पं० गोपालप्रसाद शर्मा की 'नेकी का दर्जा बदी' (१८९३) कहानी भी उद्देश्य-प्रधान है। ज्वालादत्त जोशी का 'दृष्टान्त-समुच्चय' (१८९८) उपर्युक्त 'दृष्टान्त-कोष' तथा भेदीराम का 'नेकी-बदी' (१९०१) उपर्युक्त 'नेकी का दर्जा बदी' की कोटि की रचनाएँ हैं।

२. **रस-प्रधान**—आलोच्यकाल की सबसे पहली रस-प्रधान कहानी पं० गौरीदत्त कृत 'देवरानी-जेठानी की कहानी' (१८७१) है, जो शृङ्गार-प्रधान है। आकार में यह १३६ पृष्ठों की है, और इसलिए किसी औसत आकार के प्रारंभिक हिंदी उपन्यास से छोटी नहीं है। श्यामलाल चक्रवर्ती की 'कहानी कला-कामी' (१८७६) दूसरी रस-प्रधान कहानी है। इसमें भी प्रधानता शृङ्गाररस की है, और आकार में यह भी

छोटी नहीं है। साहबप्रसाद सिंह की 'सपने की संपति' (१८८८) एक अन्य प्रेम-कथा है। पर आकार में यह छोटी है, और वस्तु-संकलन की दृष्टि से लिखी गई ज्ञात होती है। दुर्गाप्रसाद मुंशी की 'फुलवारी की छबि अर्थात् मनफूल की कहानी' (१८८५) भी एक प्रेम-कथा है। यह अवश्य आकार में काफ़ी बड़ी है—१२२ पृष्ठों में समाप्त हुई है। सूरजभान का 'लज्जावती का क़िस्सा' (१८८६) १२ पृष्ठों की एक अत्यन्त साधारण रचना ज्ञात होती है।

३. **वस्तु-प्रधान**—आलोच्यकाल की वस्तु-प्रधान कहानियों का प्रारंभ—जो प्रायः मनोरञ्जन मात्र की दृष्टि से लिखी गई थीं—कदाचित् 'मनोहर कहानी' (१८८०) से होता है, जिसमें १०० कहानियों का संग्रह है। मुंशी नवलकिशोर इसके संपादक बताए गये हैं। इस परंपरा की शेष कहानियों में से उल्लेखनीय केवल गोपालप्रसाद शर्मा की 'कंजूस-चरित्र' (१८९३) तथा 'ठग-लीला' (१८९३) हैं।

४. **उक्ति-प्रधान**—एक और प्रकार की कहानियाँ वे हैं जिनमें वास्तव में कहानी-तत्व बहुत ही कम होता है, केवल उक्ति-चमत्कार उपस्थित करने के लिए एक देश-काल-पात्र की काम चलाऊ भूमिका गढ़ ली जाती है। ऐसी रचनाएँ प्रायः हास्यरसात्मक हैं, और अधिकतर अकबर-बीरबल अथवा कालिदास-भोज को लेकर लिखी गई हैं। चण्डीप्रसाद सिंह कृत 'हास्य-रतन' (१८८६), रामस्वरूप शर्मा कृत 'हास्यरस की मटकी' (१८९७), बालकृष्ण शर्मा कृत 'हास्य-सुधाकर (१९०२) तथा सूर्यनारायण शर्मा कृत 'हास्य-रत्नाकर' (१९०६) एक ओर, तथा सूर्यनारायण सिंह सं० 'बीरबर-अकबर उपहास' (१८९५ रिप्रिन्ट), जगन्नाथ शर्मा सं० 'अकबर-बीरबर समागम' (१८९७-) किशनलाल सं० 'बीरबल-विलास' (१९०४) तथा स्वरूपचन्द जैन सं० 'भोज और कालिदास' (१९०३) दूसरी ओर इसी परंपरा की रचनाएँ हैं।

कहने की आवश्यकता नहीं कि कहानी-क्षेत्र में भी लेखकों और पाठकों की रुचि मध्ययुगीन ही रही, उसमें नव-चेतना के लक्षण स्पष्ट नहीं दिखाई पड़े।

नाटक

इस काल के नाटक-साहित्य को हम निम्नलिखित वर्गों में विभाजित पाते हैं : १. राम-चरित्र, २. कृष्ण-चरित्र, ३. पौराणिक, ४. संत-चरित्र, ५. ऐतिहासिक, ६. शृंगाररस-प्रधान, ७. प्रतीकवादी, ८. सामयिक और राष्ट्रीय, ९. सामाजिक, और १०. व्यंग्य-विनोद-प्रधान। इन्हीं के अनुसार हम उसका अध्ययन करेंगे।

१. राम-चरित्र—राम-चरित्र से सम्बन्ध रखनेवाले कुछ नाटकों का उल्लेख अवश्य मिलता है, पर वे रामलीला के लिए ही प्रायः लिखे गये हैं, नाटकीयता का विकास उनमें कम दिखाई पड़ता है।

२. कृष्ण-चरित्र—काव्य-साहित्य की भाँति यहाँ भी कृष्ण-चरित्र प्रायः दो रूपों में अलग-अलग हमारे सामने आता है : एक वह जिसका सम्बन्ध व्रज से है, और दूसरा वह जिसका सम्बन्ध द्वारका से है। व्रजनायक कृष्ण के चरित्र से सम्बन्ध रखनेवाला आलोच्यकाल का सबसे अधिक उल्लेखनीय नाटक हरिश्चन्द्र कृत 'चन्द्रावली' नाटिका (१८७७) है, जिसमें लेखक ने चन्द्रावली के चरित्र में एक स्वर्गीय प्रेम का चित्रण किया है। अम्बिकादत्त व्यास की 'ललिता' नाटिका (१८८४) तथा सूर्यनारायणसिंह की 'श्यामानुराग' नाटिका (१८९९) भी उसी शैली पर लिखे गये हैं। कृष्ण की रासलीला को विषय बना कर भी कुछ नाटकों की रचना हुई : एक है हरिहरदत्त दूबे कृत 'महारास' (१८८४), तथा दूसरा है खड्गबहादुर मल्ल कृत 'महारास' (१८८५)। कृष्ण-चरित्र के इस पक्ष से संबंध रखने वाले दो नाटक और उल्लेखनीय हैं : बलदेवप्रसाद मिश्र कृत 'नन्दविदा' (१९००) तथा राधाचरण गोस्वामी कृत 'श्रीदामा' (१९०४)। पहले में व्रज से उनके द्वारका-गमन की घटना का चित्रण हुआ है, और दूसरे में एक सखा के साथ उनकी मैत्री का।

द्वारकाधीश कृष्ण के चरित्र को लेकर लिखे गए नाटकों में से एक है खड्गबहादुर मल्ल का 'कल्पवृक्ष' (१८८६), जिसमें सत्यभामा

के गर्वखण्डन की कथा है। अयोध्यासिंह उपाध्याय का एक नाटक 'रुक्मिणी-परिणय' (१८६४) कृष्ण-रुक्मिणी विवाह लेकर लिखा गया है। बलदेवप्रसाद मिश्र के 'प्रभास-मिलन' (१६०३) में कृष्ण वसुदेवादि यदुवंशियों और नन्दादि गोपों की तीर्थ-यात्रा प्रसंग में परस्पर मिलने की कथा है। संस्कृत में भी इसी नाम का एक नाटक है, संभव है यह नाटक उसकी छाया लेकर लिखा गया हो। सुदामा के साथ कृष्ण की मैत्री की प्रसिद्ध कथा लेकर 'कृष्ण-सुदामा' (१६०७) नाम का एक नाटक शिवनन्दन सहाय का लिखा हुआ है। रूपनारायण पांडेय का 'कृष्णलीला' (१६०७) कृष्ण के व्यापक चरित्र को लेकर लिखा गया है, पर उसमें नाटकीयता कम है।

३. **पौराणिक**—शेष पौराणिक कथा-वस्तु के आधार पर लिखे गए नाटकों में एक तो प्राधान्य है महाभारत-कुल के नाटकों का। विष्णु गोविन्द शिर्वादेकर का 'हिंदुस्तानी कर्णपर्व' (१८७६) इस प्रकार की प्रारम्भिक रचनाओं में से है; गजराज सिंह का 'द्रौपदी वस्त्र-हरण' (१८८५), अम्बाप्रसाद का 'वीर-कलंक' (१८६६), और शालि-ग्राम लाला का 'अभिमन्यु' (१८६६) भी 'महाभारत' की मूल कथा लेकर लिखे गए अन्य उल्लेखनीय नाटक हैं। उपर्युक्त से भी अधिक प्राधान्य है उन नाटकों का जो कतिपय पुराण-प्रसिद्ध चरित्रों को लेकर लिखे गए हैं। हरिश्चंद्र का 'सत्य हरिश्चन्द्र' [१८७५ ?], जो इस युग का कदाचित् सबसे अधिक लोकप्रिय नाटक कहा जा सकता है, कुशीराम का 'राजा हरिश्चन्द्र' (१६०८), श्रीनिवासदास का 'प्रह्लाद-चरित्र' (१८८८), जगन्नाथदास का 'प्रह्लाद-चरितामृत' (१६००), दामोदर शास्त्री का 'बाल खेल या ध्रुवचरित्र' (१८८६), सावित्री का उपाख्यान को लेकर हरिश्चन्द्र का लिखा हुआ 'सती-प्रताप' (१८६२), कन्हैया-लाल बाबू का 'शील-सावित्री' (१८६८), देवराज लाला का 'सावित्री' (१६००), नलोपाख्यान को लेकर लिखे गए बालकृष्ण भट्ट कृत 'नलदमयंती स्वयंवर' (१८६५) तथा सुदर्शनाचार्य शास्त्री का "अनर्घनल-चरित्र' (१६०८) इसी प्रकार की रचनाएँ हैं। शेष

में से उल्लेखनीय हैं केवल दो : कन्हैयालाल बाबू का 'अंजना सुन्दरी' (१९०१) तथा सी० एल० सिंह का 'विषया-चन्द्रहास' (१९०२), जिनके विषय प्रकट हैं।

राम-कुल के आख्यानों के आधार पर कोई भी सुन्दर रचना नहीं दिखाई पड़ती।

कृष्ण-कुल के आख्यानों के आधार पर लिखे गए नाटकों में उल्लेखनीय हैं उषा-चरित्र संबंधी तथा प्रद्युम्न-चरित्र संबंधी : चन्द्र शर्मा कृत 'उषाहरण' (१८८७), कार्तिकप्रसाद खत्री लिखित 'उषाहरण' (१८९२), बलवन्तराव सिंधिया लिखित 'उषा' (१९०४) पहले चरित्र से संबंध रखनेवाले प्रमुख नाटक हैं; दूसरे चरित्र से संबंध रखनेवाले नाटकों में से केवल एक नाटक उल्लेखनीय है : अयोध्यासिंह उपाध्याय लिखित 'प्रद्युम्न विजय' (१८९३) व्यायोग; शेष सामान्य हैं।

४. संत-चरित्र—संत-चरित्र संबंधी नाटकों में गोपीचन्द, मोरध्वज, तथा भर्तृहरि से संबंध रखनेवाले नाटक आते हैं; अन्नाजी गोविन्दजी इनामदार कृत 'गोपीचन्द' (१८७७), सखाराम बालकृष्ण सरनायक कृत 'गोपीचन्द' (१८८३), लालीदेवी कृत 'गोपीचन्द' (१८९६), शालिग्राम लाला कृत 'मोरध्वज' (१८९०) तथा कृष्ण बलदेव कृत 'भर्तृहरि राज-त्याग' (१८९८) इसी वर्ग के नाटक हैं।

५. ऐतिहासिक—ऐतिहासिक नाटकों में प्रधानता मध्ययुग की कथा की रही। इनका प्रारंभ भारतेन्दु से होता है : उनका 'नीलदेवी' (१८८२) इस प्रकार का पहला उल्लेखनीय नाटक है। श्री निवासदास का 'संयोगिता-स्वयंवर' (१८८६) संयोगिता और पृथ्वीराज के विवाह की घटना को लेकर लिखा गया है; गोपालराम बाबू के 'यौवन-योगिनी' (१८९३) की कथा यह है कि गुजरात की राजकुमारी मायावती पृथ्वीराज से प्रेम करती है, और जब पृथ्वीराज शत्रु के हाथ से मारा जाता है वह आत्म-हत्या कर लेती है। राधाचरण गोस्वामी का 'अमरसिंह राठौर' (१८९५) उसी नाम के एक प्रसिद्ध वीर-चरित्र को लेकर लिखा गया है। इस काल का एक नाटक अकबर की गोरक्षिणी-नीति को

भी लेकर लिखा गया है : नारायण शर्मा का 'अकबर-गोरक्षा न्याय' (१८९५)। राधाकृष्णदास के 'महाराणा प्रताप' (१८९८) के संबंध में कुछ कहने की आवश्यकता नहीं। अपने युग के ऐतिहासिक नाटकों में कदाचित् यही सबसे अधिक सफल रहा। राजस्थान के एक आदर्श वीर जयमल के चरित्र को लेकर लिखा गया गङ्गाप्रसाद गुप्त का 'वीर जयमल' (१९०३), अलाउद्दीन के चित्तौर-संबंधी आक्रमण को लेकर लिखा गया राधाकृष्णदास का 'महारानी पद्मिनी' (१९०३ द्वितीय), एक अन्य वीर-चरित्र को लेकर लिखा गया हरिहरप्रसाद जिज्ञल का 'राजसिंह' (१९०६) इस परंपरा की अन्य सुंदर कृतियाँ हैं। परमेश्वर मिश्र लिखित 'रूपमती' (१९०७) की भी गणना इन्हीं के साथ की जा सकती है, जिसमें औरंगज़ेब नाटक की नायिका को अपनी प्रेयसी बनाना चाहता है, पर अन्त तक विफल ही रहता है। अंग्रेज़ी शासन-काल के ऐतिहासिक नाटकों का नितान्त अभाव रहा। हिंदू युग के ऐतिहासिक नाटक भी इने-गिने हैं ; और उल्लेखनीय उनमें से हैं केवल महेन्द्रनाथ कृत 'बुद्धदेव चरित्र' (१९०२), तथा शालिग्राम लाला कृत 'पुरु-विक्रम' (१९०६)। पहले का विषय स्पष्ट ही है, दूसरा सिकंदर के इतिहास-प्रसिद्ध भारत-आक्रमण को लेकर लिखा गया है।

६. शृङ्गाररस-प्रधान—कल्पित प्रेम कथानकों को लेकर प्रेमाख्यानक उपन्यासों की भाँति प्रेमाख्यानक नाटकों की भी रचना इस काल में खूब हुई। इस परंपरा का पहला नाटक केशवराम भट्ट का 'सज्जाद-संबुल' (१८७७) है, जिसे उसके प्रकाशकों ने भ्रमवश हिंदी का प्रथम मौलिक नाटक कहा है। वास्तव में वह एक बँगला नाटक के आधार पर ही लिखा गया है। श्रीनिवासदास का 'रणधीर-प्रेममोहिनी' (१८८०) शृङ्गार-रस का एक दुःखान्त है, और इसीलिए नाटक-साहित्य के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसी परंपरा में आने वाला केशवराम भट्ट का एक अन्य नाटक 'शमशाद-सौसन' (१८८१) भी एक बँगला नाटक के आधार पर ही लिखा गया है, मौलिक नहीं है। श्रीनिवासदास का एक अन्य नाटक पुनः इसी परंपरा

में आता है : वह है 'तपता-संवरण' (१८८३)। महादेवप्रसाद का 'चंद्रप्रभा-मनस्नी' (१८८४), अमनसिंह गोंतिया का 'मदन-मंजरी' (१८८४), खड्गबहादुर मल्ल का 'रति-कुसुमायुध' (१८८५), सतीशचन्द्र वसु का 'मैं तुम्हारा ही हूँ' (१८८६), विन्ध्येश्वरीप्रसाद त्रिपाठी का 'मिथिलेश-कुमारी' (१८८६), किशोरीलाल गोस्वामी का 'प्रणयिनी-परिणय' (१८९०), खवास डोलाजी बाबाजी का 'रतन सेन अने रतनावती' (१८९०), किशोरीलाल गोस्वामी का 'मयंक-मंजरी' (१८९१), शालिग्राम लाला का एक दुखान्त 'लावण्य-वती-सुदर्शन' (१८९२), गोपालराम बाबू का 'विद्या-विनोद' (१८९२), कृष्णानंद द्विवेदी का 'विद्या-विनोद' (१८९४), गोकुलनाथ शर्मा का 'पुष्पवती' (१८९६), ज्ञानानंद का 'प्रेम-कुसुम' (१८९६), वज्र-प्रसाद शर्मा का 'मालती-वसंत' (१८९६), सूरजभान का 'रूप-वसंत' (१९०१) हरिहरप्रसाद जिज्ञल का 'जया' (१९०३), देवीप्रसाद 'पूर्ण' का 'चन्द्रकला-भानुकुमार' (१९०४), हरिहरप्रसाद जिज्ञल का 'कामिनी-मदन' (१९०७), तथा हरनारायण चौबे का 'कामिनी-कुसुम' (१९०७) इसी परंपरा के अन्य उल्लेखयोग्य नाटक हैं। इनमें नायक और नायिका के हृदयों में प्रणय का विकास दिखाया जाता है, और वे अनेक विषम परिस्थितियों का सामना करने के अनंतर या तो अपने प्रणयोद्योगों में सफल होते हैं या विफल, और उसीके अनुसार नाटक भी प्रायः सुखान्त होता है या दुःखान्त। किन्तु कथावस्तु का विकास अधिकतर एक ही प्रकार से होता है, और इसलिए यह समस्त नाटक प्रायः एक ही साँचे में ढले-से ज्ञात होते हैं।

७. **प्रतीकवादी**—कमलाचरण मिश्र का 'अद्भुत नाटक' (१८८५), राधाचरण गोस्वामी का 'यमलोक की यात्रा' (१८८६), रत्नचन्द प्लीडर का 'न्यायसभा' (१८९२) दरियावसिंह का 'मृत्युसभा' (१८९६), शंकरानंद का 'विज्ञान' (१८९७) तथा नाट्यकला की उत्पत्ति पर किशोरीलाल गोस्वामी का 'नाट्य-संभव' (१९०४), इस परंपरा के प्रमुख नाटक हैं। इनके पात्र मनुष्य न होकर मानसिक भावादि हैं।

८. **सामयिक और राष्ट्रीय**—इस युग में देश की तत्कालीन दशा पर कई नाटक लिखे गए। हरिश्चन्द्र का 'भारत-दुर्दशा' (१८८३) इस परंपरा का प्रथम नाटक ज्ञात होता है। खड्गबहादुर मल्ल का 'भारत-आरत' (१८८५) अम्बिकादत्त व्यास का 'भारत-सौभाग्य' (१८८७) बदरीनारायण चौधरी का 'भारत-सौभाग्य' (१८८६) दुर्गादत्त शर्मा का 'वर्त्तमान दशा' (१८६०), गोपालराम गहमरी का 'देशदशा' (१८६२), काशीनाथ खत्री का 'ग्राम पाठशाला और निकृष्ट नौकरी' (१८६३ द्वितीय), देवकीनन्दन त्रिपाठी का 'भारत-हरण' (१८६६), प्रतापनारायण मिश्र का 'भारत-दुर्दशा' (१६०२), तथा जीवानन्द शर्मा का 'भारत-विजय' (१६०७) राष्ट्रीय और सामयिक समस्याओं को लेकर लिखे गये उसी परंपरा के अन्य उल्लेखनीय नाटक हैं। हिंन्दी-उर्दू की समस्या पर भी लिखे गये दो नाटक मिलते हैं : रामगरीब चौबे का 'नागरी-विलाप' (१८८५) तथा रत्नचन्द प्लीडर का 'हिन्दी-उर्दू का नाटक' (१८६२)। इन सभी नाटकों में देश की आर्थिक, सामाजिक, तथा राजनैतिक विवशता का चित्र अच्छा उतरा है।

६. **सामाजिक**—सामाजिक समस्याओं को लेकर भी नाटकों की रचना काफ़ी हुई। निस्संदेह आर्यसमाज ने जो जागृति उत्पन्न कर दी थी उसका इसमें एक बड़ा हाथ था।

अनमेल विवाह इस युग की सामाजिक समस्याओं में सबसे प्रमुख रूप से नाटक का विषय बना। बालविवाह पर राधाकृष्णदास का 'दुःखिनी बाला' (१८८२ द्वितीय), विवाहिता-परित्याग पर निद्धुलाल मिश्र का 'विवाहिता-विलाप' (१८८३) तथा हिन्दू वैवाहिक प्रथा की बुराइयों पर तोताराम वकील का 'विवाह-बिडंबन' (१८८४) इस श्रेणी के नाटकों में उल्लेखनीय हैं।

सतीत्व और नारी-आदर्श पर भी काफ़ी नाटक लिखे गये। खड्ग बहादुर मल्ल का 'भारत ललना' (१८८८), रघुवीर सिंह का 'मनोरंजनी' (१८६०), छगनलाल कासलीवाल का 'सत्यवती' (१८६६), बाल-

मुकुन्द पाण्डेय का 'गंगोत्तरी' (१८६७), पुत्तनलाल सारस्वत का 'स्वतन्त्रा बाला' (१६०३), तथा बलदेवप्रसाद मिश्र का 'नवीन तपस्विनी' (१६०२) इस प्रकार के नाटकों में उल्लेखनीय हैं। क्या इस युग के नाटककार भी उपन्यासकारों की भाँति स्त्री-स्वातंत्र्य के आन्दोलन से भयभीत थे ?

गोरक्षा की समस्या लेकर भी कुछ नाटक लिखे गए : अम्बिकादत्त व्यास का 'गो-संकट' (१८८७) तथा जगतनारायण शर्मा का 'भारत-दुर्दिन' (१८८६) इसी प्रकार के नाटक हैं।

आर्यसमाज के प्रचार के लिए भी कुछ नाटकों की रचना की गई : रुद्रदत्त शर्मा के 'पाखंड-पूर्ति' (१८८८) तथा 'आर्यमत-मार्तण्ड' (१८६५) उनमें मुख्य हैं।

१०. प्रहसन—नई परंपरा के प्रहसनों का प्रारम्भ, जिनमें सामाजिक और धार्मिक समस्याओं पर रहस्यपूर्ण व्यंग्य की अवतारणा हुई, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र से होता है, जिनकी पहली मौलिक रचना 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' (१८८८) प्रहसन था, जो उन्होंने १८७३ में लिखा था। इसमें मांस और मदिरा को धार्मिक दृष्टि से ग्राह्य बतानेवालों का उपहास किया गया है। देवकीनन्दन त्रिपाठी का 'जय नारसिंह की' (१८७६) तथा बालकृष्ण भट्ट का 'शिक्षादान' या 'जैसे को तैसा' (१८७७) भी हिन्दी के प्रारम्भिक प्रहसनों में से हैं। हरिश्चन्द्र के 'अन्धेरनगरी' (१८८२ द्वितीय) में एक ऐसे शासक के प्रति व्यंग्य है जिसकी शासन-व्यवस्था में न्याय और विवेक का अभाव है। हरिश्चन्द्र कुलश्रेष्ठ का 'ठगी की चपेट' (१८८४), मन्नालाल शर्मा का हास्यार्णव (१८८५ द्वितीय) देवदत्त मिश्र का 'बाल-विवाह दूषक' (१८८५), प्रतापनारायण मिश्र का 'कलि-कौतुक रूपक' (१८८६), जिसमें इस युग की सभ्यता का खोखलापन दिखाने की चेष्टा की गई है, देवकीनन्दन त्रिपाठी का 'कलियुगी जनेऊ' (१८८६), राधाचरण गोस्वामी का वृद्ध-विवाह पर 'बूढ़े मुँह मुँहासे' (१८८७), रामशरण शर्मा का 'अपूर्व रहस्य' (१८८८), हरिश्चन्द्र का 'विषस्य विषमौषधम्' (१८८८),

जो तत्कालीन गायकवाड़ नरेश के अपदस्थ किये जाने से संबंध रखता है, और १८७६ का लिखा हुआ बताया जाता है, माधवप्रसाद का 'हास्यार्णव का एक भाग' (१८६१), राधाचरण गोस्वामी के 'तन मन धन गुसाईं जी के अरपन' (१८६२) तथा 'भंग-तरंग' [१८६२ ?] देवकीनंदन तिवारी का 'कलियुगी विवाह' (१८६२), बचनेश मिश्र का 'हास्य' नाटक (१८६३), विजयानन्द त्रिपाठी का 'महा अंधेरनगरी' (१८६३), जो हरिश्चन्द्र के 'अँधेरनगरी' अनुकरण में लिखा गया जान पड़ता है, गोपालराम गहमरी का 'दादा और मैं' (१८६३), बलदेव-प्रसाद मिश्र का 'लालाबाबू' (१६००), जसवंतसिंह महाराजा कृत 'गोबर गणेश' (१६०८) इस परंपरा की अन्य उल्लेखनीय रचनाएँ हैं। यदि ध्यानपूर्वक देखा जावे तो ज्ञात होगा कि यह नाटक भी प्रायः सामाजिक विषयों—या कभी-कभी सामयिक विषयों को—लेकर लिखे गए हैं, और तत्कालीन समाज की मनोवृत्ति का अच्छा परिचय देते हैं। स्पष्ट है कि यह परंपरा १८६३ के अनंतर शिथिल पड़ गई और इसमें आवश्यक स्फूर्ति का अभाव हो गया।

फलतः ज्ञात होगा कि इस युग का नाटक-साहित्य ऊपर विवेचित अन्य सभी साहित्य रूपों की अपेक्षा अधिक अपने युग के साथ रहा; सामयिक, राष्ट्रीय और सामाजिक रचनाओं तथा वैसे ही प्रहसनों की बाढ़ जैसी नाटक-साहित्य में आई वैसी दूसरों में नहीं आई, यही उक्त कथन को प्रमाणित करने के लिए यथेष्ट होगा। वैसे भी, इस युग का नाटक साहित्य उक्त अन्य साहित्य-रूपों की अपेक्षा मध्ययुगीन रुचियों से सबसे कम अभिभूत रहा यह समझने में कठिनाई न होनी चाहिये।

निबंध

आलोच्यकाल में निबंध-ग्रन्थ इने-गिने मिलते हैं। पत्र-पत्रिकाओं में जनता उन्हें भले ही पढ़ लेती थी, किंतु पुस्तक रूप में उनके संग्रह की माँग इस काल में कभी नहीं हुई। हरिश्चन्द्र के अतिरिक्त इस काल के निबंध-लेखकों में सर्वप्रमुख हैं प्रतापनारायण मिश्र, बालकृष्ण भट्ट, तथा बालमुकुन्द गुप्त। इनमें से अंतिम तथा भारतेन्दु के अतिरि

और किसी के निबंध ग्रन्थ उसके जीवनकाल में प्रकाशित नहीं हुए। अध्ययन के लिए हम इस साहित्य को निम्नलिखित वर्गों में विभाजित कर सकते हैं : १. विनोदपूर्ण, २. विशिष्ट विषयक, और ३. विविध विषयक।

१. विनोदपूर्ण निबंध—पुस्तक के रूप में पहले निबंध विनोद-पूर्ण शैली में मुक्तकों के ढंग के मिलते हैं : ऐसे निबंध-संग्रह हैं हनुमानप्रसाद कृत 'प्रज्ञा-बाटिका' (१८८१) तथा हरनाथप्रसाद खत्री कृत 'मानव-विनोद' (१८८५ द्वितीय); त्रिलोचन-झा का 'आत्म-विनोद' (१९०३) भी इसी प्रकार की रचना ज्ञात होती है।

२. विशिष्ट विषयों के निबंध—विशेष विषयों पर लिखे गये उल्लेखनीय निबंधग्रंथ केवल तीन हैं : हरिश्चन्द्र कृत 'खुशी' (१८९७), रामगरीब चौबे कृत 'पुस्तक सहवास' (१९०८) तथा 'कार्य-संपादन' (१९०८)। विशेष विषयों के निबंध-संग्रह कुछ और भी मिलते हैं, किंतु उनमें विषय प्रतिपादन इतना प्रमुख और कला इतनी गौण है कि उनका उल्लेख विशेष विषयों के साहित्य के संबंध में ही अधिक उप-युक्त होगा।

बालमुकुन्द गुप्त कृत 'शिवशंभु का चिट्ठा' (१९०६) तथा 'चिट्ठे और ख़त' (१९०८) का स्थान अलग ही है। वास्तव में इतने सुरुचि-पूर्ण हास्य और व्यंग्य से परिवेष्ठित, प्रायः संयत और उत्तरदायित्वपूर्ण, पर निर्भीक और विचार-पूर्ण निबंध फिर कम ही देखने में आए।

३. विविध विषयों के निबंध-संग्रह—फिर भी, बालमुकुन्द गुप्त की 'गुप्त-निबंधावली', भाग १ (१९१३) उनके देहावसान के बाद ही प्रकाशित हुई। यही दशा प्रतापनारायण मिश्र के निबंध-संग्रह 'निबंध-नवनीत', भाग १ (१९१९) तथा बालकृष्ण भट्ट के निबंधों 'भट्ट-निबंधावली', (१९४२) की भी हुई। पिछले युग की इन कृतियों को पुस्तक रूप में प्रकाशन के लिए आनेवाले युग की बाट देखनी पड़ी।

निबंध इस युग में बहुत पिछड़ा रहा, यद्यपि निस्संदेह अपने आदर्शों में वह अपने युग के किसी साहित्यरूप से पीछे नहीं रहा। यह भी कम नहीं है।

साहित्य-शास्त्र

प्रस्तुत विषय का साहित्य निम्नलिखित वर्गों में विभाजित मिलता है : १. छंदानुशासन, २. अलंकार, ३. नायिका-भेद, ४. रस-विवेचन, ५. काव्यशास्त्र, ६. नाट्यशास्त्र, और ७. विविध; इन्हीं वर्गों के अनुसार नीचे हम उसका निरीक्षण करेंगे।

१. छंदानुशासन—आलोच्यकाल के प्रारंभ ही से पिंगल या छंद-रचना-संबंधी ग्रंथों का प्राधान्य रहा : ज्वालास्वरूप का 'रुद्र-पिङ्गल' (१८६६), बलवानसिंह राजा का 'चित्र-चंद्रिका' (१८६६), श्रीधर का 'पिङ्गल' (१८६६), कन्हैयालाल शर्मा का 'छंद-प्रदीप' (१८७५), हृषीकेष भट्टाचार्य का 'छंदोबोध' (१८७७), उमराव सिंह का 'छंदोमहोदधि' (१८७८), रामप्रसाद का 'छंद-प्रकाश' (१८९१), जादेजी उन्नदजी कवि का गुजराती अनुवाद सहित 'भागवत पिंगल' (१८९३), जगन्नाथप्रसाद 'भानु' का 'छंद-प्रभाकर' (१८९४), रामकिशोरसिंह का 'छंद-भास्कर' (१८९५), महावीरप्रसाद राव का 'मनोदूत' (१८९५), जगन्नाथदास 'रत्नाकर' का 'घनाक्षरी नियम-रत्नाकर' (१८९७), गदाधर कवि का 'छंदोमंजरी' (१९०३ द्वितीय), गिरिवरस्वरूप पाण्डेय का 'गिरीश पिंगल' (१९०५) तथा हरदेवदास वैश्य का 'पिंगल' (१९०६) इस विषय के उल्लेखनीय प्रयास हैं। किंतु इनमें से अधिकतर छोटे और अपर्याप्त हैं; बड़े और कुछ पूर्ण प्रयास उपर्युक्त में से 'चित्र-चन्द्रिका' 'छंदोबोध,' तथा 'छंद-प्रभाकर' हैं। विशेष उल्लेखनीय इनमें से अंतिम है, जिसमें हिंदी छंदों का एक विस्तृत और पूर्ण अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। घनाक्षरी छंद के विषय में 'घनाक्षरी नियम-रत्नाकर' भी एक प्रामाणिक ग्रन्थ है।

२. अलंकार—पिंगल के अनंतर अलंकार ही सबसे अधिक लोकप्रिय विषय रहा। इस युग के अलंकार ग्रन्थ अलंकार-निरूपण के साथ उदाहरणों के लिए प्रायः किसी चरित्र का आश्रय लेते हुए दिखाई पड़ते हैं ; ऐसे अलंकार ग्रन्थ थोड़े ही हैं जिनमें यह प्रवृत्ति नहीं मिलती। पहले प्रकार की रचनाओं में उल्लेखनीय हैं रूपदास स्वामी कृत 'सुर-

सालंकृति बोधिनी' (१८७६), जिसमें पाण्डवों की यशगाथा है, त्रिलोकीनाथसिंह कृत 'भुवनेश-भूषण' (१८८२), जिसमें राधाकृष्ण चरित्र है, लछिराम कवि कृत 'रावणेश्वर कल्पतरु' (१८९२), जिसमें शिव-चरित्र तथा 'रामचन्द्र भूषण' (१८९८) जिसमें राम-चरित्र हैं, गङ्गाधर शर्मा कृत 'महेश्वर-भूषण' (१८९७), जिसमें लेखक ने अपने आश्रयदाता महेश्वरबख्श सिंह को अमर करना चाहा है, मुरारिदान कविराजा कृत 'जसवंत जसोभूषण' (१८९७), जिसमें लेखक ने अपने आश्रयदाता जसंवतसिंह महाराजा की कीर्ति का गान किया है, और नन्दकिशोर मिश्र कृत 'गंगाभरण' (१९०१) जिसमें गंगा की प्रशंसा की गई है। दूसरे प्रकार की रचनाओं में गोविन्द कवि की एक छोटी-सी कृति 'कर्णाभरण' (१८९४), विहारीलाल आचार्य का 'अलंकारादर्श' (१८९७) तथा कन्हैयालाल पोद्दार का 'अलंकार-प्रकाश' (१९०२) आते हैं। इन समस्त में से विषय-विवेचन की दृष्टि से महत्वपूर्ण 'जसवंत जसोभूषण', 'अलंकारादर्श' तथा 'अलंकार-प्रकाश' ही हैं, विशेषरूप से अंतिम जिसमें विषय का विवेचन यथेष्ट विस्तार और पाण्डित्य के साथ हुआ है।

३ नायिका-भेद—उपर्युक्त के अनंतर प्राधान्य रहा है नायिका-भेद ग्रंथों का, जिनमें से उल्लेखनीय हैं बिहारीसिंह का 'दूती-दर्पण' (१८८२), लक्ष्मीनाथसिंह राजा का 'लक्ष्मी-विलास' (१८८५), शिवसहाय उपाध्याय का 'नायिका-रूपदर्शन' (१८८८) तथा रामकृष्ण वर्मा का 'बिरहा नायिका-भेद' (१९००)। रस-निरूपण संबंधी ग्रंथों में भी प्रायः नायिका-भेद का निरूपण किया गया है।

४. रस-निरूपण—रस-संबंधी उल्लेखनीय ग्रंथ हैं कृष्णलाल कृत 'रस-सिंधुविलास' (१८८३), राधामोहन शर्मा कृत 'रस-लहरी' (१८८४), साहबप्रसाद सिंह कृत 'रस-रहस्य' (१८८७), तथा प्रतापनारायण सिंह महाराजा कृत 'रस-कुसुमाकर' (१८९५); शेष सामान्य हैं।

नायिका-भेद तथा रस-संबंधी इन समस्त ग्रन्थों में विशेष उल्लेखनीय साहबप्रसादसिंह कृत 'रस-रहस्य' और प्रतापनारायण सिंह महाराजा कृत 'रस-कुसुमाकर' हैं, जिनमें विषयों का विशद विवेचन मिलता है।

५. **काव्यशास्त्र**—संपूर्ण काव्यशास्त्र पर भी कुछ प्रयास मिलते हैं : काशीनाथ का 'काव्य-संग्रह पञ्चांग' (१८७७), जानकीप्रसाद का 'काव्य-सुधाकर' (१८८६), अम्बिकादत्त व्यास का 'गद्य-काव्य-मीमांसा' (१८९७), जिसमें गद्य तथा काव्य दोनों का विवेचन है, कालूराम की 'काव्यभूमिका' (१९०१) जो उर्दू-लिपि में एक अत्यंत छोटी कृति है, तथा कन्हैयालाल पोद्दार कृत 'काव्य-कल्पद्रुम' (१९०१) इसी प्रकार की रचनाएँ हैं। इनमें से प्रमुख हैं 'काव्य-सुधाकर' तथा 'काव्य-कल्पद्रुम' जिनमें काव्य-निरूपण शास्त्रीय पद्धति पर हुआ है, और 'गद्यकाव्य-मीमांसा' तथा 'काव्य-भूमिका' जिनमें नवीन और प्राचीन काव्यादर्शों का कुछ समन्वय मिलता है।

६. **नाट्यशास्त्र**—नाट्यशास्त्र पर केवल दो रचनाएँ मिलती हैं : हरिश्चंद्र कृत 'नाटक' (१८८३) तथा बलदेवप्रसाद मिश्र कृत 'नाट्य-प्रबंध' (१९०३)। इन दोनों से अपने समय की नाटक-कला पर भी कुछ प्रकाश पड़ता है।

७. **विविध**—नवीन साहित्यरूपों के संबंध में केवल दो कृतियाँ ऐसी मिलती हैं जिनका उल्लेख किया जा सकता है : बद्रीप्रसाद कृत 'प्रबंध-अर्कोदय' (१८९५), जो निबंध-कला पर है, और गङ्गाप्रसाद अग्निहोत्री की कृत 'समालोचना' (१८९६) जो समालोचना के सिद्धान्तों का निरूपण करती है। अपने युग के ध्यान से यह दोनों कृतियाँ—विशेष रूप से अंतिम—महत्वपूर्ण हैं।

साहित्य-शास्त्र संबंधी इस साहित्य में भी लेखकों की रुचि मध्ययुगीन रही, नवीन चेतना के दर्शन प्रायः नहीं हुए यह स्पष्ट प्रतीत होता है।

जीवनचरित्र*

इस काल के जीवन-वृत्तों को हम पाँच वर्गों में विभक्त कर सकते हैं : १. आधुनिक संत-चरित्र, २. आधुनिक राजनैतिक चरित्र, ३. मध्ययुगीन

* साहित्यकारों के जीवन-वृत्त अन्यत्र पीछे आये हैं। इस शीर्षक में केवल उन्हीं के जीवनवृत्त हैं जो साहित्यकार नहीं हैं।

संत-चरित्र, ४. ऐतिहासिक चरित्र ५. विदेशीय चरित्र, तथा ६. स्फुट चरित्र। इन्हीं के अनुसार हम प्रस्तुत विषय का अध्ययन करेंगे।

१. आधुनिक संत-चरित्र—आधुनिक संतों में से सबसे अधिक स्वामी दयानन्द के जीवन-वृत्त लिखे गए: गोपालशर्मा शास्त्री का 'दयानन्द-दिग्विजय' (१८८१), रामविलास सारडा के 'आर्यधर्मेन्द्र जीवन महर्षि' (१६०४), तथा, 'दयानन्द-चरितामृत' (१६०४) तथा चिम्मन लाल वैश्य का 'स्वामी दयानन्द' (१६०७) इसी प्रकार के प्रयास हैं। 'स्वामी दयानन्द की कुछ दिनचर्या' (१८८४) शीर्षक एक पुस्तिका में उनकी डायरी के कुछ पृष्ठ भी इस काल में प्रकाशित हुए। इस श्रेणी के अन्य चरित्रों में उल्लेखनीय हैं अम्बिकादत्त व्यास कृत 'स्वामी चरितामृत' (१८६६), जिसमें स्वामी भास्करानन्द सरस्वती का जीवन-चरित्र है, माधवप्रसाद मिश्र लिखित 'स्वामी विशुद्धानन्द' (१६०३), विज्ञानानन्द लिखित 'रामकृष्ण परमहंस और उनके उपदेश' (१६०४), नन्दकुमार देव शर्मा लिखित 'स्वामी रामतीर्थ' (१६०७) तथा शिवनन्दन सहाय लिखित 'भगवानप्रसाद जी' (१६०८); शेष सामान्य हैं।

२. आधुनिक राजनैतिक चरित्र—आधुनिक देशभक्तों की जीवनियाँ इस युग में बहुत थोड़ी मिलती हैं, कारण यह है कि देश की आर्थिक तथा राजनैतिक दशा सुधारने के लिए इस काल में न वैसे प्रबल आन्दोलन ही हुए जैसे आनेवाले युग में हुए, और न उस प्रकार देश-सेवकों ने अपने जीवन का ही उत्सर्ग किया जैसा इस युग में किया। अस्तु, कुछ उल्लेखनीय जीवनियाँ इस काल की हैं, गङ्गाप्रसाद गुप्त कृत 'दादाभाई नौरोजी' (१६०६), और महादेव भट्ट कृत 'लाजपत महिमा' (१६०७) तथा 'अरविन्द महिमा' (१६०८)। यह स्मरणीय है कि यह जीवनियाँ प्रायः स्वदेशी आन्दोलन के समय की हैं।

३. मध्ययुगीन संत-चरित्र—मध्ययुग के अनेक संतों के चरित्र इस काल में लिखे गये। जयदत्त जोशी लिखित 'गोपीचन्द' (१८६८), अमरसिंह लिखित 'क़िस्सा हक़ीक़तराय' (१८७५), जय-महाराज कृत 'धनाजू को बखान' (१६६५), भगवानप्रसाद कृत 'पोपीजी

की कथा' (१८६६), कन्हैयालाल शास्त्री कृत 'वल्लभाचार्य दिग्विजय' (१६०४), तथा वृन्दाबनदास लिखित 'अर्हंतपाशा-केवली' (१६०८) इसी श्रेणी की रचनाएँ हैं। इन जीवनियों में तथ्य कितना है और भावुकता कितनी है, इतिहास कितना है और और किंवदंतियों का हाथ कहाँ तक रहा है यह कहना कठिन है।

४. ऐतिहासिक चरित्र—भारतीय इतिहास के चरित्र ही विशेष रूप से लिखे गए, और इन चरित्रों में कुछ इतिहास का अध्ययन भी दिखाई पड़ता है। इस प्रकार की रचनाओं में सबसे अधिक उल्लेखनीय हैं देवीप्रसाद मुंसिफ़ की, जिन्होंने राजस्थान के इतिहास से संबंध रखनेवाले चरित्रों पर विशेष प्रकाश डाला : उनके 'मानसिंह' (१८८६), 'मालदेव' (१८८६), 'उदयसिंह महाराणा' (१८६३), 'जसवंत सिंह' (१८६६), 'प्रतापसिंह, महाराणा' (१६०३), तथा 'संग्रामसिंह, राणा' (१६०४) उसी दिशा के प्रयास हैं। अन्य लेखकों की रचनाओं में से उल्लेखनीय हैं राधाकृष्णदास लिखित 'आर्यचरितामृत-बाप्पा-रावल' (१८८४), कर्तिकप्रसाद लिखित 'महाराज विक्रमादित्य' (१८६३), तथा 'अहल्याबाई' (१८६७), रामनारायण दूगड़ रचित 'पृथ्वीराज-चरित्र' (१८६६), लज्जाराम शर्मा लिखित 'अमीर अब्दुलरहमान खाँ' (१६०३), गंगाप्रसाद गुप्त लिखित 'रानी भवानी' (१६०४), तथा नंदकुमारदेव शर्मा लिखित 'महाराणा प्रतापसिंह' (१६०७)।

५. विदेशीय चरित्र—इतर जीवनियों में से रमाशंकर व्यास कृत 'नैपालियन बोनापार्ट' (१८८३), जगन्नाथदास कृत 'मुहम्मद' (१८८७), सिद्धेश्वर वर्मा कृत 'गैरीबाल्डी' (१६०१), गौरीशंकर हीराचन्द ओझा लिखित 'कर्नल जेम्स टॉड' (१६०२), विदेशी महापुरुषों की सुन्दर जीवनियाँ हैं।

६. स्फुट चरित्र—शेष कृतियाँ अत्यन्त साधारण हैं। केवल एक का उल्लेख और किया जा सकता है वह है। द्वारकाप्रसाद चतुर्वेदी लिखित 'गौरीशंकर उदयशंकर ओझा' (१६०५)।

जीवनी-साहित्य इस काल की एक नवीनता थी, और जैसी नई सृष्टि

यह थी वैसी काफ़ी सफल रही, इसमें सन्देह नहीं किया जा सकता। इस क्षेत्र में मध्ययुगीन रुचि केवल मध्ययुग के संतों के चरित्रों तक ही सीमित रही, शेष के संबंध में एक नवचेतना के लक्षण दिखाई पड़ते हैं।

[वृत्त-संग्रह तथा] इतिहास *

इस काल के वृत्त-संग्रहों का अध्ययन विभिन्न शीर्षकों के नीचे नहीं किया जा सकता : क्योंकि एक तो जीवन-वृत्तों के जिन वर्गों का ऊपर हमने निरीक्षण किया है उनमें से एक से अधिक वर्गों के चरित्र प्रायः एक साथ संगृहीत हैं, दूसरे संख्या में भी यह वृत्त-संग्रह इने-गिने ही हैं। उल्लेखनीय इनमें से हैं संतसिंह कृत 'गुरुचरित्र प्रभाकर' (१८७७) जिसमें दस सिक्ख गुरुओं के चरित्र पद्यबद्ध हुए हैं, हरिश्चन्द्र लिखित 'प्रसिद्ध महात्माओं के जीवनचरित' (१८८४-), प्रतापनारायण मिश्र लिखित 'चरिताष्टक' (१८६४), प्यारेलाल कृत 'चरित्र-संग्रह' (१६०२), काशीनाथ खत्री कृत 'भारतवर्ष की विख्यात स्त्रियों के जीवन-चरित्र' (१६०२ पंचम), तथा 'भारतवर्ष की विख्यात रानियों के जीवन चरित्र' (१६०२ पंचम) गङ्गाप्रसाद गुप्त कृत 'विहारी वीर' (१६०४), शिवव्रतलाल कृत 'हमारी माताएँ' (१६०७), रामचंद्र वैद्यशास्त्री कृत 'भारत नररत्न चरितावली' (१६०८), तथा सूर्यकुमार वर्मा लिखित 'कांग्रेस-चरितावली' (१६०८)। इसी प्रसंग में हम मदनलाल तिवारी के 'मदन-कोष' (१६०८) नामक जीवनीकोष का भी उल्लेख कर सकते हैं।

इतिहास के अध्ययन को हम निम्न-लिखित वर्गों में विभाजित कर सकते हैं : १. देश का राजनैतिक इतिहास, २. देश का धार्मिक इतिहास, ३. स्थानीय और देशी रियासतों का इतिहास और, ४. विदेशीय इतिहास।

१. भारतीय राजनैतिक इतिहास—भारतीय राजनैतिक इतिहासों का प्रारंभ वस्तुतः शिक्षा-विभाग की आवश्यकताओं के कारण हुआ।

---

* इस वर्ग में साहित्य का इतिहास नहीं रक्खा गया है, वह पीछे अन्यत्र आता है।

के प्राचीन लेख' (१८९६), राधारमण चौबे लिखित 'भरतपुर राज्य का इतिहास' (१८९६), महराजसिंह लिखित 'इतिहास बुंदेलखंड' (१८९६), हनुवंतसिंह तथा पूर्णसिंह लिखित 'मेवाड़ का इतिहास' (१९०४), बलदेवप्रसाद मिश्र लिखित 'नेपाल का इतिहास' (१९०४) तथा गङ्गाप्रसाद गुप्त लिखित 'पूना का इतिहास' (१९०६) इस श्रेणी के प्रमुख ग्रंथों में से हैं।

४. **विदेशीय इतिहास**—विदेशीय इतिहास लिखना इस काल के अंत में प्रारंभ हुआ। रूस-जापान-युद्ध में जापान ऐसे छोटे पूर्वीय देश का रूस ऐसे बड़े पश्चिमीय देश के विरुद्ध विजयी होने के कारण उसकी ओर तत्कालीन लेखकों का ध्यान जाना स्वाभाविक था, फलतः इस श्रेणी के पहले ग्रंथ रूस-जापान-युद्ध तथा जापान के इतिहास-संबंधी ही हैं। रामनारायण मिश्र का 'जापान का संक्षिप्त इतिहास' (१९०४), डा० महेन्दुलाल गर्ग की 'जापान की कहानी' (१९०७), गौरीशंकर पाठक का 'जापान का उदय' (१९०७), तथा गदाधरसिंह का 'रूस-जापान-युद्ध' (१९०५-) इस संबंध में उल्लेखनीय हैं। इसी प्रकार, अफ़ग़ानिस्तान के साथ आधुनिक भारत के राजनैतिक संबंध स्थापित होने के अनंतर उसके इतिहास पर भी लेखकों का ध्यान गया: नटवर चक्रवर्ती कृत 'अफ़ग़ानिस्तान का इतिहास' (१९०५) उसी का परिणाम था। कांग्रेस के आन्दोलनों तथा रूस-जापान-युद्ध के परिणामों के फलस्वरूप जनता का ध्यान दूसरे देशों की स्वाधीनता के इतिहास की ओर भी जाना प्रारंभ हुआ। सूर्यकुमार वर्मा का 'ग्रीस की स्वाधीनता का इतिहास' (१९०६) इस दृष्टिकोण से लिखे जाने वाले इतिहासों में से कदाचित् पहला है, किंतु इस परंपरा में आने वाले दूसरे इतिहास-ग्रंथ प्रायः आने वाले युग में लिखे गए।

ऐतिहासिक साहित्य भी इस युग की नवीनता थी। इस नवीन क्षेत्र में यद्यपि शिक्षा, साधन तथा विचार-स्वातंत्र्य की कमी के कारण यथेष्ट उन्नति नहीं हुई, फिर भी यह साहित्य बहुत पीछे भी नहीं रहा, और इसमें नवचेतना के लक्षण स्पष्ट दिखाई पड़े यह मानना पड़ेगा।

देश-दर्शन

प्रस्तुत विषय के साहित्य को हम निम्नलिखित वर्गों में विभाजित कर सकते हैं : १. भारत की राजनैतिक स्थिति, २. भारत की सामाजिक स्थिति, ३. भारत की आर्थिक स्थिति, ४. भारत-यात्रा, ५. स्थानीय वर्णन, ६. विदेश-दर्शन ७. विश्व-दर्शन, तथा ८. विश्व-कोष ।

१. **भारत की राजनैतिक स्थिति**—भारतीय समस्याओं में राष्ट्रीयता की समस्या इस काल के प्रारंभ से ही मिलने लगती है । कांग्रेस के जन्म से पूर्व ही लोगों का ध्यान इधर आकृष्ट होने लगा था : पानचंद आनंदजी पारीख की 'आर्य देशपनता' (१८७५) की समस्या यही है। इस पुस्तक का अंग्रेजी शीर्षक लेखक ने 'इंडियन नेशनालिटी' दिया है, और इसमें अन्य बातों के अतिरिक्त एक राष्ट्रभाषा के लिए भी उसने आग्रह किया है। राधाचरण गोस्वामी की 'देशोपकारी पुस्तक' (१८८२) देश की दुर्दशा पर लिखी गई है। १८८५ से कांग्रेस की स्थापना के अनंतर तत्सम्बन्धी साहित्य भी लिखा जाने लगा : आलाराम सागर की 'कांग्रेस-पुकार-मंजरी' (१८९३) जैसे पैम्फ़लेटों का विषय यही है । राधारमण चौबे के 'देशोन्नति' (१८९६) का विषय भी देश की विभिन्न समस्याएँ हैं ।

२. **भारत की सामाजिक स्थिति**—सामाजिक समस्याओं में से स्त्रियों की चिन्तनीय स्थिति पर लोगों का ध्यान विशेष गया : खुन्नूलाल का 'स्त्री-सुदशा' (१८८३), हरदेवी का, 'स्त्रियों पर सामाजिक अन्याय' (१८९२) तथा गोकलचन्द का 'नारी-महत्व' (१९०७) इसी समस्या से संबंध रखते हैं ।

३. **भारत की आर्थिक दशा**—देश के उद्योग-धन्धों पर लोगों का ध्यान बहुत कम गया, इस लिए इस विषय पर ग्रंथ इने-गिने ही लिखे गए । उल्लेखनीय हैं केवल चतुर्भुज औदीच्य कृत 'भारत के कारख़ाने' (१९०५) तथा गोकुलानंदप्रसाद कृत 'मोती' (१९०६) ।

४. **भारत-यात्रा**—रेल की सुविधा प्राप्त होने के कारण इस काल में

यात्राएँ सरल हो गईं, इस लिए इस विषय का साहित्य भी यथेष्ट रूप से मिलने लगा। हरिश्चन्द्र का 'तहक़ीक़ात पुरी की' (१८७१), दामोदर शास्त्री का 'मेरी पूर्वदिक् यात्रा' (१८८५), 'मेरी दक्षिण दिक् यात्रा' (१८८६) तथा 'मेरी जन्मभूमि यात्रा' (१८८८), देवीप्रसाद का 'रामेश्वर-यात्रा' (१८६२), अम्बिकादत्त व्यास का 'आश्चर्य वृत्तान्त' (१८६३) तथा साधुचरण प्रसाद का 'भारत-भ्रमण' (१६०३—) इसी प्रकार की रचनाएँ हैं।

५. **स्थानीय वर्णन**—स्वतंत्र रूप से लिखे गए स्थानीय वर्णन एकाध ही हैं। उनमें से हरिश्चन्द्र का 'काशी के छायाचित्र' (१८८४) जिसमें उन्होंने वहाँ के भले-बुरे सभी प्रकार के चरित्रों और स्थानों का वर्णन किया है तथा हरेकृष्ण जौहर कृत 'भारत के देशी राज्य' (१६०६) उल्लेखनीय है। शेष स्थानीय वर्णन प्रायः यात्राओं के वर्णन में पड़ते हैं।

६. **विदेश-दर्शन**—विदेशों के संबंध में अवश्य काफ़ी लिखा गया; और उनमें से भी जापान पर सबसे अधिक। उसका कारण रूस के विरुद्ध उसकी तत्कालीन विजय ही थी। हरेकृष्ण जौहर का 'जापान-वृत्तान्त' (१६०४), डा० महेन्दुलाल गर्ग का 'जापान-दर्पण' (१६०७) तथा 'जापानीय स्त्री-शिक्षा' [१६०७ ?] तत्संबंधी ग्रंथ हैं। चीन पर भी जापान के साथ ही ध्यान आकृष्ट हुआ : डा० महेन्दुलाल गर्ग का 'चीना-दर्पण' (१६०३) तथा गदाधरसिंह का 'चीन में तेरह मास' (१६०३) इसी के परिणामस्वरूप हैं। तिब्बत पर भी एक पुस्तक लगभग उसी समय की है : गंगाप्रसाद गुप्त की 'तिब्बत-वृत्तान्त' (१६०५) यूरोप-यात्रा भी राजकीय संबंधों के कारण होने लग गई थी : भगवानदास वर्मा की 'लन्दन-यात्रा' (१८८५), तथा अमृतलाल चक्रवर्ती की 'विलायत की चिट्ठी' (१८६२) उसीके परिणाम हैं। शेष में उल्लेखनीय हैं प्यारेलाल कृत 'कस्टम्स ऐंड कास्ट्यूम्स' (१६०१), जो विभिन्न देशों के रस्म-रिवाजों पर है और 'दुनिया की सैर' (१६०१) तथा हरिचरणदास का 'प्रसिद्ध देशों का वर्णन' (१६०१)।

७. **विश्व-दर्शन**—देश तथा विदेशों के भूगोल शिक्षा-प्रणाली की

आवश्यकताओं के कारण पर्याप्त लिखे गए : भगवानदास वर्मा का 'पश्चिमोत्तर तथा अवध का भूगोल' (१८८७) तथा देवीप्रसाद मुंसिफ़ का 'स्वप्न राजस्थान' (१८९३), मुहम्मदहुसैन का 'भूगोल एशिया' (१८८३), शिवप्रसाद सितारेहिंद का 'भूगोल हस्तामलक' (१८७७-), रामप्रसाद लाल का 'भूतत्व-प्रदीप' (१८८५), तथा ज्वालानाथ नागर का 'जगत-दर्शन' (१८९९–) इनमें से प्रमुख हैं।

८. **विश्वकोष**—विश्वकोष केवल एक मिलता है। और वह भी जेबी ही है, वह है 'बृहत् रत्नसमुच्चय' (१९०७) जिसका लेखक अज्ञात है।

यह साहित्य भी इस युग की नवीनता थी, इसलिए इसका जो कुछ भी निर्माण हुआ वह कम न मानना चाहिए, किन्तु, फिर भी यथेष्ट कार्य इस क्षेत्र में नहीं हुआ यह स्वीकार करना पड़ेगा। न तो अपने ही देश की राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं पर सम्यक् रूप से विचार किया गया और न अन्य देशों की ही।

भाषा-दर्शन

इस काल के भाषा-ज्ञान-संबंधी साहित्य को हम निम्नलिखित शीर्षकों में विभाजित कर सकते हैं : १. हिंदी-आन्दोलन, २. हिंदी-भाषा तथा लिपि, ३. हिंदी व्याकरण, ४. हिंदी शब्द-कोष, ५. हिंदी लोकोक्ति संग्रह, ६. विशिष्ट विषयों के कोष तथा ७. विभाषा-ज्ञान।

१. **हिंदी-आन्दोलन**—इस युग की भाषा-संबंधी सबसे बड़ी समस्या उर्दू के विरुद्ध हिंदी के जीवित रहने की थी। शिक्षा-विभाग की नीति उर्दू-प्रचार के पक्ष में थी—हिंदी की आड़ में भी—देवनागरी लिपि में शिवप्रसाद सितारेहिंद की उर्दू-प्रधान पाठ्य पुस्तकों से और क्या अभिप्राय लिया जा सकता है? इसके विरुद्ध आन्दोलन होना स्वाभाविक था, और वह उठ खड़ा हुआ। पं० गौरीदत्त—प्रमुख रूप से—हिंदी का पक्ष लेकर आगे आए, और उन्होंने उर्दू भाषा और लिपि के विरुद्ध हिंदी-भाषा और लिपि की श्रेष्ठता प्रमाणित करके हिंदी को उसका

उचित स्थान दिलाने का सफल उद्योग किया। उनके 'उर्दू अक्षरों से हानि' (१८८२), 'देवनागरी प्रचार के उपदेश' (१८८५), 'नागरी और उर्दू का स्वाँग' (१८८५), 'देवनागरी स्तोत्र' (१८९२) 'नागरी का दफ़्तर' (१८९२), 'देवनागरी के भजन' (१८९६) तथा 'गौरी नागरी कोष' (१९०१) के द्वारा हिंदी और देवनागरी का प्रचार बढ़ा। हरिश्चंद्र ने भी इस आन्दोलन में यथेष्ट भाग लिया: उनके 'हिंदी-भाषा' (१८८३), तथा 'हिंदी लेक्चर' (१९०२ द्वितीय) इसके स्पष्ट प्रमाण हैं। काशीनाथ खत्री ने भी इस समस्या पर लिखा: 'मातृ-भाषा की उन्नति किस विधि करना योग्य है' (१८८५) नामक उनकी पुस्तिका इसी प्रश्न पर है। पं० गौरीदत्त के साथ ही एक और भी वैसी ही लगन के सज्जन इस क्षेत्र में दिखाई पड़े—वह थे बाबू अयोध्या-प्रसाद खत्री। पंडित जी का प्रचार-क्षेत्र पश्चिमी हिंदी प्रान्त था, खत्री जी का पूर्वीय। और एक बात में यह पंडित जी से कुछ भिन्न और आगे भी थे। पंडित जी का विशेष आग्रह देवनागरी लिपि के लिए था, खत्री जी ने उर्दू-प्रधान हिंदी का ही विरोध किया—उनकी 'मौलवी स्टाइल की हिंदी का छंद-भेद' (१८८७) इसी विषय की पुस्तक है। इसी समय प्रमुख रूप से नागरी-प्रचार का उद्देश्य लेकर काशी की उस नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना भी १८९३ में हुई जिससे आगे चलकर भाषा और साहित्य का अप्रतिम उपकार हुआ। इसी संबंध में एक और सज्जन का नाम भी लिया जा सकता है वे हैं: जगन्नाथप्रसाद मेहता जिन्होंने 'पश्चिमोत्तर प्रदेश तथा अवध के न्यायालयों और सर्कारी दफ्तरों में नागरी अक्षरों के प्रचार' (१८९८) नामक पुस्तिका लिखी। कहने की आवश्यकता नहीं कि उपर्युक्त दो दृष्टिकोणों में लिपि-संबंधी दृष्टिकोण प्रायः असफल ही सिद्ध हुआ। नागरी लिपि सर्कारी तथा कुछ अन्य दफ्तरों में अगर स्थान पा भी गई तो भी वह कुछ न कर सकी। प्रमाण के लिए नागरी लिपि में आनेवाले समनों को आज भी देखा जा सकता है, जिनमें हिंदी वाक्य-संगठन, हिंदी ध्वनियाँ, और हिंदी के शब्द ढूँढ़ने पर भी नहीं मिल सकते। अयोध्याप्रसाद खत्री ने एक

दूसरी ओर भी ध्यान दिया : उन्होंने हिंदी के समस्त क्षेत्रों में खड़ी बोली को प्रस्थापित करना चाहा। अपने 'खड़ी बोली का पद्य' (१८८८) में उन्होंने हिंदी साहित्य के प्रारंभिककाल से लेकर उस समय तक की पद्यात्मक रचनाओं में से खड़ी बोली के अंश लेकर यह दिखाने का यत्न किया कि खड़ी बोली में भी पद्य-रचना की वह क्षमता है जो हिंदी की दूसरी उपभाषाओं में है। उनकी 'खड़ी बोली आन्दोलन' (१८८८) नामक रचना अपने विषय को स्वत: स्पष्ट करती है। अपने इस उद्योग में खत्री जी को पूर्ण सफलता मिली। हिंदी को राष्ट्र-भाषा-पद प्रदान करने की भावना भी इसी युग में उत्पन्न हुई : गङ्गाप्रसाद अग्निहोत्री की 'राष्ट्र-भाषा' (१८६०) की समस्या यही है !

२. **हिंदी भाषा-लिपि**—भाषा तथा लिपि के संबंध में वैज्ञानिक कार्य का सूत्रपात इस युग के अंत में होता है : महावीरप्रसाद द्विवेदी की 'हिंदी भाषा की उत्पत्ति' (१६०७) तथा बालमुकुंद गुप्त की 'हिंदी भाषा' (१६०८) भाषा के संबंध में, और गौरीशंकर हीराचंद ओझा की 'प्राचीन लिपि-माला' (१८६४) तथा चंद्रधर शर्मा गुलेरी का 'अंक' (१६०५) लिपि के संबंध की अनुसंधानपूर्ण कृतियाँ हैं, विशेष रूप से ओझा जी का ग्रंथ, जो अपने क्षेत्र में अप्रतिम ही रहा है।

३. **हिंदी व्याकरण**—इस युग में हिंदी के व्याकरण कई लिखे गए, पर वे प्रायः शिक्षा-विभाग की आवश्यकताओं के लिए ही लिखे गए। उनमें से कुछ हैं : भैरवप्रसाद मिश्र लिखित 'हिंदी लघु व्याकरण (१८७१ द्वितीय), शिवप्रसाद सितारेहिंद लिखित 'हिंदी व्याकरण (१८८६), देवीदयाल लिखित 'भाषा शब्द-निरूपण' (१८६२) कामताप्रसाद गुरु लिखित 'भाषा वाक्य पृथक्करण' (१६००) तथ पन्नालाल बानलीवाल लिखित 'लिङ्ग-बोध' (१६०४) ही कुछ उल्लेख नीय स्वतंत्र प्रयास ज्ञात होते हैं।

४. **हिंदी शब्द-कोष**—कोषों की पुरानी परंपरा चल रही थी— मातादीन शुक्ल कृत 'नानार्थ नव-संग्रहावली' (१८७४), तथा लाड़िली प्रसाद की 'नाममाला' (१६०६), नंददास के 'अनेकार्थ' और 'ना

माला' की परंपरा में ज्ञात होते हैं—किंतु यह परंपरा शिथिल हो रही थी। नई परंपरा के कोष बहुत से बने : कलकत्ता बुक ऐंड लिटरेचर सोसाइटी का 'हिंदी-कोष' (१८७१), राधालाल का 'शब्द-कोष' (१८७३), सदासुखलाल का 'कोष-रत्नाकर' (१८७६), मङ्गलीलाल लाला का 'मङ्गल-कोष' (१८७७), देवदत्त तिवाड़ी का 'देवकोश' (१८८३ द्वितीय), कैसरबख्श मिर्ज़ा का 'कैसर-कोष' (१८८५), मूलचंद शर्मा का 'भाषा-कोष' (१८६८ चतुर्थ), श्रीधर का 'श्रीधर भाषा-कोष' (१६०३ द्वितीय) इस प्रकार के छोटे-बड़े प्रमुख हिंदी शब्द-कोष हैं। हिंदी-अंग्रेज़ी कोष भी दो बड़े मिलते हैं : टामसन जे० टी० का 'हिंदी-अंग्रेज़ी' कोष (१८७० द्वितीय) तथा बेट्स जे० डी० की 'हिंदी इंग्लिश डिक्शनरी' (१८७५)। हिंदी-उर्दू का भी एक कोष है : गौरीशंकर शर्मा का 'हिंदी-उर्दू-कोष' (१६०१), पर यह बहुत छोटा है।

५. हिंदी लोकोक्ति-संग्रह—लोकोक्तियों और मुहावरों के कुछ स्वतंत्र कोष भी इस युग में निकले। शिवदास का 'लोकोक्ति कौमुदी' (१८६०), संतप्रसाद का 'कहावत-संग्रह' (१६०२), सिद्धेश्वर वर्मा का 'लोकोक्ति या कहावत' (१६०७–) इसी दिशा के प्रयास हैं। इसी प्रसंग में एस० डबल्यू० फैलन की 'ए डिक्शनरी अव् हिंदुस्तानी प्रावर्ब्स' (१८८४–) का भी उल्लेख किया जा सकता है जिसमें अंग्रेज़ी माध्यम से हिंदी की सभी बोलियों के मुहावरों और लोकोक्तियों के अर्थ दिए गए हैं।

६. विशिष्ट विषयों के कोष—इस प्रसंग में उल्लेखनीय है वैज्ञानिक शब्दावली का कार्य जो नागरी प्रचारिणी सभा काशी से हुआ। १६०१ में तथा उसके बाद उसने क्रमशः अनेक विषयों के लिए 'हिंदी वैज्ञानिक कोष' प्रकाशित किए, जिनके संपादक डा० श्यामसुन्दर दास, पं० सुधाकर द्विवेदी तथा पं० महाबीरप्रसाद द्विवेदी आदि विद्वान् रहे।

७. विभाषा-ज्ञान—अन्य भाषाओं के अध्ययन से संबंध रखने वाली पुस्तकों में से उल्लेखनीय हैं प्रभाकर शास्त्री का 'बाल संस्कृत प्रभाकर' (१८६५) जो व्याकरण-ग्रन्थ है, रामकर्ण का 'मारवाड़ी व्या-

करण' (१८६६), हूपर रेवरेंड का 'यवन भाषा व्याकरण' (१८७४) तथा 'यवन भाषा का कोष' (१८७८) जो यूनानी भाषा के हैं, एस्० डबलू० फैलन का 'न्यू इंगलिश-हिंदुस्तानी डिक्शनरी' (१८८३-) तथा प्यारेलाल का 'जापानी बोलचाल' (१९०६) ।

भाषा-दर्शन का क्षेत्र इस युग के लिए नवीन था, और कुछ अच्छे ग्रन्थ अवश्य निकले, पर इस समय इस क्षेत्र में जितना अच्छा कार्य अंग्रेज़ी भाषा के माध्यम से हुआ उतना हिंदी में नहीं हुआ । हिंदी में भी कुछ और अच्छा कार्य हो सकता था ।

ललित कला

प्रस्तुत विषय का साहित्य प्रमुख रूप से संगीत संबंधी है, शेष कलाओं के संबंध में साहित्य का सर्वथा-अभाव-सा है ।

१. **संगीत**—संगीत के उल्लेखनीय ग्रन्थ हैं डा० सौरीन्द्र मोहन ठाकुर का 'गीतावली' (१८७८), जो भारतीय संगीत विषयक एक अच्छी रचना है, गोपालदास संगीत शास्त्री का 'संगीत सप्तार्णवतरङ्ग' (१८८२), हरिश्चन्द्र का 'संगीतसार' (१८८३), रामेश्वर हरिजी ज्ञानी का 'गायन-सागर' (१८८५), जो ब्रजभाषा में है, भक्तराम का 'रागरत्नाकर' (१८८५) आदित्यराम वैकुण्ठराम का 'संगीतादित्य' (१८६०–), तथा राजा फतेहसिंह वर्मा का 'राग-प्रकाशिका' (१८६६) । स्वतंत्र रूप से रागों का केवल एक विवेचन मिलता है : तुलाहीराम का 'राग मालश्री' (१९०५) ।

वाद्य-संगीत मात्र से संबंध रखनेवाले भी कुछ ग्रन्थ है : लोकनाथ चौबे का 'वंशी रागमाला' (१८८६), मणिराम उस्ताद का 'सितार-चन्द्रिका' (१८९३), शिवनारायण तुलसीदास का 'संगीत-पञ्चरत्न' (१८६५) जिसमें पाँच वाद्यों के शिक्षण का प्रयास किया गया है, तथा विष्णुदिगंबर पालुस्कर का 'मृदंग और तबलावादन पद्धति' (१९०३) ।

२. **अन्य कलाएँ**—अन्य कलाओं में से केवल दो पर एक-एक उल्लेखनीय रचना मिलती है : वक्तृत्वकला पर तथा चित्रकला पर :

काशीनाथ खत्री की 'उत्तम वक्तृता देना सीखने की विधि' (१८८७) तथा बलदेव शर्मा का 'बलदेवचित्ररत्नाकर' (१८६८–) । अंतिम में केवल चित्रों का संग्रह है ।

कहने की आवश्यकता नहीं कि यह साहित्य कितना पिछड़ा रह गया। जान पड़ता है कि ललित कला हिन्दी प्रान्त में मध्ययुग की एक भग्नावशेष मात्र बनी रही ।

उपयोगी कला

इस काल के पूर्वार्द्ध में उपयोगी कला संबन्धी साहित्य का सर्वथा अभाव रहा। उत्तरार्द्ध में पुस्तकें अवश्य मिलती हैं, किन्तु उनमें भी महत्वपूर्ण रचनाएँ अधिक नहीं हैं और कुछ ही कलाओं से संबंध भी रखती हैं। समस्त साहित्य को निम्नलिखित वर्गों में रक्खा जा सकता है: १. कृषि आदि, २. वस्त्र-शिल्प, ३. सिलाई आदि, ४. युद्ध-कला, . गृह-शिल्प, ६. स्काउट-कला, ७. पशु-शिक्षण, ८. सामान्य विर्वेचन ।

१. कृषि, बाग़बानी तथा मधुमक्खी-पालन—उल्लेखनीय रचनाओं में से उमानाथ मिश्र की 'खेतीबारी' (१८८६-), तथा यमुनाशंकर नागर की 'कृषिविद्या' (१६००) कृषि-संबंधिनी है; प्यारेलाल का 'विटप-विलास' (१८६७) बाग़वानी पर है महावीरप्रसाद की 'मधुमक्षिका' (१६०३) मधुमक्खी-पालन पर है ।

२. वस्त्र शिल्प—कताई बुनाई की उल्लेखनीय पुस्तकें हैं पूर्णिमा देवी की 'ऊन की बुनाई की प्रथम शिक्षा' (१६०६) तथा ठाकुरप्रसाद खत्री का 'देशी करघा' (१६०८) ।

३. सिलाई तथा कुछ अन्य शिल्प—सिलाई की एक ही पुस्तक है: ठाकुर प्रसाद खत्री की 'सुघर दर्जिन' (१६०८) । अन्य व्यवसाय प्रधान कलाओं में से कुछ पर पुस्तकें और हैं: रामप्रताप शर्मा का 'मसि-दर्पण' (१८६०) तथा वेणीमाधव त्रिपाठी का 'मसिसागर' (१८६७) स्याही बनाने पर हैं, और रामजीवन नागर की 'देशी बटन' (१६०४) बटनें बनाने पर है। जौहरियों और सुनारों के व्यवसाय से संबंध रखने-

वाली उल्लेखनीय रचनाएँ हैं गणेश सीताराम शास्त्री की 'रत्नपरीक्षा' (१८८८), गुरुदास की 'रत्नपरीक्षा' (१८९६), ओंकारलाल शिव-लाल शर्मा की 'नमूना-ए-ज़ेवरात' (१८९७) तथा ठाकुरप्रसाद खत्री की 'सुनारी' (१९०७)। फोटोग्राफी बिल्कुल नई कला थी, इस पर केवल एक पुस्तक मिलती है : मोहनलाल शर्मा कृत लिखित 'प्रतिबिम्ब चित्र चिंतामणि (१८८९)।

४. **युद्ध-कला**—युद्ध-कला से संबंध रखने वाली केवल दो कृतियाँ उल्लेखनीय हैं : प्यारेलाल की 'वाण-विद्या' (१९०१) जो वाण द्वारा लक्ष्यवेध पर है, तथा गङ्गाप्रसाद की 'नलिका आविष्कार' (१८९६) जो आधुनिक युद्ध-प्रणाली से संबंध रखती है।

५. **गृह-शिल्प**—गृह-शिल्पों में से केवल पाक-कला पर एक पुस्तक उल्लेखनीय है : कार्तिकप्रसाद खत्री की 'पाकराज या मोहनथाल' (१९०३)।

६. **स्काउट-कला**—स्काउट-कला के भी केवल एक ही अंग-सांकेतिक वार्तालाप—पर एक पुस्तक है : शिवनाथ मिश्र कृत 'अवाक्-वार्तालाप' (१८८५)।

७. **पशु-शिक्षण**—पशुओं और हिंस्र जीवों को वश में करने की कला पर उल्लेखनीय कृतियाँ हैं 'बाजीबा प्रकाश' (१८९९), जो घोड़ों को सिखाने के विषय पर हैं, बीर विक्रमदेव का 'गज-शास्त्र' (१९०६), जो हाथियों को सिखाने के संबंध में है, और मोहनगिरि गोसाईं का 'सर्पमंत्र भंडार' (१९०७), जिसमें सर्पों को वश में करने आदि के विषय के मंत्रों का संग्रह है।

७. **सामान्य विवेचन**—अनेक शिल्पों की अवस्था के संबंध में दो पुस्तकें महत्वपूर्ण हैं : लज्जाराम शर्मा की 'भारत की कारीगरी' (१९०२), तथा गङ्गाप्रसाद गुप्त की 'देशी कारीगरी की दशा और स्वदेशी वस्तु स्वीकार' (१९०६); पिछली में स्वदेशी आन्दोलन की दृष्टि से देशी शिल्पों का एक लेखा उपस्थित किया गया है।

ऊपर जो बात हम ललित कला के संबंध में कह चुके हैं प्रायः वही

यहाँ भी कही जा सकती है : उपयोगी कलाओं की स्थिति उनसे कुछ ही अच्छी ठहरती है।

[खेल तथा] शरीर-रक्षा

खेल तथा शरीर-रक्षा संबंधी साहित्य को हम निम्नलिखित वर्गों में विभाजित कर सकते हैं : १. गोष्ठी खेल, २. बाहरी खेल, ३. आयुर्वेद-प्रणाली, ४. ऐलोपैथी, ५. होम्योपैथी, ६. यूनानी और जर्राही प्रणालियाँ, ७. स्वास्थ्य-रक्षा, और ८. पशु-चिकित्सा।

१. गोष्ठी खेल—आलोच्यकाल के प्रधान गोष्ठी खेल ताश और शतरंज थे। इन पर कई पुस्तकें लिखी गईं : अम्बिकादत्त व्यास का 'महाताश-कौतुक-पचासा' (१८७२) तथा 'ताश-कौतुक-पचीसी' (१८८०) ताश के खेलों पर, तथा मदन भट्ट का 'शतरंज विलास' (१८८३), अम्बिकादत्त व्यास का 'चतुरंग-चातुरी (१८८४), तथा जानकीप्रसाद का 'चतुरंग-विनोद' (१८८५) शतरंज के खेलों पर प्रमुख हैं।

२. बाहरी खेल—बाहरी खेलों में भारतीय खेलों के संबंध में ही पुस्तकें मिलती हैं। उनमें से उल्लेखनीय हैं दामोदर शास्त्री सप्रा की 'नियुद्ध-शिक्षा' (१८८२) तथा पत्तनलाल की 'देशी खेल' (१९०१-)।

३. आयुर्वेद प्रणाली—चिकित्सा प्रणालियों में से सबसे अधिक रचनाएँ आयुर्वेद प्रणाली पर हैं। जनार्दन भट्ट का 'वैद्यक रत्न' (१८८२) सामान्य वैद्यक की एक उल्लेखनीय पुस्तक है। श्रीकृष्ण शास्त्री का 'चिकित्साधातुसार' (१८८५) रसायनिक चिकित्सा का ग्रंथ है। प्यारेलाल का 'काया-कल्प' (१९०१) अपने नाम की विशिष्ट चिकित्सा-परिपाटी का निरूपण करता है। निदान-संबंधी रचनाओं में उल्लेखनीय है गंगाराम यती का 'निदान' (१८७७), तथा नारायणदास शर्मा 'निदान विद्या' (१९०१)। दत्तराम चौबे कृत 'नाड़ी-प्रकाश' (१८९२) तथा किशोरीलाल शर्मा की 'मृत्यु परीक्षा' (१९०२) भी इसी श्रेणी में रक्खी जा सकती हैं। निघंटु ग्रंथों में दत्तराम चौबे के 'बृहत् निघंटु

रत्नाकर' (१८८६), 'निघंटु रत्नाकर' (१८९२) तथा 'अभिनव निघंटु' (१९०१) मुख्य हैं।

४. **ऐलोपैथी**—ऐलोपैथी के ग्रंथ शरीर-शास्त्र, शल्य-चिकित्सा और परिचर्या प्रणाली पर मिलते हैं। डीमलर जी० का 'ए ट्रैक्ट आन हार्ट' (१८६७), बेलीराम का 'ह्यूमन ऐनौटॉमी (१८८७) तथा विष्णुदत्त शुक्ल का 'शारीरक भाषा' (१८९७) शरीर-शास्त्र संबंधी हैं। डा० ब्रजलाल की 'शस्त्र चिकित्सा' (१८८७) पाश्चात्य शल्य-चिकित्सा पर एक बृहद् ग्रंथ है। डा० महेन्दुलाल गर्ग की 'परिचर्या-प्रणाली' (१९००) रोगी-परिचर्या संबंधी उल्लेखनीय कृति है। सत्यभामा देवी की 'धात्री-विद्या' (१९०३) का विषय स्वतः प्रकट है।

५. **होम्योपैथी**—होम्योपैथी के प्रचार का प्रारंभ ही हुआ था। केदारनाथ चैटर्जी का 'होम्योपैथिक सार' (१८८२-) उक्त प्रणाली की एकमात्र उल्लेखीय कृति है।

६. **यूनानी और जर्राही**—केवल एक-एक पुस्तकें इन प्रणालियों पर भी मिलती हैं : रघुबरदयाल का 'तिब्बरत्न' (१८८६) तथा रङ्गीलाल का 'जर्राही प्रकाश' (१८८५)।

७. **स्वास्थ्य-रक्षा**—सामान्य स्वास्थ्य-रक्षा के विषय में एकमात्र उल्लेखनीय कृति काशीनाथ खत्री की 'सदासुखी' (१८८८) है। अङ्ग-विशेष की रक्षा के लिए लिखे गये ग्रंथों में भी एक कृति उल्लेखनीय है : डा० महेन्दुलाल गर्ग की 'दन्तरक्षा' (१८९६)।

८. **पशु-चिकित्सा**—सामान्य पशु-चिकित्सा के संबंध में उल्लेखनीय है डा० शिवचन्द्र मैत्र की 'पशु-चिकित्सा' (१८९५)। पशु विशेष की चिकित्सा-संबंधी रचनाओं में उल्लेखनीय हैं केशवसिंह की 'करि कल्पलता' (१८९८) तथा लक्ष्मयजनसिंह देव की 'महिषी चिकित्सा' (१८९९) जो क्रमशः हाथी तथा भैंस की चिकित्सा पर हैं।

इस साहित्य में भी नवचेतना के लक्षण नहीं दिखाई पड़े यह स्पष्ट होगा।

विज्ञान

इस काल का विज्ञान-साहित्य निम्न कोटियों में विभाजित किया जा सकता है : १. भौतिक, २. गणित, ३. ज्यौतिष, ४. रसायन, तथा ५. प्राणिशास्त्र ।

१. भौतिक—भौतिक तथा उसके विभिन्न अंगों पर ग्रंथ प्रायः शिक्षा-विभाग की आवश्यकताओं के कारण ही लिखे गए । उनमें से प्रमुख हैं सोहनलाल का 'दौत बिजली बल' (१८७१) जो 'वोलैटाइल इलेक्ट्रिसिटी' पर है, उन्हीं का 'रगड़ बिजली बल' (१८७१) जो 'फ्रिक्शनल इलेक्ट्रिसिटी' पर है, महेन्द्रनाथ भट्टाचार्य का 'पदार्थ-दर्शन' (१८७३) तथा लक्ष्मीशंकर मिश्र का 'पदार्थ विज्ञान विटप' (१८७५) । यह ग्रंथ युग के पूर्वार्द्ध के ही हैं, उत्तरार्द्ध में कोई उल्लेखनीय ग्रंथ नहीं मिलते ।

२. गणित—गणित तथा उसके विभिन्न अंगों पर भी ग्रंथ प्रायः शिक्षा-विभाग के लिए ही लिखे गए, पर कुछ ग्रंथ स्वतन्त्र ढंग से भी लिखे गए । आदित्यराम भट्टाचार्य का 'वीजगणित' (१८७४), शिवचरणलाल का 'क्षेत्रमिति-प्रकाश' (१८७५) जो 'युक्लिड' संबंधी है, नवीनचन्द्र राय का 'जलस्थिति और जलगति' (१८८२), जो 'हाइड्रॉस्टैटिक्स', 'हाइड्रॉलिक्स' तथा 'न्युमैटिक्स' पर है, और उनका 'स्थितितत्व और गतितत्व' (१८८२) जो 'स्टैटिक्स' और 'डाइनैमिक्स' पर है, लक्ष्मीशंकर मिश्र की 'गतिविद्या' (१८८५) जो पुनः 'डाइनैमिक्स' पर है, तथा इन्द्राजी भगवानजी का 'शिल्पशास्त्रांगंत आयतत्व' (१८६७), जिसका संबंध वास्तुशिल्प संबंधी गणित से है, गणित के प्रमुख ग्रंथ हैं। इनके अतिरिक्त सुधाकर द्विवेदी के 'चलन-कलन' (१८८६), 'चलराशि-कलन' [१८८६ ?] तथा 'समीकरण मीमांसा' [१८८६ ?] भी गणित के कतिपय अंगों पर महत्वपूर्ण रचनाएँ हैं।

३. ज्यौतिष—ज्यौतिष-संबंधी ग्रंथों में हरिप्रसन्न बैनर्जी की 'यंत्री शतवार्षिकी (१८६७), हनुमानकिशोर शर्मा की 'गुरुसारिणी' (१८८१),

शिवकुमारसिंह का 'कालबोध' (१८९५) तथा श्रीनारायण पाण्डेय का 'कालनिर्णय' (१८९७) मुख्य हैं। प्राकृतिक भूगोल पर उल्लेखनीय है लक्ष्मीशंकर मिश्र की 'प्राकृतिक भूगोल चंद्रिका' (१८७६)।

४. रसायन—रसायन पर साहित्य का प्रायः अभाव रहा। केवल रासायनिक चमत्कार संबंधी एकाध पुस्तकें मिलती हैं : जैसे भुवनचन्द्र बसु की 'दिग्विजय या आश्चर्यचंद्रिका' (१८९९) और बलदेवप्रसाद मिश्र की 'कीमिया' (१८९९)।

५. प्राणि-शास्त्र—प्राणि-शास्त्र पर उल्लेखनीय केवल दो कृतियाँ दिखाई पड़ीं : लक्ष्मीनाथ सिंह का 'जीवजंतु' (१८९५) तथा पृथ्वीनाथ सिंह की 'उद्भिज्ज विद्या' (१९०५–)।

विज्ञान इस युग के लिए नया विषय था, और निस्संदेह जैसा पिछड़ा युग यह था उस के ध्यान से इसमें काम अच्छा ही हुआ।

समाज-शास्त्र [और दर्शन]

आलोच्यकाल के पूर्वार्द्ध में इस विषय का जो साहित्य निर्मित हुआ उसमें वैज्ञानिक धारणा का प्रायः अभाव है, केवल उत्तरार्द्ध के साहित्य में—सो भी प्रायः इस युग के अंत में—वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रादुर्भाव दिखाई पड़ता है। अध्ययन के लिए प्रस्तुत साहित्य को हम निम्नलिखित शीर्षकों में रख सकते हैं : १. राजनीति, २. अर्थशास्त्र, ३. तर्कशास्त्र, तथा ४. मनोविज्ञान।

१. राजनीति—राजनीति संबंधी-रचनाएँ हैं श्री निवासदास की 'राजनीति' (१८६६), जसुराम का 'राजनीति संग्रह' (१८७२), तथा देवीदास की 'राजनीति' (१८७३)। यह सभी प्राचीन परिपाटी पर हैं। उत्तरार्द्ध में कोई रचनाएँ नहीं मिलतीं।

२. अर्थशास्त्र—इस काल के पूर्वार्द्ध में अर्थशास्त्र-विषयक साहित्य का अत्यंताभाव रहा; उत्तरार्द्ध में उल्लेखनीय हैं : मिश्रबंधु का 'व्यय' (१९०५ द्वितीय), ब्रजनन्दनसहाय का 'अर्थशास्त्र' (१९०६) तथा गणेशदत्त पाठक की 'अर्थशास्त्र प्रवेशिका' (१९०७)। यह रचनाएँ युग

के अंत की हैं, और नवीन अर्थ-शास्त्र की प्रारंभिक कृतियाँ मानी जा सकती हैं।

३. तर्कशास्त्र—तर्कशास्त्र पर केवल दो कृतियाँ हैं: सुखदयाल शर्मा की 'न्याय-बोधिनी' (१८८२) तथा परमानंद का 'तर्कशास्त्र' (१९०६); इनमें से पहली पुरानी परिपाटी पर है और दूसरी नवीन परिपाटी पर।

४. मनोविज्ञान—मनोविज्ञान पर केवल एक पुस्तक उल्खलेनीय है: गणपति जानकीराम दुबे की 'मनोविज्ञान' (१९०४), जो अपने विषय की पहली पुस्तकों में से है।

स्पष्ट है कि प्रस्तुत विषय पर इस काल में साहित्य-निर्माण बहुत पिछड़ा रहा।

शिक्षा

शिक्षा-संबंधी पुस्तकों का अत्यन्ताभाव रहा; केवल एक पुस्तक ऐसी मिलती है जिसका उल्लेख किया जा सके: वह है मुहम्मदहुसैन कृत 'पाठशालाओं का प्रबंध' (१८८३)।

धर्म

धर्म-साहित्य आलोच्यकाल में प्रचुर मात्रा में मिलता है। इस समय हिंदी-प्रान्त में तीन धर्मों का प्रचार था: हिंदू, इस्लाम, और ईसाई। इनमें से इस्लाम ने हिंदी-संस्कृति के साथ मध्ययुग में किसी समय एक समन्वय का यत्न किया भी था—जिसके परिणाम-स्वरूप हिंदी की वे प्रेम-गाथाएँ लिखी गईं जिन्हें सूफ़ी-साहित्य के अन्तर्गत माना जाता है—पर ईसाई धर्म हिंदी-संस्कृति के साथ कभी सामंजस्य स्थापित नहीं कर सका—कारण चाहे जो कुछ भी हो—और इसीलिए वह हमको एक भी ऐसी रचना नहीं दे सका जिसकी गणना 'साहित्य' में हो सके। इस्लाम भी अधिक दिनों तक हमारे साहित्य-निर्माण में योग न दे सका। शासक जाति कब तक शासितों की भाषा और संस्कृति से अपना संबंध स्थिर रख सकती थी? फलतः उसने 'उर्दू' का विकास किया। और अंग्रेज़ जाति को भी अगर भारत में बसने की नौबत आती तो

कदाचित् एक तीसरी साहित्यिक और सांस्कृतिक भाषा और उसके साहित्य का सृजन होना अवश्यंभावी था। अस्तु, आलोच्यकाल में हिंदी में इस्लाम या ईसाई धर्म का साहित्य बिलकुल नहीं मिलता। जो कुछ भी साहित्य मिलता है वह हिंदू धर्म या उसके ही कुछ रूपांतरों का है। इस साहित्य का निरीक्षण हम निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत कर सकते हैं: १. जाति-व्यवस्था, २. संप्रदाय-व्यवस्था, ३. वेदान्त, ४. भक्ति, ५. योग, ६. निर्विशिष्ट धर्म, ७. नीति-धर्म।

१. जाति-व्यवस्था—जाति-व्यवस्था विषयक इस काल की रचनाओं में उल्लेखनीय हैं शिवप्रसाद सितारेहिंद की 'जाति की फ़िहरिस्त' (१८७१), ज्वालाप्रसाद मिश्र का 'जाति-निर्णय' (१९००), अवधबिहारीलाल मुंशी का 'वर्ण-निर्णय' (१९०४) तथा शिवशंकर शर्मा का 'जाति-निर्णय' (१९०७)। अंतिम कृति आर्यसमाज का दृष्टिकोण उपस्थित करती है। कुछ जातियों के रीति-रस्मों के संबन्ध में भी पुस्तकें मिलती हैं: ठाकुरप्रसाद खत्री की 'दस्तूर-अमल शादी' माला (१८७१) अहीर, कसेरा, कोइरी, बनिया, तथा हलुवाई जातियों के विषय में है। जातियों की उत्पत्ति के विषय में दो पुस्तकें मिलती हैं: हरिश्चन्द्र कृत 'अगरवालों की उत्पत्ति' (१८७१) तथा 'खत्रियों की उत्पत्ति' (१८८३)।

२. संप्रदाय—विभिन्न संप्रदायों तथा हिन्दू-धर्म के रूपान्तरों के संबन्ध में प्रचुर साहित्य मिलता है। जैनधर्म के सम्बन्ध में हरिश्चन्द्र का 'जैन कुतूहल' (१८७३) तथा आत्मारामजी महामुनि का 'जैनतत्वादर्श ग्रंथ' (१८८४)—जिनमें से पिछला एक बड़ा और महत्वपूर्ण ग्रन्थ है—उल्लेखनीय हैं। कबीर-पन्थ के सम्बन्ध में इसी प्रकार बालजी बेचर का 'सोर्सेज़ ऑव् कबीर रेलिजन' (१८८१) तथा मकन जी कबीर-पंथी का 'कबीरोपासना पद्धति' (१९०४) प्रमुख हैं। इनमें से पहले में कबीर-पंथ को ईसाई धर्म का एक रूपान्तर सिद्ध करने का यत्न किया गया है, और दूसरा अपने संप्रदाय का एक ग्रंथ है। वल्लभ-संप्रदाय संबंधी ग्रंथ दो वर्गों में रक्खे जा सकते हैं: एक वे जो संप्रदाय के

सिद्धान्तों का प्रतिपादन करते हैं, और दूसरे वे जो संप्रदाय की व्यवस्था में दोष-दर्शन करते हैं। पहले प्रकार की रचनाएँ हैं ब्रजदास की 'श्री गोस्वामी महाराज नी वंशावली, (१८६८), गोपालदास का 'वल्लभाख्यान' (१८७३), ब्रजजीवनदास का 'वल्लभ-विलास' (१८८९), हरिश्चन्द्र का 'उत्सवावली' [१८९०?], शंकरदयालु मिश्र का 'वल्लभाचार्य सम्प्रदायष्टकम्' (१९०३), रघुनाथ जी शिवाजी का 'वल्लभपुष्टिप्रकाश' (१९०६) तथा एक अज्ञात लेखक का 'पुष्टिमार्गीय गुरु-परंपरा-विचार' (१८९१)। दूसरे प्रकार की रचनाएँ हैं ब्लैकेट का 'वल्लभकुल चरित्र-दर्पण' (१८८१) तथा भक्तानन्द का 'वल्लभकुल छल-कपट-दर्पण' (१९०७)। नानक मत पर विष्णुदास कृत 'द्वादश-ग्रन्थी' (१८९४), गणेश सिंह कृत 'गुरु नानक सूर्योदय' (१९००) तथा कृष्णानंद उदासी कृत 'नानक सत्यप्रकाश' (१९०२) प्रमुख हैं। आर्यसमाज की स्थापना इसी काल में हुई, और इस काल की रचनाओं में से आर्यसमाज के साम्प्रदायिक ग्रंथ स्वामी दयानन्द के 'सत्यार्थप्रकाश' (१८७५) के बराबर किसी ने भी प्रचार नहीं पाया। समर्थदान का 'आर्यसमाज परिचय' (१८८७) तथा शिवनाथ का 'वैदिक जीवन' (१९०५) आर्यसमाज की इस काल की अन्य उल्लेखनीय कृतियाँ हैं। ब्रह्म-समाज की स्थापना भी प्रायः इसी काल में हुई। हिंदी में उसके उल्लेखीय ग्रंथ हैं नवीनचंद्र राय कृत 'आचारादर्श' (१८७२), 'धर्मदीपिका' (१८७३) 'ब्राह्मधर्म के प्रश्नोत्तर' (१८७३) तथा 'तत्वबोध' (१८७५), हरनामचंद्र कृत 'हिंदूधर्म विवर्धन' (१८७४); प्रतापसिंह भोसले कृत 'सत्यसागर' (१८८६) तथा 'ब्रह्मस्मृति' (१८८३) जिनमें से अंतिम दो महत्वपूर्ण हैं। राधास्वामी मत के संस्थापक—जिसकी स्थापना १८६१ में हुई थी—राधास्वामी साहब के 'सार वचन' (१८८४) के हिंदी पद्य और गद्यरूप इसी काल के हैं। शेष संप्रदायों की कोई उल्लेखनीय रचना नहीं मिलती है।

३. **वेदान्त**—इस काल में वेदान्त की एक प्रबल धारा साहित्य-क्षेत्र में बहती हुई दिखाई पड़ती है। कुछ सांप्रदायिक सिद्धान्तों के रूप में ही नहीं बल्कि वह एक और विस्तृत रूप में प्रकट हुई। श्रद्धाराम शर्मा की

'आत्म-चिकित्सा' (१८७१), कृष्णचंद्र धर्माधिकारी का 'ज्ञान-प्रदीप' (१८७४), तथा 'सम्यक्त निर्णय' (१८७४), कृष्णदास का 'ज्ञान-प्रकाश' (१८७४), भगवतसरन का 'आत्मज्ञान-मंजरी' (१८७५), साधूराम का 'वाक्-सुधाकर' (१८७५), हरिदास बाबा का 'परमार्थ-चिंतनविधि' (१८७६), पीतांबर पंडित के 'विचार-चन्द्रोदय' (१८७८), तथा 'बाल-बोध' (१८८२), श्यामदास साधु का 'ग्रंथत्रयम्' (१८८४), चिद्घनानंद गिरि का 'तत्वानुसंधान' (१८८६), नन्दलाल शर्मा का 'उद्यान-मालिनी' (१८९०), बसंत जायसी की 'समुद्र-लहरी' (१८९४), खुशालदास की 'विचार-रत्नावली' (१८९३), विशुद्धानंद का 'पक्षपात-रहित अनुभव प्रकाश' (१८९५), तथा भजनदेव स्वामी का 'क्षेत्र-ज्ञान' (१८९८) इस धारा की वे प्रमुख रचनाएँ हैं जिनमें वेदान्त के सिद्धान्तों का विवेचन हुआ है। वेदान्त-धारा के भावना-ग्रंथ भी हैं—अर्थात् वे ग्रंथ जिनमें सिद्धान्त-विवेचन नहीं प्रत्युत उन सिद्धान्तों की भावना में परिणति दिखाई पड़ती है : तोताराम का 'शांतिशतक' (१८७७), लक्ष्मीनाथ सिंह परमहंस की 'पदावली' (१८७९), ज्ञानानंद की 'गीत-ध्वनि' (१८७९), यमुनाशंकर नागर की 'विज्ञान-लहरी' (१८८३), हरिहरप्रसाद का 'वैराग्य-प्रदीप' (१८८६) निर्मलदास की 'निर्मल कृति' (१८८८), नृसिंहाचार्य का 'नृसिंहवाणी-विलास' (१८८९), ब्रह्मानंद स्वामी के 'प्रबोध-शतक' (१८८८), तथा 'भजनमाला' (१९०६), हेमराज स्वामी का 'शांति-सरोवर' (१८९२ रिप्रिन्ट), सेवानंद ब्रह्मचारी का 'ब्रह्मसंगीत' (१८९५) तथा साहबदास का 'वैराग्यरत्नाकर' (१९०३) इसी दूसरे प्रकार की रचनाएँ हैं। यह सभी पद्य में हैं—केवल इनमें वह कलात्मक विशेषता नहीं पाई जाती जिससे इनको ललित साहित्य में स्थान दिया जा सकता।

४. **भक्ति**—इस काल के भक्ति-संबन्धी कुछ उल्लेखनीय सिद्धान्त-ग्रंथ हैं : रमाकांतशरण का 'प्रेमसुधा-रत्नाकर' (१८९३), तेजनाथ झा का 'भक्ति-प्रकाश' (१९०५), गोपालदास का 'भक्ति-प्रकाश' (१९०५), ओंकारदास शर्मा की 'उपासनातत्व-दीपिका'

(१६०५) तथा बोधिदास का 'भक्तिविवेक' (१६०६)। भक्ति-संबन्धी भावना-ग्रंथ भावप्रचुरता के कारण ऊपर ललित-साहित्य की कतिपय कोटियों में आ गये हैं, इससे उनका उल्लेख यहाँ नहीं किया गया है।

५. **योग**—योग-संबंधी केवल दो ग्रंथ उल्लेखनीय हैं: लक्ष्मणानंद योगी 'लिखित 'ध्यानयोग-प्रकाश' (१६०१) तथा हंसस्वरूप स्वामी लिखित 'षट्चक्र-निरूपण' (१६०३)। ये दोनों सिद्धान्त-ग्रंथ हैं; भावना ग्रंथ कोई भी नहीं हैं।

६. **निर्विशिष्ट हिन्दू धर्म**—समाज में हिन्दू-धर्म का एक ऐसा रूप भी प्रचलित रहा है जिसमें जाति-व्यवस्था, सांप्रदायिकता, वेदान्त, भक्ति, और योग में से किसी पर कोई विशेष बल नहीं दिया जाता रहा है; इसको हम निर्विशिष्ट हिन्दू धर्म कह सकते हैं। चम्पाराम की 'धर्म लावनी' (१८७४), श्यामलाल सिंह कुंवर की 'ईश्वरोपासना' (१८८०) रामावतारदास का 'संत-विलास' (१८८१), अम्बिकादत्त व्यास की 'धर्म की धूम' (१८८५), जगमोहन सिंह ठाकुर की 'देवबानी' (१८८६), श्रीरामशरण का 'भजनामृत' (१८६०), नरसिंह केसरीसिंह की 'भजनावली' (१८६०), अम्बिकादत्त व्यास की 'स्वर्ग-सभा' (१८६१), प्रतापनारायण मिश्र का 'पञ्चामृत' (१८६२), अम्बिकाप्रसाद वर्मा का 'अम्बिका-भजनावली' (१८६८), जगन्नाथदास 'रत्नाकर' का 'धर्म-संताप' [१६०० ?] तथा दुर्गाप्रसाद मिश्र का 'भारत धर्म' (१६००) प्रायः इसी धारा के ग्रंथ हैं, और यह सभी भावना-ग्रंथ हैं।

७. **नीति-धर्म**—नीति-उपदेश-साहित्य भी जिसे हम समाजधर्म-साहित्य कह सकते हैं—इस युग में प्रचुर परिमाण में मिलता है। रूपनारायण शर्मा का 'स्त्री-चर्या' (१८६८), पालराम शर्मा का 'शील-रत्नाकर' (१८७२), रामस्वरूप तिवारी का 'नीतिसुधा-तरंगिणी' (१८७२), हरिदयाल की 'सार-उक्तावली' (१८८३ रिप्रिन्ट), वल्लभराम सूजाराम व्यास की 'वल्लभ-नीति' (१८८३), प्रतापनारायण मिश्र का 'मानस-विनोद' (१८८६), काशीनाथ खत्री का 'ताबीज' (१८८८),

बालाबख्श चारण का 'उपदेश-पंचाशिका' (१८९०), अयोध्यासिंह उपाध्याय का 'उपदेश-कुसुम' (१९०१), देवरतन शर्मा का 'शिष्टाचार' (१९०२), सीताराम लाला की 'नीति-वाटिका' (१९०४), जवाहिर लाल शर्मा का 'उपखान पचासा' (१९०४) तथा गोविन्दशरण त्रिपाठी का 'कर्त्तव्य-पालन' (१९०८) इस परंपरा की प्रमुख रचनाएँ हैं।

यह समस्त धर्म-साहित्य प्रायः पूर्णरूप से मध्ययुग की परंपरा में है यदि यह कहा जावे तो कदाचित् अनुचित न होगा। थोड़े से समाजों के ग्रंथों को छोड़ कर नवचेतना के लक्षण इस साहित्य में भी नहीं दिखाई देते। धर्म निस्संदेह जीवन की एक आवश्यकता है, किंतु क्या इन अतिरंजित रूपों में ही? कुछ और गंभीरता के साथ 'धर्म' की समस्या पर मनन किया जा सकता था, वह इस युग में बिलकुल नहीं हुआ। या तो पुरानी लकीरें पीटी जाती रहीं, अन्यथा कुछ खंडन-मंडन होता रहा। यही इस युग के धर्म-साहित्य की विशेषता है।

समालोचना*

प्रस्तुत विषय के साहित्य को हम दो वर्गों में रख सकते हैं: १. प्राचीन लेखकों का अध्ययन, तथा २. आधुनिक लेखकों का अध्ययन।

१. प्राचीन लेखक—हिंदी के प्राचीन कवियों और लेखकों के विषय में यद्यपि कोई पूर्ण और सुव्यवस्थित अध्ययन इस काल में प्रकाशित नहीं हुआ; पर उनके जीवन और कृतियों के स्फुट पक्षों पर विचार और तथ्यपूर्ण सामग्री प्रकाश में आने लगी, और उनके इतिवृत्त भी लिखे जाने लगे। कालक्रम से इस प्रकार के प्रमुख लेखक और उनके विषय की सामग्री निम्नलिखित है:

चंद—'पृथ्वीराज रासो' की प्रामाणिकता पर श्यामलदास कविराजा

*इस शीर्षक के नीचे साहित्यकारों के वैयक्तिक अध्ययन से संबंध रखने वाली उन समस्त पुस्तकों का समावेश किया गया है जो केवल किसी एक साहित्यकार से संबंध रखती हैं—एक से अधिक साहित्यकारों से संबंध रखने वाली इस प्रकार की सामग्री का समावेश आनेवाले वर्ग में किया गया है।

की 'पृथ्वीराज रहस्य की नवीनता' (१८८६) तथा उसके उत्तर में मोहनलाल विष्णुलाल पांड्या की 'चंद बरदाई कृत पृथ्वीराज रासो की प्रथम संरक्षा' (१८८७); और हरिचरण सिंह लिखित 'अनङ्गपाल पृथ्वीराज समय' (१९०२)।

कबीर—लोचनदास ज्योतिषी की 'कबीर साहब का जीवन-चरित्र' (१९०३) तथा शंभुदास महंत की 'कबीर-सिद्धान्त-बोधिनी' (१९०४)।

मीरा—कार्त्तिकप्रसाद खत्री लिखित 'मीराबाई का जीवन-चरित्र' (१८९३) तथा देवीप्रसाद मुंसिफ़ लिखित 'मीराबाई का जीवन-चरित्र' (१८१८)।

सूर—देवीप्रसाद मुंसिफ का 'सूरदास जी का जीवन-चरित्र' (१९०६)।

तुलसीदास—तुलसीदास संबंधी रचनाएँ सबसे अधिक विस्तृत क्षेत्र पर हैं। उनके जीवन-वृत्त से संबंध रखनेवाले ग्रंथ हैं: विश्वेश्वरदत्त शर्मा का 'तुलसीदास-चरित-प्रकाश' (१८७७), कमलकुमारी देवी लिखित 'गोस्वामी तुलसीदास जी का जीवन-चरित्र' (१८९५) तथा [रामस्वरूप लिखित ?] 'गोस्वामी तुलसीदास का जीवन चरित्र'। उनकी कृतियों के प्रमुख संग्रह हैं [नवलकिशोर सं० ?] 'पञ्चरत्न' (१८८६), जिसमें 'जानकी-मंगल' 'पार्वती-मङ्गल,' 'वैराग्य-संजीविनी', 'नहछू' तथा 'बरवा' संगृहीत हैं; [खेमराज श्रीकृष्णदास सं० ?] षोडस रामायण संग्रह' [नूत बिहारी दे सं० ?] 'षोड्स रामायण' (१९०३), जिनमें १६ ऐसी रचनाएँ संग्रहीत हैं, जो तुलसीदास की मानी जाती हैं तथा [नूत बिहारी दे सं० ?] 'तुलसीदास जी की ग्रंथावली' (१९०४)। कुछ ग्रन्थ केवल 'मानस' संबंधी हैं: मन्नालाल शर्मा लिखित 'मानस-शंकावली' (१८८४), जानकीदास लिखित 'तुलसीकृत रामायण की मानस-प्रचारिका' (१८८५), देवी प्रसाद रामायणी की 'कवित्त रत्नावली मानस-प्रकाश' (१८८६), तथा सुधाकर द्विवेदी सं० 'मानस-पत्रिका' (१९०४), जो प्रायः सामान्य अर्थ-संबंधी हैं, बहादुरदास का 'निर्द्वन्द रामायण' (१८८५), यमुनाशंकर नागर का

'रामायण अध्यात्म-विचार' (१८८७), सहजानंद स्वामी का 'आत्म-रामायण' (१९०४) तथा गुरुसहाय सिंह का 'मानस-अभिराम' (१९०६), जो रामकथा के एक वेदान्त-परक अर्थ का प्रतिपादन करते हैं। इनमें यमुनाशंकर नागर का ग्रन्थ बहुत ही विस्तृत है, और 'मानस' के अवतरणों का उल्लेख करते हुए अपने अर्थ के प्रतिपादन का प्रयास करता है। 'मानस' के कुछ शब्द-कोष भी लिखे गए : जयगोपाल बोस का 'तुलसी शब्दार्थ-प्रकाश' (१८६९), तथा अमरसिंह का 'मानस-कोष' (१८९०) इसी प्रकार के प्रयास हैं। 'मानस' के अतिरिक्त कवि के केवल एक ग्रन्थ पर विशेष कार्य हुआ—वह है 'सतसई'; सुधाकर द्विवेदी का 'सतसई-सुधाकर' (१८९९) 'सतसई' के दोहों का एक पद्यात्मक विस्तार उपस्थित करता है।

रहीम—रामलाल दीक्षित सं० 'रहिमन-शतक' (१८९८) तथा उमराव सिंह सं० 'रहीम-रत्नाकर' (१९०२)।

ध्रुवदास—रामकृष्ण वर्मा सं० 'ध्रुव-सर्वस्व' (१९०४)।

बिहारी—रसिकेश कृत 'रस-कौमुदी' (१८८५), तथा राधाकृष्ण दास लिखित 'कविवर बिहारीलाल' (१८९५)।

भूषण—[नूत बिहारी दे सं० ?] 'भूषण-ग्रंथावली' (१९००)।

नागरीदास—राधाकृष्णदास लिखित 'नागरीदास जी का जीवन-चरित्र' (१८९४)।

दत्त कवि—चण्डीप्रसाद सिंह लिखित 'दत्त कवि' (१८९६)।

२. आधुनिक लेखक—आधुनिक लेखकों के संबंध में और भी कम लिखा गया। काल क्रम से उल्लिखित केवल निम्नलिखित लेखकों के संबंध का साहित्य प्रकाश में आया :

हरिश्चन्द्र—रामदीन सिंह सं० 'हरिश्चन्द्र-कला' (१८८७-१९०५) जिसमें उनकी कृतियों का संग्रह हुआ है, तथा राधाकृष्णदास का 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जीवन-चरित्र' (१९०४), शिवनंदनसहाय का 'सचित्र हरिश्चन्द्र' (१९०५)।

लछिराम कवि—नकछेदी तिवारी का 'कविराज लछिराम कवि' (१६०४)।

अंबिकादत्त व्यास—'निज वृत्तान्त' (१६०१) स्वतः कवि लिखित।

तोताराम—मुन्नीलाल लिखित 'बाबू तोताराम का जीवन-चरित्र' (१६०६)।

बलदेवप्रसाद मिश्र—ब्रजनंदनसहाय लिखित 'पं० बलदेवप्रसाद मिश्र की जीवनी' (१६०७)।

कार्त्तिकप्रसाद खत्री—बालमुकुन्द वर्मा लिखित 'बाबू कार्तिकप्रसाद खत्री का जीवन-चरित्र' (१६०४)।

राधाकृष्णदास—ब्रजनंदनसहाय लिखित 'बाबू राधाकृष्णदास की जीवनी' (१६०७), तथा गङ्गाप्रसाद गुप्त लिखित 'राधाकृष्णदास (१६०७)।

दूधदास स्वामी—स्वसंपादित काव्य-संग्रह 'लाल दे बिहारी का दीवान' (१८८६)। लाल दे बिहारी कृष्ण की एक मूर्ति का नाम है जिसके यह उपासक थे, इसीलिए उन्होंने अपनी कृति-संग्रह का यह नाम रक्खा।

जयप्रकाश लाल—जगन्नाथदास 'रत्नाकर' सं० 'जयप्रकाश-सर्वस्व' (१८६५)।

गणेशप्रसाद शर्मा—स्वसंपादित 'गणाधिप-सर्वस्व' (१६०१)।

हरिरामजी—स्वसंपादित 'हरि-सागर' (१६०८)।

वैयक्तिक अध्ययन का यह क्षेत्र नवीन था, इस ध्यान से उपर्युक्त कार्य भी निस्संदेह महत्वपूर्ण है।

साहित्य का इतिहास

इस शीर्षक के अध्ययन को हम निम्नलिखित वर्गों में विभाजित कर सकते हैं: १. वृत्त-संग्रह, २. काव्य-संग्रह, ३. नाटक-संग्रह, ४. निबंध-संग्रह, ५. इतिहास।

१. वृत्त-संग्रह—साहित्य के शुद्ध इतिहास तो इस काल में नहीं

लिखे गए, पर लेखकों और कवियों के इतिवृत्त ग्रंथ—उनकी रचनाओं से उदाहरण भी कभी-कभी देते हुए—अनेक लिखे गए। इनमें से अग्रगण्य है शिवसिंह सेंगर का 'शिवसिंह-सरोज' (१८७८) जिसमें लेखक ने बड़ी खोज के साथ हिंदी के प्राचीन कवियों के इतिवृत्त और उनकी रचनाओं के उदाहरण दिए हैं। राधाचरण गोस्वामी का 'नव-भक्तमाल' (१८८६), जीवाराम का 'रसिक-प्रकाश भक्तमाल' (१८८७) तथा हरिश्चंद्र का 'उत्तरार्द्ध भक्तमाल' कुछ भक्त कवियों के भी वृत्त उपस्थित करते हैं। शिवनाथ योगी के 'मत्स्येन्द्रनाथ और गोरखनाथ की उत्पत्ति' (१८९०) का विषय प्रकट ही है। भागवत-प्रसाद राव के 'मदन-सरोज' (१८९०) में इक्कीस कवियों के जीवन-वृत्त दिए गए हैं। छेदीदास का 'संत-महिमा-सनेह-सागर' (१८९२), सियादास की 'अवध संतमाला' (१८९२) तथा खण्डेराव कवि की 'भक्त-बिरुदावली' (१९०६) भी उपर्युक्त भक्तमालों की परंपरा में है। देवीप्रसाद मुंसिफ़ के 'महिला-मृदुवाणी' (१९०५ रिप्रिंट) और 'राजरसनामृत' (१९०६) क्रमशः राजस्थान की कवियित्रियों और भूप कवियों की जीवनी और रचनाओं से परिचय कराते हैं। इसी संबंध में कहानजी धरमसिंह सं० 'साहित्य-संग्रह' (१८९७-) का भी उल्लेख किया जा सकता है, जिसमें अनेक हिंदी-कवियों की रचनाएँ आवश्यक टिप्पणियों के साथ संगृहीत हैं।

२. काव्य-संग्रह—काव्य-संग्रहों से कुछ ऐसे हैं जो विषयों के अनुसार हैं। निम्नलिखित इसी प्रकार के हैं :

राम-काव्य-संग्रह—उल्लेखनीय इनमें से केवल तीन हैं : वल्लभ सं० 'रसिक-रञ्जन रामायण' (१८८८), रामकृष्ण वर्मा सं० 'रघुनाथ-शतक' (१८९७) तथा लक्ष्मीचंद सं० 'रामायण आनंद-प्रकाश' (१८९८)।

कृष्ण-काव्य-संग्रह—और इनमें प्रधानता है पुष्टि मार्गीय कवियों के काव्य-संग्रह की। नाथूभाई तिलकचंद सं० 'पुष्टिमार्गीय वैष्णव मार्गवतन अष्टसखानिकृतीन पद' (१८९८), रेवाशंकर वेलजी सं० 'रासलीला' (१८८६-), ठाकुरदास सूरदास सं० 'पुष्टिमार्गीय संग्रह

(१८८८ रिप्रिन्ट) जो इन समस्त पद-संग्रहों में सबसे बृहत्काय है, त्रिभुवनदास रणछोड़ सं० 'नित्यनियम तथा वर्षोत्सव-कीर्तन' (१८८६), ज्येष्ठाराम मुकुंद जी सं० 'जमुना जी के पद तथा धौल' (१६०६) प्रायः पुष्टिमार्गीय कवियों के ही काव्य-संग्रह हैं। शेष में उल्लेखनीय हैं महावीरप्रसाद मुंशी सं० 'श्रीकृष्ण-गीतावली' (१८८७), रङ्गीलाल शर्मा सं० 'वृहद् रागरत्नाकर' (१८६२) तथा 'व्रज-विहार' (१८६२)।

कबीर-पंथी संग्रह—केवल दो संग्रह उल्लेखनीय हैं : बसनजी चतुर्भुज सं० 'गुरुस्तुति संग्रह' (१८७१), और मकन जी कबीरपंथी सं० 'कबीर-स्तुति' (१६००)।

स्वामीनारायण संप्रदाय का—जिसका प्रचार गुजरात में है—केवल एक संग्रह है : जगजीवन वीरजी सं० 'कीर्तन-संग्रह' (१८६१ रिप्रिंट)।

जैनधर्मावलंबी संग्रह—प्रमुख केवल तीन संग्रह हैं : सिताबचंद्र नाहर सं० 'जैन-स्तवनावली' (१८७४), यशोविजय, विनय-विजय और ज्ञानसार जी के 'वैराग्योपदेशक विविध पद-संग्रह' (१८८२) तथा चंद्रसेन बाबू सं० 'जैन-ग्रंथ-संग्रह' (१६०३)।

शृङ्गारात्मक काव्य-संग्रह—सबसे अधिक यही हैं। लछिमनदास लाला सं० 'प्रेमरत्नाकर' (१८७६), हरिश्चंद्र सं० 'प्रेम-तरङ्ग' (१८७६), तथा सुंदरी-तिलक' (१८८०), मन्नालाल शर्मा सं० 'शृङ्गार-सरोज' (१८८०), बनारसीप्रसाद सं० 'सुंदरी-तिलक' (१८८१), हफीजुल्ला खाँ सं० 'नवीन-संग्रह' (१८८२), बच्चूराम सं० 'अनुराग शिरोमणि' (१८८३), नकछेदी तिवारी सं० 'मनोज-मञ्जरी' (१८८५ द्वितीय), मन्नालाल शर्मा सं० 'सुंदरी सर्वस्व' (१८८६), तथा 'शृङ्गार-सुधाकर' (१८८७), विद्याधर त्रिपाठी सं० 'नवोढ़ादर्श' (१८८७), खूबचंद कुँवर सं० 'प्रेम-पत्रिका' (१६८८), रामरत्न पाठक सं० 'प्रेम-प्रवाह-तरङ्ग' (१८६०), रामरत्न वाजपेयी सं० 'सुंदरी तिलक' (१८६६), विश्वेश्वरप्रसाद सं० 'रसिक-मुकुंद' (१६०६), तथा हरिश्चंद्र सं० 'प्रेम-सन्देश' (१६०६) और 'मान-चरित्र' (१६०६) इनमें प्रमुख हैं।

नखशिख-संबंधी संग्रह—प्रमुख हैं मन्नालाल शर्मा सं० 'प्रेम-तरङ्ग' (१८७७) तथा परमानंद सुहाने सं० 'नख-शिख-हज़ारा' (१८६३)।

ऋतु-काव्यसंबंधी संग्रह—हफ़ीजुल्ला खाँ सं० 'षट्ऋतु-काव्यसंग्रह' (१८८६), परमानंद सुहाने सं० 'षट्ऋतुहज़ारा' (१८६४), हरिश्चन्द्र सं० 'पावस कविता-संग्रह' (१८६७) तथा भगवतीप्रसाद सिंह सं० 'पावस-मंजरी' (१६००) प्रमुख हैं।

ऋतुगीत-संबंधी संग्रह—प्रमुख हैं हरिचंद्र सं० 'मलार' हिंडोला, कजली, जयंती' (१८७५) तथा नानकचंद्र सं० 'पावस-प्रमोद' (१८८५)।

नीति-उपदेश 'संबंधी संग्रह—इनमें उल्लेखनीय हैं सदानंद मिश्र सं० 'नीतिमाला' (१८७२), बलदेवप्रसाद बाबू सं० 'नीति-रत्नावली' (१८६५), [गौरा बेवा सं० ?] 'गिरिधर व्यास और बेताल की कुण्डलियाँ' (१६००); शिवनंदन त्रिपाठी सं० 'अन्योक्ति मुक्तावली' (१६०४), में अन्योक्तियों का संग्रह है। हरिश्चंद्र सं० 'परिहासिनी' [१८८० ?] तथा नकछेदी तिवारी सं० 'विचित्रोपदेश या भड़ौआ-संग्रह' (१८८४) हास्य-व्यंग्य के काव्य-संग्रह हैं।

मिश्रित विषयों के काव्य-संग्रह प्रमुख हैं : कामताप्रसाद लाला से 'संगीतमाला' (१८८४), हरिप्रसाद भागीरथ सं० 'वृहद् रागकल्प-द्रुम' (१८६२ रिप्रिंट) तथा मेघजी मावजी सं० 'भजनसागर' (१६६३ रिप्रिन्ट), प्रमुख गीत-संग्रह हैं; श्रीधर शिवलाल सं० 'छंदरत्न-संग्रह' (१८७०), दयाराम सं० 'काव्य-संग्रह' (१८७६ तृतीय), और 'कवित्त' और 'परचूरन संग्रह' (१८८१), साहबप्रसाद सिंह सं० 'काव्य-कला' (१८८५), महेश्वरस्वरूप सिंह सं० 'कवि-वचन-सुधा' (१८८६), गोवर्धन चतुर्वेदी सं० 'काव्य-संग्रह' (१८६१–) प्रमुख कविता-संग्रह हैं; और समस्यापूर्ति-संबंधी कुछ संग्रहों की गणना भी इन्हीं के साथ की जा सकती है, जैसे जगन्नाथदास 'रत्नाकर' सं० 'समस्यापूर्ति' (१८६४) तथा रामकृष्ण वर्मा सं० 'समस्यापूर्ति' (१८६७); इनमें तत्कालीन कवियों के अनेक मुक्तक मिल जाते हैं।

३. **नाटक-संग्रह**—इस काल में लोकप्रचलित कुछ नक़लों का भी एक संग्रह मिलता है : वह है गोविन्द मारोबा कारलेकर सं० 'ललित संग्रह' (१८८४ चतुर्थ), जिसमें हिन्दी के साथ मराठी की भी कुछ नक़लें संगृहीत हैं।

४. **निबन्ध संग्रह**—निबन्ध-संग्रह भी एक मिलता है : माधवराव सप्रे सं० 'निबन्ध-संग्रह' (१९०५ द्वितीय)। इसीके साथ कुछ व्याख्यान-संग्रहों की भी गणना की जा सकती है : बलदेवप्रसाद सं० 'व्याख्यान-रत्नमाला' (१९०३) तथा रामस्वरूप शर्मा सं० 'व्याख्यानमाला' (१९०४)।

५. **इतिहास**—वास्तविक इतिहास केवल एक मिलता है : वह है राधाकृष्णदास लिखित 'हिंदी भाषा के सामयिक पत्रों का इतिहास' (१८९४) और यह प्रयत्न निस्संदेह सराहनीय हैं।

इस विषय में भी यह युग प्रायः पूर्णरूप से मध्ययुगीन रहा, यह समझने में कठिनाई न होगी। साहित्यिक इतिहास की भावना आनेवाले युग के लिए रही।

विभाषा साहित्य का अध्ययन

आलोच्यकाल में प्रस्तुत अध्ययन का क्षेत्र भारतीय भाषा-साहित्य तक ही सीमित रहा; अभारतीय भाषा-साहित्य-संबंधी एकाध ही रचना मिलती है।

१. **भारतीय भाषा-साहित्य**—इस शाखा में भी प्राधान्य संस्कृत-संबंधी ग्रंथों का रहा। संस्कृत-संबंधिनी रचनाओं में कुछ रचनाएँ धार्मिक साहित्य से संबंध रखती हैं जिनमें से उल्लेखनीय हैं नवीनचंद्रराय का 'उपनिषत्सार' (१८७५), शिवशंकर का 'वाशिष्ट-सार' (१८८८ रिप्रिंट), 'हरिश्चन्द्र का 'अष्टादश पुराण उपक्रमणिका' (१८८९), मिहिरचंद्र का 'अष्टादश स्मृति' (१८९१), लेखराम का 'पुराण किसने बनाए ?' (१९००),—जो उस संबंध में आर्यसमाज के विचार सामने रखता है—तथा ज्वालाप्रसाद मिश्र का 'अष्टादश पुराण-दर्पण' (१९०५);

कुछ रचनाएँ साहित्यकारों के वैयक्तिक अध्ययन से सम्बन्ध रखती हैं, प्रमुख हैं हरिश्चंद्र लिखित 'जयदेव का जीवन-चरित' (१८८२), दामोदर शास्त्री का 'रामायण समय-विचार' (१८८८), महावीरप्रसाद द्विवेदी की 'नैषध-चरित-चर्चा' (१९००), विश्वेश्वरराव दे स्वामी की 'रामायण-समालोचना' (१९०५) तथा महावीरप्रसाद द्विवेदी की 'विक्र-माङ्कदेव-चरित-चर्चा'(१९०७); कुछ और, रचनाएँ संस्कृत साहित्य के इतिहास से संबंध रखती हैं, उसमें से मुख्य है हरिमङ्गल मिश्र का 'भारतीय संस्कृत कवियों का समय-निरूपण' (१९०१) ।

उर्दू साहित्य संबंधिनी रचनाओं से तीन रचनाएँ नज़ीर के अध्ययन से संबंध रखती हैं : जगन्नाथप्रसाद गुप्त संपादित 'नज़ीर' (१८७०), अज्ञात संपादक की 'दीवान-ए-नज़ीर' (१८८१), तथा भोलानाथ संपादित 'मजमूआ-ए-नज़ीर' (१८९२) । इस युग की हिंदी जनता में कदाचित् नज़ीर से अधिक लोकप्रिय दूसरा उर्दू कवि या लेखक नहीं हुआ । और, एक रचना उर्दू कविता का संकलन है : भगवानदास वर्मा सं० 'गुलदस्ता-ए-बेनज़ीर' [१८८५ ?] ।

एक रचना मैथिली-साहित्य से संबंध रखती है—और वह प्रसिद्ध साहित्यकार उमापति के जीवन से संबंधित है : महेशदत्त शुक्ल लिखित 'उमापति-दिग्विजय' (१८८०) ।

२. अभारतीय भाषा-साहित्य—इस शाखा में केवल एक रचना उल्लेखनीय है : वह है शिवनन्दनसहाय सं० 'कविता-कुसुम' (१९०६), जिसमें शेली, टेनीसन आदि कुछ अंग्रेज़ी कवियों की सुन्दर कविताओं का अनुवाद-सङ्कलन है ।

उपर्युक्त निरीक्षण से ज्ञात होगा कि प्रस्तुत काल में विभाषा साहित्य का अध्ययन पिछड़ा रहा; जो तत्परता इस युग के लेखकों और साहित्यकारों ने विभाषा साहित्य के अनुवाद में दिखाई वह उसके अध्य-यन में नहीं देख पड़ी । इस विषय में भी उनकी मध्ययुगीन रुचि प्रकट है ।

---

३. वर्तमान युग का साहित्य

काव्य

इस काल के काव्य-साहित्य को अध्ययन और निरीक्षण के लिए हम निम्नलिखित शीर्षकों में बाँट सकते हैं : १. राम-चरित्र, २. कृष्ण-चरित्र, ३. शिव-चरित्र, ४. पौराणिक उपाख्यान, ५. संत-चरित्र, ६. पौराणिक महाकाव्य, ७. भक्ति-स्तुति, ८. ऐतिहासिक खंडकाव्य, ९. ऐतिहासिक महाकाव्य, १०. मानव-चरित्र, ११. प्रेमोपाख्यान, १२. भावानुभाव, १३. सामयिक तथा राष्ट्रीय, १४. प्रगतिशील, १५. सामाजिक, १६. विनोद-व्यंग्य, १७. प्रकृति-चित्रण, १८. रहस्य-वाद का काव्य।

१. **राम-चरित्र**—आलोच्यकाल के रामचरित्र-काव्यों में से प्रबंध-परंपरा पर लिखे हुए पहले काव्य जानकीप्रसाद महंत के 'राम-रसायन' (१९११) तथा प्रयागनारायण मिश्र के 'राघव-गीत' (१९११) हैं, जिनमें राम की कथा विविध छंदों तथा गीतों में कही गई है। 'राम-चरणांक माला' (१९१२) एक छोटी रचना केवल राम के चरणों की प्रशंसा में लिखी हुई लाला भगवानदीन की मिलती है। और, रामकथा के प्रमुख चरित्रों का एक चित्रण रामचरित उपाध्याय की 'रामचरित चंद्रिका' (१९१९) में मिलता है। इसी काल में अर्द्धशिक्षित समाज में विशेष समादृत राधेश्याम के 'रामायण' (१९१९-) की भी रचना हुई। रामचरित उपाध्याय का एक दूसरा और अधिक महत्वपूर्ण रामचरित-काव्य 'रामचरित-चिंतामणि' (१९२०) भी इसी समय की रचना है। इसमें उन्होंने राम की कथा भक्ति के दृष्टिकोण से नहीं वरन् राजनीति के दृष्टिकोण से उपस्थित करने का प्रयत्न किया है। किंतु रामचरित पर सबसे सुंदर रचनाएँ मैथिलीशरण गुप्त की हैं। राम के अतिमानुषिक और अलौकिक कृत्यों का चित्रण न करते हुए भी इन रचनाओं में गुप्त

जी ने उनके प्रति अपनी ईश्वरत्व की भावना का पूर्ण निर्वाह किया है। 'पंचवटी' (१९२५) उनकी इस प्रकार की पहली उल्लेखनीय कृति है। गुप्तजी की रामचरित-संबंधी सर्वोत्कृष्ट कृति 'साकेत' (१९३२) है। इस रचना में उनकी एक युग की साधना निहित है—'साकेत' के कुछ अंश तो कदाचित् इस युग के प्रारंभ के हैं। उर्म्मिला के उपेक्षित चरित्र को अपनी इस कृति में गुप्त जी ने एक कलापूर्ण ढंग से उपस्थित किया है। 'साकेत' के थोड़े ही पीछे की एक रचना शिवरत्न शुक्ल की 'भरत-भक्ति' (१९३२) है, जिसमें भरत के रामभक्ति-पूर्ण चरित्र को प्रमुख रूप से चित्रित करने का यत्न किया गया है। अयोध्या-सिंह उपाध्याय के 'वैदेही वनवास' (१९३९) का विषय स्वतः स्पष्ट है। बलदेवप्रसाद मिश्र का 'कौशल-किशोर' (१९३५) तथा रामनाथ 'जोतिषी' का 'रामचन्द्रोदय' (१९३७) इस प्रणाली की कुछ अन्य प्रसिद्ध रचनाएँ हैं। किंतु, इस युग में रामचरित-संबंधी महत्वपूर्ण रचनाएँ कम ही दिखाई पड़ीं। क्या कवि-प्रतिभा के प्रयोग के लिए रामचरित में कोई नवीन दृष्टिकोण नहीं रहा? या समय के साथ ही साथ कवियों और पाठकों की रुचि भी बदल गई? फिर भी राम-साहित्य में इस युग का योग नगण्य नहीं है, यह स्पष्ट होगा। राम के शृंगारपूर्ण चित्रण की वह प्रवृत्ति जो पिछले युग में दिखलाई पड़ी थी इस युग में प्रायः तिरोभूत ही रही।

२. कृष्ण-चरित्र—कृष्णचरित-संबंधी एक अत्यंत महत्वपूर्ण रचना आलोच्यकाल के प्रारंभ में ही हमारे सामने आती है: वह है अयोध्यासिंह उपाध्याय कृत 'प्रियप्रवास' (१९१४) महाकाव्य, जिसका विषय है लोकनायक कृष्ण का मथुरा-प्रवास। कृष्ण का चरित्र लेखक ने एक आदर्श देश-सेवी और समाज के नेता के रूप में उपस्थित किया है, और उनके अतिमानुषिक कार्यों को भी मानवीय-तल पर लाकर उन्हें एक स्वाभाविक रूप दिया है। इस प्रयास में महाकवि को यथेष्ट सफलता मिली है। 'श्रीमद्भागवत' के प्रसिद्ध 'गोपिका-गीत' के आधार पर इसी समय एक सुन्दर रचना हुई, वह है श्रीधर पाठक कृत 'गोपिका-

ीत' (१९१६)। इसके अनंतर बहुत दिनों तक देवीप्रसाद 'प्रीतम' के 'कृष्ण-जन्मोत्सव' (१९२२) के अतिरिक्त कृष्ण-साहित्य में कोई ल्लेखनीय रचना नहीं हुई। लगभग पन्द्रह वर्ष बाद जगन्नाथदास त्नाकर' का 'उद्धव-शतक' (१९३१) प्रकाशित हुआ, जिसकी रचना वि ने बहुत कुछ रीति-शैली पर किन्तु अत्यंत सहृदयता के साथ की । इसी समय कृष्ण-रुक्मिणी-विवाह पर कृष्ण के पौराणिक चरित्र का नुगमन करते हुए नन्दकिशोर झा ने 'प्रिया-मिलन' (१९३२) की रचना ी, और राधावल्लभीय संप्रदाय की उपासना-प्रणाली पर दिव्य दंपति की कुंज लीलाओं के संबंध में युगल वल्लभ महाराज ने 'हित-युगल ष्टयाम' (१९३५) की रचना की। किंतु, ये सभी रचनाएँ केवल गोपी-ल्लभ कृष्ण-संबंधी हैं; पौराणिक महापुरुष कृष्ण से संबंध रखनेवाली स काल की एकमात्र सत्कृति मैथिलीशरण गुप्त का 'द्वापर' (१९३६) । महाकवि की प्रतिभा इस रचना में यथेष्ट रूप में दिखलाई ड़ती है: 'द्वापर' में भी उसने चरित्रों की सुंदर सृष्टि की है। कृष्ण-रित्र पिछले युग तक कविता का एक सर्वप्रमुख विषय रहा है, किंतु समें हमें एक बालक कृष्ण, एक ईश्वर कृष्ण, या एक विलासप्रिय ायक कृष्ण की मनोवैज्ञानिक अन्तर्दृष्टि ही मिली है। मानव कृष्ण ौर महापुरुष कृष्ण इसी युग की देन हैं, इसलिये इस क्षेत्र में भी स्तुत युग का योग असाधारण है।

३ **शिव-चरित्र**—शिव-शक्ति-चरित-संबंधी काव्य इस युग में ी निर्मित होने से रहा। केवल एक रचना ऐसी मिलती है जिसका ल्लेख किया जा सकता है: वह है मैथिलीशरण गुप्त की 'शक्ति' १९२८), जिसमें 'दुर्गा-सप्तशती' की कथा के आधार पर शक्ति का न्म और उसके द्वारा महिषासुर के वध की कथा कही गई है। इस केली रचना में भी विशेष काव्यत्व की अवतारणा नहीं हो सकी है।

४ **पौराणिक उपाख्यान**—पौराणिक उपाख्यानों को लेकर भी स काल में कई सुंदर कृतियों की रचना हुई। मैथिलीशरण गुप्त का ायद्रथ-वध' (१९१०) पथ-प्रदर्शक हुआ। सुप्रसिद्ध हरिश्चंद्र के

सत्यपालन की कथा लेकर कृष्णदत्त शर्मा ने 'हरिश्चंद्रोपाख्यान' (१९१४) की रचना की। शिवदास गुप्त ने 'महाभारत' की एक अन्य कथा लेकर 'कीचक-वध' (१९२१) लिखा। और, अम्बरीष की पुराण-प्रसिद्ध कथा को लेकर इसी समय रामनारायण चतुर्वेदी ने 'अम्बरीष' (१९-२१) की रचना थी। मैथिलीशरण गुप्त की एक अन्य रचना 'शकुन्तला' (१९२३ चतुर्थ), 'महाभारत' के शकुंतलोपाख्यान तथा कालिदास के 'शाकुंतल' के आधार पर प्रस्तुत हुई। जगदीशनारायण तिवारी ने 'महाभारत' की कथा लेकर 'दुर्योधन-वध' (१९२६) की रचना की। और, पुनः मैथिलीशरण गुप्त ने 'महाभारत' की तीन कथाओं को लेकर 'त्रिपथगा' के रूप में 'सैरिंध्री' (१९२८), 'बकसंहार' (१९२८) तथा 'वनवैभव' (१९२८) की रचना की। किंतु इस प्रणाली में इन सबसे अधिक महत्वपूर्ण रचना इसी समय 'महाभारत' की एक और कथा को लेकर हुई : वह है जगन्नाथदास 'रत्नाकर' कृत 'गङ्गावतरण' (१९२८)। इसके बाद पौराणिक उपाख्यानों की परंपरा कुछ रुक सी गई, और सात-आठ वर्षों के बाद भी एक ही रचना ऐसी प्रकाश में आई जो महत्वपूर्ण कही जा सकती है:—वह है बचनेश मिश्र रचित 'शबरी' (१९३६), जो ब्रजभाषा में है। मैथिलीशरण गुप्त कृत 'नहुष' (१९४०) इस परंपरा की सबसे आधुनिक रचनाओं में से है ; इसकी रचना भी 'साकेत' और उसके इधर की कवि की अन्य रचनाओं की भाँति सुन्दर हुई है। पिछले युग के साहित्य का निरीक्षण करते हुए हमने देखा था कि पौराणिक उपाख्यान-परक रचनाएँ मुख्यतः राम-कुल तथा कृष्ण-कुल की ही थीं, महाभारत-कुल की प्रायः नगण्य थीं, इस युग में प्राधान्य महाभारत-कुल की रचनाओं का हुआ। और, यदि कला की दृष्टि से देखा जावे तो ज्ञात होगा कि इस युग की रचनाओं में खंड-काव्य लेखन की कला भली-भाँति विकसित हुई।

५. **संत-चरित्र**—इस युग में भी संतचरित के नाते केवल तीन उल्लेखनीय रचनाएँ मिलती हैं : एक है ठाकुर पुगारानाइ (?) कृत "अमर कथा' (१९१२), जिसमें भक्त राजकुमार अमर की कथा कही

गई है। किन्तु यह रचना छोटी नहीं है : ३१४ पृष्ठों में समाप्त हुई है। दूसरी रचना नन्हेंलाल वर्मा कृत 'श्री नामदेव वंशावली' (१९२६) है, जिसमें भक्त नामदेव का जीवन-वृत्त है। और, तीसरी है सूर्यकांत त्रिपाठी कृत 'तुलसीदास' (१९३९), जो एक अनुपम कृति है, और नायक की महानता से प्रेरित होकर स्वाभाविक स्फूर्ति के साथ लिखी गई है।

६. **पौराणिक महाकाव्य**—पौराणिक आख्यानों की सामग्री लेकर रचे गए बड़े काव्यों की एक नव-विकसित परंपरा भी इस युग में हमारे सामने आती है। प्रारंभ में यह पौराणिक उपन्यासों की समानान्तर सी ज्ञात होती है, किंतु आगे इस परंपरा में कुछ बड़ी मौलिक और विचारपूर्ण रचनाएँ हमें मिलती हैं। इस परंपरा की पहली उल्लेखयोग्य कृतियाँ हैं शहज़ाद सिंह कृत 'विश्वामित्र' (१९२५) तथा प्रतापनारायण कृत 'नल-नरेश' (१९३३); और बाद की हैं जयशंकर 'प्रसाद' कृत 'कामायनी' (१९३७), हरदयालुसिंह कृत 'दैत्यवंश' (१९४०), जो ब्रजभाषा में है, तथा सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन कृत 'चिंता' (१९४२)। 'विश्वामित्र' और 'नल-नरेश' कथानक-प्रधान रचनाएँ हैं, और बहुत कुछ इतिहासों की भाँति हैं, 'कामायनी' में मानव जाति के विकास का इतिहास और उसकी सभ्यता का आदर्श उपस्थित करने का यत्न किया गया है, और वास्तव में वह मानव-जीवन की गंभीर आलोचना वाला एक उत्कृष्ट महाकाव्य है। 'दैत्यवंश' में ऐसी जीवन की कोई गंभीर समस्याएँ नहीं ज्ञात होतीं। 'चिंता' में लिंग-विकास—प्राणिमात्र के स्त्री और पुरुष-रूपों में विभाजन की समस्या—पर विचार किया गया है। आशा है कि इस नवीन परंपरा में यथेष्ट वृद्धि होगी।

७. **भक्ति-स्तुति**—भक्ति तथा स्तुति-संबंधी साहित्य इस काल में नगण्य कोटि का रहा। कृष्णप्यारी के 'प्रेमरत्न' (१९११), प्रभु-सेवक के 'विनय-सरोज' (१९१२) तथा कृष्णदेव नारायण सिंह के 'कनक-मंजरी' (१९१४) का उल्लेख पुराने ढंग की, और पं० शिवाधार पांडेय के 'पदार्पण' का उल्लेख नए ढंग की भक्ति-रसात्मक रचनाओं में

किया जा सकता है। पर इनमें काव्य बहुत साधारण कोटि का है। १९१५ के बाद तो जैसे कवि-प्रतिभा का प्रयोग इस परंपरा के काव्य के लिए हुआ ही नहीं। इसका स्थान कदाचित् रहस्यवाद की रचनाओं ने ले लिया।

८. ऐतिहासिक खंडकाव्य—पौराणिक उपाख्यानों पर आधारित खंडकाव्य परंपरा के साथ उसी प्रकार की एक नवीन परंपरा भी इस युग में विकसित हुई। इसका आधार था इतिहास। आरंभ मध्ययुग के इतिहास से हुआ। रामनारायण ठाकुर की 'हल्दीघाटी का युद्ध' (१९०९) इस परंपरा की पहली रचना कही जा सकती है। इसका विषय महाराणा प्रताप का स्वतंत्रता के लिए सङ्घर्ष था। जयशंकर 'प्रसाद' की प्रारंभिक रचनाओं में से भी एक इसी परंपरा में आती है: उनके 'प्रेम-राज्य' (१९१०) में १५६५ के प्रसिद्ध तालीकोट के युद्ध के अनंतर की विजयनगर राजवंश की दशा का वर्णन हुआ है। टॉड राजस्थान के एक कथानक के आधार पर इसी समय मैथिलीशरण गुप्त की भी एक प्रारंभिक रचना प्रकाश में आई: वह थी 'रंग में भंग' (१९१०), जिसमें एक हाड़ा सरदार चित्तौर में बूँदी के एक नक़ली क़िले की रक्षा में एक सेना के साथ लड़ते-लड़ते वीर-गति प्राप्त करता है। इसी काल में प्रसिद्ध इतिहासज्ञ देवीप्रसाद मुंसिफ़ ने बुंदेलखंड के इतिहास से सत्रह चित्र 'बुंदेलखंड का अलबम' (१९११) में उपस्थित किए। हल्दीघाटी के प्रसिद्ध युद्ध पर पुनः एक खंडकाव्य की रचना हुई: हरिदास माणिक कृत 'हल्दीघाटी की लड़ाई' (१९१२); जयशंकर 'प्रसाद' के 'महाराणा का महत्व' (१९१४) का विषय भी वैसा ही है। सियारामशरण गुप्त ने 'मौर्य-विजय' (१९१४) में सिल्यूकस के विरुद्ध चंद्रगुप्त मौर्य के इतिहास-प्रसिद्ध सफल युद्ध का कवित्वपूर्ण वर्णन किया। लोचनप्रसाद पांडेय की 'मेवाड़-गाथा' (१९१४) की भी गणना इसी परंपरा के साहित्य में की जा सकती है। श्रीनारायण चतुर्वेदी के 'चारण' (१९१४) में कई कथात्मक कविताएँ संकलित हुई हैं। एक रचना गोकुलचंद्र शर्मा की भी प्रताप के स्वतंत्रता-युद्ध को विषय

नाकर की हुई 'प्रणवीर-प्रताप' (१६१५) नाम की है। 'औरङ्गज़ेब की नंगी तलवार' (१६१६) में जगदीशप्रसाद तिवारी ने हिंदू-प्रजा के ऊपर औरंगज़ेब के अत्याचारों को अपनी रचना का विषय बनाया है। लाला भगवानदीन ने 'वीर-पंचरत्न' (१६२०) में तो भारतीय इतिहास के अनेक वीरोचित चरित्रों की अवतारणा की है। जलालुद्दीन के चित्तौर पर आक्रमण की कथा लेकर एक रचना लोकनाथ सिलाकारी की 'पद्मिनी' (१६२३) भी इसी काल की है। 'पत्रावली' (१६२३ द्वितीय) में मैथिलीशरण गुप्त ने अनेक ऐतिहासिक महत्व के पत्रों का समावेश काव्य-रूप में किया है। सुरेन्द्रनाथ तिवारी की 'वीराङ्गना तारा' (१६२४) एक अन्य ऐतिहासिक वीरचरित्र को लेकर लिखी गई है। रामकुमार वर्मा की भी एक प्रारंभिक रचना ऐतिहासिक आधार लेकर की गई है : वह है 'वीर हम्मीर' (१६२४), जिसमें अलाउद्दीन के चित्तौर वाले आक्रमण का विषय चुना गया है। श्रीनाथ सिंह की 'पद्मिनी' (१६२५) का विषय भी उपर्युक्त 'पद्मिनी' का ही है। दिवाकर प्रसाद वर्मा का 'वसुमती' (१६२५) इसी काल का लिखा हुआ एक ऐतिहासिक गीत है। सुभद्राकुमारी चौहान की प्रसिद्ध 'झाँसी की रानी' (१६२६) आधुनिक युग के इतिहास को लेकर लिखी गई है। मैथिली-शरण गुप्त ने 'गुरुकुल' (१६२६) में गुरुनानक के वंशजों के धार्मिक बलिदान की कथाएँ कही हैं। अपने 'विकट भट' (१६२८) में गुप्त जी ने पुनः राजस्थान के इतिहास के पृष्ठ उलटे हैं; एक राजपूत नायक के वीर-दर्पपूर्ण कथनों का उल्लेख करते हुए कवि ने इसमें नाटकीय काव्य की सृष्टि की है। रामकुमार वर्मा की एक अन्य रचना 'चित्तौर की चिता' (१६२८) भी इस प्रसंग में उल्लेखनीय है। इसमें राणा संग्रामसिंह की वीरता और महारानी करुणा के जौहर का वर्णन किया गया है। १६२८ के अनंतर कुछ वर्षों के लिए इस धारा में शिथिलता आ जाती है। इधर की उल्लेखनीय कृतियों में से मुंशी अजमेरी का 'मधुकरशाह' (१६३८) है, जिसमें उन्होंने उक्त ओरछा-नरेश का इतिहास-प्रसिद्ध व्यक्तित्व उपस्थित करने का यत्न किया है। रामकुमार वर्मा का 'जौहर'

(१९३९) क्षत्राणियों के वीरत्वपूर्ण आत्म-बलिदान का चित्रण करता है। राजेश्वर गुरु की 'दुर्गावती' (१९४०) में गढ़मंडला की उक्त क्षत्राणी का वीर चरित्र अंकित हुआ है। श्यामनारायण पांडेय की 'हल्दीघाटी' (१९४१) महाराणा प्रताप की वीरता के संबंध की एक सफल कृति है। आलोच्यकाल में इस परंपरा की सबसे आधुनिक कृति सोहनलाल द्विवेदी की 'वासवदत्ता' (१९४२) है, जिसमें उन्होंने अपनी कई कथात्मक कविताओं का संकलन किया है। ऐतिहासिक काव्यों की यह नवीन परंपरा कितनी समृद्ध है! इस परंपरा के निर्माण के लिए हम मध्ययुग के राजपूत वीरों की ओर क्यों झुके? इसका कारण है इन राजपूतों में चरित्र की एक बड़ी विशेषता जिसे 'औदात्य' शब्द से इंगित किया जा सकता है। पर यह 'औदात्य' व्यक्तिगत नहीं था, एक प्रकार से यही उनकी जातीयता थी। अपने स्वत्व के लिए, अपनी स्वतंत्रता के लिए, माँ-बहिनों की मान-मर्यादा के लिए, शरणार्थियों की रक्षा के लिए, अपनी बात के लिए, अपनी आन के लिए, अपने स्वामी के लिए मर मिटना राजपूतों के लिए एक सामान्य बात थी। पिछले युग तक हम ऐसी गहरी विलासिता की नींद में पड़े थे कि इन वीरों की याद भी आने देना नहीं चाहते थे। अपनी सांस्कृतिक चेतना के इस नवयुग में ही हमने उनकी स्मृतियाँ सजग कीं, और उन स्मृतियों से साहित्य को समृद्ध किया।

९. **ऐतिहासिक महाकाव्य**—इन छोटे प्रयासों के साथ-साथ इस काल में कुछ मिलते-जुलते बड़े प्रयोग भी हुए। प्रारंभ में तो इतनी क्षमता का अनुभव हमने नहीं किया, किंतु युग-विकास के साथ हमने इधर की क़दम बढ़ाया। बुद्ध का चरित्र अनेक ग्रंथों का विषय बना। रामचन्द्र शुक्ल का 'बुद्ध-चरित' (१९२२) इस प्रकार का पहला उल्लेखनीय प्रयास कहा जा सकता है, यद्यपि यह अनेक अंशों में 'लाइट ऑव् एशिया' के आधार पर लिखा गया है। मैथिलीशरण गुप्त का 'अनघ' (१९२५) भी एक बौद्ध कथा को लेकर लिखा गया है। उदयशंकर भट्ट का 'तक्षशिला' (१९३१) इस परंपरा की एक अन्य

उल्लेखनीय रचना है। मैथिलीशरण गुप्त का 'यशोधरा' (१९३३) चरित्र-चित्रण की दृष्टि से तो अपूर्व है। गुरुभक्तसिंह की 'नूरजहाँ' (१९३५), मैथिलीशरण गुप्त का 'सिद्धराज' (१९३६) तथा अनूप शर्मा का 'सिद्धार्थ' (१९३७) इस परंपरा के अन्य उल्लेखनीय प्रयास हैं।

१०. **मानव-चरित्र**—मानव-काव्य में लेखक के किसी निकट संबंध की प्रेरणा से की हुई रचनाओं में से गिरिजादत्त शुक्ल की 'स्मृति' (१९२३) एक मित्र के निधन पर लिखी गई है, और भगवती-लाल श्रीवास्तव की 'अनंत अतिथि' (१९३६) वात्सल्य की प्रेरणा के कारण। अमरनाथ कपूर की एक रचना 'पत्र-दूत' (१९४१) में जेल से लिखे गए उनके पत्रों का संग्रह है। चित्त की उदात्त वृत्तियों से प्रेरित होकर लिखे गए मानव-काव्य-क्षेत्र में एक नवीन स्फूर्ति के दर्शन इस काल में होने लगे हैं : हमने आधुनिक राष्ट्रीय वीरों और महापुरुषों के चरित्र-गान का आरंभ किया है। इनके बलिदानों की कथाएँ लिखने का समय अभी नहीं आया है, किन्तु स्वतंत्र भारत में निस्संदेह यह उसी प्रकार हमारी कला के विषय होंगे जिस प्रकार इस नवयुग में मध्य-काल के राजपूत वीर हुए हैं। इस प्रकार की इनी-गिनी उल्लेखनीय रचनाएँ हैं श्रीधर पाठक कृत 'गोखले-गुणाष्टक' (१९१५) तथा 'गोखले-प्रशस्ति' (१९१५), गोकुलचंद शर्मा कृत 'गांधी-गौरव' (१९१९) और सियारामशरण गुप्त कृत 'बापू' (१९३८), जिनके विषय हैं देशभक्त गोखले और लोकनायक महात्मा गांधी।

११. **प्रेमोपाख्यान**—एक और नवीन काव्य-परंपरा प्रेमोपाख्यान-काव्यों की है। इनकी तुलना किसी-किसी बात में सूफ़ी कवियों के प्रेमाख्यान-काव्यों से की जा सकती है। जयशंकर 'प्रसाद' का 'प्रेम-पथिक' (१९१३) इस प्रकार की पहली रचना है, और हरिप्रसाद द्विवेदी 'वियोगी हरि' कृत 'प्रेम-पथिक' (१९१८) इस प्रकार की दूसरी। राम-नरेश त्रिपाठी के 'मिलन' (१९१८) में ऐतिहासिक आधार लेते हुए वैयक्तिक प्रेम का राष्ट्रीय प्रेम के साथ समन्वय किया गया है। इटली के मिलान नगर पर आस्ट्रियन अत्याचार और उससे मुक्ति की कथा के बीच

में इस प्रेम की कथा का विकास किया गया है। उनकी एक दूसरी रचना 'पथिक' (१९२०) में भी वैयक्तिक प्रेम और राष्ट्र-प्रेम का उसी प्रकार सामंजस्य उपस्थित करने का यत्न किया गया है। उनकी एक तीसरी रचना 'स्वप्न' (१९२९) में इन दोनों प्रकार के भावों में अपूर्व संघर्ष चित्रित किया गया है। सुमित्रानन्दन पंत की 'ग्रंथि' (१९३०) तथा रामकुमार वर्मा की 'निशीथ' (१९३३) इस शैली की आधुनिकतम रचनाएँ है। इधर जैसे यह परंपरा कुछ शिथिल सी हो गई है।

१२. **भावानुभाव**—उपर्युक्त से एक मिलती-जुलती परंपरा भावानुभाव काव्यों की है। मन्नन द्विवेदी का 'प्रेम' (१९१५), सुमित्रानंदन पंत का 'उछ्वास' (१९२२) और जयशंकर 'प्रसाद' का 'आँसू' (१९२६) इस परंपरा की प्रारंभिक कृतियों में प्रमुख हैं। रामकुमार वर्मा का 'अभिशाप' (१९३०) हरिकृष्ण प्रेमी की 'आँखों में' (१९३०), विश्वनाथ प्रसाद के 'मोती के दाने' [आँसू] (१९३४) तथा गौरीशंकर झा की 'स्मृति' (१९३४) अन्य उल्लेखनीय कृतियाँ हैं। इन समस्त रचनाओं में एक अमूर्त विषय लेकर कल्पना तथा भावुकता के बल पर उसे मूर्त की भाँति अंकित करने का यत्न किया गया है। यह परंपरा अभी थोड़े दिन की है, फिर भी इसमें विकास का क्षेत्र विशेष नहीं ज्ञात होता, इसलिए इसके भविष्य के बारे में यदि संदेह किया जावे तो कदाचित् अनुचित न होगा।

१३. **सामयिक तथा राष्ट्रीय**—सामयिक तथा राष्ट्रीय प्रबंध-काव्य-परंपरा की एक सर्वोत्कृष्ट और सबसे अधिक लोकप्रिय रचना मैथिलीशरण गुप्त की 'भारतभारती' (१९१२) इस युग के प्रारंभ में ही आती है। इसमें भारत के महान अतीत तथा पतनोन्मुख वर्त्तमान के मार्मिक चित्र उपस्थित किए गये हैं। उन्हीं का 'किसान' (१९१७) भारत के कृषक वर्ग की दयनीय दशा का चित्रण करता है। गयाप्रसाद शुक्ल के 'कृषक-क्रंदन' (१९१६) का भी विषय वही है। 'भारतभक्ति' (१९१९) नाम की रामचरित उपाध्याय की भी एक रचना में भारत के महान भूत तथा अवनत वर्तमान का वर्णन है, किंतु उसमें भविष्य की

ओर आशा की दृष्टि से देखा गया है। सियारामशरण गुप्त का 'अनाथ' (१९२२) एक अनाथ की कथा कहता है। किशनचंद 'ज़ेबा' का 'हमारा देश' (१९२२) काव्य की दृष्टि से उतना नहीं जितना प्रचार की दृष्टि से लिखा गया है। आनंदिप्रसाद श्रीवास्तव का 'कुर्बानी' (१९२३) हिन्दू-मुस्लिम एकता की समस्या को लेकर लिखा गया है। मोहनलाल महतो की एक रचना 'अछूत' (१९२४) अछूतों की समस्या लेकर लिखी गई है। सियारामशरण गुप्त की 'आर्द्रा' (१९२८) में देश तथा समाज से संबंध रखने वाली छोटी-छोटी करुण कहानियाँ हैं। इस परंपरा की सबसे आधुनिक कृति सोमनाथ शर्मा की 'वर्तमान भारत' (१९३०) कही जा सकती है, जिसका विषय स्वत: स्पष्ट है।

सामयिक तथा राष्ट्रीय मुक्तकों की प्राचीन परंपरा में इस काल के प्रारंभ में हमें माधव शुक्ल की 'भारत गीताञ्जलि' (१९१४), मिश्रबंधु की 'भारत-विनय' (१९१६) तथा श्रीधर पाठक की 'भारत-गीत' (१९१८) नामक रचनाएँ मिलती हैं। बादकी रचनाओं में उल्लेखनीय हैं गयाप्रसाद शुक्ल की 'त्रिशूल-तरङ्ग' (१९१९), 'राष्ट्रीय मंत्र' (१९२१) तथा 'राष्ट्रीय वीणा' (१९२२), ईश्वरीप्रसाद शर्मा की 'मातृवन्दना' [१९२०?], हनुमंत प्रसाद जोशी की 'हृदयवीणा' (१९१९), रामचरित उपाध्याय की 'राष्ट्र भारती' (१९२१) तथा माधव शुक्ल की 'जाग्रत भारत' (१९२२)। इन बाद की रचनाओं का सर्वप्रमुख प्रेरक था महात्मा गाँधी द्वारा संचालित प्रथम असहयोग आंदोलन। उनके द्वारा संचालित दूसरे आंदोलन ने इस प्रकार के मुक्तकों के लिए वैसी प्रेरणा नहीं प्रदान की। केवल एक रचना इस दूसरी बार के आंदोलन के समय की उल्लेखनीय है : वह है हरिकृष्ण प्रेमी कृत 'स्वर्णविहान' (१९३०), किंतु यह पहले वाली रचनाओं से कुछ अधिक कलापूर्ण है।

१४. प्रगतिशील—इधर कुछ दिनों से सामयिक तथा राष्ट्रीय कविताधारा का विकास एक नई ओर हो रहा है। सुमित्रानंदन पंत का 'युगान्त' (१९३७) इस प्रकार की रचनाओं में कदाचित् सबके पहले आता है। उन की 'युगवाणी' (१९३९) और पुन: उनकी 'ग्राम्या'

(१९४०) इस नवीन परंपरा की अन्य प्रारंभिक कृतियाँ हैं। इन समस्त कृतियों में पहले की कृतियों की अपेक्षा एक बड़ी विशेषता है : वह यह है कि राष्ट्रीयता कविता का विषय नहीं है वरन् कविता के संबंध में दृष्टिकोण ही बदला हुआ है ; कविता राष्ट्र और मानव का प्रतीक बन गई है, और राष्ट्रीयता और मानवता ही कविता बनकर सामने आई है। श्रीमन्नारायण अग्रवाल के 'रोटी का राग' (१९३७) और 'मानव' (१९४०) में संकलित प्रगतिवाद की कविताएँ तथा सियारामशरण गुप्त का 'उन्मुक्त' (१९४१), जिसमें जीवन में अहिंसा की आवश्यकता का प्रतिपादन किया गया है, भी इसी कोटि में रक्खी जा सकती हैं। इस नवीन परंपरा का भविष्य उज्ज्वल ज्ञात होता है।

१५. **सामाजिक**—सामाजिक रचनाओं की परंपरा इस काल में अधिकाधिक शिथिल होती गई। प्रारंभ में नाथूराम 'शङ्कर' शर्मा के 'शङ्कर-सरोज' (१९१३ द्वितीय) तथा 'अनुरागरत्न' (१९१३) में आर्य-समाज की कलाविहीन रचनाएँ मिलती हैं। कुछ और आगे बढ़ने पर अमीरअली 'मीर' की एक रचना 'बूढ़े का ब्याह' (१९१४) में सामान्य कला के दर्शन होते हैं। कला की दृष्टि से अपेक्षाकृत कुछ अधिक सफल रामचरित उपाध्याय की 'सूक्ति-मुक्तावली' (१९१५), तथा अयोध्यासिंह उपाध्याय कृत 'कर्मवीर' (१९१६) है। गिरिजादत्त शुक्ल के 'रसालबन' (१९२०) की गणना भी—जिसमें कतिपय सामाजिक कहानियाँ दी हुई हैं--इसी परंपरा में की जा सकती है।

१६. **विनोद-व्यंग्य**—विनोद और व्यंग्यपूर्ण रचनाएँ भी अधिक नहीं मिलती, पर वे पिछले युग की रचनाओं की अपेक्षा प्रायः अधिक कलापूर्ण हैं। [श्री नारायण चतुर्वेदी ?] का 'चोंच महाकाव्य' (१९१७), बलभद्र दीक्षित का 'चकल्लस' (१९३३), 'बेढब बनारसी' की 'बेढब की बहक' (१९३९) तथा [श्रीनारायण चतुर्वेदी ?] की 'छेड़छाड़' (१९४२) इसी धारा की रचनाएँ हैं।

१७. **प्रकृति-चित्रण**—पिछले युग की ऋतु-वर्णन की परंपरा इस युग के प्रारंभ तक चलती रही। उसकी तीन उल्लेखनीय रचनाएँ

हैं प्रयागनारायण मिश्र कृत 'ऋतु-काव्य' (१९१०), अयोध्यासिंह उपाध्याय कृत 'ऋतु-मुकुर' (१९१७) तथा श्रीधर पाठक का 'वनाष्टक' (१९१२)। किंतु, काव्यकला के विकास के साथ-साथ प्रकृति-वर्णन कुछ नवीनता के साथ हमारे सामने आया। जगन्नारायण देव शर्मा के 'मधुप' (१९२३) में मधुकर को संबोधित करके कही गई उनकी कविताओं का संकलन है। विद्याभूषण विभु का 'चित्रकूट-चित्रण' (१९२५) भी प्रकृति-चित्रण का सुंदर काव्य है। श्यामाकांत पाठक की 'उषा' (१९२५) और दरब खाँ के 'प्रकृति-सौन्दर्य' (१९२९) के विषय स्पष्ट ही हैं। किंतु यह परंपरा नितांत गतिहीन दिखाई पड़ रही है। कोई भी महत्वपूर्ण रचना १९२९ के अनंतर नहीं दिखाई पड़ी।

१८. **रहस्यवाद का काव्य**—नवयुग की सबसे अधिक विकसित परंपरा स्फुट काव्य की है। प्रारंभ के आठ-सात वर्षों तक यह परंपरा यद्यपि अनेक अंशों में पिछले युग के स्फुट मुक्तकों की प्रवृत्तियों को लिए हुई चलती रही, पर इससे वह असंतुष्ट सी ही रही, और इसने शीघ्र अपना नया मार्ग खोज निकाला। इस नए पथ की सब से बड़ी विशेषता एक काल्पनिक सर्वचेतनवाद थी, और चेतना की वह कल्पना प्रायः प्रणय-व्यापारों के रूप में हुई। समस्त सृष्टि को इस परंपरा के कवियों ने सचेतन अनुभव करने का प्रयास किया, यद्यपि उनका यह अनुभव अधिकांश उनके अपने प्रेम का प्रतिबिंब मात्र था। उनके चित्त की वृत्तियाँ जितनी ही व्यापक या जितनी ही संकुचित थीं—उनका प्रेम जितना ही दिव्य अथवा जितना ही वासनापूर्ण था—उसी के अनुरूप उन्होंने सृष्टि के समस्त व्यापारों में उस चेतना का दर्शन किया। इस दिशा में और आगे बढ़े तो उन्होंने अमूर्त पदार्थों में भी उसी चेतना का आरोप किया : उनकी कल्पना ने मानसिक तत्त्वों और व्यापारों को भी एक सजीवता प्रदान कर दी। अभिलाषाएँ करवट बदलने लगीं, व्यथा सोने और जागने लगी, 'अश्रु में जीता सिसकता गान' मिलने लगा। पर यहाँ तक 'छायावाद' का क्षेत्र था। 'रहस्यवाद' के क्षेत्र में पहुँचने पर उन्होंने उस व्यापक अमूर्त सत्ता को मूर्त्त मानव का रूप

दिया जो समस्त चेतना के मूल में मानी जाती है, यद्यपि यह कोई नया देश नहीं था, पर मार्ग नया अवश्य था। वह पुराना सूफ़ी-साधना या भक्ति का मार्ग नहीं था, मार्ग था 'छायावाद' का ही। जब उन्होंने समस्त अमूर्त पदार्थों को मूर्त्त रूप देना चाहा तब यह अमूर्त सत्ता कैसे बच सकती थी ?

भाषा में तो इस नई प्रवृत्ति के कारण एक नया जीवन आ गया। इस काल्पनिक सर्वचेतनवाद ने धीरे-धीरे भाषा में वह विशेषता उत्पन्न कर दी जिसे 'लाक्षणिकता' कहा जाता है। इस भाषा-शैली का सहयोग पाकर अमूर्त जगत् और भी मूर्त्त तथा निर्जीव सृष्टि और भी सजीव हो उठी।

इस परंपरा की एक और विशेषता है 'वेदनावाद', और इस दृष्टि से भी यह काव्य-परंपरा महत्वपूर्ण है। हमारी सारी परवशता, विवशता, और अवशता ने एक गहरी छाया हमारे जीवन पर डाली है। जब इस जीवन में दुःख और वेदना के अतिरिक्त कुछ है ही नहीं तो हम उसी से प्रेम क्यों न करें ? उसी को अपनी सम्पत्ति क्यों न समझें ? हाँ, कभी-कभी हमने सुख के भी गीत गाये हैं, परिवर्तन और क्रांति के भी आलाप भरे हैं, किंतु कदाचित् उन क्षणों में हमें अपनी वास्तविकता का स्मरण न था। हमारे सच्चे गान तो वे ही हैं जिनमें हमारा मूक रुदन हिलोरें मार रहा है। आखिर हम खुल कर रो भी तो नहीं सकते !

युग के पूर्वार्द्ध में इस प्रकार की कविता का सूत्रपात भर हुआ, किंतु, उत्तरार्द्ध में इस वर्ग की कविता-पुस्तकों का इतना बाहुल्य हुआ कि केवल अत्यंत प्रमुख कृतियों का ही उल्लेख यहाँ संभव है। वे हैं: जयशंकर 'प्रसाद' के 'काननकुसुम' (१९१३) तथा 'चित्राधार' (१९१८), लोचनप्रसाद शर्मा का 'प्रवासी' (१९१४), मुकुटधर पांडेय का 'पूजा-फूल' (१९१६), ईश्वरीप्रसाद शर्मा का 'सौरभ' (१९२१), सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की 'अनामिका' (१९२३), रूपनारायण पांडेय का 'पराग' (१९२४), मोहनलाल महतो का 'निर्माल्य'

१६२६), रामनाथलाल 'सुमन' की 'विपञ्ची' (१६२६), सुमित्रानंदन [ ] के 'पल्लव' (१६२७) और 'वीणा' (१६२७), मोहनलाल महतो [ ] 'एक तारा' (१६२७), रामनरेश त्रिपाठी की 'मानसी' (१६२७), [ ]भक्त सिंह का 'कुसुमकुञ्ज' (१६२७), जयशंकर 'प्रसाद' का 'झरना' [ ]१६२७ द्वितीय), सियारामशरण गुप्त की 'आर्द्रा (१६२८), आनंदि[ ]साद श्रीवास्तव का 'उषाकाल' (१६२८), जगदीश झा 'विमल' की [ ]छाया' (१६२८), गोपालशरण सिंह की 'माधवी' (१६२६), [ ]ांतिप्रिय द्विवेदी का 'नीरव' (१६२६), विद्याभूषण विभु की 'ज्योत्स्ना' [ ]१६२६), सियारामशरण गुप्त का 'दूर्वादल' (१६२६), महेन्द्र [ ]ास्त्री की 'हिलोर' (१६२६), मैथिलीशरण गुप्त की 'झंकार' (१६२६), [ ]र्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का 'परिमल' (१६३०), महादेवी वर्मा का [ ]नीहार' (१६३०), मंगलप्रसाद विश्वकर्मा की 'रेणुका' (१६३१), [ ]ुभद्राकुमारी चौहान का 'मुकुल' (१६३१), रामकुमार वर्मा की [ ]अञ्जलि' (१६३१), बालकृष्ण राव की 'कौमुदी' (१६३१), हरिकृष्ण [ ]प्रेमी' का 'अनंत के पथ पर' (१६३१), सुमित्रानंदन पंत का 'गुञ्जन' [ ]१६३२), भगवतीचरण वर्मा का 'मधुकण' (१६३२), महादेवी [ ]र्मा की 'रश्मि' (१६३२), हरिवंशराय 'बच्चन' का 'तेरा हार' (१६३२), [ ]नार्दनप्रसाद झा 'द्विज' की 'अनुभूति' (१६३३), रामकुमार वर्मा की [ ]रूपराशि' (१६३३), रामेश्वरी देवी 'चकोरी' का 'किञ्जल्क' (१६३३) [ ]रेन्द्र का 'शूल-फूल' (१६३४), तारा पांडेय का 'सीकर' (१६३४), [ ]त्नकुमारी देवी का 'अंकुर' (१६३४), सियारामशरण गुप्त का 'पाथेय' (१६३४), महादेवी वर्मा की 'नीरजा' (१६३४), आनंदकुमार का 'मधुवन' (१६३५), जयशंकर 'प्रसाद' की 'लहर' (१६३५), मोहनलाल महतो की 'कल्पना' (१६३५), हरिवंशराय 'बच्चन' की 'मधुशाला' (१६३५), रामकुमार वर्मा की 'चित्ररेखा' (१६३५), रामधारी सिंह 'दिनकर' की 'रेणुका' (१६३५), बालकृष्ण राव का 'आभास' (१६३५), हरिवंशराय 'बच्चन' की 'मधुबाला' (१६३६), नरेन्द्र का 'कर्णफूल' (१६३६), महादेवी वर्मा का 'सांध्यगीत' (१६३६), सूर्यकांत

त्रिपाठी 'निराला' की 'गीतिका' (१९३६), तारा पांडेय का 'शुक-पिक' (१९३७), इलाचन्द्र जोशी की 'विजनवती' (१९३७), भगवतीचरण वर्मा का 'प्रेम-संगीत' (१९३७), हरिवंशराय 'बच्चन' का 'मधु-कलश' (१९३७), रामकुमार वर्मा की 'चन्द्रकिरण' (१९३७), गोपालशरण सिंह की 'कादंबिनी' (१९३७), आनन्दकुमार का 'पुष्पवाण' (१९३८), गोपालशरण सिंह की 'मानवी' (१९३८), रामेश्वर शुक्ल 'अञ्चल' की 'मधूलिका' (१९३८), हरिवंशराय 'बच्चन' का 'निशा-निमंत्रण' (१९३८), आरसीप्रसाद सिंह का 'कलापी' (१९३८), आनन्दकुमार 'सारिका' (१९३९), गोपालशरण सिंह की 'संचिता' (१९३९), रामेश देवी चकोरी का 'मकरंद' (१९३९), राजेश्वर गुरु की 'शेफाली' (१९३ उदयशंकर भट्ट की 'मानसी' (१९३९), 'सुदर्शन' की 'झं (१९३९), रामेश्वर शुक्ल 'अञ्चल' की 'अपराजिता' (१९३९ अनूपशर्मा की 'सुमनाञ्जलि' (१९३९), तोरनदेवी शुक्ल 'लली' 'जागृति' (१९३९), उदयशंकर भट्ट का 'विसर्जन' (१९३९), हरिवं-राय 'बच्चन' का 'एकांत संगीत' (१९३९), महादेवी वर्मा की 'याम (१९४०), जिसमें उसके प्रकाशन तक की कवियित्री की समस्त काव्य-रचनाओं का संग्रह हुआ है, नरेन्द्र का 'पलाशवन' (१९४० सुमित्रानंदन पंत की 'पल्लविनी' (१९४०), 'हरिकृष्ण प्रेमी' 'अग्निगान' (१९४०), गोपालशरण सिंह की 'सुमना' (१९४१ रामेश्वर शुक्ल 'अञ्चल' की 'किरण-वेला' (१९४१), उपेन्द्रनाथ 'अ की 'ऊर्मियाँ' (१९४१), भगवतीप्रसाद बाजपेयी की 'ओस के [१९४१ ?], माखनलाल चतुर्वेदी की 'हिम-किरीटिनी' (१९४१ महादेवी वर्मा की 'दीपशिखा' (१९४२) तथा हृदयनारायण 'हृदयेश' की 'सुषमा' (१९४२)। इस परंपरा में जीवन यथेष्ट है, इसलिए आ है कि अभी और भी सत्साहित्य इसमें निर्मित होगा।

केवल ब्रजभाषा की कुछ कृतियों का उल्लेख करना शेष है। य कृतियाँ प्रायः अपने पुराने आदर्शों पर ही चलती रहीं, नवयुग के वादों ने इन पर कोई असर नहीं किया। या तो यह रीतिकालीन रहीं, और

ः आगे बढ़ीं भी तो पिछले युग की उन रचनाओं के समकक्ष आईं उस युग के ध्यान से प्रगतिशील कहला सकती हैं। सबसे प्रमुख नाएँ इस श्रेणी में हैं : सत्यनारायण कविरत्न की 'हृदय-तरङ्ग' ९२०), दुलारेलाल भार्गव की 'दुलारे-दोहावली' (१९३४), रामे-र शुक्ल 'करुण' की 'करुण-सतसई' (१९३४), हरिशरण मिश्र का तक' (१९३६), उमाशंकर वाजपेयी की 'ब्रजभारती' (१९३६) तथा र कृष्णदास की 'ब्रज-रज' (१९३६)। इस परंपरा में जीवन की एक ांति परिलक्षित होती है, और इसलिए इसका भविष्य प्रायः अन्धकार ाूर्ण ही ज्ञात होता है। केवल एक रचना प्रमुख रूप से इससे सर्वथा न्न प्रवृत्ति की है : हरिप्रसाद 'वियोगी हरि' की 'वीर-सतसई' (१९२७) स्फुट काव्य के रूप में ऐतिहासिक महापुरुषों की वीरगाथा का गान रती है।

कविता ने इस युग में बड़ा विकास किया, और यदि ध्यानपूर्वक खा जावे तो अपने युग की भावनाओं के जितना निकट यह रही उतना ई भी साहित्य-रूप नहीं रहा—बल्कि कहना यह चाहिए कि बहुधा ह अपने समय से आगे भी रही। पिछले युग में इसकी जो दशा रही से देखते हुए इसे क्रांति ही कहना होगा।

उपन्यास

इस काल के उपन्यास-साहित्य को भी पिछले काल के उपन्यास-ाहित्य की भाँति चार वर्गों में विभाजित कर सकते हैं : १. सामाजिक, २. ऐतिहासिक ३. ऐयारी-तिलस्मी और ४. जासूसी। और उसी प्रकार, ामाजिक उपन्यासों के इस काल में भी चार भेद कर सकते हैं :

(अ) उद्देश्य-प्रधान, (आ) रस-प्रधान, (इ) वस्तु-प्रधान था (ई) चरित्र-प्रधान। इन्हीं शीर्षकों में हम उपन्यास-साहित्य का अध्ययन करेंगे।

१. (अ) **उद्देश्य-प्रधान**—आलोच्यकाल में उद्देश्य-प्रधान उप-यासों में पहले के ७-८ वर्षों तक पिछले ही युग की परंपरा चलती

रही। ईश्वरीप्रसाद शर्मा का 'स्वर्णमयी' (१६१०), जो इस युग के प्रारंभिक उपन्यासों में से है, एक आदर्शवादी सामाजिक है। रामनरेश त्रिपाठी का 'मारवाड़ी और पिशाचिनी' (१६१२) मारवाड़ी-समाज के सुधार के लिए लिखा गया है। ओंकारनाथ के 'शांता' तथा 'लक्ष्मी' (१६१२ तृतीय) आदर्श-गार्हस्थ्य जीवन की समस्या लेकर लिखे गए हैं। शिवनाथ शर्मा का 'मिस्टर व्यास की कथा' (१६१३) हास्य-व्यंग्य प्रधान है। जगतचंद रमोला के 'सत्य-प्रेम' (१६१३) की उद्देश्य-प्रधानता स्वतः स्पष्ट है। योगेन्द्रनाथ का 'मानवती' (१६१४) मद्यपान पर एक बड़ा उपन्यास है। लज्जाराम शर्मा का 'आदर्श हिंदू' (१६१५) समाज-सुधार के लिए लिखा गया है। हरस्वरूप पाठक का 'भारत-माता' (१६१५) राष्ट्रीयता के दृष्टिकोण से लिखा गया है। ब्रजनंदन सहाय ने 'अरण्य-बाला' (१६१५) में भारतीय जीवन-आदर्शों की श्रेष्ठता प्रमाणित करने का यत्न किया है। चाँदकरण सारडा का 'कॉलेज होस्टल' (१६१६) एक रूपकात्मक उपन्यास है जिसमें रूपक के द्वारा कॉलेज-जीवन के सुधार का प्रयत्न किया गया है। श्रीकृष्ण मिश्र के 'प्रेम' (१६१७) में प्रेम का आदर्श उपस्थित करने का यत्न हुआ है। राधिकाप्रसाद सिंह अखौरी के 'मोहिनी' (१६१८) में यह दिखालने का यत्न किया गया है कि हमारे चरित्र पर संगति का कितना अधिक प्रभाव पड़ा करता है।

यहाँ तक के उद्देश्य-प्रधान उपन्यासों में उद्देश्य इतना प्रधान है कि चरित्रों अथवा समाज का जो चित्र हमारे सामने इन उपन्यासों के द्वारा आता है वह प्रायः विकृत और कृत्रिम-सा ज्ञात होता है। किन्तु उपन्यास-क्षेत्र में प्रेमचंद के आविर्भाव के साथ ऐसी कलापूर्ण कृतियाँ आने लगीं जिनमें हमारे सामाजिक जीवन की समस्याएँ समाज की वास्तविक परिस्थितियों के बीच में उपस्थित होने लगीं। एक और अंतर भी उपस्थित हुआ : अब तक समाज की अत्यंत साधारण समस्याएँ ही उपन्यास-लेखकों का विषय बनती थीं; प्रेमचंद ने समाज की गंभीर समस्याओं को हाथ में लिया, और उनका ऐसा समाहार किया कि वे उद्देश्य-

प्रधान उपन्यासों की रचना में अपना प्रतिद्वंद्वी नहीं रखते। प्रेमचंद के पहले हिन्दी उपन्यास 'सेवासदन' (१६१८) में यह दिखलाया गया है कि हिन्दू-समाज की कुछ अक्षम्य त्रुटियों के कारण उसके मध्यवर्ग के परिवारों की स्त्रियों का पतन कितना भयानक हो सकता है। जगह-जगह पर लेखक उपदेशक भी बन गया है, यह अवश्य उसकी एक बड़ी त्रुटि है। दुर्गाप्रसाद खत्री का 'बलिदान' (१६१८) पिछली परंपरा की रचना है। उसमें यह दिखलाया गया है कि अपने चरित्रहीन पति की रक्षा के लिए स्त्री किस कोटि का आत्म-बलिदान करती है। प्रेमचंद के 'प्रेमा-श्रम' (१६२२) में अन्य विषयों के साथ ज़मींदार-समस्या का एक हल उपस्थित करने का यत्न किया गया है। नित्यानंद देव के 'भाई-भाई' (१६२४) में भ्रातृ-भाव का आदर्श उपस्थित करने का यत्न किया गया है। रामनरेश त्रिपाठी का 'लक्ष्मी' (१६२४) गार्हस्थ्य-जीवन का एक उपदेशप्रद उपन्यास है। नवजादिकलाल श्रीवास्तव के 'शांति-निके-तन' (१६२४) में भारतीय रहन-सहन तथा शिक्षा-प्रणाली का समर्थन किया गया है। श्रीनाथ सिंह का 'क्षमा' (१६२५) विवाहित जीवन से संबंध रखता हुआ इसी श्रेणी का उपन्यास है। शिवपूजनसहाय का 'देहाती दुनिया' (१६२६) हमारे देहातों की समस्याओं तथा उनकी शोचनीय दशा का चित्रण करता है। प्रेमचंद का इस परंपरा का एक और उपन्यास 'कायाकल्प' (१६२६) बहु-विवाह की बुराइयाँ चित्रित करता है। गङ्गाप्रसाद (जी० पी) श्रीवास्तव ने 'गङ्गा-जमुनी' (१६२७) में हमारे समाज के कुछ संपन्न चरित्रों की उस मधुपवृत्ति का परिहास किया है जिसका परिचय अनेक नायि-काओं के साथ नायकों के प्रेम-व्यापारों में मिला करता है। भग-वतीप्रसाद वाजपेयी की 'मीठी चुटकी' (१६२७) में हिन्दू-विवाह-व्यवस्था का समर्थन किया गया है। राजेश्वरप्रसाद सिंह के 'मंच' (१६२८) में वेश्यावृत्ति की बुराइयाँ बतलाई गई हैं। प्रेमचंद के 'निर्मला' (१६२८) में अनमेल विवाह की बुराइयाँ सामने लाई गई हैं। तेजरानी दीक्षित का 'हृदय का काँटा' (१६२८) हिंदू विधवाओं

की असहाय दशा का चित्रण करता है। भगवतीप्रसाद वाजपेयी का 'अनाथ पत्नी' (१९२८) भी समाज की एक बुराई को लेकर लिखा गया है। प्रेमचंद का 'प्रतिज्ञा' (१९२९) हिंदू-समाज की विधवा-समस्या पर विचार उपस्थित करता है। विश्वंभरनाथ शर्मा के 'मा' (१९२९) में माता के अनुचित तथा उचित मात्रा में स्नेह के प्रभावों का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। जयशंकर 'प्रसाद' का आगमन उपन्यास-क्षेत्र में 'कंकाल' (१९२९) के साथ इसी समय होता है। 'कंकाल' में 'प्रसाद' जी ने हमारे नागरिक जीवन को लेते हुए हिंदू-समाज के धार्मिक दंभ और आचार के ढोंग की पोल खोलकर यह दिखलाने का प्रयत्न किया है कि इसकी आड़ में हमारे समाज के निरपराध स्त्री-वर्ग पर कितना भीषण अत्याचार होता रहता है। ऋषभ-चरण जैन के 'वेश्यापुत्र' (१९२९), और इसी प्रकार प्रफुल्लचंद्र ओझा के 'पाप और पुण्य' (१९३०) की समस्याएँ उनके नामों से ही प्रकट हैं। गङ्गाप्रसाद (जी० पी०) श्रीवास्तव का 'लतखोरीलाल' (१९३१) समाज के एक विकृत 'टाइप' का परिहास करता है। ऋषभचरण जैन के 'सत्याग्रह' (१९३०) की समस्या-प्रधानता स्पष्ट है। उनका 'भाई' (१९३१) भ्रातृभाव का विषय लेकर लिखा गया है। ज़हूरबख्श का 'स्फुलिंग' (१९३१) समाज-सुधार के दृष्टि-कोण से लिखा गया है। प्रफुल्लचंद्र ओझा के 'तलाक़' (१९३२) की समस्या स्वतः प्रकट है। भगवतीप्रसाद के 'त्यागमयी' (१९३२) तथा शिवरानी देवी के 'नारी-हृदय' (१९३२) स्त्री-जाति की त्याग और अनुरागपूर्ण प्रकृति का विकास चित्रित करते हैं। प्रेमचन्द के 'कर्मभूमि' (१९३२) में भारत के किसान और मज़दूरवर्ग के ऊपर होने वाले अन्यायों की कथा है, और हमारी बहुतेरी सार्वजनिक संस्थाओं में किस प्रकार बुराइयाँ भरी पड़ी हैं यह उसमें अंकित किया गया है। कन्हैयालाल का 'हत्यारे का ब्याह' (१९३३) भी समाज की एक विकृति को लेकर लिखा गया है। चंद्रशेखर शास्त्री का 'विधवा के पत्र' (१९३३) वैधव्य जीवन को विषय बनाकर पत्रों के रूप में कथा का विकास करता है। भगवती-

प्रसाद वाजपेयी के 'प्रेम-निर्वाह' [१९३४ ?] की समस्या स्पष्ट ही है। जयशंकर 'प्रसाद' के 'तितली' (१९३४) में ग्रामीण जीवन को लेकर सामाजिक समस्याओं के चित्र खींचने का प्रयास किया गया है। प्रेमचन्द का 'गोदान' (१९३६), जो कला की दृष्टि से उनकी सबसे सफल रचना मानी जाती है, ग्रामीण और नागरिक जीवन की तुलना उपस्थित करता है। गङ्गाप्रसाद (जी० पी०) श्रीवास्तव का 'स्वामी चौखटानंद' (१९३६) समाज के ढोंगी महात्माओं का उपहास करता है। भगवतीप्रसाद वाजपेयी का 'पतिता की साधना' (१९३६) हिंदू-नारी-जीवन का एक अध्ययन उपस्थित करने का प्रयास करता है। धनीराम प्रेम का 'मेरा देश' (१९३६) पुकार कर कहता है कि वह राष्ट्रीय भावनाओं से लिखा गया है। राधिकारमणप्रसाद सिंह का 'राम-रहीम' (१९३७) हिन्दू-मुसलमान ऐक्य के दृष्टिकोण से लिखा गया है। श्रीनाथ सिंह का 'जागरण' (१९३७) असहाय कृषकवर्ग तथा अछूतों की कठिनाइयों का चित्रण करता है। राहुल सांकृत्यायन का 'सोने की ढाल' (१९३७) उपदेश-प्रधान सामाजिक है। सियाराम-शरण का 'नारी' (१९३८) नारी-जाति की स्वभाव-सुलभ कोमलता और स्नेहपूर्णता का आदर्शपूर्ण चित्रण करता है। गोविंदवल्लभ पन्त के 'जूनिया' (१९३८) में भारत की अछूत-समस्या को लेकर विचार किया गया है। भगवतीप्रसाद वाजपेयी का 'दो बहनें' (१९४०) स्त्रियों के लिए आधुनिक शिक्षा-प्रणाली तथा सभ्यता की अनुपयुक्तता का चित्रित करता है। राधिकारमणप्रसाद सिंह का नया उपन्यास 'पुरुष और नारी' (१९४०) उक्त आदिम समस्या पर विचार करता है। इन्द्रविद्या-वाचस्पति के 'ज़मीदार' (१९४२) का विषय प्रकट ही है।

१ (आ) **रस-प्रधान**—पिछले युग के शृङ्गारपूर्ण उपन्यासों की परंपरा इस काल के प्रारंभ के सात-आठ वर्षों तक अक्षुण्ण चलती रही। किशोरीलाल गोस्वामी का 'माधवी-माधव' (१९०९) इसी प्रकार की रचना है। झाबरमल्ल दारु का 'चंद्रकुमारी' (१९१०), परानमल सारस्वत ओझा का 'चपला' (१९१०), काशीप्रसाद का 'गौहर जान' (१९११),

जगन्नाथ मिश्र का 'मधुप-लतिका' (१९१२), कृष्णलाल वर्मा का 'चंपा' (१९१६), शिवनारायण द्विवेदी का 'चंपा' (१९१८), तथा कृष्णलाल गोस्वामी का 'माधवी' (१९१८) प्रेम की उसी परिपाटी का प्रतिपादन करते हैं।

प्रेम की बहुमुखी व्यंजना का प्रारंभ अब हुआ। रामगोपाल मिश्र का 'माया' (१९१७) इस प्रकार के प्रारम्भिक उपन्यासों में से है: इसमें एक दुखान्त प्रेम-कथा का विकास किया गया है। चतुरसेन शास्त्री का आविर्भाव उपन्यास-जगत् में इसी समय होता है। उनके उपन्यासों में प्रेम का चित्रण प्रायः विषम सामाजिक परिस्थितियों में होता है। उनकी इस प्रकार की पहली रचना 'हृदय की परख' (१९१८) मिलती है, जिसमें एक चरित्रहीन पति की कथा है। उनका 'व्यभिचार' (१९२४) भी इसी प्रकार प्रेम-संबंधिनी एक सामाजिक विकृत का निरूपण करता है। उनकी 'अमर अभिलाषा' (१९३३) में वैधव्य की करुण प्रेम-कथा है। उनके 'आत्मदाह' (१९३६) में भी इसी प्रकार प्रेम की एक सामाजिक समस्या है। उनकी इस प्रणाली की सबसे आधुनिक रचना 'नीलमती' (१९४०) है। ये समस्त रचनाएं उतनी ही उद्देश्य-प्रधान हैं जितनी रस-प्रधान, केवल शृंगार का चित्रण इतना गहरा हुआ है कि पाठक पर लेखक के उद्देश्य का इतना प्रभाव नहीं पड़ सकता जितना इस शृंगार का, इसीलिए इनकी गणना रस-प्रधान उपन्यासों में करनी चाहिए।

बेचन शर्मा 'उग्र' ने भी अपने चित्र समाज से लिए हैं: उनके 'चंद हसीनों के खतूत' (१९२७) में एक हिंदू युवक तथा एक मुसलमान कन्या का प्रगाढ़ प्रेम चित्रित हुआ है। भारत की हिन्दू-मुस्लिम समस्या का एक हल भी इसमें सन्निहित ज्ञात होता है। उनका दूसरा उपन्यास 'दिल्ली का दलाल' (१९२७) हिंदू समाज की कन्याओं और युवती स्त्रियों के क्रय-विक्रय की संस्थाओं के हथकंडों का चित्रण करता है। 'बुधुआ की बेटी' (१९२८) समाज में अवैध प्रेम की विविधरूपता का दिग्दर्शन कराता है। 'शराबी' (१९३०) में मैख़ानों, ताड़ीखानों, और वेश्यालयों के घृणित जीवन का चित्रण है। उनका 'घंटा'

(१९३७) समाज के ढोंगों का चित्रण करता है। उनका सबसे आधुनिक उपन्यास 'सरकार तुम्हारी आँखों में' (१९३७) समाज की एक अन्य वासनापूर्ण प्रवृत्ति का चित्रण करता है। इन चित्रों में एक ऐसा नग्न और उग्र प्रकार का श्रृंगार मिलता है जिसके कारण पाठक का ध्यान सामाजिक विकृति की ओर जाने ही नहीं पाता, और उन नग्न चित्रों के आस्वादन में लग जाता है। ऐसी दशा में यह समझना कि किसी भी प्रकार से यह साहित्य समाज को ऊँचा उठाने के लिए लिखा गया है भ्रम-मात्र होगा।

'निराला' जी के भी उपन्यास लगभग इसी प्रणाली के ज्ञात होते हैं, यद्यपि वे इतने उग्र नहीं हैं। उनके 'अप्सरा' (१९३१), 'अलका' (१९३३), 'लिली' (१९३३) तथा 'निरुपमा' (१९३६) में स्त्री-चरित्र बड़े गहरे रंग से चित्रित हुए हैं। 'अप्सरा' में उन्होंने वाराङ्गना-समाज के चित्र दिए हैं।

एक प्रणाली प्रेमपूर्ण उपन्यासों की 'गीतिप्रधान' है, जिसमें उद्दाम प्रेम की व्यंजना कवित्वपूर्ण शैली में की गई है। ब्रजनंदन सहाय का 'सौंदर्योपासक' (१९१९) इस प्रकार की पहली रचनाओं में से है। इसमें उपन्यास-तत्व नाममात्र को है। चण्डीप्रसाद 'हृदयेश' की रचनाएँ भी इसी कोटि में आती हैं, यद्यपि उनका प्रेम कोई व्यक्तिगत वस्तु नहीं है, वह लोक-मंगल की भावना से परिप्लुत है। उनकी 'मनोरमा' (१९२४) तथा 'मङ्गल प्रभात' (१९२६) इसी प्रकार के उपन्यास हैं।

गोविंदवल्लभ पंत के भी कुछ उपन्यास इसी कोटि में रक्खे जा सकते हैं। उनके 'प्रतिमा' (१९३४) में प्रेम के आदर्श चित्रों की सृष्टि हुई है। वृंदावनलाल वर्मा के भी कुछ सामाजिक उपन्यास हैं, जिनमें 'प्रेम की भेंट' (१९३१) और 'कुण्डलीचक्र' (१९३२) प्रमुख हैं। इनमें प्रेम का विकास कथावस्तु के घटनात्मक विकास के साथ-साथ चित्रित हुआ है।

पुरानी परिपाटी के प्रेम-प्रधान उपन्यासों की सृष्टि इस विकास-काल में भी थोड़ी-बहुत होती रही, यद्यपि साहित्य के इतिहास में उनका कोई

महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। किशोरीलाल गोस्वामी का 'अँगूठी का नगीना' (१९१८), अंबिकाप्रसाद चतुर्वेदी का 'कोहेनूर' (१९१९), जय-गोपाल लाला का 'भयानक तूफ़ान' (१९१९), शिवदास गुप्त का 'उषा' (१९२५), चन्द्रभूषण का 'नरेन्द्रमालती' (१९२८) तथा ऋषभचरण के अनेक उपन्यास इसी प्रणाली के हैं। इनमें आधुनिक युग की विकसित उपन्यास-कला की तुलना में उस ढंग की औपन्यासिकता है जिसे 'सस्ती' कहा जा सकता है।

१. (इ) **वस्तु-प्रधान**—आलोच्यकाल में वस्तुप्रधान सामाजिकों में यथेष्ट उन्नति नहीं हुई, प्रारंभ में आनेवाली रचनाओं में से रामचीज़ सिंह का 'वन-विहंगिनी' (१९०९) उल्लेखनीय है। इसमें कोल-जीवन का चित्रण किया गया है। जमुनाप्रसाद का 'दुर्भाग्य-परिवर्तन' (१९१२) घटना-प्रधान है। गोपालराम गहमरी के 'अर्थ का अनर्थ' (१९१३) तथा 'प्रेमभूल' (१९१४) भी इसी कोटि में रक्खे जा सकते हैं। राधिकारमणप्रसाद सिंह का 'तरङ्ग' (१९२१) तत्कालीन राजनीतिक तथा सामाजिक परिस्थितियों का चित्रण करता है। जगदीश झा का 'आशा पर पानी' (१९२५) भी घटना-प्रधान है। शिवनाथ शास्त्री का 'मझली बहू' (१९२८) पुराने ढंग का वस्तु-प्रधान सामाजिक है। विश्वनाथ सिंह शर्मा के 'कसौटी' (१९२९) में ग्रामीण जीवन का चित्रण किया गया है। शंभुदयाल सक्सेना का 'बहू-रानी' (१९३०) हिन्दू गार्हस्थ्य जीवन से संबंध रखता है। राहुल सांकृत्यायन का 'बीसवीं सदी' (१९३१) इस युग के जीवन का चित्रण करता है। उनके 'जादू का मुल्क' (१९३८) की वस्तु-प्रधानता स्पष्ट है। उनका 'जीने के लिए' (१९४०) आधुनिक युग के जीवन की एक दुःखांत कथा है। विमलाकुमारी के 'अभिनेत्री जीवन के अनुभव' (१९३९) में सिनेमा घरों के दूषित वातावरण का चित्रण है।

१. (ई) **चरित्र-प्रधान**—आलोच्यकाल में चरित्र-प्रधान उपन्यासों में बड़ा विकास हुआ। ब्रजनंदनसहाय का 'राधाकांत' (१९१२), जो अंशतः गिरीशचन्द्र घोष के बंगला उपन्यास 'बंगाल' के आधार पर

खा गया है, चरित्र-प्रधान है। इसमें चरित्र की उस विशेषता का कास किया गया है जिसे 'लगन' कहते हैं। मन्नन द्विवेदी के 'रामलाल' १९१७) तथा 'कल्याणी' (१९२१) की भी गणना चरित्र-प्रधान न्यासों में की जा सकती है। इनके चरित्रों में यद्यपि व्यक्तित्व का कास नहीं हुआ है पर बहुत से सफल रेखाचित्र इनमें हमें मिल जाते । 'रामलाल' में द्विवेदी जी ने संयुक्त प्रांत के पूर्वीय ज़िलों के ग्रामीण वन का यथातथ्य परिचय इन रेखा-चित्रों के सहारे दिया है। अवध-रायण का 'विमाता' (१९२३ द्वितीय) सौतेली माँ के चरित्र का र विकास उपस्थित करता है। प्रेमचंद का आगमन उपन्यास-क्षेत्र में ापि कई वर्ष पूर्व हो चुका था, तथापि 'रंगभूमि' (१९२५) के पूर्व ले उनके उपन्यास उद्देश्य-प्रधान ही हैं, उन्हें चरित्र-प्रधान कहना ठीक होगा। उनका पहला वास्तविक चरित्र-प्रधान उपन्यास 'रंगभूमि' ही । इसके नायक अंधे सूरदास का जीवन के प्रति एक विशेष दृष्टि-कोण ; वह जीवन को एक खेल समझता है, और संसार को एक रंगभूमि, ासमें सभी अपना-अपना 'पार्ट' खेलते हैं। हार-जीत कोई चीज़ नहीं। चा खिलाड़ी वही है जो इस हार-जीत पर निर्विकार चित्त रहता है; ा तो जीतनेवाले से कीना नहीं रक्खा, जीता तो हारनेवालों पर तालियाँ हीं बजाईं; जिसने खेल में सदैव नीति का पालन किया। सूरदास में सी चरित्रता का विकास मिलता है, और यह विकास अत्यंत सुंदर आ है। देश के ग्रामीण और नागरिक जीवन के कुछ रेखा-चित्र भी गभूमि में बड़े सफल उतरे हैं, और पात्रों की मनोवृत्तियों का विश्लेषण थेष्ट हुआ है। विनोदशंकर व्यास का एक उपन्यास 'अशांत' १९२७) भी इसी परंपरा में रक्खा जा सकता है। इसके चरित्रों में ुद्ध प्रेम का विकास किया गया है। ऋषभचरण जैन का 'मास्टर ाहिब' (१९२७), यदुनंदनप्रसाद का 'अपराधी' (१९२८) तथा तापनारायण श्रीवास्तव का 'विदा' (१९२८) भी इसी कोटि के हैं। प्रंतिम में लेखक ने अपने पात्रों के द्वारा यह दिखलाने का यत्न किया है कि हमारे बाहरी पाश्चात्य ढंग के जीवन में भी हमारी प्राचीन संस्कृति

की अंतर्धारा प्रवाहित होती रहती है। उपन्यास-क्षेत्र में इसी सा
जैनेन्द्रकुमार की पहली रचना 'परख' (१९३०) आती है। मनोवै
निक चरित्र-विकास ही इसकी विशेषता है, यद्यपि लेखक के नैति
आदर्शों के प्रति साधारणतः समालोचकों और पाठकों को शिका
हो सकती है। प्रेमचंद का एक दूसरा उपन्यास 'ग़बन' (१९३१)
इसी परंपरा में आता है। इसकी विशेषता यह है कि इसमें मानव-चरि
की एक बड़ी कमज़ोरी को यथावत् उपस्थित करने के अतिरिक्त लेख
और कुछ नहीं चाहता। किसी प्रकार का आदर्शवाद लेखक की इ
रचना में नहीं मिलता, जैसा कि प्रायः उसकी अन्य रचनाओं में कि
न-किसी अंश में अवश्य मिलता है। इसके नायक में झूठे दिख
का एक बड़ा रोग है, और वह रोग अपनी पत्नी के आभूषणों को चो
से लेकर सरकारी रुपये के ग़बन तक पहुँच जाता है। यह लेखक
बड़ी स्वाभाविकता से चित्रित किया है। जैनेन्द्रकुमार और ऋषभचर
जैन की एक सम्मिलित रचना 'तपोभूमि' (१९३२) भी चरित्र-प्रध
है। धनीराम प्रेम के 'वेश्या का हृदय' (१९३३) की चरित्र-प्रधान
स्पष्ट है। रूपनारायण पाण्डेय के 'कपटी' (१९३४) में एक कप
चरित्र का विकास है। जैनेन्द्रकुमार की 'सुनीता' (१९३६) में
चरित्र-चित्रण में मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक प्रवृत्तियों का प्राधा
है। गोविंदवल्लभ पंत के 'मदारी' (१९३६) तथा उषादेवी मित्र
'वचन का मोल' (१९३६) को भी हम इसी परंपरा में रख सकते हैं
सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन का 'शेखर' (१९४१) नायक के जी
का एक संपूर्ण अध्ययन उपस्थित करता है, और अपने ढंग की
स्वतंत्र रचना है। इलाचंद्र जोशी के 'संन्यासी' (१९४१) तथा '
की रानी' (१९४१) भी मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों का आधार ले
चरित्र-विकास का प्रयत्न करते हैं।

२. **ऐतिहासिक उपन्यास**—पिछले काल के ऐतिहासिक उपन्य
की परंपरा में हमने देखा था कि नायक-नायिका भेद के ढंग के
और उसके लिए युद्धादि की अवतारणा ही लेखकों का प्रायः एक

ाद्य था। १६०६ से उनकी इस प्रवृत्ति में कुछ अंतर पड़ने लगा, और सात-आठ वर्षों में ऐतिहासिक उपन्यास अपने आदर्शों के निकट आने लगे। इस प्रकार की प्रारंभिक रचनाओं में रामप्रसाद सत्याल का अनंत' (१६०६), जो अंग्रेजों के शासन के पूर्व का चित्र उपस्थित करता है, बलभद्र सिंह का 'सौंदर्य-कुसुम' (१६१०) जो महाराष्ट्र के इतिहास से संबंध रखता है, किशोरीलाल गोस्वामी का 'सोना और सुगंधि' (१६११) जो इतिहास-प्रसिद्ध पन्ना धाय के जीवन से संबंध रखता है, बलभद्र सिंह का 'जयश्री' (१६११) जो मुसलमानों के सिंध-विजय की कथा के आधार पर लिखा गया है, तथा उन्हीं का 'सौंदर्य-प्रभा' (१६११) जो शिवाजी के जीवन से संबंध रखता है, किशोरीलाल गोस्वामी का 'लाल कुँवर' (१६१२) जो दिल्ली के जहाँदारशाह के समय की एक ऐतिहासिक कथा लेकर लिखा गया है, कृष्णप्रकाश सिंह अखौरी का 'वीर चूड़ामणि' (१६१५) जिसमें चित्तौर के राजपूतों और भीलों के संघर्ष की कथा है, तथा किशोरीलाल गोस्वामी का 'रजिया बेग़म' (१६१५), जो मध्ययुग की उक्त प्रसिद्ध रानी के चरित्र को लेकर लिखा गया है, उल्लेखनीय हैं। विकसित परंपरा के उपन्यासों में सबसे पहले ब्रजनंदनसहाय के 'लाल चीन' (१६१६) का उल्लेख किया जा सकता है जिसका नायक लाल चीन ग़यासुद्दीन बलबन का एक ग़ुलाम है। मुरारीलाल पंडित का 'विचित्र वीर' (१६१६) अलाउद्दीन ख़िलजी के समय के एक कथानक के आधार पर लिखा गया है। दुर्गादास खत्री का 'अनंगपाल' (१६१७) भारत पर महमूद गज़नवी के आक्रमण से संबंध रखता है। मिश्रबंधु के 'वीरमणि' (१६१७) में अलाउद्दीन ख़िलजी के प्रसिद्ध चित्तौर के आक्रमण को पृष्ठभूमि में रखते हुए एक कथानक की रचना की गई है। शेरसिंह का 'दुर्गा' (१६१८) एक वीरतापूर्ण ऐतिहासिक उपन्यास है। हरिदास माणिक के 'चौहानी तलवार' (१६१८) तथा 'राजपूतों की बहादुरी' (१६२०) भी उसी श्रेणी के हैं। गोविंदवल्लभ पंत के 'सूर्यास्त' (१६२२) में इतिहास के साथ कला का सुंदर सम्मिश्रण

हुआ है। किशोरीलाल गोस्वामी का एक ऐतिहासिक उपन्यास इस काल में भी मिलता है : 'गुप्त गोदना' (१६२३), जिसमें अपने भाइयों के विरुद्ध किए गए औरंगज़ेब के षड्यंत्रों का वर्णन है। विश्वंभरनाथ जिज्जा का 'तुर्क तरुणी' (१६२५) शृङ्गार-प्रधान ऐतिहासिक है। भगवतीचरण वर्मा का 'पतन' (१६२७) वाजिदअली शाह की विलासिता का चित्र उपस्थित करता है। ऋषभचरण के 'ग़दर' (१६३०) का विषय प्रकट ही है।

किंतु वास्तविक ऐतिहासिक उपन्यासों का लिखा जाना अब प्रारंभ हुआ है। अभी तक के उपन्यासों में ऐतिहासिकता कहने भर को थी, अभीष्ट समय की और समाज की मनोवृत्तियों और समस्याओं आदि का अध्ययन करके ऐतिहासिक उपन्यासों का लिखना प्रायः १६३० के लगभग प्रारंभ हुआ मानना चाहिए। इस प्रकार की रचनाओं में वृंदाबनलाल के 'गढ़ कुंडार' (१६३०) तथा 'विराटा की पद्मिनी' (१६३६) का स्थान ऊँचा है। दोनों ही उपन्यासों का संबंध बुंदेलखंड से है, और दोनों ही में वहाँ के भूखंड, वहाँ की मध्य-युग की संस्कृति, वहाँ की वीर जातियों के पारस्परिक वैमनस्य, उनके प्रेम-प्रसंग तथा उनकी सच्ची वीरता के चित्र मिलते हैं। कृष्णानंद गुप्त का 'केन' (१६३०) भी इसी प्रकार की रचना है। भगवतीचरण वर्मा का 'चित्रलेखा' (१६३४) हिंदू-काल की घटनाओं को लेकर पाप और पुण्य की समस्या पर एक नया दृष्टिकोण उपस्थित करता है। प्रेमचंद का 'दुर्गादास' (१६३८), और चतुरसेन शास्त्री का 'राणा राजसिंह' (१६३६) इधर के अन्य उल्लेखनीय प्रयास हैं।

३. ऐयारी-तिलस्मी—ऐयारी-तिलस्मी उपन्यासों की पिछले काल की धारा इस युग के प्रथम चरण में अप्रतिहत गति से प्रवाहित होती रही, पर दूसरे चरण में वह लुप्तप्राय सी हो गई। देवकीनंदन खत्री का प्रसिद्ध उपन्यास 'भूतनाथ' (१६०६), जो आत्मकथा के रूप में है, इसी युग का है। रूपकिशोर जैन का 'सूर्यकुमार संभव' (१६१२), चतुर्भुज औदीच्य का 'हवाई महल' (१६१४), चंद्रशेखर पाठक का 'हेमलता'

१६१५) इस परंपरा के अन्य उल्लेखनीय उपन्यास हैं। यद्यपि कुछ तिभाविहीन रचनाएँ इस काल में भी—और कुछ न कुछ न आगे ी—मिलती हैं पर इस परंपरा का अंत यहीं समझना चाहिये। वास्त-क उपन्यास कला के साथ प्रेमचंद के आविर्भाव के कारण ही इस ंपरा का अंत हुआ ज्ञात होता है।

४. जासूसी उपन्यास—आलोच्यकाल के प्रारंभिक सात-आठ र्षों तक यह परंपरा भी अप्रतिहत गति से चलती रही : जंगबहादुर सिंह ा 'विचित्र खून' (१६०६), गोपालराम गहमरी का 'खूनी का भेद' १६१०), शेरसिंह का 'विलक्षण जासूस' (१६११), चंद्रशेखर ाठक के 'अमीरअली ठग' (१६११), तथा 'शशिबाला' (१६११), ोपालराम गहमरी के 'भोजपुर की ठगी' (१६११), 'बलिहारी बुद्धि' १६१२), 'योग महिमा' (१६१२) तथा 'गुप्त भेद' (१६१३) और शिवनारायण द्विवेदी का 'अमरदत्त' (१६१५) उसी परंपरा के हैं। ोपालराम गहमरी के कुछ अन्य जासूसी उपन्यास भी प्रायः इसी काल के हैं, यद्यपि उनकी ठीक तिथियाँ ज्ञात नहीं हैं : वे हैं 'अद्भुत खून', 'आँखों देखी घटना', 'इन्द्रजालिक जासूस', 'कटा सिर', 'क़िले में खून', 'केतकी की शादी', 'खूनी का भेदी', 'खूनी की खोज', 'लाइन पर लाश', 'चक्करदार चोरी', 'चोरों की लीला' तथा 'मृत्यु विभीषिका'। उन के कुछ जासूसी उपन्यास इधर भी प्रकाशित हुए हैं, किंतु लिखे वे भी संभवतः उसी के युग के हैं। एक प्रकार से इसलिए गहमरी जी ही इस परंपरा के जन्मदाता और उसके एकमात्र प्रतिभाशाली और अंतिम लेखक माने जा सकते हैं। किंतु परंपरा प्रायः १६१७-१८ के लगभग समाप्त हो गई और उसमें कोई जीवन शेष नहीं रहा। कारण संभवतः यह है कि प्रेमचंद तथा उनके समकालीन कुछ अन्य उपन्यास-लेखकों के मनोवैज्ञानिक तथा चरित्र-प्रधान उपन्यासों के पढ़ने के अनंतर पाठक-जनता की रुचि इतनी परिष्कृत हो गई कि इन उपन्यासों की लोकप्रियता के लिए वह प्रायः घातक-सी सिद्ध हुई।

उपन्यास-साहित्य की गति इस युग में बड़ी अव्यवस्थित रही है।

प्रेमचंद के आविर्भाव के पूर्व ऐयारी और तिलस्मी तथा जासूसी उपन्यासों का वैसा ही प्राधान्य था जैसा पिछले युग के उत्तरार्द्ध में। प्रेमचंद के आविर्भाव के अनंतर उपन्यास-क्षेत्र में एक कायापलट हो गई। वह पूर्ण रूप से अपने युग के समकक्ष आ गया। और; प्रेमचंद के उठ जाने पर कदाचित् पुनः उसकी गति रुक-सी गई है। अतः वर्तमान युग के उपन्यास की समस्या असाधारण-सी ज्ञात होती है, और वह समान रूप से कलाकारों और समालोचकों के अध्ययन की अपेक्षा करती है।

कहानी

जिस प्रकार का निरीक्षण हमने ऊपर प्रथम युग के समस्त विषयों का तथा इस युग के विषयों का यहाँ तक किया है उस प्रकार का निरीक्षण कहानी-साहित्य के विषय में संभव नहीं है, कारण यह है कि इस युग के प्रारंभ के दो-चार कहानी-पुस्तकों को छोड़कर, जो प्रायः पिछले युग की परंपरा में हैं, शेष में कहानियाँ एक से अधिक हैं—नवयुग की कहानी पुस्तकों में दस-पाँच ऐसी मिलेंगी जिनमें एक ही कहानी हो—और उन कहानियों में प्रायः दृष्टिकोण का बड़ा वैभिन्य है : कोई कहानी उद्देश्य-प्रधान है तो कोई रस-प्रधान या वातावरण प्रधान; कोई वस्तु-प्रधान है तो कोई चरित्र-प्रधान; कोई ऐतिहासिक है तो कोई अतिप्राकृत; कोई कार्य-प्रधान है तो कोई भावना-प्रधान। फलतः किसी भी कहानी-पुस्तक को हम न किसी एक वर्ग में रख सकते हैं और न उसका परिचय समष्टि रूप से इन सांकेतिक शब्दों में दे सकते हैं। अधिक से अधिक इस युग के प्रमुख कहानी-लेखकों को एक कालक्रम में हम स्मरण कर सकते हैं—उनकी रचनाएँ अन्यत्र मिल जावेंगी—वे हैं जयशंकर 'प्रसाद', गङ्गाप्रसाद (जी० पी०) श्रीवास्तव, चंद्रधर शर्मा गुलेरी, प्रेमचंद, सुदर्शन, विश्वंभरनाथ शर्मा 'कौशिक, गोविन्दवल्लभ पंत, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, प्रतापनारायण श्रीवास्तव, चण्डीप्रसाद 'हृदयेश', राधिकारमणप्रसाद सिंह, बेचन शर्मा 'उग्र', विनोदशंकर व्यास, भगवतीप्रसाद वाजपेयी, राय कृष्णदास, चंद्रगुप्त विद्यालंकार, जैनेन्द्रकुमार, चतुरसेन शास्त्री, श्रीराम

र्मा, सियारामशरण गुप्त, भगवतीचरण वर्मा, राजेश्वरप्रसाद सिंह,
वरानी देवी, यशपाल, तथा रमाप्रसाद 'पहाड़ी'। हाँ, समस्त कहानी-
हित्य पर विचार करते हुए हम यह अवश्य कह सकते हैं कि इस युग
कहानी-साहित्य में एक क्रांति उपस्थित हो गई, यहाँ तक कि पिछले
ग में भी 'कहानी' थी इसमें साधारणतः संदेह होने लगा, अनेक बातों
यह इतनी परिवर्तित हो गई, और फिर लोकप्रिय तो इतनी हुई कि
ोई भी साहित्यरूप इसकी प्रतिस्पर्द्धा में न ठहर सका। ऐसा जान पड़ता
कि प्रतिभा के प्रयोग के लिए हिंदी लेखकों को जितना क्षेत्र इसमें
मेला अन्यत्र कम मिला। इसलिए कहानी का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल
ात होता है।

नाटक

आलोच्यकाल के नाटक-साहित्य को हम निम्नलिखित वर्गों में विभा-
जेत कर सकते हैं: १. राम-चरित्र, २. कृष्ण-चरित्र, ३. पौराणिक,
४. संत-चरित्र, ५. ऐतिहासिक, ६. शृङ्गाररस-प्रधान, ७. प्रतीकवादी,
८. सामयिक और राष्ट्रीय, ९. सामाजिक, १०. व्यंग्य-विनोदपूर्ण, ११. स्फुट
तथा एकांकी। इन्हीं के अनुसार हम प्रस्तुत साहित्य का अध्ययन करेंगे।

१. राम-चरित्र—रामचरित्र को लेकर पिछले काल में रामलीला
के लिए लिखे गए कलाहीन प्रयासों के अतिरिक्त कुछ नहीं मिलता।
इस काल में भी वही बात रही। केवल गोविंददास ने 'कर्त्तव्य' (१९३५)
पूर्वार्द्ध में श्री रामचंद्र के कर्तव्य की रूपरेखा स्पष्ट की है और इधर
चतुरसेन शास्त्री के दो नाटक इस विषय के मिलते हैं: 'सीताराम'
(१९३९), तथा 'श्रीराम' (१९४०)

२. कृष्ण-चरित्र—ब्रजवासी कृष्ण के चरित्र को लेकर आलोच्य-
काल में उल्लेखनीय नाटक इने-गिने ही लिखे गए, जब कि पिछले काल
में उनकी संख्या पर्याप्त थी। ब्रजनंदनसहाय के 'उद्धव' (१९०९) में
धार्मिक दृष्टिकोण की प्रधानता है। हरिप्रसाद 'वियोगी हरि' का 'छद्म-
योगिनी' (१९२३) कृष्ण की एक छद्म-लीला लेकर लिखा गया है।
इसमें भी भक्ति की भावना प्रधान है। जमुनादास मेहरा के 'कृष्ण-सुदामा'

(१६२४) में मैत्री की सुप्रसिद्ध कथा है। गोविन्ददास ने 'कर्त्तव्य' (१६३५) के उत्तरार्द्ध भी श्री कृष्ण के कर्त्तव्य की रूपरेखा स्पष्ट की है। उदयशंकर भट्ट का 'राधा' (१६४१) इस विषय का आधुनिकतम प्रयास है। पौराणिक कथानकों को लेकर कलात्मक नाटकों की रचना में भट्ट जी भली भाँति सफल हुए हैं। उनकी 'राधा' भी इसी प्रकार की रचना है। द्वारकावासी कृष्ण के चरित्र को लेकर केवल एक कलात्मक रचना इस काल में मिलती है, जो इधर की ही है, वह है किशोरी-दास वाजपेयी कृत 'सुदामा' (१६३६)।

२. **पौराणिक**—पौराणिक कथानकों को लेकर लिखे गए नाटकों में नवयुग का प्रथम उल्लेखनीय नाटक लक्ष्मीप्रसाद का 'उर्वशी' (१६१०) है, जिसमें पुरुरवा और उर्वशी की प्रेम-कथा है। जयशंकर 'प्रसाद' का आविर्भाव नाटक-क्षेत्र में इसी समय होता है। उनका 'करुणालय' (१६१२) एक वैदिक कथा को लेकर सामाजिक जीवन में करुणा और अहिंसा की आवश्यकता को चित्रित करने का प्रयत्न करता है। मैथिलीशरण गुप्त का 'तिलोत्तमा' (१६१६) भी पौराणिक नाटक है। उनके 'चंद्रहास' (१६१६) में नियति की लीला इस प्रकार दिखाई गई है कि नायिका और नायक का विवाह समस्त विरोधों के होते हुए भी अनायास ही हो जाता है। शिवनंदन मिश्र का 'उषा' (१६१८) उषा-अनिरुद्ध-विवाह की प्रसिद्ध कथा को लेकर लिखा गया है। माखनलाल चतुर्वेदी का 'कृष्णार्जुन-युद्ध' (१६१८) एक सामान्य मानव के अधिकारों की रक्षा के लिए कृष्ण और अर्जुन ऐसे स्नेहियों में भी परस्पर संघर्ष का अवसर उपस्थित कर देता है। जमुना-दास मेहरा के 'विश्वामित्र' (१६२१) तथा 'देवयानी' (१६२२) के विषय प्रकट हैं। बदरीनाथ भट्ट के 'बेन चरित्र' (१६२२) में एक क्रूर पौराणिक राजा की कथा है। सुदर्शन का 'अंजना' (१६२३), जमुनादास मेहरा का 'विपद् कसौटी' (१६२३), हरद्वारप्रसाद जालान का 'क्रूर बेन' (१६२४) इस काल के दूसरे उल्लेखनीय प्रयास हैं। बलदेवप्रसाद मिश्र के 'असत्य संकल्प' (१६२५) में हिरण्यकशिपु और

ह्लाद के संघर्ष और 'वासना-वैभव' (१९२५) में ययाति के कथा-
त्त पर नाटकों की रचना हुई है। गोविन्दवल्लभ पंत का 'वरमाला'
(१९२५) नाट्य-कला की दृष्टि से अत्यंत उत्कृष्ट है। सरल कथानक
के बीच प्रेम का एक मनोवैज्ञानिक विकास इस नाटक में चित्रित हुआ
है। 'जन्मेजय का नागयज्ञ' (१९२६) में जयशंकर 'प्रसाद' ने आर्यों
और नागों की पुराण-प्रसिद्ध घटना को ऐतिहासिक रंग देने में अद्भुत
सफलता प्राप्त की है। कालिदास के 'रघुवंश' के आधार पर दिलीप की
प्रसिद्ध कथा को लेकर गोपाल दामोदर तामस्कर की एक रचना 'दिलीप'
(१९२९) भी इस काल की है। जमुनादास मेहरा के 'मोरध्वज'
(१९२९) तथा 'सती चिंता' (१९२९) इसी प्रकार की पौराणिक
कथाओं के आधार पर लिखे गए हैं। एक अन्य पौराणिक कथा लेकर
कामताप्रसाद गुरु ने 'सुदर्शन' (१९३१) की रचना की है। पौराणिक
नाटकों के सबसे सफल आधुनिक लेखक उदयशंकर भट्ट हैं, जिनके 'अंबा'
(१९३५) में भीम ऐसे बलशाली पात्र से भी नारी-अपमान का
प्रायश्चित्त, 'सगर-विजय' (१९३७) में सगर का अपने पिता के शत्रु
पर विजय, तथा 'मत्स्यगंधा' (१९३७) में अनंत यौवन की प्राप्ति
का पश्चाताप उपस्थित करने का यत्न किया गया है। उनके 'विश्वामित्र'
(१९३८) तथा 'कमला' (१९३९) इसी श्रेणी के सबसे आधुनिक
प्रयास हैं।

महाभारत के संघर्ष की कथा को लेकर लिखे गए नाटकों का इस
परंपरा में इतना बाहुल्य है कि उनका अलग ही उल्लेख किया जा
सकता है। इस प्रकार के नाटकों में पहला उल्लेखनीय नाटक इस काल
का बदरीनाथ भट्ट का 'कुरुवन दहन' (१९१५) है, जिसमें नाट्य-कला
का यथेष्ट विकास परिलक्षित होता है। माधव शुक्ल का 'महाभारत'
पूर्वार्द्ध (१९१६) भी इस परंपरा की एक सफल रचना है। राधेश्याम
कथावाचक ने भी महाभारत की कथा लेकर एक नाटक की रचना
की है, वह है 'वीर अभिमन्यु' (१९१८), किंतु साहित्यिक दृष्टिकोण
की अपेक्षा इसमें कृति की लोकप्रियता का ध्यान विशेष है। विश्वंभर-

नाथ शर्मा 'कौशिक' का 'भीष्म' (१६१८) अवश्य कलात्मक दृष्टि से सफल है। द्वारकाप्रसाद गुप्त का 'अज्ञातवास' (१६२१) पांडवों के अज्ञातवास की कथा लेकर लिखा गया है। मिश्रबंधु के दो नाटक 'पूर्व भारत' (१६२२) तथा 'उत्तर भारत' (१६३२) अपना अलग स्थान रखते हैं। जगन्नाथशरण का 'कुरुक्षेत्र' (१६२८) भी महाभारत की कथा लेकर लिखा गया है, और उल्लेखनीय है। बेचन शर्मा 'उग्र' का 'गङ्गा का बेटा' (१६४०) भीष्म के चरित्र को लेकर लिखा गया है।

४. **संत-चरित्र**— संतों के चरित्रों को लेकर इस काल में भी नाटक-रचना हुई। बलदेवप्रसाद मिश्र का 'मीराबाई' (१६१८) इस प्रकार के प्राथमिक नाटकों में से है। अन्य उल्लेखनीय नाटक हैं सुदर्शन का 'दयानंद' (१६१७), हरिप्रसाद द्विवेदी 'वियोगी हरि' का 'प्रबुद्ध यामुन' (१६२६)—जो यामुनाचार्य का चरित्र लेकर लिखा गया है—तथा जमुनादास मेहरा का 'भारत पुत्र अर्थात् कबीरदास' (१६३०)। अंतिम में कला की अपेक्षा लोकप्रियता का दृष्टिकोण विशेष प्रधान है। डा० बलदेवप्रसाद मिश्र ने 'शंकर दिगविजय' (१६३५) नाम का एक अन्य नाटक भी लिखा है जिसमें स्वामी शंकराचार्य की धार्मिक क्रांति का उल्लेख है। मुरारि मांगलिक का 'मीरा' (१६४०) इस परंपरा की सबसे आधुनिक कृतियों में से है। कुछ नाटक गोस्वामी तुलसीदास पर भी लिखे गए : बदरीनाथ भट्ट का 'तुलसीदास' (१६२२), पुरुषोत्तमदास गुप्त का 'तुलसीदास' (१६२४-द्वितीय) तथा जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी का 'तुलसीदास' (१६३४) उनमें से उल्लेखनीय हैं। अन्य देशों के महात्माओं के चरित्र लेकर रचनाएँ बहुत कम हुईं। इस प्रसंग में केवल एक कृति उल्लेखनीय है : वह है बेचन शर्मा 'उग्र' का 'महात्मा ईसा' (१६२२)।

५. **ऐतिहासिक**—ऐतिहासिक नाटक पिछले युग में भी रचे जाते थे और इस युग में भी उनकी रचना खूब हुई, किंतु इस युग के नाटकों में उस युग के नाटकों से प्रारम्भ से ही कुछ अंतर होने लगा। पिछले

युग में ऐतिहासिक नाटकों का प्रमुख रस शृङ्गार होता था, जिसके सा
साथ प्राय: वीर रस का भी समावेश हुआ करता था। वह शृङ्गार-प्र
नता इस युग में धीरे-धीरे लुप्त होने लगी। दूसरा अंतर यह प
कि पिछले युग के नाटककार साधारणत: केवल हमारे इतिहास
मुस्लिम युग को ही लेकर चलते थे। इस काल के प्रारम्भ से ही उन
कृतियों में एक व्यापक दृष्टिकोण दिखलाई पड़ने लगा : वे दूसरे युगों
भी कथाएँ लेकर हमारे सामने धीरे-धीरे आने लगे। तीसरा अंतर ऐ
हासिकता के संबंध का है : यद्यपि इस युग के प्रारंभ में ऐतिहासि
घटनाओं के साथ ऐतिहासिक वातावरण वे नहीं निर्मित कर सके, कि
धीरे-धीरे इसका भी विकास उन्होंने किया; उनके ऐतिहासिक ना
नाटक-मात्र न रह कर इतिहास के सजीव चित्र होने लगे।

वृन्दावनलाल वर्मा का 'सेनापति उदाल' (१६०६) ५४४
के लगभग के हूण-आक्रमण को लेकर लिखा गया है। जयशं
'प्रसाद' का आगमन नाटक-क्षेत्र में इसी समय होता है: 'राज्य
(१६१५) हर्षवर्धन के शासन-काल की कथाओं को लेकर लिखा ग
शुद्ध ऐतिहासिक नाटक है। इसमें लेखक ने उस युग की उदार संस्
का चित्रण किया है, और नाट्य-कला की दृष्टि से भी उसे यथेष्ट सफल
मिली है। बदरीनाथ भट्ट का 'चंद्रगुप्त' (१६१५) मौर्य-साम्राज्य
स्थापना करनेवाले प्रसिद्ध ऐतिहासिक वीर के चरित्र को लेकर लि
गया है। जयशंकर 'प्रसाद' ने 'विशाख' (१६२१) में दूसरी श
ईस्वी की काश्मीर की संस्कृति का चित्र उपस्थित करने का यत्न किया है
जिनेश्वरप्रसाद 'मायल' का 'भारत-गौरव' (१६२२), पुनः सम्राट् चंद्रगु
के चरित्र को लेकर लिखा गया है। जयशंकर 'प्रसाद' के 'अजातश
(१६२२) में बुद्ध के समय की सामाजिक अवस्था तथा राजनैति
उथल-पुथल का चित्रण किया गया है। 'सिद्धार्थ कुमार' (१६२२
नाम का चंद्रराज भंडारी का नाटक बुद्ध के जीवन से ही संबंध रख
है। उनका दूसरा नाटक 'सम्राट् अशोक' (१६२३) इतिहास-प्रसि
बौद्ध सम्राट् का चरित्र उपस्थित करता है। लक्ष्मीधर बाजपेयी क

'राजकुमार कुंतल' (१९२८) हिंदू-युग की एक कथा को लेकर लिखा गया है। जयशंकर 'प्रसाद' का 'स्कंदगुप्त' (१९२८) प्रसिद्ध हिंदू सम्राट् विक्रमादित्य के जीवन की घटनाओं को लेकर उस युग की संस्कृति का एक सफल चित्रण करता है। उनका एक दूसरा नाटक 'चंद्रगुप्त मौर्य' (१९३१) उसी वीर सम्राट् के जीवन का चित्रण करता है जो इसी नाम के उपयुक्त दूसरे नाटकों का विषय है। उदयशंकर भट्ट के 'चंद्रगुप्त मौर्य' (१९३१ द्वितीय) तथा 'विक्रमादित्य' (१९३३) के भी विषय वही हैं जो जयशंकर 'प्रसाद' के उक्त नाटकों के हैं। उनका 'दाहर' (१९३४) खलीफा द्वारा की गई सिंध-विजय से संबंध रखता है। जयशंकर 'प्रसाद' का 'ध्रुवस्वामिनी' (१९३४), हिंदू-युग की एक कथा को लेकर उपस्थित किया गया है। तंजौर की एक रानी के चरित्र को लेकर भगवतीप्रसाद पंथारी ने 'काल्पी' (१९३४) नाटक लिखा है। 'कुमार-हृदय' का 'भग्नावशेष' (१९३६) भी हिंदू-काल के इतिहास से संबंध रखता है। कैलाशनाथ भटनागर का 'कुणाल' (१९३७) बौद्ध-संस्कृति का एक चित्र उपस्थित करता है। चंद्रगुप्त विद्यालंकार का 'अशोक' (१९३५), रूपनारायण पांडेय का 'अशोक' (१९३९) तथा लक्ष्मीनारायण मिश्र का 'अशोक' [१९३९ ?] पुनः उस नाम के प्रसिद्ध बौद्ध सम्राट् के जीवन को लेकर लिखे गये हैं। गोविन्दवल्लभ पंत का 'अंतःपुर का छिद्र' (१९४०) एक बौद्धकालीन कथा को लेकर लिखा गया है। विश्वंभरसहाय के 'बुद्धदेव' (१९४०) का विषय प्रकट है। गोविन्ददास सेठ का 'कुलीनता' (१९४०) हैहयवंश के अंतिम त्रिपुरी-शासन-काल की घटनाओं को लेकर लिखा गया है। कैलाशनाथ भटनागर का 'श्रीवत्स' (१९४१) बौद्ध-युग के एक प्रसिद्ध नायक का चित्रण करता है। गोविंददास सेठ का 'शशिगुप्त' (१९४२) पुनः चंद्रगुप्त के जीवन को लेकर लिखा गया है।

अंग्रेजी शासन-काल की ऐतिहासिक कथावस्तु लेकर बहुत थोड़े नाटकों की रचना हुई है, और कदाचित् अभी कुछ दिनों तक विशेष न हो सकेगी। इन थोड़े से नाटकों में श्यामनारायण का 'वीर सरदार'

(१९०९), जो बरमा-युद्ध की एक घटना के आधार पर लिखा गया है, 'आरज़ू' का 'झाँसी-पतन' (१९२८), जमुनादास मेहरा का 'पंजाब-केसरी' (१९२८), द्वारकाप्रसाद मौर्य का 'हैदर अली' (१९३४), शिवदत्त ज्ञानी का तांत्या भील-संबंधी 'नीमाड़ केसरी' (१९३८) तथा परिपूर्णानंद वर्मा का 'रानी भवानी' (१९३८) उल्लेखनीय हैं।

मुस्लिम युग के इतिहास से संबंध रखनेवाले नाटक कई लिखे गए, किंतु इस युग में उनमें वह स्फूर्ति नहीं ज्ञात होती जो पिछले युग में दिखलाई पड़ी थी। पन्ना, संयोगिता तथा पद्मिनी के ही चरित्र प्रमुख रहे हैं। इस परंपरा के उल्लेखनीय नाटक कृष्णप्रकाश सिंह अखौरी का 'पन्ना' (१९१५), हरिदास माणिक का 'संयोगिता-हरण' (१९१५), किशनचंद 'ज़ेबा' का 'पद्मिनी' (१९२३), और कन्हैयालाल का 'वीर छत्रसाल' (१९२५) हैं। दुर्गाप्रसाद गुप्त कृत जसवंत सिंह की स्त्री महामाया के नाम से 'महामाया' (१९२४) तथा गढ़मंडला की वीर रानी दुर्गावती के नाम से 'दुर्गावती' (१९२६) की रचनाएँ भी उल्लेखनीय हैं। श्यामाकांत पाठक का 'बुंदेलखंड-केसरी' (१९३४) भी छत्रसाल के जीवन से संबंध रखता है। घनीराम प्रेम की 'वीरांगना पन्ना' (१९३४) तथा गोविंदवल्लभ पंत का 'राजमुकुट' (१९३५) पुनः इतिहास-प्रसिद्ध पन्ना धाय के जीवन से संबंध रखते हैं। उपेन्द्रनाथ 'अश्क' के 'जय-पराजय' (१९३७) में राणा लाखा के पुत्र चंड की भीष्म-प्रतिज्ञा है। हरिकृष्ण प्रेमी का 'शिवा-साधना' (१९३७) शिवाजी के शासन से संबंध रखता है; और उनका 'रक्षा-बंधन' (१९३८) राजस्थान की उस प्राचीन प्रथा से संबंध रखता है जिसमें राजपूत नारियाँ वीरों के पास राखी भेजकर अपनी रक्षा के लिए उनसे भ्रातृसंबंध स्थापित कर लिया करती थीं। इस परंपरा के सबसे आधुनिक नाटक जगन्नाथप्रसाद 'मिलिंद' कृत 'प्रताप-प्रतिज्ञा' (१९३८), गौरीशंकर 'सत्येंद्र' का छत्रसाल द्वारा बुंदेलखंड की मुक्ति-संबंधी 'मुक्ति-यज्ञ' (१९३८), मायादत्त नैथानी का 'संयोगिता' (१९३९), तथा रूपनारायण पांडेय का 'पद्मिनी' (१९४२) हैं। यह नाटक पुनः उन्हीं

इतिहास-प्रसिद्ध चरित्रों को लेकर लिखे गए हैं जिनके विषय के नाटक इस युग के प्रारंभ में मिलते हैं।

इस परंपरा में भी अन्य देशों और जातियों के इतिहासों को लेकर नाटकों की रचना बहुत कम की गई है। प्रेमचंद का 'कर्बला' (१९२४) ही—जिसमें हसन-हुसैन के प्रसिद्ध धर्मयुद्ध का वर्णन किया गया है इस प्रकार का एकमात्र उल्लेखनीय नाटक है।

६. **शृङ्गार-रस-प्रधान**—यह नाटक-परंपरा प्रस्तुत काल के प्रारंभ में अपने प्राचीन रूप में थोड़ी बहुत अवश्य दिखाई पड़ी, किंतु फिर बड़ी तेज़ी से लुप्त हो गई। कन्हैयालाल बाबू का 'रत्न-सरोज' (१९१०), दुर्गादत्त पांडे का 'चंद्राननी' (१९१७) और ब्रजनंदन सहाय का 'उषाङ्गिनी' (१९२५) ही इस परंपरा के उल्लेखनीय प्रयास हैं, और इनमें से भी अंतिम एक काव्यपूर्ण प्रयोग मात्र कहा जा सकता है।

७. **प्रतीकवादी**—इस काल में प्रतीकवादी नाटकों की परंपरा भी शिथिल रही। जयशंकर 'प्रसाद' का 'कामना' (१९२७) तथा सुमित्रानंदन पंत का 'ज्योत्स्ना' (१९३४) ही इसमें उल्लेखनीय हैं। पहले में यह दिखाया गया है कि विलास के साधन किस प्रकार समाज में अशांति उत्पन्न कर देते हैं, और दूसरे में प्रकृति के पात्रों द्वारा मानव-समाज की संघर्ष-प्रधान परिस्थितियों की समालोचना कराई गई है।

८. **सामयिक और राष्ट्रीय**—देश की समस्याओं को लेकर इस काल में बहुत से नाटक लिखे गए—जैसे पिछले काल में, किंतु इनमें प्रायः कला और सुरुचि का अभाव रहा। इनका विशेष उत्थान १९२१ के राष्ट्रीय आंदोलन के समय में हुआ—आगे और पीछे इनकी रचना यदा-कदा ही होती रही। प्रारंभ के प्रयासों में से उल्लेखनीय हैं प्रयाग-प्रसाद त्रिपाठी कृत 'हिंदी-साहित्य की दुर्दशा' (१९१४), तथा लोचन-प्रसाद पाण्डेय कृत 'छात्र-दुर्दशा' (१९१५)—जिनके विषय स्वतः स्पष्ट हैं, मिश्रबंधु कृत 'नेत्रोन्मीलन' (१९१५), जिसमें अदालतों के दोषों का दिग्दर्शन कराया गया है, तथा काशीनाथ वर्मा कृत 'समय' (१९१७), जिसमें तत्कालीन राजनैतिक उद्योगों का एक चित्र मिलता

है। १६२१ के सत्याग्रह आंदोलन युग के प्रमुख नाटक हैं जमुनादास मेहरा का 'हिंद' (१६२२), किशनचंद 'ज़ेबा' के 'ग़रीब हिन्दुस्तान' (१६२२) तथा 'भारत-उद्धार' (१६२२), प्रेमचंद का 'संग्राम' (१६२२), कन्हैयालाल का 'देश-दशा' (१६२३), तथा लक्ष्मणसिंह का 'ग़ुलामी का नशा' (१६२४)। इनमें से प्रेमचंद की कृति ही विशेष उल्लेखनीय कही जा सकती है; उसमें कृषक-वर्ग की समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है। इधर के नाटकों में उल्लेखनीय हैं केवल बेचन शर्मा 'उग्र' कृत 'डिक्टेटर' (१६३७), सूर्यनारायण शुक्ल कृत 'खेतिहर देश' (१६३६), श्री वृन्दावनलाल वर्मा का 'धीरे-धीरे' (१६३६) तथा गोविन्ददास कृत 'विकास' (१६४१)। अंतिम में देश की आधुनिक राजनैतिक समस्याओं पर विचार किया गया है।

६. **सामाजिक नाटक**—पिछले युग के सामाजिक नाटकों की समस्याएँ थीं—अनमेल विवाह, सतीत्व, गोरक्षा तथा आर्यसमाज। यहीं तक उनके नाटककार पहुँच पाए। जीवन की और गंभीर समस्याओं तक उनकी दृष्टि नहीं पहुँची। प्रस्तुत युग में इस क्षेत्र में एक व्यापक और सूक्ष्म दृष्टि के दर्शन होते हैं—यद्यपि उसका विकास अत्यंत धीरे-धीरे होता है और प्रारंभ के कुछ वर्षों तक बिल्कुल नहीं होता। इस परंपरा के पहले उल्लेखनीय नाटक हैं आनंदप्रसाद खत्री कृत 'संसार-स्वप्न' (१६१३), लोचन शर्मा पांडेय कृत 'प्रेम-प्रशंसा' (१६१४) तथा राधेश्याम कथा-वाचक कृत 'परिवर्तन' [१६२४ ?]। प्रथम में संसार के प्रति एक वैराग्यपूर्ण दृष्टिकोण ज्ञात होता है, दूसरे में गार्हस्थ्य-जीवन का एक चित्र है, और तीसरे में वेश्यालयों से हानि दिखाई गई है। कृष्णानंद जोशी के 'उन्नति कहाँ से होगी ?' (१६१५) में कुछ व्यापक दृष्टिकोण ज्ञात होता है। अधिक व्यापक दृष्टिकोण का परिचय १६२१ के आंदो-लन के बाद से मिलता है। गोपाल दामोदर तामस्कर के 'राधा-माधव' (१६२२) में कर्मयोग का उपदेश किया गया है। जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी के 'मधुर मिलन' (१६२३) में गुंडों के हथकंडों का परिचय कराया गया है। दुर्गाप्रसाद गुप्त के 'भारत-रमणी' में भारतीय नारीत्व

के आदर्श का चित्र उपस्थित करने का यत्न किया गया है। रामनरेश त्रिपाठी का 'सुभद्रा' (१६२४ द्वितीय) भी इसी कोटि में रक्खा जा सकता है। ईश्वरीप्रसाद शर्मा के 'रंगीली दुनियाँ' (१६२६) में वृद्ध-विवाह की बुराइयाँ दिखाई गई हैं। बलदेवप्रसाद खरे के 'प्रणवीर' (१६२६) में सत्य और धर्म के पालन का उपदेश किया गया है। छविनाथ पांडेय के 'समाज' (१६२६) में समाज का एक चित्र उपस्थित करने का यत्न किया गया है। जयगोपाल कविराज के 'पश्चिमी प्रभाव' (१६३०) का विषय स्वतः स्पष्ट है। घनानंद बहुगुणा के 'समाज' (१६३०) का विषय है अछूतोद्धार। लक्ष्मीनारायण मिश्र का 'संन्यासी' (१६३१) सहशिक्षा की बुराइयाँ चित्रित करता है। नरेन्द्र का 'नीच' (१६३१) दलित जातियों की समस्या लेकर लिखा गया है। आनंदस्वरूप साहब जी महाराज का एक नाटक 'संसार-चक्र' (१६३२) संसार के प्रति राधा-स्वामी समाज का दृष्टिकोण उपस्थित करता है। प्रेमचंद का 'प्रेम की वेदी' (१६३३) तथा प्रेमसहाय सिंह का 'नवयुग' (१६३४) अपने विषय स्वतः स्पष्ट करते हैं। लक्ष्मीनारायण मिश्र के 'राक्षस का मंदिर' (१६३१), 'मुक्ति का रहस्य' (१६३२), 'राजयोग' (१६३४) तथा 'सिंदूर की होली' (१६३४) नारी-समस्या-प्रधान हैं; इनमें से अंतिम में ही प्रेम का आदर्श उपस्थित करने का यत्न किया गया है, शेष दो में वह निम्नकोटि का है। गोविन्दवल्लभ पंत का 'अंगूर की बेटी' (१६३७), जिसका विषय मधुपान है, कलाप्रधान है। बेचन शर्मा 'उग्र' के 'चुंबन' (१६३८) का विषय स्पष्ट है। उपेन्द्रनाथ 'अश्क' के 'स्वर्ग की झलक' (१६४०) में शिक्षा-प्राप्त पत्नियाँ पतियों के लिए भारस्वरूप हुआ करती हैं यह दिखाने का यत्न किया गया है। गोविन्ददास सेठ का 'सेवापथ' (१६४०) समाज-सेवा का एक आदर्श उपस्थित करता है। शारदा देवी का 'विवाह-मंडप' (१६४१) तथा बेचन शर्मा 'उग्र' का 'आवारा' (१६४२) सबसे आधुनिक सामाजिक नाटक हैं, और उनके विषय स्पष्ट हैं।

१०. **व्यंग-विनोदपूर्ण**—आलोच्यकाल में प्रहसनों के क्षेत्र में

कोई उल्लेखनीय विकास नहीं दिखाई पड़ता, न तो इनमें विषयों की नवीनता है और न दृष्टिकोण की; हास्य-उत्पादन के लिए अतिनाटकीय चरित्रों और घटनाओं का आश्रय लिया गया है। इस काल के किंचित् उल्लेखनीय प्रहसन हैं गुरुमुख सिंह का 'नूतन अंधेर नगरी' (१६११), अनंतसहाय अखौरी का 'गृह का फेर' (१६१३), बदरीनाथ भट्ट का 'चुंगी की उम्मीदवारी' (१६१४), शिवनाथ शर्मा के 'मानवी कमीशन' [१६१४ ?], 'नवीन बाबू' [१६१४ ?], 'बहसी पंडित' (१६१४), 'दरबारी लाल' [१६१४ ?], 'कलियुगी प्रह्लाद' [१६१४ ?] 'नागरी निरादर' [१६१४ ?], और 'चण्डूलदास' [१६१४ ?], लोचनप्रसाद पाण्डेय का 'साहित्य-सेवा' (१६१४) तथा 'ग्राम्य विवाह-विधान' (१६१५), गङ्गाप्रसाद (जी० पी०) श्रीवास्तव के 'उलट-फेर' (१६१८), 'दुमदार आदमी' (१६१६), 'गड़बड़झाला' (१६१६), और 'मर्दानी औरत' (१६२०), हरद्वारप्रसाद जालान का 'घरकट सूम' (१६२२), गोविन्दवल्लभ पंत का 'कंजूस खोपड़ी' (१६२३), रामदास गौड़ का 'ईश्वरीय न्याय' (१६२५), बदरीनाथ भट्ट का 'लबड़ धोंधों' [१६२६ ?], जिसमें छः प्रहसन हैं, तथा 'विवाह-विज्ञापन' (१६२७), गङ्गाप्रसाद (जी० पी०) श्रीवास्तव का 'भूलचूक' (१६२८), बेचन शर्मा 'उग्र' का 'चार बेचारे' (१६२६), ठाकुरदत्त शर्मा का 'भूलचूक' (१६२६), बदरीनाथ भट्ट का 'मिस अमेरिकन' (१६२६), सुदर्शन का 'आनरेरी मजिस्ट्रेट' (१६२६) तथा गङ्गाप्रसाद (जी० पी०) श्रीवास्तव के 'चाल बेढब' (१६३४), 'चोर के घर छिछोर (१६३४) तथा 'साहित्य का सपूत' (१६३५)। उपर्युक्त में से 'नूतन अंधेर नगरी' भारतेन्दु के 'अंधेर नगरी' के अनुकरण पर लिखा गया है। 'मर्दानी औरत' में लेखकों की दुर्दशा का चित्रण है। 'ईश्वरीय न्याय' में हमारी सामाजिक कमज़ोरियों का दिग्दर्शन कराया गया है। 'चार बेचारे' में संपादक, अध्यापक, सुधारक, तथा प्रचारक वर्ग की कमज़ोरियों का परिहास उपस्थित किया गया है। 'मिस अमेरिकन' में सेठों और अमीरों की हँसी उड़ाई गई है। शेष के विषय या तो उनके नामों से ही स्पष्ट हैं,

या वे इतने साधारण हैं कि उनके उल्लेख की आवश्यकता नहीं है। ये नाटक प्रायः इतने अस्वाभाविक हैं कि हमारे जीवन पर उनका कोई प्रभाव नहीं पड़ सकता, और ककदाचित् हमारे साहित्य और हमारी संस्कृति के इतिहास में इनका कोई स्थायी स्थान न हो सकेगा। हास्य की उच्चकोटि की प्रतिभा हिंदी लेखकों में जैसे दिखलाई ही नहीं पड़ी, और इस काल में यह अभाव पिछले काल से भी अधिक चिंत्य रहा।

११. स्फुट तथा एकांकी—एकांकी नाटक कोई नवीनता नहीं है: पुराने नाट्य-साहित्य में भी एकांकी मिलता है, और कई रूपों में मिलता है। एकांकी-परंपरा अवश्य नवीन है। और यह परंपरा प्राचीन नाट्य-शास्त्र के नियमों को लेकर नहीं चली है। इस परंपरा का विकास सामयिक पत्रों के लिए नाटकीय प्रबंधों की आवश्यकताओं का अनुभव करते हुए पाश्चात्य एकांकी के अनुकरण पर हुआ है। यह एकांकी जब पुस्तकाकार प्रकाशित हुए तो प्रायः संग्रह के रूप में। संग्रह का यह रूप आलोच्यकाल के प्रारंभ से ही मिलने लगता है, यद्यपि उस समय वह एकांकियों का उतना संग्रह नहीं था जितना छोटे नाटकों का। सुविधा के लिए हम दोनों को एक साथ ले सकते हैं। सोमेश्वरदत्त शुक्ल का 'तरल-तरंग' (१९११) पहला संग्रह है, इसमें दो नाटक संगृहीत हैं। मोहनसिंह के 'स्वरावली' (१९२८) में तीन सामाजिक प्रश्नरूपक हैं; कैलाशनाथ भटनागर के 'नाट्य-सुधा' (१९३३) तथा भुवनेश्वरप्रसाद के 'कारवाँ' (१९३५) में कई छोटे-छोटे विविध नाटक हैं; गणेशप्रसाद द्विवेदी का 'सुहागबिंदी' (१९३५) तथा रामकुमार वर्मा का 'पृथ्वीराज की आँखें' (१९३६) छः एकांकी नाटकों का संग्रह है। गौरीशङ्कर 'सत्येन्द्र' का 'कुनाल' (१९३७) भी एकांकी है। राधेश्याम कथावाचक का एक एकांकी है 'घंटा पंथ' (१९३९); द्वारकाप्रसाद का एक एकांकी है 'आदमी' (१९४०); सद्गुरुशरण अवस्थी के 'दो एकांकी नाटक' (१९४०) एकत्र संगृहीत हैं; श्री उदयशंकर भट्ट का 'अभिनव' एकांकी नाटक (१९४०) छः एकांकी नाटकों का संग्रह है; गोविन्ददास सेठ के 'सप्तरश्मि' (१९४१) में

सात एकांकी हैं; रामकुमार वर्मा के 'रेशमी टाई' (१९४१) में पाँच एकांकी हैं; और उनके 'चारुमित्रा' (१९४२) में चार; गोविन्द-दास के 'पंचभूत' (१९४२) में पाँच एकांकी नाटक हैं; और उदय-शंकर भट्ट का 'स्त्री का हृदय' (१९४२) सात एकांकी नाटकों का संग्रह है। इस परंपरा में सबसे आधुनिक है प्यारेलाल का 'माता की सौगात' (१९४२), जिसमें पाँच एकांकी संगृहीत हैं। इनमें से राधेश्याम का 'घंटापंथ' हास्य-प्रधान है, और द्वारकाप्रसाद के 'आदमी' में विवाह की आवश्यकता का समर्थन है, शेष एक से अधिक नाटकों के संग्रह हैं और उनके विषय भी विभिन्न प्रकार के हैं। इस नवीन परंपरा में एक नवजीवन और स्फूर्ति दिखाई दे रही है जिससे इसका भविष्य उज्ज्वल ज्ञात होता है।

नाटक यद्यपि पिछले युग में खूब लिखे गए थे, और आदर्शों में वे अपने युग के साथ भी रहे थे, किंतु उनमें तब कला का विकास यथेष्ट नहीं हुआ था, और वह इस युग में हुआ। नाटक इस युग में अच्छे से अच्छे शिल्पियों के हाथ में पड़ा, और वह भली भाँति चमका, यद्यपि कभी-कभी इसी कारण से वह दृश्यकाव्य की अपेक्षा श्रव्यकाव्य अधिक हो गया। हिंदी रंगमंच के अभाव में इस अतिक्रम से किसी हानि की संभावना नहीं जान पड़ती। अपना रंगमंच होने पर उसके अनुसार हिंदी नाटक पुनः अपने को व्यवस्थित कर सकता है। उसका भविष्य आशापूर्ण ज्ञात होता है।

निबंध

इस युग में यद्यपि निबंध-ग्रंथों की माँग बढ़ी फिर भी अन्य ललित साहित्यरूपों के बराबर नहीं : यही कारण है कि इस विकास-काल में भी जब कि पत्र-पत्रिकाएँ अनेक हैं, और उनमें निबंधों की कमी नहीं है, निबंध-संग्रह इने-गिने हैं।

अध्ययन के लिए हम प्रस्तुत विषय के साहित्य को निम्नलिखित वर्गों में विभाजित कर सकते हैं : १. विशिष्ट विषयों के निबंध, २. विविध विषयों के निबंध-संग्रह, ३. गद्य-गीति तथा ४. विनोद-व्यंग्य।

१. **विशिष्ट विषयों के निबंध**—विशिष्ट विषयों के निबंध इने-गिने हैं: गोपाललाल खत्री लिखित 'राष्ट्र-सुधार में नाटकों का भाग' (१९१२), 'रेशम' लिखित 'उन्नति' (१९२२), तथा अमीरअली 'मीर' कृत 'मातृभाषा की महत्ता' (१९३४)। कुछ निबंध स्वतंत्र विषयों की सूची में भी मिलेंगे, किंतु उनमें विषय-विवेचन ही प्रायः सब कुछ है, कला-पक्ष गौण है, इसलिए उनका उल्लेख यहाँ नहीं किया गया है।

२. **विविध विषयों के निबंध-संग्रह**—संग्रहों में से उल्लेखनीय हैं जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी कृत 'गद्यमाला' (१९०६), सत्यदेव स्वामी कृत 'सत्य-निबंधावली' (१९१३), 'ग्रामीण' कृत 'किरण' (१९१६), मिश्रबंधु कृत 'पुष्पाञ्जलि' (१९१६), देवेन्द्रप्रसाद जैन कृत 'त्रिवेणी' (१९१७), महावीरप्रसाद द्विवेदी कृत 'रसज्ञ-रंजन' (१९२०), 'साहित्य-संदर्भ' (१९२८), 'साहित्य-सीकर' (१९३०), तथा 'अद्-भुत आलाप' (१९२४), गोविन्दनारायण मिश्र कृत 'गोविन्द-निबंधा-वली' (१९२५), जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी कृत 'निबंध-निचय' (१९२६), जगदीश झा कृत 'तरङ्गिणी' (१९२८), डा० भगवान-दास कृत 'समन्वय' (१९२८), महावीरप्रसाद द्विवेदी लिखित 'लेखा-ञ्जलि' (१९२८), रामचन्द्र शुक्ल कृत 'विचार-वीथी' (१९३०) तथा 'चिन्तामणि' (१९३६), पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी कृत 'मकरन्द-बिन्दु' (१९३१) तथा 'प्रबंध-पारिजात' (१९३२), महावीरप्रसाद द्विवेदी कृत 'विचार-विमर्श' (१९३१), हरिभाऊ उपध्याय कृत 'बुद्-बुद' (१९३२), राधामोहन गोकुलजी कृत 'विप्लव' (१९३२), रघुबीरसिंह कृत 'बिखरे फूल' (१९३३), सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' कृत 'प्रबंध-पद्म' (१९३४), माधव मिश्र कृत 'निबंधमाला' (१९३६), जैनेन्द्रकुमार कृत 'जैनेन्द्र के विचार' (१९३७), प्रेमचन्द कृत 'कुछ विचार' (१९३९), सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' कृत 'प्रबंध-प्रतिमा' (१९४०), गङ्गाप्रसाद पाण्डेय कृत 'निबंधिनी' [१९४१ ?], नलिनी-मोहन सान्याल कृत 'उच्च विषयक लेखमाला' (१९४१), मोहनलाल महतो कृत 'विचारधारा' (१९४१), धीरेन्द्र वर्मा कृत 'विचार-

धारा' (१६४२) तथा महादेवी वर्मा कृत 'श्रृङ्खला की कड़ियाँ' (१६४२)।

यदि इस परंपरा को ध्यानपूर्वक देखा जावे तो ज्ञात होगा कि इसकी रचनाओं को हम साधारणतः कुछ श्रेणियों में रख सकते हैं। पहली श्रेणी में वे होंगी जिनमें जीवन की विविध समस्याओं पर मननीय सामग्री मिलती है: जैसे उपर्युक्त में से 'समन्वय', 'श्रृङ्खला की कड़ियाँ', 'सत्य-निबंधावली', 'त्रिवेणी', 'तरंगिणी', 'बुदबुद', 'विप्लव', 'बिखरे फूल', 'प्रबंध-पद्म', 'प्रबंध-प्रतिमा' तथा 'जैनेन्द्र के विचार'। दूसरी श्रेणी में वे होंगी जिनमें विशेषरूप से साहित्य-चर्चा होगी: जैसे उपर्युक्त में से 'रसज्ञ-रञ्जन', 'साहित्य-सदंर्भ', 'साहित्य सीकर', तथा 'विचार विमर्श'। और, तीसरी श्रेणी में वे रचनाएँ आवेंगी जिनमें जीवन-पक्ष और साहित्य-पक्ष दोनों ही का अध्ययन मिलता है: जैसे उपर्युक्त में से 'विचार-वीथी', 'चिन्तामणि', तथा 'विचार-धारा'। खोज और अध्ययन की कमी है, विशेष रूप से कल्पना का ही आश्रय लिया जाता है। ऐसे खोज और अध्ययनपूर्ण निबंधों का अभी प्रारंभ ही हुआ है जिनमें हमारे जीवन और हमारे साहित्य का परस्पर सापेक्ष्य अध्ययन हुआ हो, और इनमें से धीरेन्द्र वर्मा की 'विचारधारा' अग्रगण्य है।

३. गद्यगीति—गद्यगीति की परंपरा का प्रवर्तन इसी युग की बात है। रायकृष्णदास की 'साधना' (१६१६), जिसमें उनकी भक्तिभावना के उद्‌गार हैं, इस परंपरा की पहली रचनाओं में से है। हरिप्रसाद द्विवेदी 'वियोगी हरि' की 'तरङ्गिणी' (१६२०), चतुरसेन शास्त्री का 'अन्तस्तल' (१६२१), हरिप्रसाद द्विवेदी 'वियोगी हरि' के 'अन्तर्नाद' (१६२६) 'पगली' (१६२८), 'भावना' (१६२६), और 'प्रार्थना' (१६२६), सद्‌गुरुशरण अवस्थी का 'भ्रमित पथिक' (१६२६), राय कृष्णदास के 'प्रवाल' (१६२६), तथा 'छायापथ' (१६३०), दुर्गाशंकरप्रसाद सिंह का 'ज्वालामुखी' (१६२६), शांतिप्रसाद वर्मा का 'चित्रपट' (१६३२), लक्ष्मीनारायण सिंह 'सुधांशु' का 'वियोग' (१६३२), हरिप्रसाद द्विवेदी 'वियोगी हरि' का 'ठंडे छींटे' (१६३३), देवशरण विद्यालंकार का

'तरंगित हृदय' (१६३६ द्वितीय), दिनेशनंदिनी चोरड्या के 'शबनम' (१६३६), 'मौक्तिक माल' (१६३७), तथा 'शारदीया' (१६३६), रघुबीरसिंह की 'शेष स्मृतियाँ' (१६३६), सियारामशरण गुप्त का 'झूठ-सच' (१६३६), गुलाबराय का 'मेरी असफलताएँ' (१६४०), 'रजनीश' की 'आराधना' (१६४१) तारा पाण्डेय की 'रेखाएँ' (१६४१), तथा हरिप्रसाद द्विवेदी 'वियोगी हरि' की 'मेरी हिमाक़त' (१६४२), इस परंपरा की अन्य उत्कृष्ट कृतियाँ हैं। इनमें प्रायः रहस्यवादात्मक अथवा छायावादात्मक भाव-चित्रों का अंकन हुआ है, किन्हीं-किन्हीं में देश की सामाजिक, राजनैतिक, तथा धार्मिक कमज़ोरियों पर चुभते हुए व्यंग्य हैं, और किसी में देश के पुनरुत्थान के लिए भगवान से प्रार्थना की गई है। गद्यगीति की इस परंपरा में यथेष्ट स्फूर्ति और जीवन है इसलिए यह आशा करना अनुचित न होगा कि इसका भविष्य उज्जवल है।

४. **विनोद-व्यंग्य**—निबंधों की इस परंपरा में पिछले युग की अपेक्षा कोई विशेषता नहीं दिखाई पड़ी। इस युग की उल्लेखनीय रचनाएं हैं सोमेश्वरदत्त कृत 'विनोद-वैचित्र्य' (१६१५), विजयानंद दुबे कृत 'दुबे जी की चिट्ठियाँ' (१६२६), गुलाबराय कृत 'ठलुआ क्लब' (१६२८) कैलाशचंद्र कृत 'विदूषक' (१६२८), कान्तानाथ चोंच कृत 'टाल-मटोल' (१६३५), 'छड़ी बनाम सोंटा' (१६३६), तथा 'चूना-घाटी' (१६४२), सरजूप्रसाद पंडा गौड़ कृत 'मिस्टर तिवारी का टेलीफोन' (१६३६), तथा 'चार चरण्डूल' (१६३८)।

निरीक्षण से ज्ञात होगा कि ललित साहित्यरूपों में से सबसे कम निबंध साहित्य का विकास और प्रचार हुआ। ऐसा ज्ञात होता है कि हिंदी-जनता में अभी उनके पठन-पाठन के लिए यथेष्ट रुचि नहीं है। इस रुचि-उत्पादन के लिए निबंध-लेखकों को यत्नशील होना चाहिए।

साहित्य-शास्त्र

प्रस्तुत विषय के साहित्य का अध्ययन हम निम्न-लिखित शीर्षकों में कर सकते हैं : १. छंद-शास्त्र, २. अलंकार-शास्त्र, ३. ध्वनि- शास्त्र,

४. रस-शास्त्र, ५. नाट्य-शास्त्र, ६. उपन्यास, कहानी, पत्रलेखन-कला ६. साहित्यिक समस्याएँ, ८. साहित्यिक वाद-प्रवाद ९. कवि-कर्त्तव्य, १०. समालोचना-शास्त्र, ११. लेखन-कला, तथा १२. पत्रकार-कला।

१. छंद-शास्त्र— पिंगल अथवा छंद-रचना-संबंधी साहित्य अलोच्य काल में बहुत उपेक्षित रहा। केवलराम शर्मा कृत 'छंदसार-पिंगल' (१९१६), जगन्नाथप्रसाद 'भानु' कृत 'छंद-सारावली' (१९१७), नारायणप्रसाद 'बेताब' कृत 'पिंगल-सार' (१९२२), जैसी सामान्य रचनाओं के अतिरिक्त, जो इस काल के पूर्वार्द्ध में ही प्रकाशित हो चुकी थीं, इस क्षेत्र में कार्य नहीं हुआ। एक तुकों का कोष अवश्य प्रकाशित हुआ : वह है नारायणप्रसाद 'बेताब' कृत 'प्राशपुञ्ज' (१९१९)।

२. अलंकार-शास्त्र—अलंकार-संबंधी अच्छे ग्रंथ प्रायः आलोच्य काल के प्रारंभ में ही प्रकाशित हुए, इधर तो उनका क्षेत्र भी प्रायः सूना ही रहा। भगवानदीन लाला का 'अलंकार-मंजूषा' (१९१६), जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी का 'अनुप्रास-अन्वेषण' (१९१८), जगन्नाथ प्रसाद 'भानु' का 'हिंदी काव्यालंकार' (१९१८), अर्जुनदास केडिया का 'भारती-भूषण' (१९३०), रामशंकर शुक्ल के 'अलंकार-पीयूष' (१९२९-३०) तथा 'अलंकार-कौमुदी' (१९३०) ही अलंकार विषय के अच्छे ग्रंथ हैं। इनमें से भी विशेष उल्लेखनीय 'अलंकार-पीयूष' तथा 'भारती-भूषण' हैं जिनमें विषय का शास्त्रीय विवेचन मिलता है। इस परंपरा का एक और ग्रंथ है जगन्नाथप्रसाद 'भानु' का 'अंक-विलास' (१९२५), जिसमें लेखक ने एक से लेकर नौ तक के अंकों द्वारा कविता और पहेलियों की रचना की है। कहने की आवश्यकता नहीं कि इसमें कला की अपेक्षा चमत्कार प्रदर्शन ही विशेष है।

३. ध्वनि-शास्त्र—हिंदी में ध्वनि-शास्त्र का विकास नहीं हुआ। इस युग में भी केवल एक पुस्तक में विषय का विवेचन हुआ है : वह है भगवानदीन लाला की 'व्यंग्यार्थ-मंजूषा' (१९२७)।

४. रस-शास्त्र—रस-शास्त्र पर कुछ अच्छे ग्रंथ इस काल में लिखे गए। जगन्नाथप्रसाद 'भानु' का 'रस-रत्नाकर' (१९१९), गुलाबराय

का 'नवरस' (१९२१), कृष्णबिहारी मिश्र का 'नवरस-तरंग' (१९२५), अयोध्यासिंह उपाध्याय का 'रस-कलश' (१९२५), किशोरीदास वाजपेयी का 'रस और अलंकार' (१९३१) इस परंपरा के प्रमुख ग्रंथ हैं। 'रस-कलश' में विशेष रूप से नायिका-भेद का निरूपण किया गया है, और वह भी कुछ मौलिक उद्भावना के साथ। विशेष रसों में से केवल हास्य पर एक स्वतंत्र पुस्तक मिलती है: गङ्गाप्रसाद (जी० पी०) श्रीवास्तव का 'हास्यरस' (१९३४), और अपने विषय की यह एक उल्लेखनीय कृति है।

५. **नाट्य-शास्त्र**—नाट्य-शास्त्र-संबंधी रचनाएँ दो श्रेणियों में विभक्त हैं: पहली वे जो प्राचीन भारतीय नाट्य-शात्र के आधार पर हैं, और दूसरी वे जो पाश्चात्य नाट्य-शास्त्र का अनुसरण करती हैं। पहली श्रेणी की रचनाओं में से उल्लेखनीय हैं महावीरप्रसाद द्विवेदी का 'नाट्य-शास्त्र' (१९११), रामशंकर शुक्ल का 'नाट्य-निर्णय' (१९३०), तथा श्यामसुंदरदास का 'रूपक-रहस्य' (१९३२)। अंतिम में विषय का एक पूर्ण विवेचन मिलता है। दूसरी श्रेणी की रचनाएँ हाल में ही प्रकाश में आने लगी हैं; गोविन्ददास सेठ की 'नाट्य-कला-मीमांसा' (१९३६) इसी प्रकार की एक छोटी रचना है। इसी प्रसंग 'में हिंदी नाट्य-कला' (१९३७) नाम की वेदव्यास लाला की एक रचना का भी उल्लेख किया जा सकता है।

६. **उपन्यास, कहानी, तथा पत्रलेखन-कला**—उपन्यास, कहानी, तथा पत्रलेखन-कलाएँ नवीन युग की हैं, और इन पर अभी तक इने-गिने ही ग्रंथ निकले हैं। उपन्यास-कला पर विनोदशंकर व्यास की 'उपन्यास-कला' (१९४१), कहानी-कला पर कन्हैयालाल मुंशी की 'कहानी कैसे लिखनी चाहिए' (१९३२) तथा विनोदशंकर व्यास की 'कहानी-कला (१९३८), और पत्रलेखन-कला पर सूर्यबलीसिंह का 'लव-लेटर्स' (१९३९) इने-गिने उल्लेखनीय ग्रंथ हैं।

७. **साहित्यिक समस्याएँ**—इधर साहित्य की विभिन्न समस्याओं पर भी विचार किया जाने लगा है। मौलिकता को साहित्य की सृष्टि के

लिए एक आवश्यक उपादान मान कर उस पर दो ग्रंथ लिखे गए: हरिहरप्रसाद जिज्ञल का 'नया ग्रन्थकार' (१६२२) जिसमें उसे साहित्यिक चोरी से बचने के लिए आदेश किया गया है, तथा गोपाल दामोदर तामस्कर का 'मौलिकता' (१६२६), जिसका विषय स्पष्ट है। इसी प्रकार तीन और समस्याओं पर भी ग्रंथ लिखे गए: कन्हैयालाल गुप्त कृत 'चरित्र-चित्रण' (१६२३), लक्ष्मीधर वाजपेयी कृत 'काव्य और सङ्गीत' (१६३८) तथा करुणापति त्रिपाठी कृत 'शैली' (१६४२)। अंतिम में विशेष रूप से हिंदी की विभिन्न शैलियों पर विचार किया गया है।

८. **साहित्यिक वाद-प्रवाद**—काव्य-क्षेत्र में कुछ दार्शनिक प्रवृत्तियाँ विभिन्न वादों के नाम से प्रचलित हुईं; उनके संबंध में भी कुछ ग्रंथ इस काल में मिलते हैं: पं० रामचन्द्र शुक्ल का 'काव्य में रहस्यवाद' (१६२६), लक्ष्मीनारायण सिंह 'सुधांशु' का 'काव्य में अभिव्यञ्जनावाद' (१६३६), पुरुषोत्तमलाल का 'आदर्श और यथार्थ' (१६३७), जयशङ्कर 'प्रसाद' का 'काव्य और कला' (१६३६) तथा गङ्गाप्रसाद पाण्डेय का 'छायावाद और रहस्यवाद' (१६४१) उसी दिशा के प्रयास हैं। इस प्रकार के व्याख्यात्मक ग्रंथों की परंपरा अभी नई है, और आशा है कि इसमें यथेष्ट उन्नति होगी।

६. **कवि-कर्त्तव्य**—कवि-कर्त्तव्य विषयक ग्रंथ इस काल में पर्याप्त संख्या में लिखे गए; जगन्नाथदास विशारद अधिकारी का 'कवि-कर्त्तव्य (१६११), जगन्नाथप्रसाद 'भानु' का 'काव्य-प्रभाकर' (१६१०), जगन्नाथ 'गोप' का 'काव्य-प्रभाकर' (१६१४), सीताराम शास्त्री का 'साहित्य-सिद्धांत' (१६२३), गङ्गानाथ झा महामहोपाध्याय का 'कवि-रहस्य' (१६२६) तथा विहारीलाल भट्ट का 'साहित्य-सागर' (१६३७) इसी परंपरा के हैं। इनमें से 'कवि-रहस्य' सर्वोत्कृष्ट है, और अधिकार के साथ अपने विषय का निरूपण करता है।

१०. **समालोचना-शास्त्र**—समालोचना-शास्त्र की नवीन परंपरा में

इस युग में अच्छे साहित्य की सृष्टि हुई। उल्लेखनीय हैं उसमें श्यामसुन्दरदास कृत 'साहित्यालोचन' (१९२३), किशोरीदास वाजपेयी कृत 'साहित्य-मीमांसा' (१९२७), तथा 'साहित्य की उपक्रमणिका' (१९३०), कालिदास कपूर कृत 'साहित्य-समीक्षा' (१९३०), नलिनीमोहन सान्याल कृत 'समालोचना-तत्व' (१९३६), मोहनलाल महतो कृत 'कला का विवेचन' (१९३६), शान्तिप्रिय द्विवेदी कृत 'कवि और काव्य' (१९३७), गङ्गाप्रसाद पाण्डेय कृत 'काव्य-कलना' (१९३८), रामकुमार वर्मा कृत 'साहित्य-समालोचना' (१९३८), रामशङ्कर शुक्ल कृत 'आलोचनादर्श' (१९३८), गोपाललाल खन्ना कृत 'काव्य-कला' (१९३९), इलाचन्द्र जोशी कृत 'साहित्य-सर्जना' (१९४०), विनयमोहन कृत 'साहित्य-कला' (१९४०) तथा सूर्यकांत शास्त्री कृत 'साहित्य-मीमांसा' [१९४१ ?] इन ग्रंथों में साहित्यालोचन का स्थान सर्वोपरि कहा जा सकता है : उसमें कला के पूर्वीय और पाश्चात्य आदर्शों का समन्वय करते हुए ललित साहित्य के समस्त अंगों पर यथेष्ट विस्तार के साथ विचार किया गया है ?

१०. **लेखन-कला**—लेखन-कला पर पुस्तकें प्रारंभिक ही हैं : सत्यदेव स्वामी की 'लेखन-कला' (१९१७), गुलाबराय का 'प्रबन्ध-प्रभाकर' (१९३४), सत्यजीवन वर्मा की 'लेखनी उठाने से पूर्व' (१९४०) तथा किशोरीदास वाजपेयी की 'लेखन-कला' (१९४१) इसी प्रकार की रचनाएँ हैं।

११. **पत्रकारकला**—पत्र-कार-कला पर एकाध ही पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं; उनमें से केवल नन्दकुमारदेव शर्मा की 'पत्र-सम्पादन-कला' (१९२३) उल्लेखनीय है।

इस निरीक्षण से ज्ञात होगा कि यद्यपि साहित्य-शास्त्र के साहित्य में इस युग में काफ़ी उन्नति हुई, और वह नवीन युग के साहित्य के निकट आ गया, पर अभी भी उसमें बहुत कमी है—विभिन्न साहित्यरूपों पर विस्तृत, गंभीर और वैज्ञानिक विवेचनों का प्रायः अभाव है।

जीवन-चरित्र*

प्रस्तुत विषय के साहित्य का निरीक्षण हम निम्नलिखित शीर्षकों में कर सकते हैं : १. आत्म-चरित्र, २. आधुनिक संत-चरित्र, ३. आधुनिक राजनैतिक चरित्र, ४. स्फुट चरित्र, ५. ऐतिहासिक चरित्र, ६. मध्ययुगीन संत-चरित्र, तथा ७. विदेशीय चरित्र ।

१. **आत्म-चरित्र**—जीवनी-साहित्य के क्षेत्र में इस काल में एक नई परंपरा प्रकाश में आई; वह थी आत्मकथा-परंपरा । स्वामी दयानन्द का अत्यंत संक्षिप्त 'स्वरचित जीवन-चरित्र' (१६१७) अवश्य रचना के दृष्टिकोण से पिछले युग की वस्तु है, किंतु वास्तव में वह आत्मकथा-कोटि में नहीं आता, उसे एक सामान्य आत्म-परिचय मात्र समझना चाहिए । वास्तविक आत्मकथाएँ इसी युग में मिलती हैं । सत्यानन्द अग्निहोत्री की कुछ रचनाएँ इस युग के प्रारंभ में ही उत्कृष्ट आत्मकथा के रूप में हमारे सामने आती हैं : उनका 'मुझमें देव-जीवन का विकास' (१६१०-) जो ८०० पृष्ठों में हैं, उनका 'अपने देव-जीवन के विकास और जीवनव्रत की सिद्धि के लिए मेरा अद्वितीय त्याग' (१६१५-) जो १६०० पृष्ठों में है, और उनकी एक छोटी रचना 'अपने छोटे भाई के संबंध से मेरी सेवाएँ' (१६२१) आत्मकथा-साहित्य में उल्लेखनीय हैं । परमानन्द भाई की स्वलिखित देश-निर्वासन आदि की कथा 'आप बीती' (१६२१), रामबिलास शुक्ल लिखित 'मैं क्रांतिकारी कैसे बना' (१६३३), भवानीदयाल सन्यासी की अपनी प्रवास-कहानी 'प्रवासी की कहानी' (१६३६), राजाराम की 'मेरी कहानी' (१६३६) घनश्याम-दास बिड़ला के 'डायरी के कुछ पृष्ठ' (१६४१) इस परंपरा की अन्य उत्कृष्ट रचनाएँ हैं ।

२. **आधुनिक संत-चरित्र**—धार्मिक महापुरुषों के जीवन-चरित्रों की परंपरा में स्वामी दयानन्द का जीवन प्रारंभ में सबसे अधिक प्रिय विषय रहा : अखिलानन्द शर्मा लिखित और अनुवादित 'दयानन्द-दिग्विजय'

* यहाँ पर साहित्यकारों के जीवनवृत्त नहीं हैं, वे पीछे अन्यत्र आए हैं ।

(१९१०) तथा स्वामी सत्यानन्द का 'दयानन्द-प्रकाश' (१९१६) उनमें से सर्वप्रमुख हैं। महात्मा मुंशीराम 'श्रद्धानन्द' लिखित 'आर्य-पथिक लेखराम' (१९१४) एक अन्य सुंदर वृत्त है। पूर्णसिंह वर्मा रचित 'भीमसेन शर्मा का जीवन-चरित्र' (१९१८) तथा जयकृष्ण लिखित उनके संबंध का एक संस्करण 'भीमसेन शर्मा से दो-दो बातें' (१९२४), पं० सत्यदेव लिखित 'स्वामी श्रद्धानन्द' (१९३३), सत्य-देव विद्यालङ्कार लिखित 'लाला देवराज' (१९३७), शिवनारायण द्विवेदी लिखित 'राजा राममोहनराय' (१९१७), 'एक भारतीय-हृदय' लिखित 'केशवचन्द्र सेन' (१९२०), गङ्गाप्रसाद उपाध्याय लिखित 'राजा राममोहनराय', 'केशवचन्द्र सेन', तथा 'स्वामी दयानन्द' (१९२०), नारायण स्वामी का 'श्री रामतीर्थ महाराज' (१९१४) तथा द्वारकानाथ तिवारी का 'रामकृष्ण-लीलामृत' (१९३९) अन्य उल्लेखनीय कृतियाँ हैं।

३. **आधुनिक राजनैतिक चरित्र**—राजनैतिक जीवनियों में से दयाचन्द्र गोयलीय लिखित 'कांग्रेस के पिता ए० ओ० ह्यूम' (१९१०), ब्रजनाथ शर्मा लिखित 'सर विलियम वेडरबर्न' (१९१०), राधामोहन गोकुलजी का 'देशभक्त लाजपत' (१९१२), मुकुन्दीलाल वर्मा का 'कर्मवीर गांधी' (१९१३), सम्पूर्णानन्द का 'धर्मवीर गांधी' (१९१४), रामचन्द्र वर्मा का 'महात्मा गांधी' (१९१६), राजेन्द्रप्रसाद लिखित 'चम्पारन में महात्मा गांधी' (१९१९), 'एक भारतीय हृदय' लिखित 'भारत-भक्त एँड्र्यूज़' (१९२२), नन्दकुमारदेव शर्मा का 'प्रेमपुजारी राजा महेन्द्रप्रताप' (१९२३), गोपीनाथ दीक्षित लिखित 'जवाहरलाल नेहरू' [१९३७ ?], मन्मथनाथ गुप्त लिखित 'चन्द्रशेखर आज़ाद' १९३८) तथा 'अमर शहीद यतीन्द्रनाथ दास' (१९३८), प्रेमनारायण अग्रवाल लिखित 'भवानीदयाल सन्यासी' (१९३९), जगदीशनारायण तिवारी लिखित 'सुभाषचन्द्र बोस' (१९४०), रामनरेश त्रिपाठी लिखित 'तीस दिन मालवीय जी के साथ' (१९४२) तथा घनश्यामदास बिड़ला लिखित 'श्री जमुनालाल जी' (१९४२) उल्लेख-नीय कृतियाँ हैं।

४. **स्फुट चरित्र**—स्फुट चरित्रों में से किशोरीलाल गोस्वामी लिखित 'नन्हेलाल गोस्वामी' [१६१० ?], लालमणि बाँठिया लिखित 'पं० ज्वालाप्रसाद मिश्र' (१६१८), रघुवंशभूषणशरण का 'रूपकला-प्रकाश' (१६३२) तथा सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' लिखित किन्हीं पटवारीदीन भट्ट की हास्यपूर्ण जीवनी 'कुल्ली भाँट' (१६३६) प्रमुख हैं।

५. **ऐतिहासिक चरित्र**—ऐतिहासिक महापुरुषों के चरित्र खूब लिखे गए, और प्रायः यह चरित्र ऐतिहासिक सामग्री के आधार पर लिखे गए यही इनकी विशेषता है। परमानन्द स्वामी का 'बुद्ध का जीवन-चरित्र' (१६०६), जगमोहन वर्मा का 'बुद्धदेव' (१६१७), जयशङ्कर प्रसाद का 'चन्द्रगुप्त मौर्य' [१६१२ ?], देवराज लाला का 'भीमदेव' (१६१६), जो जनसत्तात्मक शासन-प्रणाली के लिए राजपद का त्याग करता है, सम्पूर्णानन्द कृत 'सम्राट् हर्षवर्धन' (१६२०), गौरीशङ्कर चैटर्जी लिखित 'हर्षवर्धन' (१६३८), सम्पूर्णानन्द लिखित 'सम्राट् अशोक' (१६२४), विश्वेश्वरनाथ रेउ लिखित 'राजा भोज' (१६३२), तथा गङ्गाप्रसाद मेहता लिखित 'चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य' (१६३३) हिंदू युग के महापुरुषों के उत्कृष्ट जीवन-चरित्र हैं। मुस्लिम युग के चरित्रों में से उल्लेखनीय हैं नन्दकुमारदेव शर्मा लिखित 'मुग़ल सम्राट् बाबर' (१६०६), रघुनंदप्रसाद मिश्र लिखित 'शिवाजी और मराठा जाति' (१६१४), आनन्दकिशोर मेहता लिखित 'गुरु गोविन्दसिंह जी' (१६१४), बेनीप्रसाद लिखित 'गुरु गोविन्दसिंह' (१६१४), सूर्यनारायण त्रिपाठी का 'रानी दुर्गावती' (१६१४), सम्पूर्णानन्द का 'महाराज छत्रसाल' (१६१६), चन्द्रमौलि सुकुल लिखित 'अकबर' (१६१७), परमानन्द भाई लिखित 'वीर बैरागी' (१६२३) बाबा बंदा का जीवन-चरित्र, नन्दकुमार देव शर्मा लिखित 'वीरकेसरी शिवाजी' (१६२३), गोपाल दामोदर तामस्कर लिखित 'शिवाजी की योग्यता' (१६२६), मथुराप्रसाद दीक्षित लिखित 'नादिरशाह' (१६२४), हरविलास सारडा लिखित 'महाराणा सांगा' (१६२४), तथा व्रजरत्नदास लिखित 'बादशाह हुमायूँ' (१६३१)। अंग्रेज़ी युग के चरित्रों में से

लज्जाराम शर्मा मेहता का एक वीर जाट 'जुझार तेजा' (१६१४) की जीवनी, सम्पूर्णानन्द लिखित 'चेतसिंह और काशी का विद्रोह' (१६१६), बेनीप्रसाद लिखित 'रणजीत सिंह' (१६२०), नन्दकुमारदेव शर्मा लिखित 'पञ्जाब केसरी महाराणा रणजीत सिंह' (१६२०), सम्पूर्णानन्द लिखित 'महादजी सिंधिया' (१६२०), तथा हरिहरनाथ शास्त्री लिखित 'मीर कासिम' (१६२८) प्रमुख चरित्र हैं।

६. **मध्ययुगीन संत-चरित्र**—मध्ययुगीन संतों के चरित्रों में से उल्लेखनीय हैं गौरचरण गोस्वामी लिखित 'गौराङ्ग-चरित्र' (१६०६), शिवनन्दसहाय लिखित 'गौराङ्ग महाप्रभु' (१६२७), प्रभुदत्त कृत 'चैतन्य-चरितावली' (१६३३), परमानन्द स्वामी लिखित 'स्वामी शङ्कराचार्य' (१६१३) चतुर्भुजसहाय लिखित 'भक्तवर तुकारामजी (१६२६), हरिरामचन्द्र दिवेकर लिखित 'सन्त तुकाराम' (१६३७), अगरचन्द नाहटा लिखित—अकबर के समकालीन—'जिनचन्द्र सूरि' (१६३६), मङ्गल लिखित 'भक्त नरसिंह मेहता' (१६३७) तथा बलदेवप्रसाद बाहीक लिखित 'नामदेव-चरितावली' (१६३८)।

७ **विदेशीय चरित्र**—विदेशी महापुरुषों के जीवनवृत्तों में से प्रमुख हैं नाथूराम प्रेमी कृत 'जान स्टुअर्ट मिल' (१६१२), इन्द्र वेदालङ्कार कृत—जर्मनी के राजकुमार—'प्रिन्स बिस्मार्क' (१६१५), राधामोहन गोकुल जी लिखित 'नैपोलियन बोनापार्ट' (१६१७), शिवनारायण द्विवेदी लिखित 'कोलम्बस' (१६१७), बेनीप्रसाद लिखित 'महात्मा सुकरात' (१६१७), विश्वम्भरनाथ शर्मा लिखित 'रूस का राहु—रासपुटिन' (१६१६), इन्द्रवाचस्पति का इटली के नेता 'महावीर गैरीबाल्डी' (१६२०), राधामोहन गोकुल जी लिखित 'जोज़ेफ़ गैरीबाल्डी' (१६२२), सुरेन्द्रनाथ तिवारी लिखित 'वेदज्ञ मैक्समूलर' (१६२२), अशरफ़ी मिश्र लिखित 'धनकुबेर कारनेगी' (१६२४), सत्यव्रत लिखित 'अब्राहम लिङ्कन' (१६२८) लक्ष्मीसहाय माथुर लिखित 'बेञ्जामिन फ्रैङ्कलिन' (१६२८), शिवकुमार शास्त्री लिखित 'नेलसन की जीवनी' (१६२८), नारायणप्रसाद अरोड़ा

लिखित 'डी वेलेरा' (१९३२), सत्यभक्त लिखित 'कार्ल मार्क्स' (१९३३), सदानन्द भारती लिखित 'महात्मा लेनिन' (१९३४), चन्द्रशेखर शास्त्री लिखित 'हिटलर महान' (१९३६), रामइक़बाल सिंह लिखित 'स्टालिन' (१९३९), त्रिलोकीनाथ सिंह लिखित 'स्टालिन' (१९४०), विश्वनाथराय लिखित 'चीन का क्रान्तिकारी राष्ट्र-निर्माता—सनयात सेन' (१९३९), जितेन्द्रनाथ सान्याल लिखित 'च्याङ्गकाई शेक' [१९४१ ?], तथा रामनारायण यादवेन्दु लिखित 'हिटलर की विचारधारा' (१९४१)। इस युग में जीवनी-साहित्य में यथेष्ट उन्नति हुई, किन्तु विकास के लिए क्षेत्र भी अभी बहुत है यह स्पष्ट हुआ होगा। प्रत्येक वर्ग के जीवनी-साहित्य में प्रामाणिक, पूर्ण और कला-प्रधान कृतियों की बड़ी कमी है। आशा है कि यह कमी धीरे-धीरे दूर हो जावेगी।

[वृत्त-संग्रह तथा] इतिहास*

प्रस्तुत विषय के साहित्य का निरीक्षण हम निम्नलिखित शीर्षकों में कर सकते हैं : १. वृत्त संग्रह, २. जीवनी-कोष, ३. भारतीय इतिहास, ४ भारतीय राजवंशों का इतिहास, ५. विशिष्ट जातियों और संप्रदायों का इतिहास, ६. स्थानीय इतिहास, ७. विदेशों का इतिहास, तथा ८. शासन-विकास।

१. **वृत्त-संग्रह**—इस काल की वृत्त-संग्रह-संबंधी प्रमुख रचनाएँ हैं देवेन्द्रप्रसाद जैन कृत 'ऐतिहासिक स्त्रियाँ (१९१३), शिवनन्दनसहाय कृत 'सिक्ख गुरुओं की जीवनी। [१९१७ ?] परमानन्द भाई लिखित 'देशपूजा में आत्म-बलिदान' (१९२१), जिसमें कतिपय भारतीय देश-भक्तों के जीवन-चरित्र हैं, उमादत्त कृत 'भारतीय देशभक्तों के कारावास की कहानी' (१९२१ द्वितीय), भूदेव विद्यालङ्कार लिखित 'स्वाधीनता के पुजारी' (१९२५), जिसमें रूस के क्रांतिकारियों की जीवनियाँ हैं, महावीरप्रसाद द्विवेदी कृत 'चरितचर्या' (१९३०), गिरीशचन्द्र त्रिपाठी लिखित 'महापुरुषों की प्रेम-कहानियाँ (१९३७), तथा 'महापुरुषों

*यहाँ पर साहित्यों के इतिहास नहीं हैं, वे अन्यत्र पीछे आए हैं।

की करुण कहानियाँ' (१६३७), देवीदयाल चतुर्वेदी लिखित 'दुनिया के तानाशाह' (१६४०), मोहनलाल महतो लिखित 'आरती के दीप' (१६४०), और श्यामनारायण कपूर लिखित 'भारतीय वैज्ञानिक' (१६४२)।

२. **जीवनी-कोष**—जीवनी-कोष-संबंधी ग्रंथ इने-गिने हैं, जिनमें से केवल एक उल्लेखनीय है : द्वारकाप्रसाद चतुर्वेदी लिखित 'हिन्दी-चरिताम्बुधि' (१६२१)।

३. **भारतीय इतिहास**—भारतीय इतिहास-संबंधी ग्रंथों को हम चार वर्गों में रख सकते हैं : (क) सामान्य इतिहास, (ख) हिंदू युग का इतिहास, (ग) मुस्लिम युग का इतिहास, तथा (घ) अंग्रेज़ी युग का इतिहास।

सामान्य इतिहास-संबंधी ग्रंथों में उल्लेखनीय हैं उदयनारायण वाजपेयी लिखित 'प्राचीन भारतवासियों की विदेश यात्रा और वैदेशिक व्यापार' (१६११), बालकृष्ण का 'भारतवर्ष का संक्षिप्त इतिहास' (१६१४–) हरिमङ्गल मिश्र का 'भारतवर्ष का इतिहास' (१६१४), जयचन्द्र विद्यालङ्कार के 'भारतीय इतिहास का भौगोलिक आधार' (१६२५), और 'भारतभूमि और उसके निवासी' (१६३१), विद्याभास्कर शुक्ल का 'प्राचीन भारतीय युद्ध' (१६३१), जयचन्द्र विद्यालङ्कार के 'भारतीय इतिहास की रूपरेखा' (१६३४–), तथा 'इतिहास प्रवेश' (१६३८), सत्यकेतु विद्यालङ्कार की 'अपने देश की कथा' (१६३८), कालिदास कपूर का 'भारतीय सभ्यता का विकास' (१६३६)। तथा श्रीप्रकाश का 'भारत के समाज और इतिहास पर स्फुट विचार' (१६४१), इसी प्रसंग में हम भारतीय कलाओं के कुछ इतिहास-ग्रंथों का उल्लेख कर सकते हैं : वे हैं एन० सी० मेहता की 'भारतीय चित्रकला' (१६३५), और राय कृष्णदास के 'भारत की चित्रकला' (१६३६) तथा 'भारत की मूर्तिकला' (१६३६)।

हिंदू युग के प्रमुख इतिहास-ग्रंथ हैं रामदेव का 'भारतवर्ष का इतिहास' (१६११ द्वितीय), जो केवल वैदिक तथा आर्ष काल तक आता

है, रघुनन्दनशरण सिंह का 'आर्य-गौरव' (१९१३), मिश्रबन्धु का 'भारतवर्ष का इतिहास' (१९१६–), धर्मदत्त कृत 'प्राचीन भारत में स्वराज्य' (१९२०), हरिमङ्गल मिश्र का 'प्राचीन भारत' (१९२०), गौरीशङ्कर हीराचन्द ओझा का 'अशोक की धर्मलिपियाँ' (१९२३), जनार्दनभट्ट का 'अशोक के धर्मलेख' (१९२४), चन्द्रराज भण्डारी का 'भारत के हिन्दू सम्राट्' (१९२४), आर्यमुनि का 'वैदिक काल का इतिहास' (१९२५), जनार्दन भट्ट का 'युद्धकालीन भारत' (१९२६), कमलापति त्रिपाठी का 'मौर्यकालीन भारत का इतिहास' (१९२८), गौरीशङ्कर हीराचन्द ओझा की 'मध्यकालीन भारतीय संस्कृति' (१९२८), बेनीप्रसाद की 'हिन्दुस्तान की पुरानी सभ्यता' (१९३१), रघुवीर सिंह कृत 'पूर्व मध्यकालीन भारत' (१९३१), महादेव शास्त्री दिवेकर का 'आर्य-संस्कृति का उत्कर्षापकर्ष' (१९३१), रघुनन्दन शास्त्री का 'गुप्तवंश का इतिहास' (१९३२), गङ्गाप्रसाद मेहता लिखित 'प्राचीन भारत' (१९३३), राहुल सांकृत्यायन की 'पुरातत्व-निबन्धावली' (१९३७), चन्द्रगुप्त वेदालङ्कार का 'वृहत्तर भारत' (१९३९), प्राणनाथ विद्यालङ्कार का 'हरप्पा तथा मोहेन-जो-दड़ो के प्राचीन लेख' (१९३९), सतीशचन्द्र काला का 'मोहेन-जो-दड़ो तथा सिन्धु-सभ्यता' (१९४१), भगवद्दत का 'भारतवर्ष का इतिहास' (१९४०), जो केवल गुप्त-काल तक है, तथा सम्पूर्णानन्द का 'आर्यों का आदि देश' (१९४१)। इसी प्रसंग में हम हिंदू युग की कला-संबंधी एक इतिहास का भी उल्लेख कर सकते हैं : वह है आर० एम० रावल लिखित 'अजन्ता के कला-मण्डप' (१९३८)।

मुस्लिम युग संबंधी इतिहास-ग्रंथों में प्रमुख हैं देवीप्रसाद मुंसिफ़ लिखित 'हिंदोस्तान में मुसलमान बादशाह' (१९०९), जिसमें उनकी एक तिथि-संयुक्त सूची है, रामनाथ पांडेय का 'भारत में पोर्चुगीज़' (१९१२), रामप्रसाद त्रिपाठी का 'महाराष्ट्रोदय' (१९१३), देशव्रत का, हिंदू-जाति का स्वातंत्र्य-प्रेम' (१९२०), मन्नन द्विवेदी का 'मुसलमानी राज्य का इतिहास' (१९२०), परमात्माशरण का

'मध्यकालीन भारत' (१९३५), तथा इन्द्र विद्यावाचस्पति का 'मुग़ल साम्राज्य का क्षय और उसके कारण' (१९३८)।

अंग्रेज़ी-युग के प्रमुख इतिहास-ग्रंथ हैं अमृतलाल चक्रवर्ती का 'भरतपुर का युद्ध' (१९१२), शिवनारायण द्विवेदी का 'सन् १८५७ के ग़दर का इतिहास', (१९२२), ईश्वरीप्रसाद शर्मा का 'सन् सत्तावन का ग़दर' (१९२४), सूरजमल जैन का 'मराठे और अंग्रेज़' (१९२२), गङ्गाशङ्कर मिश्र का 'भारतवर्ष' में बृटिश साम्राज्य' (१९३०), तथा रामनाथलाल 'सुमन' का 'जब अंग्रेज़ आए' (१९३०), इसी प्रसंग में हम स्वतंत्रता के अन्दोलनों से संबंध रखनेवाले कुछ इतिहास-ग्रंथों का भी उल्लेख कर सकते हैं कन्हैयालाल का 'कांग्रेस के प्रस्ताव' (१९३१), बैजनाथ महोदय लिखित 'विजयी बारदोली' (१९२९), जो गुजरात के बारदोली ताल्लुक़े के लगानबंदी के आन्दोलन के संबंध में है, नवजादिकलाल का 'पराधीनों की विजय-यात्रा' (१९३४), जो दूसरी बार के कांग्रेस के सत्याग्रह-आन्दोलन से संबंध रखता है, तथा मन्मथनाथ गुप्त का 'भारत में सशस्त्र क्रान्ति-चेष्टा का रोमाञ्चकारी इतिहास' (१९३७) जिसका विषय प्रकट है।

४. राजवंशों का इतिहास—राजवंशों के इतिहासों में देवीप्रसाद मुंसिफ़ कृत 'पड़िहाड़-वंश-प्रकाश' (१९११), लक्ष्मीनारायण गर्दे लिखित 'महाराष्ट्र-रहस्य' (१९१२), नन्दकुमारदेव शर्मा का 'सिक्खों का उत्थान और पतन' (१९१७), विश्वेश्वरनाथ रेउ का 'क्षत्रप वंश का इतिहास' (१९१९) तथा 'भारत के प्राचीन राजवंश' (१९२६-), प्रतिपाल सिंह ठाकुर का 'आर्यदेवकुल का इतिहास' (१९२८), गोपाल दामोदर तामस्कर का 'मराठों का उत्थान और पतन' (१९३१), विश्वेश्वरनाथ रेउ का 'राठौड़ों का इतिहास' (१९३४), सुरेश्वरानंद का 'कैकयवंश चन्द्रोदय' (१९३९), तथा रामनारायण यादवेन्दु का 'यदुवंश का इतिहास' (१९४२) महत्वपूर्ण कृतियाँ हैं।

५. जातीय और धार्मिक इतिहास—जातियों और धर्मों का एक सामान्य इतिहास है शिवशङ्कर मिश्र का 'भारत का धार्मिक इति-

हास' (१६२३) । विशेष जातियों और धर्मों के इतिहास-ग्रंथों में उल्लेखनीय हैं पूरनचंद नाहर का 'जैन-लेख-संग्रह' (१६१८-) शीतल-प्रसाद ब्रह्मचारी लिखित 'मध्यप्रांत, मध्य-भारत और राजपूताने के प्राचीन जैन, स्मारक' (१६२६),—अयोध्याप्रसाद गोयलीय लिखित 'जैन-वीरों का इतिहास' (१६३०) तथा 'मौर्य-साम्राज्य के जैन वीर' (१६३२), हीरालाल जैन लिखित 'जैन इतिहास' की पूर्व-पीठिका '(१६१६), कामताप्रसाद जैन लिखित 'संक्षिप्त जैन इतिहास' (१६४१) तथा संपादित 'प्रतिमा लेख-संग्रह' (१६४२), जो जैन-धर्म के इतिहास से संबंध रखते हैं, भदन्त आनन्द कौसल्यायन लिखित 'बुद्ध और उनके अनुचर' (१६३७), जो बौद्धधर्म-संबंधी है, कण्ठमणि शास्त्री का 'काङ्करौली का इतिहास' (१६३६) जो पुष्टिमार्ग-संबंधी है, बालचन्द मोदी लिखित 'देश के इतिहास में मारवाड़ी जाति का स्थान' (१६४०), परमेश्वरीलाल गुप्त लिखित 'अग्रवाल जाति का इतिहास' (१६४२) तथा रामलाल लाला कृत 'जाट क्षत्रिय-इतिहास' (१६४१) जो विशेष जातियों से संबंध रखते हैं।

६. **स्थानीय इतिहास**—स्थानीय इतिहास-ग्रंथों में से उल्लेखनीय हैं: रामनारायण दूगड़ लिखित 'राजस्थान-रत्नाकर' (१६०६), नारायण पाण्डेय लिखित 'नेपाल' [१६१० ?], सकलनारायण पाण्डेय लिखित 'आरा-पुरातत्व' (१६१०), गौरीशङ्कर हीराचन्द ओझा लिखित सिरोही-राज्य का इतिहास' (१६११), सम्पूर्णानन्द लिखित 'भारत के देशी राष्ट्र' (१६१८), गौरीशङ्करलाल लिखित 'चित्तौर की चढ़ाइयाँ' (१६१६), शिवपूजन सहाय लिखित 'बिहार का बिहार' (१६१६), देवीप्रसाद मुंसिफ़ लिखित 'सिन्ध का इतिहास' [१६२१ ?] वृन्दाबन भट्टाचार्य लिखित 'सारनाथ का इतिहास' (१६२२), रामेश्वर प्रसाद वर्मा लिखित 'लङ्का का इतिहास' (१६२२), नन्दकुमार देव शर्मा का 'पञ्जाब का हरण और महाराजा दिलीपसिंह' (१६२२), गौरीशंकर हीराचन्द्र ओझा लिखित्त 'राजपूताना का इतिहास' (१६२५-) जगदीशसिंह गहलोत लिखित 'मारवाड़ राज्य का इतिहास' (१६२५), सुखसम्पत्तिराय भंडारी

लिखित 'भारत के देशी राज्य' (१९२७), हरिकृष्ण रतूड़ी लिखित 'गढ़वाल का इतिहास' (१९२८), प्रतिपाल सिंह ठाकुर लिखित 'बुन्देलखण्ड का इतिहास' (१९२८), सीताराम लाला लिखित 'अयोध्या का इतिहास' (१९२९), गोरेलाल तिवारी लिखित 'बुन्देलखण्ड का इतिहास' (१९३३), हीरालाल रायबहादुर लिखित 'मध्यप्रदेश का इतिहास' (१९३७), बदरीदत्त पाण्डेय लिखित 'कुमाऊँ का इतिहास' (१९३७), विश्वेश्वर नाथ रेउ लिखित 'मारवाड़ का इतिहास' (१९३८), मथुरालाल शर्मा लिखित 'कोटा-राज्य का इतिहास' (१९३९), जगदीश सिंह गहलौत लिखित 'राजपूताने का इतिहास' (१९३९) व्यौहार राजेन्द्रसिंह लिखित 'त्रिपुरी का इतिहास' (१९३९), रामशरण उपाध्याय लिखित 'मगध का प्राचीन इतिहास' [१९३९ ?] तथा पृथ्वीसिंह मेहता लिखित 'बिहार' एक ऐतिहासिक दिग्दर्शन (१९४०)।

७. विदेशीय इतिहास—पिछले काल की भाँति इस काल में भी विदेशों के इतिहास में दो भावनाएँ दिखलाई पड़ती हैं : एक सामान्य इतिहास की भावना, और दूसरी स्वातंत्र्य तथा क्रांति की भावना। किन्तु, दूसरे प्रकार की भावना पिछले युग में केवल अंकुरित ही मिलती है, पल्लवित वह इस युग में हुई। कांग्रेस के आन्दोलनों के कारण उत्पन्न सामूहिक चेतना के फल-स्वरूप। पहले प्रकार की भावना के कारण लिखे गए इतिहास-ग्रंथों में उल्लेखनीय हैं सोमेश्वरदत्त शुक्ल के 'फ्रांस का इतिहास' (१९०८), 'जर्मनी का इतिहास' (१९०८), तथा 'इंग्लैंड का इतिहास' (१९११), मिश्रबन्धु का 'रूस का इतिहास' (१९०९), तथा 'जापान का इतिहास' (१९०९), नटवर चक्रवर्ती लिखित 'रूस-जापान-युद्ध' (१९०९), जीतन सिंह लिखित 'रूस-रूम-युद्ध' (१९११-), मनोहरचन्द्र मिश्र लिखित 'स्पेन का इतिहास' (१९१४), भवानीसिंह लिखित 'सर्विया का इतिहास' (१९१८), कृष्णबिहारी मिश्र लिखित 'चीन का इतिहास' (१९१८), प्राणनाथ विद्यालङ्कार लिखित 'इंग्लैंड स' (१९२६) शङ्करराव जोशी लिखित 'रोम-साम्राज्य'

(१९२१), प्यारेलाल गुप्त लिखित 'ग्रीस का इतिहास' (१९२३), बासुदेव लिखित 'राजनैतिक इतिहास' (१९२६) जिसमें मोरक्को, चीन, यूनान तथा पोलैंड के इतिहास हैं, गङ्गाप्रसाद लिखित 'अंग्रेज़ जाति का इतिहास' (१९३८), तथा रामकृष्ण सिन्हा लिखित 'प्राचीन तिब्बत' (१९४१) । दूसरे प्रकार की भावना से प्रेरित होकर लिखे गए इतिहास-ग्रंथों में से उल्लेखनीय हैं नन्दकुमारदेव शर्मा लिखित 'इटली की स्वाधीनता का इतिहास' (१९१५), भवानीदयाल सन्यासी का 'दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास' (१९१६), रमाशङ्कर अवस्थी लिखित 'रूस की राज्यक्रान्ति' (१९२०), सम्पूर्णानन्द लिखित 'चीन की राज्यक्रान्ति (१९२१), सोमदत्त विद्यालंकार लिखित 'रूस का पुनर्जन्म' (१९२१), रमाशंकर अवस्थी लिखित 'लाल क्रान्ति' (१९२८), विश्वम्भरनाथ जिज्जा लिखित 'रूस में युगान्तर' (१९२३), छविनाथ पाण्डेय लिखित 'अमरीका कैसे स्वाधीन हुआ' (१९२३), सम्पूर्णानन्द लिखित 'मिश्र की स्वाधीनता' (१९२३), सत्यभक्त लिखित 'आयर्लैंड के ग़दर की कहानियाँ' (१९२७), प्यारेलाल गुप्त लिखित 'फ्रांस की राज्य-क्रांति' (१९२६), देवकीनंदन लिखित 'अमेरिका की स्वाधीनता का इतिहास' (१९३०), विश्वनाथ राय लिखित 'मिश्र की स्वाधीनता का इतिहास' (१९३६), तथा शङ्करदयालु श्रीवास्तव लिखित 'रूस की क्रान्ति' (१९४२) ।

इसी प्रसंग में हम ऐसे इतिहास-ग्रंथों का भी उल्लेख कर सकते हैं जो देश-समूहों से संबंध रखते हैं । इनमें भी उपर्युक्त दोनों भावनाओं के दर्शन होते हैं । पहले प्रकार की भावना से प्रेरित होकर लिखे गए ग्रंथों में से उल्लेखनीय हैं : शिवनारायण द्विवेदी लिखित 'युद्ध की झलक' (१९१४), प्राणनाथ विद्यालङ्कार लिखित 'सभ्यता का इतिहास' (१९१८), कृष्णकान्त मालवीय लिखित 'संसार-सङ्कट' (१९२०), पशुपाल वर्मा लिखित 'यूरोप का आधुनिक इतिहास' (१९२३), रामकिशोर शर्मा का 'यूरोप का इतिहास' (१९२७), श्रीनारायण चतुर्वेदी का 'संसार का संक्षिप्त इतिहास' (१९३५), रामनारायण यादवेन्दु का

'युद्ध छिड़ने से पहिले' (१९३९) तथा राजबहादुर सिंह का 'वर्तमान युद्ध में पोलैंड का बलिदान' (१९४०) । दूसरे प्रकार से लिखे गए इतिहास-ग्रंथों में उल्लेखनीय हैं इन्द्र वेदालङ्कार लिखित 'राष्ट्रों की उन्नति' (१९१४), लक्ष्मीनारायण गर्दे लिखित 'एशिया का जागरण' (१९२३), एस० एन० जोशी का 'एशिया की पराधीनता का इतिहास' (१९३०) तथा सुखसम्पत्ति राय लिखित 'संसार की क्रांतियाँ' (१९३०) ।

८. **शासन-विकास**—शासन-विकास के इतिहास इस काल में भी इने-गिने हैं। उल्लेखनीय उनमें से हैं शेषमणि त्रिपाठी का 'अकबर की राज्य-व्यवस्था' (१९२१), गोपाल दामोदर तामस्कर लिखित 'यूरोप के राजकीय आदर्शों का विकास' (१९२४), शालिग्राम शास्त्री का 'रामायण में राजनीति' (१९३१), रामप्रसाद त्रिपाठी का 'भारतीय शासन-विकास' (१९३६), जिसमें १६०० से १९३६ ई० तक का शासन-विकास विशद रूप से स्पष्ट किया गया है, और भगवानदास केला लिखित 'कौटिल्य की शासन-पद्धति' (१९४१) ।

इस निरीक्षण से ज्ञात हुआ होगा कि यद्यपि इतिहास के कुछ अंगों पर परिश्रम हुआ है, किंतु अभी समस्त अंगों पर खोजपूर्ण और मौलिक कार्य की आवश्यकता है, और किसी भी अंग का साहित्य पर्याप्त नहीं माना जा सकता ।

देश-दर्शन

प्रस्तुत विषय के साहित्य को निरीक्षण के लिए हम निम्नलिखित शीर्षकों में विभाजित कर सकते हैं : १. प्रसिद्ध भारतीय स्थान, २. भारतीय अर्थ-शास्त्र, ३. भारतीय व्यापार, ४. भारतीय ग्रामीय अर्थ-शास्त्र, ५. भारतीय संस्कृति, ६. भारतीय शासन, ७. विदेश-दर्शन, ८. विश्व-दर्शन, ९. आर्थिक और वैधानिक वाद-प्रवाह तथा, १०. अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था ।

६. **भारतीय स्थान**—आलोच्यकाल में कुछ ऐसी कृतियाँ मिलती हैं जिनमें भारत के मुख्य-मुख्य स्थानों के परिचय मिलते हैं: सत्यदेव स्वामी का 'मेरी कैलाश-यात्रा' (१९१५), शिवनन्दनसहाय

का 'कैलाश-दर्शन' (१९३४), हीरालाल लिखित 'दमोह दीपक' (१९१७), 'जबलपुर-ज्योति' (१९१९), तथा 'सागर-सरोज' (१९२२), भगवतीप्रसाद सिंह का 'बनारस के व्यवसायी' (१९२०), बालमुकुन्द गुप्त का 'बनारस' (१९२४), पूरनचन्द नाहर का 'जैससमेर' (१९२८), सीताराम लाला का 'चित्रकूट की झाँकी' (१९३०), बासुदेवशरण अग्रवाल का 'श्रीकृष्ण की जन्मभूमि' (१९३७), विजयधर्म सूरि का 'आबू' (१९३३), श्रीगोपाल नेवटिया का 'काश्मीर' (१९३४), राहुल सांकृत्यायन की 'लङ्का' (१९३५), मनोरञ्जन का 'उत्तराखंड के पथ पर' (१९३६), केशरीमल अग्रवाल का 'दक्षिण तथा पश्चिम के तीर्थस्थान' (१९३७), शालिग्राम श्रीवास्तव का 'प्रयाग-प्रदीप' (१९३७), गुरुनाथ शर्मा का 'मैसूर में' (१९४१), तथा मदनमोहन नागर का 'सारनाथ का संक्षिप्त परिचय' (१९४१) इस प्रकार की रचनाओं में प्रमुख हैं।

२. भारतीय अर्थ-शास्त्र—भारतीय अर्थ-शास्त्र के संबंध में पिछले काल में प्रायः कोई उल्लेखनीय ग्रंथ नहीं मिलता। इस काल के प्रारंभ से ही इस विषय की रचनाएँ मिलने लगती हैं। राधामोहन गोकुल जी का 'देश का धन' (१९१०), पारसनाथ द्विवेदी की 'देश की दशा' (१९१५), शिवनन्दनसिंह का 'देश-दर्शन' (१९१८), राधाकृष्ण झा की 'भारत की साम्पत्तिक अवस्था' (१९२२), गणेशदत्त शर्मा का 'भारत में दुर्भिक्ष' (१९२१), प्राणनाथ विद्यालङ्कार का 'किसानों पर अत्याचार' (१९२१), सुखसम्पत्ति राय भंडारी का 'भारत-दर्शन' (१९२१), अमरनाथ बली, का 'भारतीय अर्थशास्त्र' (१९२३), प्राणनाथ विद्यालङ्कार का 'भारतीय सम्पत्ति-शास्त्र' (१९२३), प्यारेलाल गङ्गरांडे का 'आधुनिक भारत' (१९२३), सियाराम दुबे का 'हिन्दुस्तान की कर-संस्थिति' (१९२४), भगवानदास केला का 'भारतीय अर्थशास्त्र' (१९२५-), शङ्करसहाय सक्सेना का 'भारतीय सहकारिता आन्दोलन' (१९३५) तथा उत्तमचन्द मोहता का 'भारतीय गोशालाएँ' (१९४०), देश की विविध आर्थिक समस्याओं का अध्ययन प्रस्तुत करते हैं।

३. भारतीय व्यापार—भारतीय व्यापारादि के संबंध में भी इस काल के प्रारंभ से ही पुस्तकें मिलने लगती हैं : हरिनारायण टण्डन की 'भारतीय वाणिज्य की डायरेक्टरी' (१६१०) में अन्य बातों के साथ-साथ हिंदी पत्रिकाओं, पुस्तकालयों, और संस्थाओं की भी सूची दी हुई है; नागरमल केडिया की 'तीसी' (१६१६) में उसके उत्पादन-क्षेत्र, विक्रय-क्षेत्र तथा अन्य प्रयोजनीय विषयों का समावेश हुआ है। तीर्थराम सेठी के 'वज़न-प्रकाश' का विषय स्पष्ट है। ईश्वरदास जालान का 'लिमिटेड कम्पनियाँ (१६२३), 'इण्डियन कम्पनीज़ ऐक्ट' के आधार पर लिखा गया है, और उसी प्रकार कस्तूरमल बाँठिया का 'कम्पनी-व्यापार-प्रवेशिका' भी। रामनिवास पोद्दार का भारत में 'रेल-पथ' (१६२४), सियाराम दुबे का 'स्टाक बाज़ार या सट्टा' (१६२४), तथा गौरीशङ्कर शुक्ल का 'स्टाक इक्सचेंज' (१६२६) अपने विषयों के अच्छे परिचायक हैं। अज्ञात संपादकों द्वारा प्रस्तुत 'भारतीय व्यापारियों का परिचय' (१६२६) एक बड़ी और महत्वपूर्ण व्यापारिक डायरेक्टरी है। इसी प्रसंग में रघुनाथ विनायक धुलेकर सम्पादित 'मातृभूमि शब्दकोष' का भी उल्लेख किया जा सकता है जो 'इण्डियन इयरबुक' के ढंग का प्रकाशन है और १६३६ से प्रकाशित हो रहा।

४. ग्रामीय अर्थ-शास्त्र—देश के ग्रामीय अर्थ-शास्त्र पर स्वतंत्र पुस्तकें ज़रा देर में निकलना प्रारंभ हुईं। दयाशङ्कर दुबे का 'भारत में कृषि-सुधार' (१६२३), शङ्करराव जोशी की 'ग्राम-संथा' (१६२४), ब्रजगोपाल भटनागर का 'ग्रामीय अर्थशास्त्र' (१६३३), अच्युतानन्द का 'गाँव' [१६३६ ?] सुखदेवबिहारी माथुर का 'हमारे गाँव' [१६३६ ?] मुख्त्यार सिंह का 'हमारे गाँव और किसान' (१६४०), शङ्करसहाय सक्सेना का 'गाँवों की समस्या' (१६४१) तथा अमरनारायण अग्रवाल का 'ग्रामीण अर्थ-शास्त्र और सहकारिता' (१६४१) इस प्रकार की प्रमुख रचनाएँ हैं।

५. भारतीय संस्कृति—भारतीय संस्कृति के परिचायक ग्रंथ भी

भी देर से निकले, और संख्या में भी इने-गिने ही हैं। कन्नोमल का 'संसार को भारत का सन्देश' (१६२३), महेशचन्द्रप्रसाद का 'हिंदू-सभ्यता' (१६२६), सुरेन्द्रनाथ शास्त्री का 'भारतीय शिक्षा' (१६२६), कृष्णव्यंकटेश का 'भारतीय लोक-नीति और सभ्यता' (१६३१), तथा रामनारायण यादवेन्दु का 'भारतीय संस्कृति और नागरिक जीवन' (१६४२) इनमें प्रमुख हैं। कुछ ग्रंथ देश में स्त्रियों की सामाजिक स्थिति पर भी मिलते हैं: सुरेन्द्रनाथ शास्त्री का 'प्राचीन और वर्तमान भारतीय महिला' (१६२७), स्फुर्ना देवी का 'अबलाओं का इन्साफ़' (१६२७), रामनाथलाल 'सुमन' का 'भाई के पत्र' (१६३१), मुकुट-विहारी वर्मा का 'स्त्री-समस्या' (१६३१), सुमित्रादेवी का 'नवीन युग का महिला-समाज' (१६३२), चंद्रावती लखनपाल का 'स्त्रियों की स्थिति' (१६३३) तथा सत्यदेव विद्यालंकार का 'परदा' (१६३६), उनमें से उल्लेखनीय हैं।

६. भारतीय शासन—भारतीय शासन तथा शासन-संस्थाओं पर इस काल में कृतियाँ बाहुल्य से मिलती हैं। शासन-विधान का अध्ययन प्रमुख रूप से दो बार हुआ: एक तो १६१६ के सुधारों के पूर्व तथा पुनः १६३७ के सुधारों के बाद। पहली बार के अध्ययन के प्रमुख ग्रंथ हैं भगवानदास केला का 'भारतीय शासन' (१६१५), अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी का 'भारतीय शासन-पद्धति' (१६१५-), तथा राधाकृष्ण झा का 'भारतीय शासन-पद्धति' (१६१५)। दूसरी बार के अध्ययन के प्रमुख ग्रंथ हैं रामनारायण यादवेन्दु का 'नवीन भारतीय शासन-विधान' (१६३८), हरिश्चन्द्र गोयल का 'भारत का नया शासन-विधान' (१६३८), कन्हैयालाल वर्मा का 'भारतीय राजनीति और शासन-पद्धति' (१६३६), श्रीकान्त ठाकुर का 'भारतीय शासन-व्यवस्था' (१६४०), कन्हैयालाल वर्मा का 'भारतीय-शासन' (१६४२), और बी० एम० शर्मा का 'भारत और संघ-शासन' (१६३६)। इधर पाकिस्तान तथा सांप्रदायिक समस्या पर भी कुछ रचनाएँ प्रकाशित हुई हैं: उनमें से प्रमुख हैं रुद्रनारायण अग्रवाल की 'हिन्दुस्तान बनाम

पाकिस्तान' (१९४१), रामनारायण यादवेन्दु की 'पाकिस्तान' (१९४१), तथा उन्हीं की 'भारतीय साम्प्रदायिक समस्या' (१९४१)। शासन-विधान संबंधिनी संस्थाओं पर लिखे गए ग्रंथों में से विशेष उल्लेखनीय हैं भगवानदास केला लिखित 'भारतीय राजस्व' (१९२३), तथा दयाशङ्कर दुबे लिखित 'विदेशी विनिमय' (१९२६)। १९१९ के सुधारों से असंतुष्ट जनता को महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग-आंदोलन में सम्मिलित होने के कारण जो जेलयात्रा करनी पड़ी उसके अनुभव पुस्तक-रूप में भी प्रकाशित हुए हैं। इनसे भारतीय जेल-व्यवस्था पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। प्रमुख हैं लक्ष्मीनारायण गर्दे का 'जेल में चार मास' (१९२२), तथा उर्मिला शास्त्री लिखित 'कारागार' (१९३१)। एक और संस्था भारतीय शासन-विधान से विशेष रूप से संबद्ध है; वह है उपनिवेशों में भारतीयों के भेजने की। फ़ीजी, तथा दक्षिण और पूर्व अफ्रीका में इन भारतीयों के साथ वहाँ के गोरे नागरिकों का जो कटु व्यवहार रहा है उसके संबंध में हिंदी में यथेष्ट साहित्य इस युग के प्रारंभ से ही मिलता है : तोताराम सनाढ्य की 'कुली-प्रथा' (१९१५) तथा 'फ़ीजी में मेरे इक्कीस वर्ष' (१९१५) फ़ीजी के संबंध में, और भवानीदयाल सन्यासी के 'प्रवासी भारतवासी' (१९१८), 'नेटाली हिन्दू' (१९२०), 'दक्षिण अफ्रीका के मेरे अनुभव' (१९२९) तथा 'पर्चुगीज़ पूर्व अफ्रीका में हिन्दुस्तानी' (१९४२) दक्षिण और पूर्व अफ्रीका के संबंध में उल्लेखनीय ग्रंथ हैं। सन्यासी जी को वहाँ सत्याग्रह के सिलसिले में एक बार जेलयात्रा भी करनी पड़ी थी, जिसका परिचय उन्होंने 'हमारी कारावास की कहानी, (१९१८) नामक ग्रंथ में दिया है। औपनिवेशक समस्या पर एक कृति और उल्लेखनीय है : वह है अमरनारायण अग्रवाल की 'प्रवासी भारत की वर्तमान समस्याएँ' (१९३५)।

७. विदेश-दर्शन—विदेशों के अध्ययन में उनकी शासन-संस्थाओं का अध्ययन इस काल में विशेष रूप से हुआ। इस युग के प्रारंभ में जापान के संबंध में एकाध पुस्तकें मिलती हैं—उदाहरणार्थ गदाधरसिंह

की 'जापानी राज्य-व्यवस्था' (१६१२), किंतु वे पिछले युग की परंपरा में हैं; और इधर जो जापान की ओर ध्यान आकृष्ट हुआ है वह बहुत हाल की बात है : राहुल सांकृत्यायन का 'जापान' (१६३६), सुरेन्द्र बालूपुरी का 'आधुनिक जापान' [१६४० ?] और रघुबीरसहाय का 'आज का जापान' (१६४१) इस नवीन दिलचस्पी के परिणाम हैं। प्रस्तुत काल के प्रारंभ में विशेष रूप से ध्यान आकृष्ट हुआ अमेरिका की ओर : सत्यदेव स्वामी के 'अमेरिका-पथ-प्रदर्शक' (१६११), 'अमेरिका-दिग्दर्शन' (१६१२), तथा 'अमेरिका-भ्रमण' (१६१३), जगन्नाथ खन्ना का 'अमेरिका का व्यवसाय और उसका विकास' (१६१४), 'अमेरिका में डा० केशवदेव जी शास्त्री' (१६१६), देवीप्रसाद 'प्रीतम' का 'अमरीकन संयुक्त राज्य की शासन-प्रणाली' (१६२१), तथा महेन्दुलाल गर्ग का 'अमेरिकन स्त्री-शिक्षा' (१६२८), उसी के परिणाम हैं। रूस की ओर हिन्दी लेखकों का ध्यान गत महायुद्ध के बाद आकृष्ट हुआ, जब वह सोवियत हो चुका था : प्राणनाथ विद्यालङ्कार का 'रूस का पञ्चवर्षीय आयोजन' (१६२३), तथा राजबहादुर सिंह का 'रूस का पञ्चवर्षीय आयोजन' (१६३२) उसके प्रसिद्ध औद्योगिक आयोजनों के संबंध में हैं; शौकत उस्मानी का 'मेरी रूस-यात्रा' (१६२८), प्रभुदयाल मेहरोत्रा का 'आधुनिक रूस' (१६३४), राहुल सांकृत्यायन की 'सोवियत भूमि' (१६३८), तथा सत्यनारायण का 'रोमाञ्चकारी रूस' (१६३६) उसके जीवन के विविध पक्षों का परिचय कराते हैं। जर्मनी की ओर भी हिन्दी लेखकों का ध्यान गत महायुद्ध के बाद गया : पशुपाल वर्मा का 'जर्मनी में लोक-शिक्षा' (१६१६), हरदयाल लाला का 'जर्मनी और तुर्की में ४४ मास' (१६२१), स्वामी सत्यदेव की 'मेरी जर्मन-यात्रा' (१६२६ द्वितीय), कन्हैयालाल वर्मा की 'नाज़ी जर्मनी' (१६३७), तथा रामनारायण यादवेन्दु का 'पाँचवाँ कालम क्या है ?' (१६४१) जर्मनी-विषयक ग्रंथों में प्रमुख हैं। इटैलियनों के विगत अफ्रीका के शासन के संबंध में भी एक पुस्तक है : वह है सत्यनारायण की 'युद्ध-यात्रा' (१६४०)। स्पेन के संबंध में एक पुस्तक है :

शिवदान सिंह चौहान की 'रक्त-रंजित स्पेन' [१६३६ ?]। यूरोप के संबंध की पुस्तकें हैं, राहुल सांकृत्यायन की 'मेरी यूरोप-यात्रा' (१६३५), धरमचन्द सरावगी की 'यूरोप में सात मास' (१६३७), चन्द्रभाल जौहरी की 'यूरोप की सरकारें' (१६३८), सत्यनारायण की 'यूरोप के झकोरे में' (१६३८), तथा 'आवारे की यूरोप-यात्रा' [१६४० ?], और वेङ्कटेशनारायण तिवारी की 'रणमत्त संसार' (१६४०)। एशिया के देशों में से रूस को छोड़ कर उल्लेखनीय पुस्तकें मिलती हैं केवल ईरान तथा तिब्बत के संबंध में : महेशप्रसाद मौलवी की 'मेरी ईरान-यात्रा' (१६३०), राहुल सांकृत्यायन की 'ईरान' (१६३७), और पुनः राहुल सांकृत्यायन के 'तिब्बत में सवा बरस' (१६३३), तथा 'मेरी तिब्बत-यात्रा' [१६३४ ?] इसी प्रकार के ग्रंथ हैं। अन्य देशों के संबंध का परिचयात्मक साहित्य नगण्य है। इसी प्रसंग में छेदीलाल के 'एशिया निवासियों के प्रति योरोपियनों के बर्ताव' (१६२१) नामक ग्रंथ का भी उल्लेख किया जा सकता है।

८. **विश्व-दर्शन**—विश्व-दर्शन का साहित्य बहुत थोड़ा है। उल्लेखनीय पुस्तकें हैं : विश्वम्भरनाथ शर्मा कौशिक लिखित 'संसार की असभ्य जातियों की स्त्रियाँ' [१६२४ ?], शिवप्रसाद गुप्त लिखित 'पृथ्वी-प्रदक्षिणा' (१६२४), रामनारायण मिश्र लिखित 'भू-परिचय' [१६३० ?], शङ्करसहाय सकसेना लिखित 'औद्योगिक तथा व्यापारिक भूगोल' (१६३३), राजबहादुर सिंह लिखित 'विश्व-विहार' (१६३३), जगदीशप्रसाद अग्रवाल लिखित 'संसार-शासन' (१६३३), गजानन श्रीपति खैर लिखित 'संसार की समाज-क्रान्ति और हिन्दुस्तान' (१६३६), और यशपाल लिखित 'युद्ध-संकट और भारत' (१६४०)। इसी प्रसंग में कुछ विश्व-कोषों का भी उल्लेख करना आवश्यक होगा : वे हैं नगेन्द्रनाथ बसु संपादित 'हिन्दी विश्वकोष' (१६१५'(- रामप्रसाद त्रिपाठी संपादित 'ज्ञानकोष' (१६३४-) तथा केदारनाथ गुप्त संपादित 'बृहद् विश्व-ज्ञान' (१६४२)।

९. **आर्थिक और वैधानिक वाद-प्रवाद**—कुछ आधुनिक अर्थ वादों और शासनवादों के संबंध में भी इस युग में रचनाएँ हुई हैं : 'एक ग्रैजुएट' का 'साम्यवाद' (१९२०), विनायक सीताराम सरबती का 'बोल्शेविज्म' (१९२१), राधामोहन गोकुल जी का 'कम्यूनिज्म क्या है ?' (१९२७), मुकुन्दीलाल का 'साम्राज्यवाद' (१९३३), राहुल सांकृत्यायन का 'साम्यवाद ही क्यों ?' (१९३५), भूपेन्द्रनाथ सान्याल का 'साम्यवाद की ओर' (१९३६), सम्पूर्णानन्द के 'साम्यवाद का बिगुल' (१९३६), 'समाजवाद' (१९३६), तथा 'व्यक्ति और राज' (१९४०), नरेन्द्र देव का 'समाजवाद' (१९३८), राहुल सांकृत्यायन का 'दिमाग़ी ग़ुलामी' (१९३८), अमरनारायण अग्रवाल का 'समाजवाद की रूपरेखा' [१९३९ ?], हीरालाल पालित की 'समाजवाद की फ़िलासफ़ी' [१३३९ ?], रामनारायण यादवेन्दु का 'समाजवाद और गाँधीवाद' [१९३९ ?], यशपाल का 'न्याय का संघर्ष' [१९४० ?] तथा गोविन्द सहाय का 'संसार की राजनीति में साम्राज्यवाद का नङ्गा नाच' (१९४२), इसी प्रकार का अध्ययन प्रस्तुत करते हैं ।

१०. **अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था**—अन्तर्राष्ट्रीय विधान संबंधी पुस्तकें इनी-गिनी हैं । उल्लेखनीय उनमें से हैं : सम्पूर्णानन्द की 'अन्तर्राष्ट्रीय विधान' (१९२४), तथा 'राष्ट्र-संघ और विश्व-शांति' (१९३६) ।

उपर्युक्त निरीक्षण से ज्ञात होगा कि यद्यपि पिछले युग की अपेक्षा इस युग में प्रस्तुत विषय के साहित्य की वृद्धि अवश्य हुई, पर वह नितान्त अपर्याप्त है । वस्तुतः उपर्युक्त अंगों में से प्रत्येक पर कुछ न कुछ अधिकारपूर्ण और 'अप-टू-डेट' ग्रंथ होने चाहिए थे, किन्तु एकाध को छोड़कर किसी के संबंध में यह बात नहीं कही जा सकती ।

भाषा-दर्शन

प्रस्तुत विषय के साहित्य का निरीक्षण हम निम्नलिखित शीर्षकों में विभाजित कर सकते हैं : १. हिंदी-आन्दोलन, २. सामान्य भाषा-विज्ञान, ३. लिपि-शास्त्र, ४. हिंदी भाषा का इतिहास, ५. हिंदी भाषा-व्याकरण,

६. पाली-प्राकृत-अपभ्रंश, ७. विभाषा-ज्ञान, ८. सामान्य कोष-ग्रंथ, ६. लोकोक्ति-संग्रह, १०. विशिष्ट विषयों के कोष-ग्रंथ।

१. हिंदी-आन्दोलन—हिंदी-बनाम-उर्दू की समस्या इस युग में भी बनी रही, किंतु वह आगे चल कर एक दूसरे रूप में आई : हिंदी बनाम हिंदुस्तानी के रूप में। इसलिए इस युग में भी उक्त समस्या पर पर्याप्त साहित्य निर्मित हुआ : कमलापति द्विवेदी का 'हिन्दी-स्वप्न' (१६१३); कृष्णाशङ्कर तिवारी का 'देशी राज्यों में हिन्दी और इसके प्रचार के उपाय' (१६१४), गौरीशङ्कर शुक्ल का 'राष्ट्र-भाषा हिन्दी' (१६२०), कन्नोमल का 'हिन्दी-प्रचार के उपयोगी साधन' (१६२०), रामजीलाल शर्मा का 'राष्ट्र-भाषा' (१६२०), रामनरेश त्रिपाठी का 'हिन्दी-हिन्दुस्तानी' (१६३२), पद्मसिंह शर्मा का 'हिन्दी उर्दू और हिन्दुस्तानी' (१६३२), कालेलकर की 'चलती हिन्दी' (१६३८), वेङ्कटेशनारायण तिवारी की 'हिन्दी बनाम उर्दू' (१६३६), चन्द्रबली पाण्डेय के 'कचहरी की भाषा और लिपि' (१६६६), 'भाषा का प्रश्न' (१६३६), 'बिहार की हिन्दुस्तानी' (१६३६), 'उर्दू का रहस्य' (१६४०), तथा 'मुग़ल बादशाहों की हिन्दी' (१६४०), रामनाथ शर्मा की 'ग्वालियर राज्य में हिन्दी का स्थान' (१६४१), इसी समस्या से संबंध रखते हैं। केशवप्रसाद मिश्र तथा पद्मनारायण आचार्य का एक निबंध-संग्रह 'गद्य-भारती' (१६४०) भी इसी समस्या से संबंध रखता है।

२. सामान्य भाषा-विज्ञान—सामान्य भाषा-विज्ञान-विषयक ग्रंथ इसी युग में विशेष रूप से लिखे गए। सूर्यकुमार वर्मा की 'भाषा' [१६०७ ?], श्यामसुन्दरदास का 'भाषा-विज्ञान' (१६२४), मङ्गलदेव शास्त्री का 'तुलनात्मक भाषा-शास्त्र' (१६२६), नलिनी मोहन सान्याल का 'भाषा-विज्ञान' (१६२७), श्यामसुन्दरदास का 'भाषा-रहस्य' (१६३६-) इस विषय के प्रमुख ग्रंथ हैं। इस काल की दो रच-नाएँ केवल विराम चिन्हों पर हैं : शालिग्राम द्विवेदी का 'विराम चिन्ह' (१६१८) तथा वेङ्कटेशनारायण तिवारी का 'विराम-संकेत' (१६३३)।

३. **लिपि-शास्त्र**—लिपि के संबंध में भी कुछ अनुसंधानात्मक ग्रंथ लिखे गए। नगेन्द्रनाथ वसु का 'भारतीय लिपि-तत्व' (१६२४), आर० एन० साहा का 'अक्षरों की उत्पत्ति' (१६२५), गौरीशंकर हीराचन्द ओझा का 'नागरी अङ्क और अक्षर' (१६२६), गौरीशङ्कर भट्ट के 'अक्षरतत्व' (१६३६), 'लिपि-कला' (१६३६), 'लिपि-कला का परिशिष्ट' (१६३६), तथा 'देवनागरी लिपि का विधान-निर्माण-पत्र' (१६३६) इनमें से प्रमुख हैं।

४. **हिंदी भाषा का इतिहास**—हिंदी भाषा के कुछ इतिहास भी लिखे गए। श्यामसुन्दरदास का 'हिंदी-भाषा का विकास' (१६२४), जो उनके 'भाषा-विज्ञान' के एक अंश का प्रायः रूपान्तर मात्र है, दुनीचन्द लाला का 'पञ्जाबी और हिन्दी का भाषा-विज्ञान' (१६३६), धीरेन्द्र वर्मा के 'हिन्दी-भाषा का इतिहास' (१६३३), तथा 'हिन्दी-भाषा और लिपि' (१६३३), अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी का 'हिन्दी पर फ़ारसी का प्रभाव' (१६३७), और गोपाललाल खन्ना का 'हिन्दी भाषा का संक्षिप्त इतिहास' (१६३८) अपने विषयों के उल्लेखनीय ग्रंथ हैं।

५. **हिंदी भाषा-व्याकरण**—हिंदी के व्याकरण इस काल में भी लिखे गए, किंतु वे भी सामान्यत: शिक्षा-विभाग की आवश्यकताओं के लिए लिखे गए। शेष में से उल्लेखनीय हैं : गोविन्दनारायण मिश्र का 'विभक्ति-विचार' (१६११), चन्द्रमौलि सुकुल का 'भाषा-व्याकरण' (१६१२), तथा कामताप्रसाद गुरु का 'हिन्दी-व्याकरण' (१६२०)। हिन्दी की बोलियों के स्वरूप धीरेन्द्र वर्मा की एक कृति 'ग्रामीण हिंदी' (१६३३) में हमारे सामने आए, और हिंदी की एक सर्वप्रमुख बोली साहित्यिक व्रजभाषा पर उन्होंने अधिकारपूर्ण 'व्रजभाषा-व्याकरण' (१६३७) प्रस्तुत किया।

६. **पाली-प्राकृत-अपभ्रंश**—प्राकृत तथा पाली के भी कुछ व्याकरण लिखे गए। उनमें से उल्लेखनीय हैं जगमोहन वर्मा का 'आर्ष-प्राकृत व्याकरण' (१६०६), आद्यादत्त ठाकुर का 'पाली-प्रबोध'

(१६२८), और जगदीश काश्यप का 'पालि महाव्याकरण' (१६४०); अंतिम अपने विषय की सर्वोत्कृष्ट रचना है।

७. विभाषा-ज्ञान—विभाषाओं में से केवल आधुनिक भारतीय भाषाओं के ही परिचयात्मक ग्रंथ उल्लेखनीय हैं : पारसमणि प्रधान का 'नेपाली व्याकरण' (१६२०), 'प्रचारक बन्धु' की 'हिन्दी-तेलुगू बाल-बोधिनी' (१६२१), शिवन्नशास्त्री के 'हिन्दी-तेलुगू कोष' (१६२२), तथा 'हिन्दी-तेलुगू व्याकरण' (१६२५), हरिहर शर्मा के 'हिन्दी-तामिल स्वबोधिनी' (१६२१), तथा 'हिन्दी-तामिल कोष' (१६२५), सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की 'हिंदी-बँगला शिक्षा' (१६२८), नारायण तमना जी कटगरे का 'हिन्दी-मराठी कोष' (१६२६), शङ्कर रघुनाथ मुल्कापुरकर का 'हिन्दी-मराठी शिक्षक' (१६३३), गो० प० नेने का 'हिंदुस्तानी-मराठी शब्दकोष' (१६३६), मुरलीधर सबनीस की 'हिन्दी मराठी स्वबोधिनी' (१६४०), शङ्करलाल मगनलाल का 'गुजराती-हिन्दी टीचर' [१६३७ ?], हेमकान्त भट्टाचार्य का 'असमीया हिन्दी-बोध' [१६३६ ?] और लक्ष्मीपति सिंह का 'हिन्दी-मैथिल-शिक्षक' (१६४०) इसी प्रकार के प्रयास हैं।

८. सामान्य कोष-ग्रंथ—हिंदी के कोष-ग्रंथों में आधुनिक युग की सबसे महत्वपूर्ण कृति 'हिन्दी शब्दसागर' का संपादन श्यामसुन्दरदास के संपादकत्व में इसी काल में हुआ। इस वृहत्काय कोष के निर्माण के अनंतर इसके संक्षिप्त रूपान्तर अथवा प्रमुख रूप से इसी के आधार पर निर्मित कोष-ग्रन्थ कई निकले, जिनमें से उल्लेखनीय हैं रामनरेश त्रिपाठी का 'हिन्दी शब्दकल्पद्रुम' (१६२५), मुकुन्दीलाल श्रीवास्तव का 'हिन्दी शब्दसंग्रह' (१६३०), रामचन्द्र वर्मा का 'संक्षिप्त हिन्दी शब्दसागर' (१६३३), तथा डा० रामशङ्कर शुक्ल 'रसाल' का 'भाषा शब्दकोष' (१६३७)। इसी प्रसंग में श्रीकृष्ण शुक्ल के 'हिन्दी पर्यायवाची कोष' (१६३५) का भी उल्लेख किया जा सकता है, जो अपने ढङ्ग की अकेली कृति है। संस्कृत-हिंदी कोषों में जीवाराम शर्मा का 'सरस्वती-कोष' (१६१८) ही उल्लेखनीय है। इसी काल में

प्राकृत का भी एक कोष निकला जो हिंदी के कोष-साहित्य में अद्वितीय स्थान रखता है, वह है हरगोविन्ददास सेठ का 'पाइअ सद्द महान्नवो' (१९२६)। उर्दू और हिन्दुस्तानी-हिन्दी कोषों में प्रमुख हैं दीनानाथ कौल का 'भगीरथ कोष' (१९१३), जम्बुनाथन का 'उर्दू-हिन्दी कोष' (१९३६), तथा रामनरेश त्रिपाठी का 'हिंदुस्तानी-कोष' [१९३१ ?] अन्य भाषाओं के भी कुछ कोष-ग्रंथ मिलते हैं: पर वे अत्यन्त साधारण हैं और उनका उल्लेख ऊपर 'विभाषा-ज्ञान' शीर्षक में किया गया है।

९. **लोकोक्तिसंग्रह**—लोकोक्तियों और मुहावरों के कुछ कोष स्वतंत्र रूप से तैयार हुए: रामरत्न का 'लोकोक्तिसंग्रह' (१९१५ द्वितीय), रामाधीन मिश्र का 'हिन्दी मुहावरे' (१९२४), बहादुरचन्द्र का 'लोकोक्तियाँ और मुहावरे' (१९३२), जम्बुनाथन का 'हिंदी मुहावरा कोष' (१९३५), आर० जे० सरहिन्दी का 'हिन्दी मुहावरा कोष' (१९३७), ब्रह्मस्वरूप 'दिनकर' का 'हिन्दी मुहावरे' (१९३८), तथा 'अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी का 'हिंदुस्तानी मुहावरे' (१९४०), उनमें से उल्लेखनीय हैं। एक कोष पहेलियों का भी है: मुन्नालाल मिश्र का 'हज़ारों पहेलियाँ' (१९३८)।

१०. **विशिष्ट विषयों के कोष-ग्रंथ**—विशिष्ट विषयों के कोष-ग्रंथ भी इस काल में निर्मित हुए। उनमें से प्रमुख हैं: हरिराम वर्मा का 'कृषी-कोष' [१९१० ?], ब्रजवल्लभ मिश्र का 'पदार्थ संख्याकोष' (१९११), जिसमें संख्यासूचक पदार्थों का अर्थ दिया हुआ है, ठाकुरप्रसाद खत्री का 'जगत व्यापारिक पदार्थकोष' (१९१८), केशवप्रसाद मिश्र का 'वैद्युत शब्दावली' (१९२५), गुरुप्रसाद का 'रत्नावली' (१९२७), जो संस्कृत के धार्मिक तथा दार्शनिक शब्दों का कोष है, भगवानदास केला की 'राजनीति शब्दावली' (१९२७), गदाधरप्रसाद की 'अर्थशास्त्र शब्दावली' (१९३२), सुखसम्पत्तिराय की 'ट्वेन्टियथ सेञ्चुरी डिक्शनरी' (१९४०-), 'एक पत्रकार' का 'अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक शब्दकोष' [१९४०], तथा सत्यप्रकाश का 'वैज्ञानिक पारिभाषिक शब्द' (१९३०-)। इसी प्रसंग में रामनाथ शर्मा के

'व्यावहारिक शब्दकोष' (१९४२) का भी उल्लेख किया जा सकता है।

ऊपर के निरीक्षण से ज्ञात होगा कि उपयोगी साहित्य में जैसा कार्य भाषा-दर्शन के संबंध में हुआ अन्य किसी के संबंध में नहीं हुआ। यद्यपि निस्संदेह अध्ययन के अनेक पक्ष छूटे हुए हैं और अपूर्ण हैं, किन्तु जिस गति से इस क्षेत्र में कार्य हुआ है उससे आशा करनी चाहिए कि उन पक्षों की पूर्ति शीघ्र हो जावेगी।

ललित कला

इस युग के पूर्वार्द्ध में ललित कला के साहित्य में कोई उन्नति नहीं दिखाई पड़ती। जो कुछ उन्नति हुई—यद्यपि वह भी साधारण ही है—उत्तरार्द्ध में हुई। निरीक्षण के लिए एतत्संबंधी साहित्य को हम निम्न-लिखित शीर्षकों में बाँट सकते हैं: १. संगीत, २. चित्र-लेखन, ३. वक्तृता, ४. चित्रपट, तथा ५. कला का विवेचन।

१. सङ्गीत—भारतीय सङ्गीत के संबंध में सामान्य ग्रंथों में उल्लेखनीय दो-तीन ही हैं: विष्णुदिगंबर पालुस्कर कृत 'सङ्गीत-तत्व-दर्शक' कृत (१९२८), भातखण्डे की 'श्रीमल्लक्ष्य सङ्गीतम्' (१९३४), तथा शिवप्रसाद त्रिपाठी का 'शिव सङ्गीत-प्रकाश' (१९३४-)। विशेष राग-रागिनियों के संबंध में उल्लेखनीय हैं विष्णु दिगंबर पालुस्कर के 'राग-भैरव' (१९१३ द्वितीय), तथा 'राग मालकंस' (१९१९ द्वितीय), और प्रभुदयाल गर्ग का 'राग-दर्शन' (१९४०-), जिसके पहले भाग में राग भैरव का विवेचन है। स्वर-लेखन के संबंध में भी एकाध उल्लेखनीय प्रयास हैं: हरिनारायण मुकर्जी की 'ध्रुपद स्वरलिपि' (१९२९), तथा लक्ष्मीनारायण द्विवेदी की 'विनयपत्रिका स्वर-लिपि' (१९३४)। और विशेष वाद्ययंत्रों की शिक्षण-पुस्तकों में प्रमुख है केवल विष्णु दिगंबर पालुस्कर की 'सतार की पुस्तक' (१९१७)।

२. चित्र-लेखन—चित्र-लेखन-कला पर केवल एक ही पुस्तक उल्लेखनीय है: एच० पी० माहोबिया की 'चित्र-लेखन' (१९३०)। सामान्य चित्रावलियों में से उल्लेखनीय हैं 'रवि वर्मा के प्रसिद्ध चित्र'

(१६११), रामेश्वरप्रसाद वर्मा की 'रमेश-चित्रावली' (१६२२), तथा मोतीलाल शर्मा की 'सौन्दर्य-चित्रावली' (१६२७), जिसमें स्त्री शरीर का सौन्दर्य अनेक मुद्राओं में चित्रित हुआ है। व्यंग्य-चित्रण इस युग की विशेषता है। व्यंग्य चित्रावलियों में से प्रमुख हैं अज्ञात संपादकों के दो चित्र-संकलन 'व्यंग्य-चित्रावली' (१६२५), तथा 'व्यंग्य-चित्रावली' (१६३०), और बैजनाथ केडिया की 'व्यंग्य-चित्रावली' (१६३३-)।

३. **वक्तृता**—वक्तृत्व-कला और सभाविज्ञान पर इस युग में भी पुस्तकें निकलीं : कृष्णगोपाल माथुर की 'वक्तृत्व-कला' (१६१८), नंदकुमारदेव शर्मा की 'वक्तृत्व-कला' (१६२०), देवकीनन्दन शर्मा की 'सभाविज्ञान और वक्तृता' (१६२६), तथा विष्णुदत्त शुक्ल की 'सभाविधान' (१६२६), उनमें प्रमुख है।

४. **चित्रपट**—इस युग के उत्तरार्द्ध में एक नवीन कला की उन्नति हुई है : वह है भारतीय चित्रपट। मुकुन्दीलाल श्रीवास्तव की 'सिनेमा-विज्ञान' (१६३५) चित्रपट की सामान्य कला पर, और दीनानाथ व्यास की 'प्रतिन्यास लेखन-कला' (१६३५) उसके दृश्यसङ्केत लेखन पर उल्लेखनीय हैं।

५. **कला का विवेचन**—कला का विवेचन इस युग में भी नहीं हुआ। केवल एक स्वतंत्र कृति इस संबंध में उल्लेखनीय है : वह है हंसकुमार तिवारी की 'कला' (१६३७)।

स्पष्ट है कि यह साहित्य कैसी हीन दशा में है; ऐसी दयनीय दशा में कदाचित् किसी विषय का साहित्य न होगा।

उपयोगी कला

इस काल में उपयोगी कलाओं के साहित्य में उन्नति अवश्य हुई। कृषि को छोड़कर शेष अंगों के साहित्य में यह उन्नति विशेषरूप से १६२१ के असहयोग आन्दोलन तथा १६३७ के कांग्रेस के प्रांतीय शासन-ग्रहण के अवसरों पर हुई। पहले अवसर पर स्वदेशी और ग्रामो-

द्योग की वस्तुओं के व्यवहार का सामान्य प्रचार हुआ, दूसरे अवसर पर विभिन्न प्रान्तीय शासन-संस्थाओं द्वारा उनको आवश्यक प्रोत्साहन मिला।

प्रस्तुत विषय के साहित्य को हम निरीक्षण के लिए निम्नलिखित वर्गों में विभाजित कर सकते हैं : १. कृषि, २. बाग़बानी, ३. मधुमक्खी-पालन, ४. वस्त्र-शिल्प, ५. मिट्टी का काम, ६. सिलाई तथा कुछ अन्य शिल्प, ७. वास्तु-शिल्प, ८. गृह-शिल्प, ९. आयुध-शिल्प, १०. व्यापार-कला, ११. स्काउट-कला, १२. युद्ध-कला।

१. कृषि—कृषि पर पुस्तकें सबसे अधिक निकलीं : रामप्रसाद की 'गेहूँ की खेती' (१९१४), गयादत्त तिवारी की 'लाख की खेती' (१९१६), पुनः रामप्रसाद की 'मूँगफली तथा मक्का की खेती' (१९१८), तथा 'आलू की खेती' (१९१८), गणेशदत्त की 'अफ़ीम की खेती' (१९१८), गङ्गाशङ्कर नागर के 'कपास की खेती' (१९१९), 'केला' (१९२१), तथा 'आलू' (१९२१), तेजशङ्कर कोचक का 'कपास और भारतवर्ष' (१९२०), शङ्करराव जोशी की 'तरकारी की खेती' (१९२८), हरदयालसिंह की 'सिगरेट की तम्बाकू की कृषि' (१९३७), रामलक्ष्मण सिंह की 'ईख की खेती' [१९३७ ?], लक्ष्मीमोहन मिश्र की 'ऊख की खेती' (१९३७), चारुचन्द्र सान्याल की 'खरबूज़ तथा तरबूज़ की काश्तें' (१९३९), 'मसाले की खेती' (१९३९), तथा 'हल्दी तथा अदरक की खेती' (१९३९), कमलाकर मिश्र की 'आलू और इसकी खेती' [१९४१ ?] तथा 'धान और इसकी खेती' [१९४१ ?], बैजनाथप्रसाद यादव की 'फल तथा साग-भाजियों की खेती' [१९४० ?] विशिष्ट पदार्थों की कृषि से संबंध रखने-वाले उल्लेखनीय अध्ययन हैं। सामान्य कृषि-विज्ञान पर उल्लेखनीय हैं हेमन्तकुमारी देवी की 'वैज्ञानिक खेती' (१९१४), जे० एम० गहलोत संपादित 'राजस्थान की कृषि-संबंधी कहावतें' (१९१८), मुख्त्यारसिंह की 'खाद' (१९१९) दुर्गाप्रसादसिंह की 'कृषि-कौमुदी' (१९१९) शिव-नारायण खत्री लिखित 'भारत में खेती की तरक्क़ी के तरीक़े' (१९२१), 'पौधों में कड़वा रोग' (१९२१), 'ढोरों के गोबर और पेशाब का

खाद' (१६२१), तथा 'ढोरों में पाता रोग की विशेषता' (१६२१), तेजशङ्कर कोचक का 'कृषि-शात्र' (१६२४ तृतीय), शङ्करराव जोशी का 'वर्षा और बनस्पति' (१६२४), शीतलाप्रसाद तिवारी का 'कृषि-विज्ञान' (१६२६), रामानन्द आरोड़ा का 'कृषि-शास्त्र' (१६३४), मुख्त्यारसिंह के 'पौदा और खाद' (१६३५), 'जल और जुताई' (१६३५), 'खेती' (१६३५), तथा 'भूमि' (१६३५), बैजनाथ प्रसाद यादव का 'कृषि-सुधार का मार्ग' [१६४० ?] एस० बी० सिंह का 'संयुक्त प्रान्त में कृषि की उन्नति' [१६४१ ?] तथा शीतला-प्रसाद तिवारी का 'कृषि-कर्म' (१६४१)।

२. बाग़बानी—बाग़बानी पर राजनारायण मिश्र की 'बाग़बानी' (१६२१), शङ्करराव जोशी का 'उद्यान' (१६२४), प्यारेलाल की 'वृक्षावली' (१६२४ तृतीय), शिवशङ्कर मिश्र की 'बाग़बानी' (१६३०), नारायण दुलीचन्द व्यास की 'फलों की खेती और व्यवसाय' (१६३५), गजानन नायक का 'ताड़ का गुड़' (१६३८), के० एन० गुप्त का 'उद्यान-विज्ञान' (१६४०), शङ्करराव जोशी का 'कलम पैवन्द' (१६४०), बैजनाथप्रसाद यादव का 'उद्यान-शास्त्र' (१६४०), द्वारका बाई देव का 'फलों के टिकाऊ पदार्थ' (१६४१) उल्लेखनीय हैं। इसी प्रसंग में इबादुर्रहमान खाँ के 'खेती और बाग़बानी' (१६४१) का भी उल्लेख किया जा सकता है।

३. **मधुमक्खी-पालन**—मधुमक्खी-पालन पर पुस्तकें प्रायः इधर ही निकली हैं। नारायणप्रसाद अरोड़ा की 'मधुमक्खी' (१६३६), शान्ताराम मोरेश्वर चित्रे का 'मधुमक्खी-पालन' (१६४१ द्वितीय), तथा जुगरार दयाराम का 'मधुमक्खी-पालन' (१६४२) उनमें उल्लेखनीय हैं। इसी विषय पर एक छोटी पर अच्छी कृति इबादुर्रहमान खाँ की 'मधुमक्खी-पालन' (१६४१), है।

४. **वस्त्र-शिल्प**—वस्त्र-शिल्प के विशेष अंगों पर इस काल में स्वतंत्र पुस्तकें लिखी गई: कस्तूरमल बांठिया की 'रूई और उसका मिश्रण' (१६३५), सत्यन की 'ओटना या धुनना' [१६३६], लक्ष्मीचन्द की

'तन्तुकला' (१९२२), मगनलाल खुशालचन्द गांधी का 'चर्खा-शास्त्र' (१९२७), राधाकृष्ण बिड़ला की 'मिलों में रुई की कताई' (१९३३), कृष्णदास गांधी का 'कताई-गणित' (१९४०), बलवन्त दीवान कुँवर की 'तकली' (१९४१), इबादुर्रहमान खाँ की 'कताई' (१९४१), ख्वाजा अब्दुल मजीद का 'वीविङ्ग टीचर' (१९३०), विश्वेश्वर दयाल का 'बुनाई-विज्ञान' (१९४०), जगन्नाथप्रसाद की 'देशी रंगाई' (१९१६), धीरजलाल शर्मा का 'स्वदेशी रंग और रंगना' (१९२५), डी० जी० काले का 'रेशों की रंगाई' (१९३६), तथा शिवचरण पाठक का 'रंगाई-धुलाई-विज्ञान' (१९३८) वस्त्र-शिल्प के विविध अंगों पर उल्लेखनीय कृतियाँ हैं।

५. **मिट्टी का काम**—मिट्टी के बर्तनों के व्यवसाय पर पुस्तकें बहुत हाल में ही निकली हैं : फूलदेवसहाय वर्मा का 'मिट्टी के बर्तन' (१९३९) डा० इबादुर्रहमान खाँ का 'मिट्टी के काम' (१९४१), तथा मनोहर-लाल की 'भारतीय चीनी मिट्टियाँ' (१९४१) इनमें से प्रमुख हैं।

६. **सिलाई तथा कुछ अन्य शिल्प**—दर्जी के काम की एक पुस्तक उपेन्द्रनाथ दासगुप्त की 'दर्जी' (१९३०), है। सुनारी के संबंध में पुस्तकें गङ्गाशङ्कर नागर की 'सुवर्णकारी' (१९२३), तथा गिरधर सिंह वर्मा की 'स्वर्णकार विद्या' (१९३०) हैं। कनाईलाल देरे का 'मीना विज्ञान' (१९३७) मीनाकारी पर है। चर्मकारी पर उल्लेखनीय ग्रन्थ देवदत्त आरोड़ा का 'चर्म बनाने के सिद्धान्त' (१९३०), तथा चन्दलाल का 'मॉडेल-शूमेकर' (१९४०) हैं। जिल्दसाज़ी पर उल्लेखनीय हैं : रामनारायण मिश्र की जिल्दसाज़ी' (१९४२) और सत्यजीवन वर्मा की 'जिल्दसाजी' (१९४१), तेल- उत्पादन पर झावेर भाई पु० पटेल की 'तेल घानी' (१९४१ द्वितीय) एक उत्तम कृति है। लक्ष्मीचन्द की 'सुगन्धित साबुन बनाने की पुस्तकें,(१९१५), 'रोशनाई बनाने की पुस्तक' (१९१५), 'रंग की पुस्तक'(१९१६) तथा 'तेल की पुस्तक' (१९१६) का भी शिल्पों के साहित्य में उल्लेख किया जा सकता है। कुछ नवीन शिल्पों के संबंध में ओंकारनाथ

शर्मा की 'लोहा और उस पर पानी चढ़ाना' (१६३३), गोरखप्रसाद की 'फ़ोटोग्राफी' (१६३१) तथा 'लकड़ी पर पालिश' (१६४०) ज्योतिस्वरूप सकलानी का 'प्रकाशन-विज्ञान' (१६३२), कृष्णप्रसाद दर की 'आधुनिक छपाई' (१६३६), विष्णुदत्त शुक्ल की 'प्रूफ़रीडिंग' (१६४१), तथा गोवर्धन दास गुप्त की 'हिन्दी टाइपराइटिंग' (१६४०), उल्लेखनीय कृतियाँ हैं।

७. **वास्तु-शिल्प**—भारतीय वास्तु-कला पर केवल एक ही कृति उल्लेखनीय है : वह है विन्ध्येश्वरीप्रसाद मिश्र की 'भारतीय वास्तु-विज्ञान' (१६३३-)।

८. **गृह-शिल्प**—गृह-शिल्प पर दामोदर यशवंत बर्वे की 'चौक पूरने की पुस्तक' (१६१२) तथा रामा तांबे के 'गृह-शास्त्र' (१६४२), का उल्लेख किया जा सकता है।

६. **आयुध-शिल्प**—आयुध-शिल्प के संबंध में केवल एक ही पुस्तक उल्लेखनीय है, यह है: रामेश्वर पाठक की 'शस्त्र-विवेक' (१६४०), जिसमें देशी शस्त्रों का वर्णन है।

१०. **व्यापार-कला**—व्यापार-कला पर दामोदरदास खत्री की 'रोज़गार' (१६१२), कन्हैयालाल शर्मा की 'सफल दूकानदारी' [१६२२ ?], नारायणप्रसाद अरोड़ा की 'दूकानदारी' (१६२२), गङ्गाप्रसाद भोतिका की 'विक्रय-कला' (१९२२), कन्हैयालाल शर्मा की 'विज्ञापन-विज्ञान' (१६२२), कस्तूरमल बाँठिया की 'हिन्दी बही-खाता' (१६१६), देवीप्रसाद 'प्रीतम' की 'हिन्दी महाजनी का नया बहीखाता' (१६२२), कस्तूरमल बांठिया की 'व्यापारिक पत्र-व्यवहार' (१६२३) अच्छी पुस्तकें हैं।

११. **स्काउट-कला**—स्काउट-कला एक नवीन कला है। इसकी उल्लेखनीय पुस्तकें हैं: श्रीराम वाजपेयी की 'ध्रुवपद शिक्षण' (१६२०), तथा 'कोमल पद शिक्षण' (१६२०), और जानकीशरण वर्मा की 'कैम्प फ़ायर' (१६३१), 'पैट्रोल सिस्टम' (१६३१), तथा 'स्काउटमास्टरी और ट्रुप संचालन' (१६३४)। इसी प्रसंग में श्रीराम

वाजपेयी की 'अग्नि-कांड में सेवा' [१६३७ ?] का भी उल्लेख किया जा सकता है।

१२. युद्ध-कला—युद्ध-कला पर पुस्तकों का प्रायः अभाव है। केवल दो पुस्तकें उल्लेखनीय हैं: सत्यनारायण की 'टैंक-युद्ध' (१६४०) तथा 'हवाई युद्ध' (१६४०) 'जो वर्तमान महायुद्ध से संबंध रखती हैं।

इस काल में कृषि के संबंध में निस्संदेह अच्छा कार्य हुआ, किन्तु शेष कलाओं के संबंध में विशेष साहित्य प्रस्तुत न हुआ, और जो कुछ प्रस्तुत हुआ प्रायः वह भी उच्चकोटि का नहीं है।

खेल तथा शरीर-रक्षा

इस विषय के साहित्य को हम निम्न वर्गों में विभाजित कर सकते हैं: १. गोष्ठी खेल, २. बाहरी खेल और व्यायाम—भारतीय, ३. बाहरी खेल और व्यायाम—पाश्चात्य, ४. आयुर्वेद प्रणाली, ५. ऐलोपैथिक, ६. होम्योपैथिक ७. प्राकृतिक, ८. स्वास्थ-रक्षा, ६. मंत्रोपचार, १० पशु चिकित्सा।

१. गोष्ठी खेल—गोष्ठी खेलों पर आलोच्यकाल में केवल एक पुस्तक उल्लेखनीय है: मनोहरलाल चौबे की 'खेल-शतरंज' (१६११)।

२. बाहरी खेल—भारत के बाहरी खेलों पर अच्छी पुस्तकें अवश्य निकलीं, पर प्रायः उत्तरार्द्ध में: रघुनंदन शर्मा का 'देशी खेल' (१६२५), जी० आर० पाण्डेय की 'लाठी' (१६२५), यज्ञदत्त भाकर का 'लाठी-शिक्षण' (१६२८), श्रीपतिसहाय रावत का 'लाठी के दाँव' (१६३७), सीताराम पांडेय का 'लेजिम शिक्षण' (१६३३-) तथा मुनेश्वरप्रसाद त्रिपाठी की 'कबड्डी' (१६३७) इनमें से प्रमुख हैं। भारतीय व्यायामों पर भी साहित्य का यही हाल रहा: कालिदास माणिक का 'राममूर्ति और उनका व्यायाम' (१६१८), गणेशदत्त शर्मा गौड़ का 'स्त्रियों के व्यायाम' (१६३०), श्रीनिवास बालाजी हर्डीकर का 'सूर्य-व्यायाम' (१६३१), 'आनंदस्वरूप का 'आसनों के व्यायाम' (१६३५), भगवान राय श्रीनिवास पंत का 'सूर्य-नमस्कार' (१६३६) तथा ज्योतिर्मयी

ठाकुर का 'खेल और व्यायाम' (१६३५) भारतीय व्यायामों पर प्रमुख कृतियाँ हैं।

३. पाश्चात्य खेल—पाश्चात्य बाहरी खेलों की पुस्तकें थोड़ी ही निकलीं : मदनमोहन तथा अमरनाथ का 'खेल-कूद' (१६२१), प्रो० माणिकराव का 'संघ-व्यायाम' (१६२६), प्रो० नारायणराव का 'जुजुत्सु' (१६३६) और 'स्तूप-निर्माण-कला' (१६३६), जो क्रमशः एक प्रकार की कुश्ती तथा जिम्नास्टिक पर हैं, उनमें से उल्लेखनीय हैं।

४. आयुर्वेद-प्रणाली—आयुर्वैदिक चिकित्सा पर भी पूर्वार्द्ध में ग्रन्थों का प्रायः अभाव रहा, अधिकतर रचनाएँ उत्तरार्द्ध में प्रकाशित हुईं। शिवचन्द्र भरतिया का 'धात्री-कर्म-प्रकाश' (१६१७), तथा शालिग्राम शास्त्री का 'आयुर्वेद-महत्व' (१६२५) पूर्वार्द्ध की रचनाओं में प्रमुख हैं। उत्तरार्द्ध की रचनाओं में धर्मानन्द शास्त्री की 'उपयोगी चिकित्सा' (१६२७) उन्हीं के 'विष-विज्ञान' (१६३२), तथा 'शल्य-तन्त्र' (१६३३), प्रतापसिंह कविराज का 'आयुर्वेद खनिज-विज्ञान' (१६३१), हरिशरणानन्द का 'आसव-विज्ञान' (१६३६), शिवचरण शर्मा के 'फेफड़ों की परीक्षा और उनके रोग' (१६२८) तथा 'व्रण-बन्धन और पट्टियाँ' (१६२६), शङ्करलाल गुप्त का 'क्षय रोग' (१६३३), विश्वनाथ द्विवेदी का 'तैल-संग्रह' (१६३४), अत्रिदेव गुप्त का 'मलावरोध चिकित्सा' (१६३५), रूपलाल वैश्य का 'रूप निघण्टु' (१६३५), प्रभुनारायण त्रिपाठी का 'निद्रा-विज्ञान' (१६३७), रामदत्त का 'प्राचीन हिन्दू रसायन-शास्त्र' [१६३८ ?], विश्वेश्वरदयाल का 'भारतीय रसायन-शास्त्र' (१६३८), आनन्द स्वामी का 'नाड़ी-दर्शन' (१६३६), गङ्गानाथसेन कविराज का 'हिन्दी प्रत्यक्ष शारीर' (१६३६) तथा हरिशरणानन्द का 'ज्वर-मीमांसा' (१६४०) सामान्य वैद्यक के विभिन्न अंगों पर अच्छी रचनाएँ हैं। धात्री-कर्म तथा स्त्री-रोग संबंधी कुछ ग्रंथ स्वतंत्र रूप से उल्लेखनीय हैं : वे हैं दुर्गादेवी का 'शिशु-पालन' (१६२८), कृष्णाकान्त मालवीय का 'मातृत्व' (१६३१), अत्रिदेव गुप्त का 'धात्री-शिक्षा' (१६३२),

कृष्णकुमारी देवी का 'ज़च्चा' (१९३२), धर्मानन्द शास्त्री का 'स्त्री-रोग-विज्ञान' (१९३२), अत्रिदेव गुप्त का 'शिशु-पालन' (१९३९), विमलादेवी का 'गर्भ-निरोध' (१९४०), हरनामदास का 'गर्भवती, प्रसूता और बालक' (१९४०), तथा कान्तिनारायण मिश्र की 'प्रसव-विद्या' (१९४१)। ऊपर के अधिकतर ग्रंथों की रचना आधुनिक विज्ञान तथा ऐलोपैथी के ग्रंथों की सहायता से की गयी है, पर मौलिक अनुसंधान और अनुभव का इनमें प्रायः अभाव है। इसी प्रसंग में रणजीत सिंह के 'आयुर्वेदीय विश्वकोष' (१९४२-), का भी उल्लेख किया जा सकता है।

५. ऐलोपैथिक—ऐलोपैथिक चिकित्सा पर इस काल में एक ही उल्लेखनीय सामान्य ग्रन्थ प्रकाश में आया : महेन्दुलाल गर्ग का 'डाक्टरी चिकित्सा' (१९३१)। विशिष्ट अङ्गों पर उल्लेखनीय हैं : मुकुन्दस्वरूप वर्मा का 'विष-विज्ञान' (१९३२), अम्बालाल गर्ग की 'क्षय रोग और उसकी चिकित्सा (१९३६), त्रिलोकीनाथ वर्मा की 'हमारे शरीर की रचना' (१९२८–), मुकुन्दस्वरूप वर्मा के 'मानव शरीर-रहस्य' (१९२९-), 'मानव शरीर-रचना-विज्ञान' (१९३६), तथा 'संक्षिप्त शल्य-विज्ञान' (१९४०), रामदयाल कपूर की 'रोगी-परिचर्या' (१९३०)। धात्री-कर्म और प्रसव-विद्या पर प्रमुख हैं : मुकुन्दस्वरूप वर्मा का 'शिशु-पालन' (१९१५), हीरालाल का 'माँ और बच्चा' (१९३०), रामदयाल कपूर का 'प्रसूति-तंत्र' (१९३१), तथा रामचन्द्र मिश्र का 'सन्तान-निग्रह-विज्ञान' (१९३७)।

६. होम्योपैथिक—होम्योपैथिक चिकित्सा के संबंध में भी सत्साहित्य प्रायः उत्तरार्द्ध में ही निकला। उसके उल्लेखनीय ग्रन्थ हैं : महेन्द्रनाथ भट्टाचार्य कृत 'पारिवारिक चिकित्सा' (१९३५ पाँचवाँ), जिसके लगभग एक दर्जन संस्करण अब तक हो चुके हैं, उन्हीं के द्वारा प्रस्तुत निघंटु 'पारिवारिक भेषज-तत्व' (१९३२), मनोरञ्जन बैनरजी का एक निघंटु 'वृहत् मैटीरिया मेडिका' (१९३५), प्यारेलाल

की 'छाती के रोगों की चिकित्सा' (१६३७) तथा बलदेवप्रसाद सक्सेना की 'इलेक्ट्रो होम्योपैथी' (१६१६)। बायोकेमिक शाखा पर पुस्तकें हाल में ही प्रायः निकली हैं। उनमें से उल्लेखनीय हैं रामचन्द्र मुनि की 'बायो-केमिक विज्ञान-चिकित्सा' (१६३५), आर० आर० मुकरजी की 'सरल बायोकेमिक चिकित्सा' (१६३८) तथा एन० सी० भादुरी की 'बायो-केमिक मैटिरिया मेडिका एवं रिपार्टरी' (१६४०)।

७. **प्राकृतिक**—प्राकृतिक चिकित्सा-प्रणालियों पर भी कुछ ग्रंथ प्रकाशित हुए। केदारनाथ गुप्त की 'प्राकृतिक चिकित्सा' (१६३७), ताराचन्द जोशी का 'दुग्धोपचार' (१६१८), छोटेलाल की 'दुग्ध-चिकित्सा' (१६२४), भगवत शरण की 'दुग्ध-तक्रादि चिकित्सा' (१६३६), देवराज का 'जल-चिकित्सा-विज्ञान' (१६२६), केदारनाथ गुप्त की 'स्वास्थ्य और जल-चिकित्सा' (१६३३), सुधीरकुमार मुकर्जी की 'प्रकाश-चिकित्सा' (१६३८), युगलकिशोर चौधरी की 'मिट्टी सभी रोगों की रामबाण औषधि है' (१६३६ द्वितीय) सामान्य तथा विशिष्ट उपचारों के संबंध में उल्लेखनीय रचनाएँ हैं।

८. **स्वास्थ्य-रक्षा**—स्वास्थ्य-रक्षा संबंधी अच्छे ग्रंथ थोड़े ही निकले: रामदास गौड़ का 'स्वास्थ्य-साधन' (१६२६–), केदारनाथ गुप्त का 'हम सौ वर्ष कैसे जीवें?' (१६२६), मुकुन्दस्वरूप वर्मा का 'स्वास्थ्य-विज्ञान' (१६३२), तथा बुद्धिसागर शर्मा का 'स्त्री-सौन्दर्य और स्वास्थ्य' (१६४१) स्वास्थ्य-रक्षा संबंधी सामान्य ग्रंथों में से उल्लेखनीय हैं। आहार के संबंध में हरिनारायण शर्मा का 'भारतीय भोजन' (१६२५), ठाकुरदत्त शर्मा का 'दुग्ध और दुग्ध की वस्तुएँ' (१६२७) जगन्नाथ-प्रसाद शुक्ल का 'आहार-शास्त्र' (१६३३), बालेश्वरप्रसाद सिंह का 'क्या और कैसे खाएँ?' (१६३६), तथा केदारनाथ गुप्त का 'आदर्श भोजन' (१६३६) विभिन्न प्रणालियों के अनुसार लिखे गए प्रमुख ग्रन्थ हैं।

६. **मंत्र-चिकित्सा**—मंत्र-चिकित्सा पर भी इस काल में एक उल्लेखनीय कृति मिलती है: राधिकाप्रसाद का 'मंत्र-सागर' (१६२४), जिसमें सर्प-दंश आदि के लिए मंत्रोपचार का विधान है।

१०. पशु-चिकित्सा—पशु-चिकित्सा से संबंधित भी केवल एक ग्रंथ उल्लेखनीय है : गोवर्धन सिंह का 'अश्व-चिकित्सा' (१६३०)।

चिकित्सा और स्वास्थ्य-रक्षा के विषय पर इस युग में भी अधिकार-पूर्ण और वैज्ञानिक अन्वेषण के आधार पर लिखे गए ग्रंथ इने-गिने रहे। चिकित्सा-संबंधी वैज्ञानिक शिक्षा की संस्थाओं में माध्यम हिंदी न होने के कारण निकट भविष्य में भी इस आवश्यक वर्ग के साहित्य की पूर्ति संभव कम दिखलाई पड़ती है।

विज्ञान

विज्ञान के साहित्य की गति इस युग में प्रायः पिछले युग की-सी ही रही, यद्यपि विवेचन की कुछ गुरुता और गम्भीरता उसमें अवश्य आई। निरीक्षण के लिए हम उसके साहित्य को निम्नलिखित शीर्षकों में रख सकते हैं। १. भौतिक, २. गणित, ३. ज्यौतिष, ४. रसायन, ५. वनस्पति-उद्भिज्ज तथा जंतु-शास्त्र, ६. जीव तथा सृष्टि-इतिहास, और ७. स्फुट।

१. भौतिक—भौतिक के कुछ अङ्गों पर इस युग के पूर्वार्द्ध में अच्छा काम हुआ; उत्तरार्द्ध में वैसा काम नहीं हुआ। प्रेमवल्लभ जोशी का 'ताप' (१६१५), सम्पूर्णानन्द का 'ज्योतिर्विनोद' (१६१७), सुखसम्पति राय का 'ज्योतिर्विज्ञान' (१६२०), शालिग्राम भार्गव का 'चुम्बक' तथा निहालकरण सेठी का 'प्रारम्भिक भौतिक विज्ञान' (१६३०) भौतिक-संबंधी उल्लेखनीय ग्रंथ हैं।

२. गणित—गणित पर प्रायः स्कूलों के लिए ही साहित्य लिखा गया। अन्यथा उल्लेखनीय हैं : माधवसिंह मेहता की 'माप-विद्या प्रदर्शिनी' (१६०६), जो 'प्लेन टेबुल सर्वे' पर है, तेजशङ्कर कोचक की 'पैमाइश' (१६१६), नन्दलाल की 'पैमाइश' (१६२७), सत्यप्रकाश की 'वीज-ज्यामिति' (१६३१), शुकदेव पाण्डेय की 'त्रिकोणमिति' (१६३५), जगन्नाथप्रसाद गुप्त की 'सरल त्रिकोणमिति' (१६३६), तथा दुर्गाप्रसाद दुबे की 'सरल त्रिकोणमिति' (१६३६)।

३. ज्यौतिष—नक्षत्रमंडलादि के संबंध में कुछ अच्छी कृतियाँ

प्रकाशित हुईं। उल्लेखनीय हैं : विन्ध्येश्वरीप्रसाद मिश्र का 'सौर-साम्राज्य' (१६२२), जगदानन्दराय का 'ग्रह-नक्षत्र' (१६२५), गोरखप्रसाद का 'सौर-परिवार' (१६३२), तथा रामरत्न भटनागर की 'आकाश की कथा' (१६४२)। इनमें से गोरखप्रसाद की पुस्तक सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। भूमण्डल के संबंध में एक कृति है : रामचन्द्र वर्मा की 'भूकम्प' (१६१८) । वायु-मण्डल पर एक पुस्तक है : कल्याणबख्श माथुर की 'वायु-मण्डल' (१६४०), और हवाई जहाज़ तथा वायु-विज्ञान पर एक कृति है : गिरिजाप्रसाद शर्मा की 'विमान' (१६४१)।

४. **रसायन**—रसायन पर भी कुछ अच्छी कृतियाँ प्रकाश में आईं, किन्तु प्रायः इस युग के उत्तरार्द्ध में। गोपालस्वरूप भार्गव का 'मनोरञ्जक रसायन' (१६२३), फूलदेवसहाय वर्मा के 'प्रारम्भिक रसायन' (१६२८), तथा 'साधारण रसायन' (१६३२), रामशरणदास सक्सेना का 'गुणात्मक विश्लेषण, क्रियात्मक रसायन' (१६२६), सत्यप्रकाश के 'साधारण रसायन' (१६२६), और 'कारबनिक रसायन' (१६२६), तथा वासुदेव विट्ठल भागवत का 'प्रकाश-रसायन' (१६३२) इनमें से उल्लेखनीय हैं। इसी प्रसङ्ग में आत्माराम के 'रसायन इतिहास-संबंधी कुछ लेख' [१६१८ ?] का भी उल्लेख किया जा सकता है ?

५. **वनस्पति आदि**—वनस्पति-शास्त्र पर महेशचरण सिंह का 'वनस्पति शास्त्र' (१६२१), सुखसम्पत्तिराय भण्डारी का 'डा० जगदीशचन्द्र बोस और उनके आविष्कार' (१६२४), केशव अनन्त-पटवर्धन का 'वनस्पति-शास्त्र' (१६२८), प्रवासीलाल का 'वृक्ष-विज्ञान' (१६२६), तथा सन्तप्रसाद टण्डन का 'वनस्पति-विज्ञान' (१६४०), उल्लेखनीय हैं। उद्भिज शास्त्र पर उल्लेखनीय हैं एन० के० चैटर्जी का 'उद्भिज का आहार' (१६३१), तथा नोनीलाल पाल का 'नित्य व्यवहार में उद्भिज का स्थान' [१६३८ ?]। जन्तु-शास्त्र पर उल्लेखनीय हैं शालिग्राम भार्गव का 'पशु-पक्षियों का शृङ्गार-रहस्य' (१६२२), व्रजेशबहादुर का 'जन्तु-जगत' (१६३०), तथा श्यामापद बैनरजी का 'सर्प' (१६३५)।

६. जीव-इतिहास—जीव तथा सृष्टि इतिहास पर भी कुछ ग्रंथ इस काल में सामने आए। पी० ए० बी० जी० साठे का 'विकास-वाद' (१६१४), मुकुटविहारी वर्मा का 'जीवन-विकास' (१६३०), प्रभुदयाल मिश्र का 'जीवन-विज्ञान' (१६३३), चन्द्रशेखर शास्त्री का 'जीवन शक्ति का विकास' [१६३६ ?], सत्यप्रकाश की 'सृष्टि की कथा' (१६३७), तथा कृष्णानन्द गुप्त की 'जीव की कहानी' (१६४१), उनमें से उल्लेखनीय हैं। इसी प्रसंग में वाइटैमिन्स पर धीरेन्द्रनाथ चक्रवर्ती के 'जीवत्व-जनक' [१६३२ ?] तथा 'हेरेडिटी' पर शचीन्द्रनाथ सान्याल के 'वंशानुक्रम-विज्ञान' [१६३६ ?] का भी उल्लेख किया जा सकता है।

७. स्फुट—विज्ञान के स्फुट विषयों पर कुछ निबंध-संग्रह तथा सामान्य ग्रंथ भी प्रकाशित हुए। उनमें से महत्वपूर्ण हैं : सुखसंपत्तिराय का 'विज्ञान और आविष्कार' (१६१६), कृष्णगोपाल माथुर का 'व्यावहारिक विज्ञान' (१६२०), जगदानन्द राय की 'प्राकृतिकी' (१६२५), महावीरप्रसाद द्विवेदी की 'विज्ञान-वार्ता' (१६३०), मनोहरकृष्ण का 'विज्ञान-रहस्य' (१६३५), चन्द्रशेखर शास्त्री का 'आधुनिक आविष्कार' (१६३६), यतीन्द्रभूषण मुकर्जी की 'वैज्ञानिकी' (१६३६), रामदास गौड़ का 'विज्ञान-हस्तामलक' (१६३६), तथा भगवतीप्रसाद श्रीवास्तव का 'विज्ञान के चमत्कार' (१६४०)। इनमें से गौड़ जी की कृति कदाचित् सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।

निरीक्षण से ज्ञात हुआ होगा कि यद्यपि विज्ञान में कार्य कुछ अवश्य हो रहा है पर उसकी गति अत्यंत धीमी है। वैज्ञानिक साहित्य के प्रसार में कई बाधाएँ हैं : सामान्य जनता के लिए इसमें वैसा कोई रस या आकर्षण नहीं जैसा कुछ अन्य वर्गों के साहित्य में है; दूसरे, देश के सामान्य जीवन में इसका वैसा उपयोग नहीं जैसा अन्य वर्गों के साहित्य का है; और तीसरे, वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए नित्य ऐसे द्रव्यों और यंत्रों की आवश्यकता होती है जो बहुव्यय-साध्य होते हैं, और ऐसे निर्देशकों की आवश्यकता होती है जो प्रायः सुलभ कम होते हैं।

समाज-शास्त्र [और दर्शन]

समाज-शास्त्र पर साहित्य इस युग में भी विशेष नहीं निर्मित हुआ। निरीक्षण के लिए उसे हम निम्न लिखित शीर्षकों में रख सकते हैं: १. राजनीति, २. अर्थशास्त्र, ३. तर्क शास्त्र, ४. मनोविज्ञान, और ५. नागरिक शास्त्र।

१. **राजनीति**—सामान्य राजनीति पर अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी की 'हिन्दुओं की राज्य-कल्पना' (१९१३), प्राणनाथ विद्यालङ्कार के 'शासन-पद्धति' (१९२१), तथा 'राजनीति-शास्त्र' (१९२२), देवीप्रसाद 'प्रीतम' की 'हिन्दी भाषा में राजनीति' (१९२५), सुखसम्पतिराय भण्डारी का 'राजनीति-विज्ञान' (१९२९), गोपालदामोदर तामस्कर का 'राज्य-विज्ञान' (१९२९), अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी का 'हिन्दू राज्यशास्त्र' (१९३१), चन्दीप्रसाद का 'राजनीति के मूल सिद्धान्त' (१९३९), तथा रघुनाथ सिंह का 'फ़ासिज़्म' (१९३९), उल्लेखनीय कृतियाँ हैं।

२ **अर्थशास्त्र**—सामान्य अर्थशास्त्र पर इस काल के महत्वपूर्ण ग्रंथ हैं बालकृष्ण का 'अर्थशास्त्र' (१९१४), राधामोहन गोकुलजी का 'श्रमोपजीवी समवाय' (१९१८), प्राणनाथ विद्यालङ्कार का 'राष्ट्रीय आय-व्यय-शास्त्र' (१९२२), तथा 'मुद्रा-शास्त्र' (१९२४), गौरीशङ्कर का 'शिल्प-विधान' (१९२४), उमरावसिंह कारुणिक का 'उपयोगिता-वाद' (१९२४), भगवानदास केला का 'हिन्दी भाषा में अर्थशास्त्र' (१९२५), सुधाकर का 'अमीरी व ग़रीबी' [१९२५ ?], गौरीशङ्कर शुक्ल की 'करेन्सी' [१९२६ ?], ठाकुरप्रसाद सक्सेना का 'आर्थिक सङ्गठन' (१९३९), दयाशङ्कर दुबे की 'धन की उत्पत्ति' (१९३७), शङ्करसहाय सक्सेना का 'प्रारम्भिक अर्थशास्त्र' (१९४०), तथा भगवानदास अवस्थी का 'अर्थ-शास्त्र के मूल सिद्धान्त' (१९४१)।

३. **तर्कशास्त्र**—तर्कशास्त्र पर प्रमुख रचनाएँ हैं: शिवचन्द्र भरतिया का 'विचार-दर्शन' (१९१६), तथा गुलाबराय का 'तर्कशास्त्र' (१९३६-)।

४. **मनोविज्ञान**—मनोविज्ञान पर उल्लेखनीय हैं : मुंशीलाल की 'शील और भावनाएँ' (१६०६), जो चरित्र-गठन से संबंध रखता है, कुन्दनलाल गुप्त का 'सरल मनोविज्ञान' (१६२१), प्रो० सुधाकर का 'मनोविज्ञान' (१६२४), चन्द्रमौलि सुकुल का 'मनोविज्ञान' (१६२४), प्रेमवल्लभ जोशी का 'प्राथमिक मनोविज्ञान' (१६३३), तथा महाजोत-सहाय का 'जीववृत्ति-विज्ञान' (१६३६)।

५. **नागरिक शास्त्र**—नागरिक शास्त्र का विकास इसी युग की विशेषता है। प्रमुख रचनाएँ हैं : सत्यदेव स्वामी का 'मनुष्य के अधिकार' (१६१२), भगवानदास केला का 'समाज-सङ्गठन' (१६२३), चन्द्रराज भण्डारी का 'समाज-विज्ञान' (१६२८), भगवानदास केला का 'नागरिक शास्त्र' (१६३२), भगवानदास केला की 'अपराध-चिकित्सा' (१६३६), बेनीप्रसाद का 'नागरिक शास्त्र' (१६३७), राहुल सांकृत्यायन का 'मानव समाज' [१६३७ ?] भगवानदास केला की 'निर्वाचन-पद्धति' (१६३८), कृष्णानन्द गुप्त का 'नागरिक जीवन' (१६३६), गोरखनाथ चौबे की 'नागरिक शास्त्र की विवेचना' (१६४०), घनश्यामदास बिड़ला का 'बिखरे विचार' (१६४१), तथा श्रीप्रकाश का 'नागरिक शास्त्र' (१६४२)।

आलोच्यकाल में भी इस वर्ग के साहित्य की प्रगति अत्यंत धीमी रही, और जब तक राजनीति, अर्थशास्त्र और नागरिक शास्त्र पूर्णरूप से जनता के जीवन के विषय न हो जावेंगे, इस वर्ग के साहित्य में वास्तविक उन्नति की संभावना नहीं हो सकती। अभी तक देश की जनता का कितना हाथ देश की राजनीतिक, आर्थिक, और नागरिक समस्याओं में है, यह कहने की आवश्यकता नहीं।

शिक्षा

शिक्षा-साहित्य इसी युग की वस्तु है, पिछले युग के अंत में ही एकाध कृतियाँ दिखलाई पड़ी थीं। निरीक्षण के लिए इस युग के साहित्य

को हम निम्नलिखित शीर्षकों में रख सकते हैं : १. शिक्षा-सिद्धान्त, २. शिक्षा-मनोविज्ञान, ३. विशिष्ट शिक्षा-विधान, और ४. भारतीय शिक्षा-संस्थाएँ ।

१. शिक्षा-सिद्धान्त—शिक्षा-सिद्धान्त-संबंधी सामान्य ग्रन्थों में उल्लेखनीय हैं महावीरप्रसाद द्विवेदी की 'शिक्षा' (१६१६), गोपाल-दामोदर तामस्कर की 'शिक्षा-मीमांसा' (१६२५), प्रेमवल्लभ जोशी का 'पाठशाला तथा कक्षा-प्रबन्ध और शिक्षा-सिद्धान्त' (१६३०); गोपी-लाल माथुर की 'शिक्षा-विधि' (१६३०), कालिदास कपूर की 'शिक्षा-मीमांसा' (१६३७), सूर्यभूषण लाल की 'शिक्षण-कला' (१६३६), और सीताराम चतुर्वेदी की 'अध्यापन-कला' (१६४२), विशिष्ट विषयों में से केवल एक की शिक्षा पर उल्लेखनीय रचनाएँ मिलती हैं, वे हैं भाषा-शिक्षण पर : लज्जाशङ्कर झा का 'भाषा-शिक्षण-पद्धति' (१६२६), इन्द्रनारायण अवस्थी का 'भाषा-शिक्षण-विधान' (१६३१) तथा सीताराम चतुर्वेदी का 'भाषा की शिक्षा' (१६३६) इस प्रकार की रचनाओं में प्रमुख हैं ।

२. शिक्षा-मनोविज्ञान—शिक्षा-मनोविज्ञान पर प्रमुख हैं हंसराज भाटिया का 'शिक्षा-मनोविज्ञान' [१६३० ?], भैरवनाथ झा का 'मनो-विज्ञान और शिक्षा-शास्त्र' (१६३२), चद्रावती लखनपाल का 'शिक्षा-मनोविज्ञान' (१६३४) तथा लज्जाराम शुक्ल का 'बाल-मनोविज्ञान' (१६३६) ।

३. विशिष्ट शिक्षा-विधान—विशिष्ट शिक्षा-विधानों में से, ग्रामीण शिक्षा पर दशरथ बलवन्त पाठक की 'ग्रामीण-शिक्षा' (१६२१), कन्या-शिक्षा पर चन्द्रशेखर शास्त्री की 'कन्या-शिक्षा' (१६२८), प्रौढ़ शिक्षा पर रामेश्वर तिवारी की 'प्रौढ़ शिक्षा-प्रदीपिका' (१६३६), और नवप्रचारित बेसिक शिक्षा पर ज़ाकिर हुसैन की 'बुनियादी राष्ट्रीय शिक्षा' (१६३६ द्वितीय), जो ज़ाकिर हुसैन कमिटी की रिपोर्ट है, तथा लक्ष्मीचन्द की 'बेसिक शिक्षा में समन्वय' (१६४२) उल्लेखनीय रचनाएँ हैं ।

४. **शिक्षा-समस्याएँ**—भारतीय शिक्षा-समस्याओं तथा उनके इतिहास पर रचनाएँ सबसे अधिक हैं, और इस काल के प्रारंभ से ही। मनोहरलाल की 'भारतवर्ष में पश्चिमीय शिक्षा' (१९१०), सत्यदेव स्वामी की 'जातीय शिक्षा' (१९१२), घनश्याम सिंह का 'भारत शिक्षादर्श' (१९१४), हरिदत्त शास्त्री का 'प्राच्य-शिक्षा-रहस्य' (१९२२), हरदयाल लाला का 'अमृत में विष' (१९२२), जिसमें अंग्रेज़ी शिक्षा के बुरे प्रभावों का निदर्शन किया गया है, शेषमणि त्रिपाठी का 'शिक्षा का व्यंग्य' (१९२७), कन्हैयालाल का 'राष्ट्रीय शिक्षा का इतिहास और उसकी वर्त्तमान अवस्था' (१९२९), लज्जाशङ्कर झा का 'शिक्षा और स्वराज्य' (१९३४), श्रीनारायण चतुर्वेदी का 'शिक्षा-विधान-परिचय' (१९३५) तथा 'ग्राम्य शिक्षा का इतिहास' (१९३८) और हरिभाई त्रिवेदी का 'शिक्षा में नई दृष्टि' [१९४० ?] इस प्रकार के प्रमुख ग्रंथ हैं।

शिक्षा एक नितान्त नवीन विषय था, इस ध्यान से जितना भी कार्य अभी तक हुआ है कम नहीं है। फिर हमारी शिक्षा भी वस्तुतः एक शासन-संस्था है, शिक्षा-विधान में जितना ही कम या अधिक जनता का हाथ रहेगा उतना ही कम या अधिक हम को उसकी साहित्यवृद्धि में उसके सहयोग की आशा भी करनी चाहिए।

धर्म

इस युग में धार्मिक साहित्य का वैसा बाहुल्य नहीं रहा जैसा पिछले युग में रहा, और एक विशेषता इस युग में यह दिखाई पड़ी की धर्म के संबंध में एक व्यापक और उदार भावना के दर्शन हुए। यद्यपि पिछले युग के ढंग का भी साहित्य निकलता रहा, पर उत्तरोत्तर वह कम होता गया। निरीक्षण के लिए समस्त धर्म-विषयक साहित्य को निम्न लिखित शीर्षकों में रख सकते हैं : १. जाति-व्यवस्था, २. संप्रदाय-व्यवस्था, ३. वेदान्त, ४. भक्ति, ५. योग, ६. निर्विशिष्ट धर्म, और ७. नीति-धर्म।

१. **जाति-व्यवस्था**—जाति-व्यवस्था के संबंध में छोटेलाल सोती

। 'जाति-अन्वेषण' (१६१४), ज्वालाप्रसाद मिश्र का 'जाति-भास्कर' १६१८), मूलचन्द का 'क्या शिल्प शूद्र-कर्म है ?' (१६११) । उल्लेख किया जा सकता है।

२. संप्रदाय-व्यवस्था—विभिन्न संप्रदायों के संबंध में जो रचनाएँ कलीं उनमें शीतलप्रसाद ब्रह्मचारी के 'जैन-धर्म का महत्व' (१६११), न बौद्ध तत्वज्ञान' (१६३४), तथा 'जैन-धर्म में दैव और पुरुषार्थ' १६४१), विजयधर्म सूरि का 'जैन तत्वदिग्दर्शन' (१६३६), तथा म्पतराय जैन का 'धर्म-रहस्य' (१६४१) जैन धर्म के संबंध में, मानाथ शास्त्री के 'शुद्धाद्वैत दर्शन' (१६१२), तथा 'शुद्धाद्वैत द्धान्तसार' (१६१६) वल्लभ-संप्रदाय के संबंध में, आर्यमुनि का द्दर्शनादर्श (१६२५), नारायण स्वामी के 'आत्म-दर्शन' (१६२२), था 'मृत्यु और परलोक' (१६२६), नन्दकिशोर विद्यालङ्कार का नर्जन्म' (१६२५), लेखराम का 'सृष्टि का इतिहास' (१६२८), ङ्गाप्रसाद उपाध्याय के 'आस्तिकवाद' (१६२६), तथा 'जीवात्मा' १६३३), आर्यसमाज-संबंधी, आनन्दस्वरूप साहब जी महाराज के त्सङ्ग के उपदेश' (१६२७-) तथा 'यथार्थप्रकाश' (१६३७) धास्वामी संप्रदाय-विषयक, और सत्यानन्द अग्निहोत्री का 'देवशास्त्र' १६११) देव-समाज विषयक उल्लेखनीय ग्रंथ हैं।

३. वेदान्त—वेदान्त विषय पर स्वतंत्र रचनाएँ अधिक नहीं मिलतीं, द्यपि वेदान्त ने समस्त संप्रदायों के साहित्य को प्रभावित किया, जैसा पर के ग्रंथों के विषयों से ज्ञात होगा। वेदान्त-विषयक स्वतंत्र ग्रंथों में ल्लेखनीय हैं: भीमसेन शर्मा का 'पुनर्जन्म' (१६१४), शिवानन्द ामी का 'आत्मदर्शन' (१६१७), ज्वालाप्रसाद सिंघल का 'कैवल्य-ास्त्र' (१६२४), बलदेवप्रसाद मिश्र का 'जीव-विज्ञान' (१६२८), ङ्गाप्रसाद उपाध्याय का 'अद्वैतवाद' (१६२८), आनन्द भिक्षु सरस्वती ी 'भावना' (१६२८) सुधाकर का 'आनन्दामृत' (१६३३), और ारायण स्वामी का 'ब्रह्म-विज्ञान' (१६३३)। भावना-ग्रंथों की इस युग बड़ी कमी रही।

४. भक्ति—भक्ति-संबंधिनी रचनाएँ अत्यंत अल्प हैं : दुर्गादत्त की 'प्रेमाभक्ति' (१९०९), तथा हरिप्रसाद द्विवेदी 'वियोगी हरि' का प्रेम योग' (१९२९) ही उनमें से उल्लेखनीय हैं। ललित साहित्य की विशेषताओं से संयुक्त भक्ति-साहित्य अन्यत्र ऊपर आ चुका है।

५. योग—योग विषयक रचनाएँ भी अधिक नहीं हैं। प्रसिद्ध-नारायण सिंह के 'योगत्रयी' (१९२०), 'योगशास्त्रान्तर्गत धर्म' (१९२०), 'हठयोग' (१९२३), 'राजयोग' (१९३१), तथा 'जीवन-मरण रहस्य' (१९३३), और बंशीधर सुकुल का 'बाममार्ग' (१९३३) उनमें प्रमुख हैं।

६. निर्विशिष्ट धर्म—धर्म के निर्विशिष्ट रूप पर साहित्य इस युग में यथेष्ट मिलता है, और उसमें एक व्यापक और उदार भावना के दर्शन होते हैं। रामचन्द्र शुक्ल का 'आदर्श-जीवन' (१९१४), मिश्र-बन्धु का 'आत्म-शिक्षण' (१९१८), परमानन्द भाई का 'जीवन-रहस्य' (१९२५), महावीरप्रसाद द्विवेदी की 'आध्यात्मिकी' (१९२८), गङ्गानाथ झा महामहोपाध्याय का 'धर्म-कर्म-रहस्य' (१९२९), हरिप्रसाद द्विवेदी 'वियोगी हरि' का 'विश्व-धर्म' (१९३०), हरिभाऊ उपाध्याय का 'युग-धर्म' (१९३१), तथा भगवानदास का 'दर्शनों का प्रयोजन' (१९४१) इस प्रकार के साहित्य में प्रमुख हैं।

सामान्य हिंदू-धर्म निम्नलिखित ग्रंथों में विशेष रूप से दिखाई पड़ता है : शीतलासहाय का 'हिन्दू त्योहारों का इतिहास' (१९२७ द्वितीय), कुँवर कन्हैयाजू का 'हिन्दुओं के व्रत और त्योहार' (१९३१), तथा रामदास गौड़ का 'हिन्दुत्व' (१९३८)। ईसाई-धर्म तथा इस्लाम का साहित्य बिल्कुल नहीं निर्मित हुआ। केवल ईसाई-धर्म-संबंधी एक ऐतिहासिक रचना का उल्लेख किया जा सकता है : सन्तराम की 'भारत में बाइबिल' (१९२८)।

७. नीति-धर्म—नीति-धर्म-संबंधी साहित्य में उल्लेखनीय हैं राधामोहन गोकुलजी का 'नीति-दर्शन' (१९१३), लोचनप्रसाद पाण्डेय की 'नीति-कविता' (१९१४), बालेश्वरप्रसाद का 'लोक-परलोक हितकारी' (१९१६),—जिसमें अनेक महापुरुषों के सदुपदेश

संगृहीत हैं, गुलाबराय का 'कर्त्तव्य-शास्त्र' (१६१६), गोवर्धनलाल का 'नीति-विज्ञान' (१६२३), गुलाबराय का 'मैत्री-धर्म' (१६२७), पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का 'तीर्थरेणु' (१६२६), जिसमें अनेकों महापुरुषों के अनुभव-वाक्य सङ्कलित हैं, नियाज़ मुहम्मद खाँ की 'लोक-सेवा' (१६३३), तथा लक्ष्मणप्रसाद भारद्वाज संगृहीत 'मनन' (१६३२), जिसमें पुनः अनेक महापुरुषों की सदूक्तियाँ दी गई हैं।

धार्मिक-साहित्य पूर्णरूप से नवचेतना का प्रतीक अभी तक नहीं बन सका है; वह अब भी प्रायः अपनी सङ्कुचित भावनाओं का परित्याग नहीं कर सका है; और, न वह सामान्य जीवन के लिए अपनी आवश्यकता प्रमाणित करने में समर्थ हुआ है। आशा है कि आनेवाले युग में वह इन त्रुटियों का परिहार करेगा।

समालोचना*

समालोचना साहित्य को निरीक्षण के लिए हम निम्न लिखित शीर्षकों में रख सकते हैं : १. प्राचीन लेखकों की, २. आधुनिक लेखकों की।

प्राचीन लेखकों में से सबसे अधिक अध्ययन तुलसीदास का हुआ, इसलिए प्राचीन लेखकों से संबंध रखनेवाले साहित्य को तीन भागों में रखने में सुविधा होगी : तुलसी पूर्व, तुलसीदास, तुलसी के अनंतर।

१. प्राचीन लेखक—कबीरदास के संबंध में शम्भुदास महन्त का 'सारदर्शन' (१६१७), जो कबीर के कुछ पदों को लेकर उनका एक रहस्यपूर्ण अर्थ प्रतिपादित करता है, युगलानन्द का 'वृहत् कबीर कसौटी' (१६१६ द्वितीय), रामकुमार वर्मा का 'कबीर का रहस्यवाद' (१६३१), हरिहरनिवास का 'महात्मा कबीर' (१६४० द्वितीय), तथा हज़ारी प्रसाद द्विवेदी का 'कबीर' (१६४२); मीराबाई के संबन्ध में भगवान प्रसाद 'रूपकला' की 'मीराबाई की जीवनी' (१९२३), भुवनेश्वरप्रसाद

* इस वर्ग में साहित्यकारों के वैयक्तिक अध्ययन से संबंध रखनेवाले उन्हीं ग्रन्थों का उल्लेख हुआ है जो एक-एक साहित्यकार से संबंध रखते हैं, एक से अधिक साहित्यकारों के अध्ययन-ग्रंथ आनेवाले वर्ग में उल्लिखित हुए हैं।

मिश्र की 'मीरा की प्रेम-साधना' (१९३४), श्यामापति पाण्डेय की 'मीरा' (१९३४), तथा मुरलीधर श्रीवास्तव का 'मीराबाई का काव्य' (१९३५); हितहरिवंश के संबंध में गोपालप्रसाद शर्मा का 'हितचरित्र' (१९३९); सूरदास के संबंध में उनके 'सूरसागर' के कुछ संकलन-ग्रंथ बेनीप्रसाद सं० 'संक्षिप्त सूरसागर' (१९२२), हरिप्रसाद द्विवेदी 'वियोगी हरि' सं० 'संक्षिप्त सूरसागर' (१९२२), पं० रामचन्द्र शुक्ल सं० 'भ्रमरगीतसार' (१९२६), भगवानदीन लाला सं० 'सूर-पञ्चरत्न' (१९२७), सत्यजीवन वर्मा सं० सूरदास 'नयन' (१९३७), तथा नन्ददुलारे वाजपेयी सं० 'सूर-संदर्भ' (१९४१), जिनकी भूमिकाओं में भी कुछ समालोनात्मक अध्ययन प्राप्त होता है, हज़ारीप्रसाद द्विवेदी का 'सूर-साहित्य' (१९३६), शिखरचन्द जैन का 'सूर—एक अध्ययन' [१९३९ ?], नलिनीमोहन सान्याल का 'सूरदास' (१९३८),रामरत्न भटनागर का 'सूर-साहित्य की भूमिका' (१९४१), तथा कृष्णदेव शर्मा का 'सूर का एक पद—अथवा सूरवंश निर्णय' (१९४१); नन्ददास के संबंध में पं० उमाशङ्कर शुक्ल सं० 'नन्ददास, (१९४२) जिसमें कवि के काव्य-संग्रह के अतिरिक्त एक खोजपूर्ण भूमिका है; मलिक मुहम्मद जायसी के संबंध में रामचन्द्र शुक्ल संपादित 'जायसी ग्रन्थावली' (१९२४), जिसमें कवि की रचनाओं के अतिरिक्त एक विस्तृत और विशद समालोचनात्मक भूमिका है, महत्वपूर्ण कृतियाँ हैं।

तुलसीदास के संबंध में शिवनन्दनसहाय का 'गोस्वामी तुलसीदास' (१९१७), रामदास गौड़ की 'रामचरितमानस की भूमिका' (१९२५), विन्ध्येश्वरीप्रसाद सिंह लिखित 'गोस्वामी तुलसीदास' (१९२६), श्यामलाल लिखित 'बालकाण्ड का नया जन्म' (१९२७), रामचन्द्र द्विवेदी का 'तुलसी-साहित्य-रत्नाकर' (१९२९) श्यामसुन्दरदास का 'गोस्वामी तुलसीदास' (१९३१), रामचन्द्र शुक्ल का 'गोस्वामी तुलसी-दास' (१९३३), प्रस्तुत लेखक का 'तुलसी-सन्दर्भ' (१९३६) जिसमें तुलसीदास के संबंध में लिखे गए लेखक के कुछ लेखों का संग्रह है, रामनरेश त्रिपाठी का 'तुलसीदास और उनकी कविता' (१९३८), 'पोल

प्रकाशक' का 'तुलसीदास का मुक़दमा' (१९३८), नाहरसिंह सोलङ्की संपादित 'रत्नावली' (१९३९), रामदत्त भारद्वाज सं० 'रत्नावली' (१९४२), रामदत्त भारद्वाज की 'तुलसी-चर्चा' (१९४१), जिनमें से अन्तिम तीन सोरों को कवि का जन्म-स्थान सिद्ध करने का यत्न करते हैं, महादेव पाण्डेय लिखित 'तुलसी-चरितावली' (१९४२), जो राजापुर को जन्म-स्थान सिद्ध करने का यत्न करती है, तथा प्रस्तुत लेखक का 'तुलसीदास' (१९४२), जिसमें कवि के जीवन तथा कृतियों का एक पूर्ण और वैज्ञानिक अध्ययन है, स्वतंत्र समालोचनात्मक ग्रंथ हैं। 'मानस' के अध्ययन अलग महत्व-पूर्ण हैं। चन्द्रमौलि सुकुल का 'मानस-दर्पण' (१९१३), जिसमें 'मानस' में प्रयुक्त अनेक अलंकारों का दिग्दर्शन कराया गया है, रामजी लाल शर्मा का 'रामायण-रहस्य (१९१५), जिसमें कथा के पात्रों का चरित्र-चित्रण किया गया है, विश्वेश्वरदत्त शर्मा का 'मानस-प्रबोध' (१९२७), जिसमें 'मानस' की भाषा पर विचार किया गया है, राम-प्रसाद शरण का 'मानस-अनुबन्ध' (१९१९), जिसमें 'मानस' की कथा का मूल अभिप्राय अपने ढंग से बतलाने का यत्न किया गया है, बलदेवप्रसाद मिश्र का 'तुलसी-दर्शन (१९३४), जिसमें केवल 'मानस' के आधार पर कवि के आध्मात्मिक विचारों का परिचय कराया गया है, चन्द्रशेखर पाण्डेय का 'रामायण के हास्य-स्थल' (१९३९), जिसका विषय प्रकट है, तथा राजबहादुर लमगोड़ा का 'विश्व-साहित्य में रामचरितमानस' (१९४०-), जिसके प्रथम भाग में—जो अभी तक अकेला ही प्रकाशित है—हास्य-रस के नाते 'मानस' को विश्व-साहित्य में सर्वश्रेष्ट सिद्ध करने का यत्न किया गया है, 'मानस' के विशेष अध्ययन के ग्रंथ हैं। ग्रंथावलियों तथा संकलनों का अलग महत्व है। उनमें से उल्लेखनीय हैं: रामचन्द्र शुक्ल सं० 'तुलसी-ग्रंथावली' जिसके तीसरे भाग में कई विद्वानों के विचारपूर्ण समालोचनात्मक निबंध हैं, महावीरप्रसाद मालवीय सं० 'तुलसी-ग्रन्थावली' (१९२६), बजरङ्गबली 'विशारद' सं० 'तुलसी-रचनावली' (१९३९), तथा भगवानदीन लाला सं० 'तुलसी-पञ्चरत्न (१९२७), जिसमें कवि की पाँच

छोटी कृतियाँ संकलित हैं। इस प्रसंग में दो और ग्रन्थों का भी उल्लेख किया जा सकता है : शीतलासहाय सामन्त सं० 'मानस-पीयूष' (१९३०-) जिसमें 'मानस' के छंदों के वे विभिन्न अर्थ दिए गए हैं जो रामायणी टीकाकार तथा संत प्रायः लगाया करते हैं, महावीरप्रसाद मालवीय का 'विनय-कोष' (१९२४), जिसमें विनयपत्रिका के शब्दों के अर्थ दिए हुए हैं और सूर्यकान्त शास्त्री निर्मित 'तुलसी-रामायण शब्द-सूची' (१९३७)।

रहीम के संबंध में केवल उनकी रचनाओं के संग्रह और संकलन प्राप्त हैं : वे हैं रामनरेश त्रिपाठी सं० 'रहीम' (१९२१), अयोध्याप्रसाद शर्मा सं० 'रहिमन विनोद' (१९२८), अनूपलाल मण्डल सं० 'रहिमन-सुधा' (१९२८), मायाशङ्कर याज्ञिक सं० 'रहीम-रत्नावली' (१९२८), भगवानदीन लाला सं० 'रहिमन शतक' [१९३० ?] तथा ब्रजरत्नदास सं० 'रहिमन-विलास' [१९३० ?]; केशवदास के संबंध में भगवानदीन लाला सं० 'केशव-पञ्चरत्न' (१९२९), जो संकलन-ग्रंथ है, तथा कृष्णशङ्कर शुक्ल लिखित केशव की काव्य-कला (१९३४), जो स्वतंत्र समालोचना का ग्रंथ है; भूषण के संबंध में मिश्रबंधु सं० भूषण-ग्रन्थावली' (१९१२), जिसमें एक विस्तृत भूमिका भी है, तथा भगीरथ प्रसाद दीक्षित लिखित 'भूषण-विमर्श' (१९३५), मतिराम के संबंध में है कृष्णबिहारी मिश्र सं० 'मतिराम-ग्रंथावली' (१९२६), जिसके प्रारंभ में एक अध्ययनपूर्ण भूमिका है; बिहारी के संबंध में हैं विश्वनाथ प्रसाद मिश्र की 'विहारी की वाग्विभूति' (१९३६), लोकनाथ द्विवेदी सिलाकारी का 'विहारी-दर्शन' (१९३७), मिश्रबंधु सं० एक संकलन 'विहारी सुधा' (१९४१); सुन्दरदास के संबंध में है हरिनारायण सं० 'सुन्दर-सार' (१९१८), देव के संबंध हैं माधव प्रसाद पाठक सं० 'देव-ग्रंथावली' (१९२०), तथा मिश्रबंधु सं० एक संकलन 'देवसुधा' (१९३५), पद्माकर के संबंध में हैं गङ्गाप्रसाद सिंह की 'पद्माकर की काव्य-साधना' (१९३४), तथा विश्वनाथ प्रसाद मिश्र सं० 'पद्माकर-पंचामृत' (१९३५), जिसमें कवि की पाँच रचनाएँ संगृहीत हैं; बाँकीदास के संबंध में है उनका एक काव्य-संग्रह रामकरण सं० 'बाँकीदास-ग्रंथावली', शिवगोविन्द

के संबंध में है : बटुकनाथ शर्मा का 'रसिकगोविन्द और उनकी कविता' (१६२६), तथा दीनदयालु गिरि के संबंध में है श्यामसुन्दर दास सं० 'दीनदयालु गिरि-ग्रंथावली' (१६१६) ।

२. **आधुनिक लेखक विषयक**—आधुनिक काल के लेखकों में से किसी का अध्ययन ऐसा नहीं है जिसका उल्लेख शेष से अलग करना आवश्यक हो, इस कारण सब का एकत्र उल्लेख यथेष्ट होगा । हरिश्चन्द्र भारतेन्दु के विषय में किशोरीलाल गोस्वामी की 'भारतेन्दु-भारती' (१६२४), गोपाललाल खन्ना की 'भारतेन्दु की भाषा-शैली' (१६४०), व्रजरत्नदास का 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र' (१६३५), रामचन्द्र शुक्ल सं० 'भारतेन्दु-साहित्य' (१६२६) नामक चयन-ग्रंथ, जिसमें एक समालोचनात्मक भूमिका भी है, तथा व्रजरत्नदास सं० 'भारतेन्दु-ग्रन्थावली' (१६३४), गोविन्द गिल्लाभाई चौहान के विषय में उनकी 'गोविन्द-ग्रन्थमाला' (१६११-), देवीप्रसाद 'पूर्ण' के संबंध में उनके देहावसान पर रामरत्न सनाढ्य सं० 'पूर्ण-वियोग' (१६१६), मनोहरप्रसाद दूबे लिखित 'पूर्ण-प्रवाह' (१६२०), जिसमें उनका जीवन-वृत्त है, तथा लक्ष्मीकान्त तिवारी सं० 'पूर्ण-संग्रह' (१६२५), प्रतापनारायण कविरत्न के संबंध में उनका 'काव्य कानन' (१६३३), राधाकृष्ण दास के विषय में, रामचन्द्र शुक्ल लिखित 'राधाकृष्णदास' (१६१४), तथा श्यामसुन्दरदास सं० 'राधाकृष्ण-ग्रन्थावली' (१६३०), बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' के विषय में प्रभाकरेश्वर उपाध्याय सं० 'प्रेमघन-सर्वस्व' (१६३६) नामक उनका काव्य-संग्रह, अयोध्यासिंह उपाध्याय के संबंध में दयाशङ्कर मिश्र लिखित 'अयोध्या सिंह उपाध्याय' (१६२४), गिरिजादत्त शुक्ल लिखित 'महाकवि हरिऔध' (१६३४), तथा बेनीमाधव शर्मा लिखित 'झलक' (१६३६), महावीरप्रसाद द्विवेदी के विषय में प्रेमनारायण टंडन लिखित 'द्विवेदी-मीमांसा' (१६३६), जगन्नाथदास 'रत्नाकर' के संबंध में कृष्णशङ्कर शुक्ल लिखित 'कविवर रत्नाकर' (१६३५), तथा श्यामसुन्दर-दास सं० 'रत्नाकर' (१६३१-), जो उनका काव्य-संग्रह है, लाला [illegible] के विषय में [illegible] लिखित [illegible]

(१९३१), जिसमें 'दीन' जी तथा उनकी स्त्री बुन्देलबाला जी की जीवनी है, सत्यनारायण कविरत्न विषयक बनारसीदास चतुर्वेदी लिखित 'कविरत्न सत्यनारायण जी' (१९२८), लज्जाराम शर्मा विषयक उनकी आत्मकथा 'आप बीती' (१९३४), पद्मसिंह शर्मा के संबंध में पारसनाथ सिंह सं० 'पद्म-पराग' (१९२९-), जिसमें उनकी कविताओं और लेखों का संग्रह है, मैथिलीशरण गुप्त के संबंध में गिरिजादत्त शुक्ल लिखित 'गुप्त जी की काव्य-धारा (१९३७), गौरीशङ्कर 'सत्येन्द्र' लिखित 'गुप्त जी की कला' (१९३७), रामदीन पाण्डेय लिखित 'काव्य की उपेक्षिता' (१९४०), जिसमें उनकी 'यशोधरा' पर विचार किया गया है, नगेन्द्र लिखित 'साकेत—एक अध्ययन' (१९४०), और धर्मेन्द्र लिखित 'गुप्त जी के काव्य की कारुण्य-धारा' (१९४२), जयशङ्कर 'प्रसाद' के विषय में, रामकृष्ण शुक्ल 'शिलीमुख' लिखित 'प्रसाद की नाट्य-कला' [१९२९ ?], कृष्णानन्द गुप्त लिखित 'प्रसाद जी के दो नाटक' (१९३३), रामनाथलाल 'सुमन' लिखित 'प्रसाद की काव्य-साधना' (१९३८), गुलाबराय लिखित 'प्रसाद जी की कला' (१९३८), विनोदशङ्कर व्यास लिखित 'प्रसाद और उनका साहित्य' (१९४०), शिखरचन्द जैन लिखित 'प्रसाद का नाट्य-चिन्तन' (१९४१), गङ्गाप्रसाद पाण्डेय लिखित 'कामायनी—एक परिचय' (१९४२), और नन्ददुलारे वाजपेयी लिखित 'जयशङ्कर प्रसाद' (१९४१), सियारामशरण गुप्त के विषय में ब्रह्मदत्त शर्मा लिखित 'बापू-विचार' (१९४२), जो उनकी 'बापू' नामक कृति का एक अध्ययन है, प्रेमचन्द के संबंध में जनार्दनप्रसाद झा की 'प्रेमचन्द की उपन्यास-कला' (१९३४), प्रेमनारायण टंडन की 'प्रेमचन्द और ग्राम-समस्या' (१९४१) तथा रामबिलास शर्मा लिखित 'प्रेमचन्द' (१९४१), श्यामसुन्दरदास के संबंध में उनकी लिखी हुई 'मेरी आत्मकथा' (१९४२), महादेवी वर्मा के विषय में उनके 'अतीत के चलचित्र' (१९४१), जिसमें उनके कुछ संस्मरण हैं, जैनेन्द्रकिशोर के संबंध में सकलनारायण पाण्डेय लिखित 'जैनेन्द्रकिशोर की जीवनी' [१९१० ?], सुमित्रानन्दन पन्त

के विषय में नगेन्द्र लिखित 'सुमित्रानन्दन पन्त' (१६३८), मोहन-लाल महतो के संबंध में उनके 'धुँधले चित्र' (१६३०), जिसमें उनके युवावस्था के संस्मरण हैं, गुरुभक्तसिंह के विषय में भगवतशरण उपाध्याय की 'नूरजहाँ' (१६४१), जो उनकी 'नूरजहाँ' का एक अध्ययन है, हरिवंशराय 'बच्चन' पर सत्यप्रकाश मिलिन्द लिखित 'प्रयोग कालीन बच्चन' (१६४२), जैनेन्द्रकुमार के विषय में प्रभाकर माचवे सं० उनके कुछ लेख 'जैनेन्द्र के विचार' (१६३८), और सेठ गोविन्द-दास के विषय में रत्नकुमारी देवी लिखित 'सेठ गोविन्ददास' (१६३६), तथा 'सेठ गोविन्ददास के नाटक' (१६३६) आधुनिक लेखकों के विषय में इस काल के उल्लेखनीय अध्ययन हैं।

उपर्युक्त समालोचात्मक कार्य के दो पक्ष हैं: एक संपादन और दूसरा अध्ययन। कृतियों का संपादन खूब हुआ, किंतु इस युग में भी वह संपादन के सर्वमान्य वैज्ञानिक सिद्धान्तों के आधार पर नहीं हो पाया। हुआ यही है कि ग्रंथों की कुछ प्रतियों को एकत्र कर सबसे अधिक काव्योचित पाठ प्राप्त करने का प्रयास किया गया है; पाठ-निर्धारण के लिए न कोई निश्चित सिद्धांत हैं, न नियम; केवल संपादक की रुचि ही निर्णायिक हुई है। आवश्यकता यह है कि वैज्ञानिक सिद्धान्तों के अनुसार प्राचीन साहित्य का संपादन हो। अध्ययनों की दशा इससे कुछ भिन्न अवश्य है: कुछ प्राचीन और आधुनिक साहित्यकारों के अच्छे अध्ययन प्रस्तुत हो चुके हैं, यद्यपि अभी बहुत-सा कार्य इस दिशा में भी शेष है।

साहित्य का इतिहास

निरीक्षण के लिए प्रस्तुत विषय के साहित्य को हम निम्नलिखित शीर्षकों में रख सकते हैं: १. प्राचीन काव्य, २. आधुनिक काव्य, ३. मिश्रित, ४. लोकगीत, ५. उपन्यास, ६. कहानी, ७. नाटक, ८. निबंध, ९. चरित्र, १०. समालोचना, ११. साहित्य का सामान्य इतिहास और १२. खोज।

१. प्राचीन काव्य—प्रचीन काव्य-संग्रहों में कुछ विशिष्ट विषयों

के हैं : कृष्ण-काव्य के हैं श्यामदास सं० 'निम्बार्क सम्प्रदाय-प्रकाश' [१६१० ?], ठाकुरदास सूरदास सं० 'पुष्टिमार्गीय पदसंग्रह' (१६११), जो एक वृहद् ग्रंथ है, अज्ञात संपादक का 'श्रीनाथ जी का प्रभातीय-संग्रह' (१६२६), लल्लूभाई मगनलाल देसाई सं० 'कीर्तन-संग्रह' (१६३६) और सोमनाथ गुप्त सं० 'अष्टछाप-पदावली' (१६४०); 'राम-काव्य का एक अध्ययन अनन्तराम शास्त्री के 'रामभक्तिशाखा' (१६४१) में मिलता है; एक ऐतिहासिक काव्य-संग्रह है अगरचन्द नाहटा सं० 'ऐतिहासिक जैनकाव्य-संग्रह' (१६३८), जिसमें बारहवीं से लेकर बीसवीं शताब्दी तक की रचनाओं का संग्रह है; दो संग्रह वीर-काव्य के हैं—भागीरथ प्रसाद दीक्षित सं० 'वीर-काव्य-संग्रह' [१६३१ ?], भीमसेन विद्यालङ्कार सं० 'वीर-काव्य और कवि' (१६४०); सूफ़ी कवियों की रचनाओं के संबंध में एक कृति है— भारतीय' द्वारा सं० 'आख्यानत्रयी' (१६३५), जिसमें 'पद्मावती' 'चित्रावली' तथा 'यूसुफ-जुलेखा' की कथा संक्षेप में दी गई है; एक संग्रहसतसइयों का है—श्यामसुन्दरदास सं० 'सतसई-सप्तक' (१६३१); एक संग्रह स्त्री-कवियों का है—व्रजराज सं० 'मीरा, सहजो तथा दयाबाई का पद्य-संग्रह' (१६२२); कुछ संग्रह निर्विशिष्ट हैं—देवीप्रसाद मुंसिफ सं० 'कविरत्नमाला' (१६११), सीताराम लाला सं० 'सेलेक्शन्स फ्राम हिंदी लिट्रेचर' (१६२२-), और गणेशप्रसाद द्विवेदी सं० 'हिंदी के कवि और काव्य' (१६३६-)।

२. आधुनिक काव्य—आधुनिक काव्य-संग्रहों में से प्रमुख हैं महावीरप्रसाद द्विवेदी संकलित 'कविता-कलाप' (१६०६), लोचनप्रसाद पाण्डेय संकलित 'कविता-कुसुममाला' (१६१०), मन्ननद्विवेदी सं० 'गोरखपुर-विभाग के कवि' (१६१२), मङ्गलप्रसाद सिंह संकलित 'बिहार के नवयुवक हृदय' (१६२८), श्यामसुन्दर उपाध्याय संकलित 'बलिया के कवि और लेखक' (१६२६), ज्योतिप्रसाद निर्मल संकलित 'नवयुग काव्य-विमर्श' (१६३८), धीरेन्द्र वर्मा तथा रामकुमार वर्मा संकलित 'आधुनिक हिन्दी-काव्य' (१६३६) तथा गिरिजादत्त शुक्ल सं० 'हिन्दी के वर्तमान कवि और उनका काव्य' (१६४२)।

३. मिश्रित—प्राचीन और आधुनिक दोनों कालों के काव्य से संबंध रखनेवाले निर्विशिष्ट अध्ययन-ग्रन्थों में महत्वपूर्ण हैं रामनरेश त्रिपाठी सं० 'कविता-कौमुदी' भाग १-२ (१९२२-), हरिप्रसाद द्विवेदी 'वियोगी हरि' सं० 'व्रजमाधुरी-सार', जिसमें केवल व्रजभाषा की कविता का संकलन है तथा 'साहित्य-विहार' (१९२६), जिसमें विषयों के अनुसार कविता का संकलन और विवेचन है, गौरीशङ्कर द्विवेदी सं० 'सुकवि-सरोज' (१९२७-), जिसमें कतिपय प्राचीन और आधुनिक सनाढ्य कवियों की रचनाओं का परिचय है, उन्हीं के द्वारा सं० 'बुन्देल-वैभव' (१९३४-), जिसमें बुन्देलखंड के प्राचीन और आधुनिक कवियों का परिचयात्मक संकलन है, सूर्यबली सिंह सं० 'हिंदी की प्राचीन और नवीन काव्य-धारा' (१९३९), तथा अयोध्यासिंह उपाध्याय संकलित 'विभूति-मती व्रजभाषा' (१९४०), जो व्रजभाषा-काव्य का संकलन ग्रन्थ है।

विशिष्ट अध्ययन-ग्रंथों में उल्लेखनीय हैं, श्यामलाल पाठक लिखित 'हिंदी कवियों की अनोखी सूझ' (१९२१), भगवानदीन सं० 'सूक्ति-सरोवर' (१९२३), देवेन्द्रप्रसाद जैन सं० 'प्रेमकली' (१९१७), शिवपूजन सहाय सं० 'प्रेम-पुष्पाञ्जलि' [१९२६ ?], जवाहरलाल चतुर्वेदी सं० 'आँख और कविगण' (१९३२), मूलचन्द जैन लिखित 'जैन कवियों का इतिहास' (१९३७), तथा व्रजेश्वर वर्मा लिखित 'हिन्दी के वैष्णव कवि' (१९४१)। कुछ ग्रंथ स्त्री-कवियों के संबंध में भी लिखे गए हैं उल्लेखनीय उनमें से हैं ज्योतिप्रसाद 'निर्मल' सं० 'स्त्री-कवि-संग्रह' (१९३०), गिरिजादत्त शुक्ल सं० 'हिन्दी-काव्य की कोकिलाएँ' (१९३३), तथा 'व्यथित-हृदय' लिखित 'हिन्दी-काव्य की कलामयी तारिकाएँ' (१९३६)।

४. लोक-गीत—लोक गीतों के भी कुछ ग्रन्थ इस काल में प्रकाशित हुए : रामनरेश त्रिपाठी सं० 'ग्राम-गीत' (१९२५), 'सोहर' (१९३७), तथा 'हमारा ग्राम-साहित्य' (१९४०), प्रभारानी सं० 'सोहर' (१९४०), तथा चन्द्रसिंह विशारद सं० 'कहमुकरणी' [१९४० ?] उनमें से प्रमुख हैं।

५. **उपन्यास**—उपन्यास-साहित्य के संबंध में रचनाएँ बहुत ही थोड़ी और बहुत हाल की हैं। उल्लेखनीय हैं रघुवीरसिंह लिखित 'सप्तदीप' (१९३८), जिसमें सात उपन्यासों की समालोचनाएँ हैं, ताराशङ्कर पाठक लिखित 'हिन्दी के सामाजिक उपन्यास' (१९३९), तथा शिवनारायण श्रीवास्तव लिखित 'हिन्दी उपन्यास' (१९४०)।

६. **कहानी**—कहानी-संबंधी सङ्कलन और समालोचनात्मक रचनाओं में प्रमुख हैं रामकृष्ण शुक्ल सं० 'आधुनिक हिन्दी कहानियाँ' (१९३१), गिरिजादत्त शुक्ल सं० 'हिन्दी की कहानी लेखिकाएँ और उनकी कहानियाँ' (१९३५), भगवतीप्रसाद वाजपेयी की 'हिन्दी की प्रतिनिधि कहानियाँ' (१९४२), तथा राय कृष्णदास सं० 'नई कहानियाँ' (१९४१)।

७. **नाटक**—नाटक-साहित्य के संबंध की रचनाएँ भी प्रायः इधर की ही हैं। उनमें से उल्लेखनीय हैं विश्वनाथप्रसाद मिश्र लिखित 'हिन्दी नाट्य-साहित्य का विकास' (१९३०), व्रजरत्नदास लिखित 'हिन्दी नाट्य-साहित्य' (१९३०), गुलाबराय लिखित 'हिन्दी नाट्य-विमर्श' (१९४०), नगेन्द्र लिखित 'आधुनिक हिन्दी नाटक' (१९४२), भीमसेन लिखित 'हिन्दी नाटक साहित्य की समालोचना' (१९४२), शिखरचन्द जैन लिखित 'हिन्दी नाट्य-चिन्तन' (१९४१), तथा 'हिन्दी के तीन प्रमुख नाटककार' (१९४१)। इसी प्रसङ्ग में रामकुमार वर्मा सं० 'आठ एकाङ्की नाटक' (१९४१) का भी उल्लेख किया जा सकता है।

८. **निबंध**—निबंध-साहित्य में सङ्कलन-ग्रन्थ पहले से मिलते हैं, किन्तु इतिहास-ग्रन्थ तो अभी की चीज़ें हैं। सङ्कलन-ग्रन्थों में उल्लेखनीय हैं अम्बिकाप्रसाद गुप्त सं० 'प्रबन्ध-पूर्णिमा' (१९२१), जिसमें 'इन्दु' से सङ्कलित कुछ निबंध हैं, रामावतार पाण्डेय सं० 'प्रबन्ध पुष्पाञ्जलि' (१९२८), जिसमें बिहार के कतिपय साहित्यिकों के निबंध हैं, धीरेन्द्र वर्मा सं० 'परिषद्-निबन्धावली' (१९२९-), जिसमें प्रयाग-विश्वविद्यालय की उच्चतम कक्षाओं के विद्यार्थियों के निबंध हैं, और श्यामसुन्दरदास सं० 'हिन्दी

निबंधमाला' (१९३२-), तथा 'हिन्दी निबन्ध-रत्नावली' (१९४१-), जिसमें हिन्दी के विभिन्न लेखकों के निबंध-सङ्कलित हैं। इसी स्थान पर गद्य-काव्य के एक सङ्कलन जगन्नाथप्रसाद शर्मा सं० 'गद्य-काव्य-तरङ्गिणी' [१९४० ?] का भी उल्लेख किया जा सकता है। निबंध-साहित्य के इतिहास-ग्रन्थों में उल्लेखनीय है केवल ब्रह्मदत्त शर्मा लिखित 'हिन्दी साहित्य में निबन्ध' (१९४१)। इसी प्रसङ्ग में बी० एम० ठाकुर के 'हिन्दी पत्रों के सम्पादक' (१९४०), का भी उल्लेख किया जा सकता है।

९. **चरित्र**—ऐतिहासिक व्यक्तियों के चरित्रों के सङ्कलन इतिहास शीर्षक में उल्लिखित हैं; केवल एक प्रकार के चरित्र हैं जिनके सङ्कलनों का उल्लेख यहाँ होना आवश्यक होगा : वह हैं भक्तों के चरित्र। ऐसे सङ्कलन-ग्रन्थों में हिम्मतदास कृत 'भक्त-चरितामृत' (१९०९), बालक-राम विनायक रचित 'भक्ति-शरत्-सर्वरीश' (१९११), प्रभुदत्त ब्रह्म-चारी लिखित 'भक्त-चरितावली' (१९२९-), और कन्हैयालाल लिखित 'वृहद् भक्तमाल भाषा' (१९३२) हैं। कहने की आवश्यकता नहीं कि इन्हीं भक्तों में से कुछ हमारे प्राचीन साहित्यकार भी हैं, जिनके जीवनवृत्त इन संग्रहों में प्राप्त हो जाते हैं।

१०. **समालोचना**—सामान्य समालोचात्मक साहित्य भी इस काल में कुछ मिलता है : जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी का 'निरंकुशता-निदर्शन' (१९११), मिश्रबन्धु का 'हिन्दी नवरत्न' (१९११), कृष्णबिहारी मिश्र का 'देव और बिहारी' [१९२५ ?], भगवानदीन लाला का 'बिहारी और देव' (१९२६), महावीरप्रसाद द्विवेदी के 'आलोचनाञ्जलि' [१९३२ ?], तथा 'समालोचना समुच्चय' (१९३०), ललिताप्रसाद सुकुल की 'साहित्य-चर्चा' (१९३८), रामकृष्ण शुक्ल लिखित 'आलो-चना समुच्चय' (१९३९), तथा सुब्रह्मण्य गुर्तो संपादित 'हिंदी साहित्य समीक्षा' [१९४० ?], जिसमें हिंदी साहित्य के विभिन्न विषयों पर विभिन्न लेखकों के समालोचनात्मक निबंधों के संग्रह हैं, उसमें प्रमुख हैं।

११. **साहित्य का सामान्य इतिहास**—साहित्य के वास्तविक इतिहास इसी युग में लिखे गए, किंतु उनमें 'साहित्य' का आशय अधि-

कतर 'ललित साहित्य' से ही है। इस श्रेणी के ग्रंथों की संख्या बड़ी है। महत्वपूर्ण उनमें से हैं: श्यामसुन्दरदास लिखित 'हिंदी कोविद रत्न-माला' (१६०६), नाथूराम प्रेमी लिखित 'दिगम्बर जैन ग्रन्थकर्त्ता और उनके ग्रन्थ' (१६११) तथा 'हिंदी जैन साहित्य का इतिहास' (१६१७), मिश्रबन्धु लिखित 'मिश्रबन्धु-विनोद' (१६१४-), जो वास्तव में हिंदी साहित्य का पहला सुव्यवस्थित इतिहास माना जा सकता है, रामनरेश त्रिपाठी लिखित 'हिन्दी का संक्षिप्त इतिहास' (१६२३), पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी लिखित 'हिंदी साहित्य-विमर्श' (१६२४), बदरीनाथ भट्ट का 'हिंदी' (१६२५), गङ्गाप्रसाद सिंह लिखित 'हिंदी के मुसलमान कवि' (१६२६), रामकान्त त्रिपाठी लिखित 'हिंदी-गद्य-मीमांसा' (१६२६), अवध उपाध्याय लिखित 'हिंदी-साहित्य' (१६३०), रामचन्द्र शुक्ल लिखित 'हिंदी साहित्य का इतिहास' (१६३०), श्यामसुन्दरदास लिखित 'हिंदी भाषा और साहित्य' (१६३०), जगन्नाथ प्रसाद शर्मा लिखित 'हिंदी गद्य-शैली का विकास' (१६३०), रामशङ्कर शुक्ल लिखित 'हिंदी साहित्य का इतिहास' (१६३१), श्यामसुन्दरदास लिखित 'हिंदी साहित्य का संक्षिप्त इतिहास' (१६३१), गणेशप्रसाद द्विवेदी लिखित 'हिंदी-साहित्य' (१६३१), सूर्यकान्त शास्त्री लिखित 'हिंदी साहित्य का विवेचनात्मक इतिहास' (१६३१), व्रजरत्नदास लिखित 'हिंदी साहित्य का इतिहास' (१६३३), शुकदेव विहारी मिश्र लिखित 'हिंदी साहित्य का भारतीय इतिहास पर प्रभाव' (१६३४), कृष्णशङ्कर शुक्ल लिखित 'आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास' (१६३४), गणेश-प्रसाद द्विवेदी लिखित 'हिंदी साहित्य का गद्य-काल' (१६३४), अयोध्या सिंह उपाध्याय लिखित 'हिंदी भाषा और उसके साहित्य का विकास' (१६३४), शांतिप्रिय द्विवेदी लिखित 'हमारे साहित्य निर्माता' (१६३५), कमलधारी सिंह लिखित 'मुसलमानों की हिन्दी सेवा' (१६३५), गौरी शङ्कर 'सत्येन्द्र' लिखित 'साहित्य की झाँकी' (१६३७), मिश्रबन्धु लिखित 'हिंदी साहित्य का संक्षिप्त इतिहास' (१६३७), नरोत्तमदास स्वामी लिखित 'हिंदी गद्य का इतिहास' (१६३८), रामकुमार वर्मा लिखित

'हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' (१९३८), गुलाबराय लिखित 'हिंदी साहित्य का सुबोध इतिहास' (१९३८), सूर्यकान्त शास्त्री लिखित 'हिंदी साहित्य की रूपरेखा' (१९३८), रामकुमार वर्मा लिखित 'हिंदी साहित्य की रूपरेखा' (१९३८), मिश्रबन्धु लिखित 'हिंदी साहित्य का इतिहास' (१९३९), कृष्णशङ्कर शुक्ल लिखित 'हमारे साहित्य की रूपरेखा (१९३९), हज़ारीप्रसाद द्विवेदी लिखित 'हिंदी साहित्य की भूमिका' (१९४०), सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन लिखित 'आधुनिक हिंदी साहित्य' (१९४०), प्रकाशचन्द्र गुप्त लिखित 'नया हिंदी साहित्य' (१९४१), शांतिप्रिय द्विवेदी लिखित 'युग और साहित्य' (१९४१), श्यामसुन्दरदास लिखित 'हिंदी के निर्माता' (१९४१), लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय लिखित 'आधुनिक हिंदी साहित्य' (१९४१), श्रीकृष्णलाल लिखित 'आधुनिक हिंदी साहित्य का विकास' (१९४२), तथा व्रजरत्नदास लिखित 'खड़ी बोली हिंदी-साहित्य का इतिहास' (१९४१)। इसी प्रसंग में हम लाला सीताराम सं० 'हिंदी सर्वे कमेटी रिपोर्ट' (१९३०) का भी उल्लेख कर सकते हैं; जो प्रायः समस्त प्रकार के आधुनिक हिंदी के साहित्य से संबंधित है।

१२. खोज—खोज का कार्य हिन्दी में बहुत पिछड़ा हुआ है। नागरी-प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित पहले वार्षिक और अब त्रैवार्षिक रिपोर्टों के अतिरिक्त, जो अङ्गरेज़ी में हुआ करती हैं उल्लेखनीय हैं केवल देवीप्रसाद मुंसिफ़ लिखित 'राजपूताने में हिन्दी पुस्तकों की खोज' (१९११), श्यामसुन्दरदास सं० 'हस्तलिखित हिन्दी पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण' (१९२४-), तथा मोतीलाल मेनारिया लिखित 'राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज' (१९४२)।

उपर्युक्त निरीक्षण से ज्ञात होगा कि यह शिकायत अब नहीं हो सकती कि हिन्दी में साहित्य के इतिहास-ग्रन्थों की कमी है—बल्कि १९१४ में 'मिश्रबन्धु-विनोद' के प्रकाशन से लेकर अभी तक निरंतर यह इतिहास-ग्रन्थ निकलते चले आ रहे हैं। यह बात दूसरी है कि 'विनोद' की तुलना में वे कितने आगे बढ़े हैं—कितनी नई खोज उनमें

सन्निहित हुई है अथवा इतिहास के संबंध में कितनी दृष्टिकोण-संबंधी नवीनता उनमें आई है। दृष्टिकोण-संबंधी नवीनता उपस्थित करना हर एक के बूते की बात नहीं, पर आधुनिकतम खोज का उपयोग तो प्रत्येक इतिहास-लेखक कर ही सकता था। किन्तु, यह भी इने-गिने इतिहास-लेखकों में पाया जाता है। खोज का साहित्य निस्संदेह अभी अत्यन्त अपूर्ण दशा में है, किन्तु जितना वह प्रकाशित है, उसका ही पूर्ण उपयोग अभी तक नहीं हुआ है। फिर भी, इतिहास-लेखन में जो उत्साह इस युग में दिखलाई पड़ा है उससे आशा करनी चाहिए कि यह कमी शीघ्र दूर होगी।

विभाषा साहित्य का अध्ययन

आलोच्यकाल में विभाषा साहित्य का अध्ययन एक विस्तृत भाषा-क्षेत्र पर मिलता है, जिसे हम दो वर्गों में विभाजित सकते हैं:—१. भारतीय भाषा-साहित्य, २. अ-भारतीय भाषा-साहित्य।

१. भारतीय भाषा-साहित्य—प्रथम वर्ग में सबसे अधिक अध्ययन संस्कृत साहित्य का हुआ। कृतियाँ प्रायः तीन ढंग की हैं : धार्मिक विवेचना, समालोचनात्मक अध्ययन, तथा साहित्यिक इतिहास। धार्मिक विषयों पर प्रमुख कृतियाँ हैं सदानन्द अवस्थी का 'दर्शन-सार-संग्रह' (१९१०), द्वारकाप्रसाद चतुर्वेदी का 'पौराणिक उपाख्यान' (१९१२-), गङ्गाप्रसाद मिश्र सं० 'चतुर्विंशत उपनिषत्सार' (१९१३), इन्द्रवेदालङ्कार की 'उपनिषदों की भूमिका' (१९१३), राधाप्रसाद शास्त्री का 'प्राच्य-दर्शन' (१९१५), आर्यमुनि का 'वेदान्त-तत्व-कौमुदी' (१९१५), अखिलानन्द शर्मा की 'वैदिक वर्ण-व्यवस्था' (१९१६), भवानीदयाल सन्यासी का 'वैदिक धर्म और आर्य सभ्यता' (१९१७), चन्द्रमणि वेदालङ्कार की 'वेदार्थ करने की विधि' (१९१७), सम्पूर्णानन्द की 'भारतीय सृष्टिक्रम विचार' (१९१७), राधाकृष्ण मिश्र का 'भारतीय दर्शन-शास्त्र' (१९१९), रामदेव आचार्य का 'पुराण-मत-पर्यालोचन' (१९१९), गङ्गानाथ झा महामहोपाध्याय का 'वैशेशिक दर्शन' (१९२१), नरदेव शास्त्री का 'गीता-विमर्श' (१९२४), रामगोविन्द त्रिवेदी का 'दर्शन-परिचय' (१९२६), नरदेव शास्त्री का 'ऋग्वेदालोचन' (१९२८),

बुद्धदेव विद्यालङ्कार का 'शतपथ में एकपथ' (१६२६), सोऽहं स्वामी क 'गीता की समालोचना' (१६२६), गङ्गानाथ झा महामहोपाध्याय क 'हिन्दू-धर्म-शास्त्र' (१६३१), रामावतार शास्त्री का 'गीता-परिशीलन (१६३६), रुलियाराम काश्यप का 'यास्कीय निरुक्तान्तर्गत निर्वचनों क वैदिक आधार' [१६४० ?], हरिमोहन झा का 'भारतीय दर्शन-परिचय' [१६४० ?], भगवानदास का 'दर्शनों का प्रयोजन' (१६४१), तथा गोपीनाथ कविराज का 'भारतीय दर्शनशास्त्र' (१६४१) साहित्यकारों के वैयक्तिक अध्ययन से संबंध रखनेवाली प्रमुख कृतियाँ हैं, महावीरप्रसाद द्विवेदी की 'कालिदास की निरङ्कुशता' (१६१२), बदरीनाथ भट्ट की 'वेणी-संहार की आलोचना' (१६१५), महावीरप्रसाद द्विवेदी की 'कालिदास और उनकी कविता' (१६२०), माधवराव सप्रे की 'महाभारत-मीमांसा' [१६२० ?], रामदहिन मिश्र का 'मेघदूत-विमर्श' (१६२२), श्रीपाद दामोदर सातवलेकर की 'महाभारत की समालोचना' (१६२८), तथा वासुदेव विष्णु मिराशी की 'कालिदास' (१६३८) । साहित्य के सामूहिक अध्ययन और इतिहास-संबंधी रचनाओं में उल्लेखनीय हैं द्वारकाप्रसाद चतुर्वेदी लिखित 'भारतीय उपाख्यान-माला' (१६११), तथा 'नाटकीय कथा' (१६१२), कपिलदेव द्विवेदी का 'संस्कृत विद्या का इतिहास' (१६१३ , चन्द्रमौलि सुकुल का 'नाट्य कथामृत' (१६१४), कन्नोमल का भारतवर्ष के धुरन्धर कवि' (१६१५), इन्द्र वाचस्पति का 'संस्कृत साहित्य का ऐतिहासिक अनुशीलन' (१६१६), जनार्दन भट्ट की 'संस्कृत कवियों की अनोखी सूझ' (१६१८), महावीरप्रसाद द्विवेदी की 'प्राचीन पंडित और कवि' (१६१६), महेशचन्द्रप्रसाद का 'संस्कृत साहित्य का इतिहास' (१६२२-) रामनरेश त्रिपाठी की 'कविता-कौमुदी' भाग ३ (१६२३), महावीर-प्रसाद द्विवेदी का 'सुकवि सङ्कीर्तन' (१६२४), भगवद्दत्त का 'वैदिक वाङ्मय का इतिहास' (१६२७), वेदव्यास, लाला का 'संस्कृत साहित्य का इतिहास' (१६२७), महावीरप्रसाद द्विवेदी का 'कोविद-कीर्तन' (१६२८), रामचन्द्र वर्मा का 'रूपक-रत्नावली' (१६२६), बलदेव-

प्रसाद उपाध्याय का 'संस्कृत कवि-चर्चा' (१९३२), सीताराम जयराम जोशी का 'संस्कृत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास' (१९३८), कन्हैयालाल पोद्दार लिखित 'संस्कृत साहित्य का इतिहास' (१९३८), रामकलानाथ गौड़ की 'संस्कृत प्रेमप्रथा' (१९३७) तथा हंसराज अग्रवाल का संस्कृत 'साहित्य का संक्षिप्त इतिहास' [१९३७ ?]। उपर्युक्त के अतिरिक्त केवल समाज-शास्त्र पर इनी-गिनी पुस्तकें और हैं : कन्नोमल का 'बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र' (१९२४), तथा गोपाल दामोदर तामस्कर का 'कौटिलीय अर्थशास्त्र मीमांसा' (१९२६) राजनीति और अर्थशास्त्र पर, गङ्गानाथ झा महामहोपाध्याय का 'न्याय-प्रकाश' तर्कशास्त्र पर, और चिन्तामणि की 'मनु और स्त्रियाँ' (१९३५) सामान्य समाजशास्त्र पर उल्लेखनीय रचनाएँ हैं।

उर्दू साहित्य के अध्ययन से संबंध रखनेवाली पुस्तकों में विशेष उल्लेखनीय हैं : ज्वालादत्त शर्मा कृत महाकवि 'दाग़ और उनका काव्य' (१९१७), तथा 'महाकवि ग़ालिब और उनका काव्य' (१९१९), रघुराजकिशोर कृत 'महाकवि नज़ीर और उनका काव्य' (१९२२), उमराव सिंह कृत 'महाकवि अकबर और उनका काव्य' (१९२२), ज्वालादत्त शर्मा कृत 'उस्ताद जौक़ और उनका काव्य' [१९२२ ?], रघुराजकिशोर कृत 'महाकवि अकबर' (१९२५), तथा रामनाथलाल 'सुमन' कृत 'कविरत्न मीर' (१९२६) जो अलग-अलग प्रमुख कवियों के वैयक्तिक अध्ययन प्रस्तुत करती हैं, और रामनरेश त्रिपाठी की 'कविता-कौमुदी' भाग ४ (१९२४), व्रजरत्नदास का 'उदूं साहित्य का इतिहास' (१९३४), उपेन्द्रनाथ अश्क' की 'उदूं काव्य की नई धारा' (१९४१) तथा गिरिजादत्त शुक्ल की 'उदूं के कवि और उनकी कहानियाँ' (१९४२) जो उदूं के साहित्यिक इतिहास से संबंध रखती हैं।

मैथिल साहित्य से संबंध रखनेवाली पुस्तकों में जनार्दन मिश्र का 'विद्यापति' (१९३२), नरेन्द्रनाथदास का 'विद्यापति काव्यालोक' (१९३७), उमेश मिश्र महामहोपाध्याय का 'विद्यापति ठाकुर' (१९३७), रामचन्द्र मिश्र का 'चन्द्राभरण' (१९३९), जो मैथिली

काव्य पर है, तथा रामइक़बाल सिंह का 'मैथिली लोकगीत' (१६४२) प्रमुख वैयक्तिक और ऐतिहासिक अध्ययन-ग्रन्थ है ।

राजस्थानी साहित्य-संबंधिनी रचनाओं में कुछ तो लोकगीतों के संग्रह हैं : खेतराममाली सं० 'मारवाड़ी गीतसंग्रह' (१६१२), श्रीकृष्णगोपाल सं० 'मारवाड़ी गीतसंग्रह' (१६२७), भागीरथी बाई सं० 'मारवाड़ी गीतसंग्रह' (१६२८) तथा रामसिंह सं० 'राजस्थान के लोकगीत' (१६३८), जिनमें से अन्तिम रचना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, एक राजस्थानी 'बातों' का संग्रह है : सूर्यकरण पारीक सं० 'राजस्थानी बातां' (१६३४); और दो राजस्थानी साहित्य के इतिहास से संबंधित हैं : मोतीलाल मेनारिया के 'राजस्थानी साहित्य की रूपरेखा' (१६३६) तथा 'डिंगल में वीर-रस' (१६४०) । यह तीनों रचनाएं उल्लेखनीय हैं ।

बँगला साहित्य के अध्ययन में केवल कुछ साहित्यकारों के वैयक्तिक अध्ययनों का उल्लेख किया जा सकता है : वे हैं रूपनारायण पाण्डेय का 'बङ्किमचन्द्र चटर्जी' (१६२०), सुखसम्पतिराय का 'रवीन्द्र-दर्शन' (१६२०), दुलारेलाल भार्गव लिखित 'द्विजेन्द्रलाल राय' (१६२३), बजरङ्गबली विशारद लिखित 'माइकेल मधुसूदन दत्त' (१६२५), तथा सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' लिखित 'रवीन्द्र-कविता-कानन' (१६२८) ।

एक रचना असमीया साहित्य पर है विरञ्चिकुमार बरुआ की 'असमीया साहित्य की रूपरेखा' [१६४०] ।

एक रचना कन्नड़ साहित्य-संबंधिनी है : वह है गुरुनाथ योगी सं० 'कन्नड़ गल्प' (१६४१) ।

समस्त भारतीय साहित्य से संबंध रखनेवाली रचनाएँ मुख्यतः दो हैं : जयचन्द्र विद्यालङ्कार की 'भारतीय वाङ्मय के अमररत्न' (१६३४), तथा धनीराम का 'भारत का कहानी-साहित्य' (१६३६) ।

२. अभारतीय साहित्य—अभारतीय भाषा-साहित्य में कुछ ग्रन्थ फ़ारसी-अरबी के साहित्य से संबंध रखते हैं, जिनमें से प्रेमचन्द का 'महात्मा शेख़ सादी' (१६१८), तथा जगदीशचन्द्र विद्यालङ्कार का 'मौलाना रूम और उनका काव्य' (१६२३), वैयक्तिक अध्ययन के ग्रंथ हैं

और महेशप्रसाद मौलवी का 'अरबी काव्य-दर्शन' (१६३१), तथा बाँके-बिहारी का 'ईरान के सूफ़ी कवि' (१६४०), साहित्यिक इतिहास के।

कुछ ग्रन्थ योरोपीय साहित्य से संबंध रखते हैं; इनमें से रामावतार पाण्डेय का 'यूरोपीय दर्शन' [१६११ ?], कन्नोमल की 'हर्बर्ट स्पेन्सर की अज्ञेय मीमांसा' (१६१६), तथा उन्हीं की 'हर्बर्ट स्पेन्सर की ज्ञेय मीमांसा' (१६१६ द्वितीय), जनार्दन भट्ट का 'टॉल्स्टॉय के सिद्धान्त' (१६२३), पशुपाल वर्मा का 'बर्कले और कैण्ट का तत्वज्ञान' (१६२४), गुलाबराय का 'पाश्चात्य दर्शनों का इतिहास' (१६२६) कुछ दार्शनिक विषयों से संबंध रखते हैं; लक्ष्मणस्वरूप का 'मोलिएर' (१६२६) एक वैयक्तिक अध्ययन प्रस्तुत करता है, और प्यारेलाल मिश्र का 'विलायती समाचार-पत्रों का इतिहास' (१६१६), विनोदशङ्कर व्यास की 'प्रेमकहानी' [१६३० ?], जो विक्टर ह्यूगो तथा ट्रॉट्स्की के जीवनों से संबंध रखती है, रामचन्द्र टण्डन सं० 'रूसी कहानियाँ' (१६३०), श्रीगोपाल नेवटिया सं० 'यूरोप की सर्वश्रेष्ठ कहानियाँ' (१६३२), तथा ज्ञानचन्द्र जैन सं० 'यूरोप की सर्वश्रेष्ठ कहानियाँ' (१६४२) योरोपीय साहित्य के स्फुट अंगों से संबंध रखती हैं।

कुछ ग्रन्थ विश्व-साहित्य संबंधी हैं, जिनमें से प्रमुख हैं पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का 'विश्व-साहित्य' (१६२३), राजबहादुर सिंह लिखित 'संसार के महान साहित्यिक' [१६४० ?], रामाज्ञा द्विवेदी का 'संसार के साहित्यिक' (१६३२), तथा चन्द्रगुप्त विद्यालङ्कार की 'संसार की सर्वश्रेष्ट कहानियाँ' (१६३२)।

इस युग में भी विभाषा-साहित्य का जैसा अध्ययन हो सकता था नहीं हुआ। इन अध्ययनों में सबसे अधिक खटकनेवाली कमी अंग्रेज़ी और बँगला साहित्यों के अध्ययन के संबंध की है इस युग के साहित्य पर जिनका प्रभाव सबसे अधिक है। भारत की अन्य समृद्ध भाषाओं के साहित्य का अध्ययन भी अभी तक उपेक्षित रहा है।

---

४. हमारा आगामी कार्य-क्रम ?

ऊपर के सिंहावलोकन से यह अनुमान हो गया होगा कि यद्यपि पिछले पचहत्तर—और उसमें प्रायः पैंतीस वर्षों में निरन्तर हमारी प्रगति में उन्नति हुई है फिर भी आधुनिक युग जिस तेज़ी से आगे बढ़ रहा है हमारी गति में वह तेज़ी नहीं आ पाई है। हमारी आवश्यकताएँ बहु-मुखी हैं। सच पूछिए तो किसी भी विषयवर्ग पर हमारा कार्य इतना नहीं है कि हम उस पर संतुष्ट हो सकें—गर्व करने की तो बात ही नहीं। यह सही है कि ललित साहित्य का सृजन कुछ-न-कुछ अपने ढङ्ग पर चलता है—यद्यपि उसको भी युग की आवश्यकताओं के निकट लाया जा सकता है—किन्तु शेष साहित्य के संबंध में तो यह बात नहीं है। तब, हमारा आगामी कार्य-क्रम क्या होना चाहिए ? इस संबंध में अनेक मत हो सकते हैं। प्रस्तुत लेखक केवल अपने कुछ विचार आगे रखना चाहता है।

प्रस्तुत लेखक का ध्यान है कि और बातों के साथ-साथ, इस समय एक आवश्यकता यह है कि प्रत्येक विषय को लेकर हम यह देखने का उद्योग करें कि (१) हिन्दी में उसका विकास किस प्रकार हुआ है, (२) भारतीय संस्कृति और साहित्य के विकास में उसका क्या योग है, और (३) विश्व-साहित्य और संस्कृति में उसका क्या स्थान है; यह उस साहित्य का इतिहास-पक्ष है। दूसरे, हमको यह जानने की आवश्यकता है कि (१) किसी भी विषय के समस्त अङ्गों पर भारतीय सिद्धान्त क्या हैं, (२) उन्हीं अङ्गों पर शेष देशों का क्या योग है, और (३) किन अङ्गों पर और क्या कार्य होना चाहिए; यह उसका शास्त्रीय पक्ष है। तीसरे, हमें प्रत्येक विषय का एक विश्व-कोष निर्मित करना चाहिए, जिससे हमें अविलंब उक्त विषय के किसी भी अङ्ग पर कामचलाऊ जानकारी तथा सहायक साहित्य-सूची प्राप्त हो जावें। चौथे, ललित साहित्य के विशिष्ट विषयों के कुछ संकलन-ग्रन्थ भी प्रस्तुत करने चाहिएँ। अभी तक संकलन ग्रन्थ प्रायः शिक्षा-विभाग के पाठ्य-क्रम की आवश्यकताओं के ही अनुरूप

बने हुए हैं; उक्त विषय के समस्त साहित्य में उत्कृष्टतम क्या है, और कितना है, और वह हमारी किन चिन्ता-धाराओं को व्यक्त करता है इस दृष्टिकोण से प्रस्तुत किए गए संकलन-ग्रन्थ दो चार होंगे। यह संकलन (१) हिन्दी साहित्य से, (२) भारतीय साहित्य से, तथा (३) शेष विश्व-साहित्य से होने चाहिएँ। विभाषाओं के संकलन अनूदित रूप में ही प्रकाशित हों—मूल की आवश्यकता नहीं है, यद्यपि उनकी प्राप्ति का स्थलनिर्देश पूर्ण होना चाहिए। पाँचवें, साहित्य के समस्त अङ्गों का पूर्ण अध्ययन प्रस्तुत करना अभी हमारे लिए प्रायः असम्भव है, इसलिए प्रत्येक विषय पर प्राप्त उत्कृष्टतम साहित्य का विभाषाओं से अनुवाद को भी प्रकाशित करना चाहिए। और छठें, आवश्यकता है अपने प्राचीन साहित्य के पुनरुद्धार की। हमारे साहित्य के सर्वोत्कृष्ट अंश का सुसंपादित रूप में प्रकाशन अब भी शेष है। हिंदी में संपादन-कार्य बहुत हुआ है, किन्तु वह वैज्ञानिक सिद्धान्तों के अनुसार नहीं हुआ है—यद्यपि ऐसा कहते हुए मुझे भय है कि हिन्दी का सम्पादक-सम्प्रदाय मुझसे रुष्ट होगा। कुछ प्रतियाँ एकत्र कर सबसे अधिक काव्योचित पाठ उन सब में से निकाल कर मूल में रख देना और कुछ पाठांतर दे देना ही आदर्श सम्पादन समझा गया है। किन्तु, संपादन का उत्तरदायित्व कदाचित् वस्तुतः इससे कुछ भिन्न है, और उसे समझने का यत्न करना चाहिए।*

नीचे की तालिका मुख्यतः उपर्युक्त दृष्टिकोणों से तैयार की गई है। आशा है कि उससे हिन्दी-सेवी संस्थाएँ, हिन्दी विद्वान्, और हिन्दी के अन्वेषक कुछ-न-कुछ लाभ अवश्य उठावेंगे। अच्छा यह होता कि इस प्रकार की एक और भी अधिक पूर्ण सूची समस्त विषयों के

---

* संपादन का अर्थ प्रस्तुत लेखक क्या समझता है इसका कुछ अनुमान 'भारतीय हिंदी परिषद्, प्रयाग से प्रकाशित 'हिंदी-अनुशीलन' की आश्विन-मार्गशीर्ष की संख्या में प्रकाशित 'अर्द्धकथा का पाठ' शीर्षक उसके लेख से किया जा सकता है।

विद्वानों के सहयोग से निर्मित होती, जिसको लेकर हिन्दी-क्षेत्र की समस्त शक्ति एक निश्चित अवधि—जैसे आठ-दस वर्षों—के लिए पारस्परिक सहयोग और कार्य-विभाजन के साथ उसे पूरा करने में जुट जाती, तभी हमारे साहित्य की वास्तविक अभावपूर्ति शीघ्र हो पाती, अन्यथा जैसी ढिलाई हमारी संस्थाओं और हमारे विद्वानों में देख पड़ रही है उससे तो इस अभावपूर्ति में अभी एक युग लग जावे तो आश्चर्य न होगा।

काव्य

१. प्राचीन हिन्दी काव्य का विकास
२. आधुनिक हिन्दी काव्य का विकास
३. हिन्दी महाकाव्य का विकास
४. हिन्दी खंडकाव्य का विकास
५. हिन्दी गीतिकाव्य का विकास
६ हिन्दी मुक्तककाव्य का विकास

उपन्यास

१. हिन्दी के उद्देश्य-प्रधान उपन्यास
२. हिन्दी के रस-प्रधान उपन्यास
३. हिन्दी के कथावस्तु-प्रधान उपन्यास
४. हिन्दी के चरित्र-प्रधान उपन्यास
५. हिन्दी के ऐतिहासिक उपन्यास
६. हिन्दी के अतिप्राकृत उपन्यास (ऐयारी, तिलस्मी आदि)
७. हिन्दी के जासूसी उपन्यास
८. हिन्दी उपन्यास में समाज
९. हिन्दी का वर्त्तमान उपन्यास-साहित्य

कहानी

१. हिन्दी का उद्देश्यप्रधान कहानी-साहित्य
२. हिन्दी का रस-प्रधान कहानी-साहित्य
३. हिन्दी का वस्तु-प्रधान कहानी-साहित्य
४. हिन्दी का चरित्र-प्रधान कहानी-साहित्य
५. हिन्दी का भावना-प्रधान कहानी-साहित्य
६. हिन्दी का कार्य-प्रधान कहानी-साहित्य
७. हिन्दी का ऐतिहासिक कहानी-साहित्य
८. हिन्दी का अतिप्राकृत कहानी-साहित्य (ऐयारी, तिलस्मी आदि)

९. हिन्दी का जासूसी कहानी-साहित्य
१०. हिन्दी का वर्त्तमान कहानी-साहित्य
११. हिन्दी कहानी में समाज

नाटक

१. हिन्दी के पौराणिक नाटक
२. हिन्दी के ऐतिहासिक नाटक
३. हिन्दी के शृङ्गार-प्रधान नाटक
४. हिन्दी के सामयिक और सामाजिक नाटक
५. हिन्दी के प्रहसन
६. हिन्दी के एकांकी
७. वर्तमान हिन्दी नाटक
८. हिन्दी नाटकों में कथावस्तु का विकास
९. हिन्दी नाटकों में चरित्र-चित्रण
१०. हिन्दी नाटकों में भारतीय आदर्श
११. हिन्दी नाटकों में पाश्चात्य आदर्श
१२. वर्त्तमान हिन्दी नाटक-साहित्य
१३. हिन्दी नाटक में समाज
१४. भारतीय रंगमंच का इतिहास

निबंध

१. हिन्दी निबंध-साहित्य का विकास
२. वर्त्तमान हिन्दी निबंध

साहित्य-शास्त्र

१. हिन्दी में छंद-शास्त्र का विकास
२. हिन्दी गद्य-लेखन का विकास
३ भारतीय काव्य-शास्त्र
४. भारतीय नाट्य-शास्त्र
५. भारतीय साहित्य के लिए संपादन-सिद्धान्त
६. हिन्दी साहित्य के लिए संपादन-सिद्धान्त
७. पाश्चात्य काव्य-शास्त्र
८. पाश्चात्य नाट्य-शास्त्र
९. हिन्दी काव्य-शास्त्र का विकास
१०. हिन्दी साहित्य-शास्त्र
११. उपन्यास-कला का विवेचन
१२. कहानी-कला का विवेचन
१३. निबंध-कला का विवेचन
१४. चरित्र-लेखन-कला का विवेचन
१५. इतिहास-शास्त्र
१६. संस्कृतियों का अध्ययन
१७. भाषा-शास्त्र
१८. ललित कलाओं का विवेचन

१६. उपयोगी कलाओं का विवेचन
२०. विज्ञान का विवेचन
२१. समाज-शास्त्र का विवेचन
२२. शिक्षा का विवेचन
२३. धर्म का विवेचन
२४. समालोचना-सिद्धान्त
२५. साहित्य के इतिहास की भूमिका
२६. साहित्य-शास्त्र का विश्व-कोष

जीवन-चरित्र

१. हिंदी का जीवनी-साहित्य
२. भारतीय जीवनी-कोष

इतिहास

१. हिन्दी में इतिहास-साहित्य
२, भारतीय इतिहास का अध्ययन
३. भारतीय संस्कृति का इतिहास
४. वृहत्तर भारत का इतिहास
५. विश्व की विभिन्न संस्कृतियों के उत्थान और पतन का इतिहास
६. ऐतिहासिक विश्व-कोष
७. अमेरिका का इतिहास
८. इंग्लैंड का इतिहास
९. जर्मनी का इतिहास
१०. फ्रांस का इतिहास
११. इटली का इतिहास
१२. रूस का इतिहास
१३. स्पेन का इतिहास
१४. ग्रीस का इतिहास
१५. जापान का इतिहास
१६. चीन का इतिहास
१७. विश्व-इतिहास

देश-दर्शन

१. हिंदी में देश-दर्शन तथा भूगोल-साहित्य
२. वर्त्तमान भारत और उसकी संस्कृति
३. वर्त्तमान भारत की साम्पत्तिक अवस्था
४. वर्त्तमान भारत की राजनैतिक अवस्था
५. वर्त्तमान भारत में धर्म और संप्रदायवाद
६. अमेरिका
७. इंग्लैंड
८. जर्मनी
९. रूस
१०. फ्रांस
११. इटली

१२. स्पेन
१३. जापान
१४. चीन
१५. अफ्रीका
१६. आस्ट्रेलिया
१७. विश्व-दर्शन
१८. संसार में नारी जाति की स्थिति

भाषा-दर्शन

१. हिन्दी में भाषा-विषयक साहित्य
२. भारत में भाषा का अध्ययन
३. हिन्दी की उत्पत्ति
४. तुलनात्मक भाषा-विज्ञान
५. संस्कृत भाषा का इतिहास
६. प्राकृत भाषाओं का इतिहास
७. पाली भाषा का इतिहास
८. अपभ्रंश भाषाओं का इतिहास
९. आधुनिक भारतीय आर्य-भाषाओं का इतिहास
१०. द्रविड़ भाषाओं का इतिहास
११. ईरानी भाषा का इतिहास
१२. बृहत्तर भारत की भाषाओं का इतिहास
१३. हिन्दी भाषा पर विदेशी प्रभाव
१४. बुनियादी हिन्दी और राष्ट्रभाषा
१५. आधुनिक भारतीय आर्यभाषा-कोष
१६. भोजपुरी-अवधी-व्रज-खड़ी-बोली-राजस्थानी-हिन्दी कोष
१७. संस्कृत-प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी कोष
१८. हिन्दी-अपभ्रंश-प्राकृत-संस्कृत कोष
१९. हिन्दी शब्द-कोष—अर्थ-विकास के इतिहास की दृष्टि से
२०. हिन्दी पर्याय-कोष
२१. हिन्दी लोकोक्ति और अनुभववाक्य-कोष
२२. हिन्दी मुहावरा-कोष
२३. हिन्दी पारिभाषिक शब्द-कोष (हिन्दी-अंग्रेज़ी)
२४. हिन्दी पारिभाषिक शब्द-कोष (अंग्रेज़ी-हिन्दी)
२५. हिन्दी की वर्तमान जन-भाषाएँ
२६. हिन्दी शब्दों, मुहावरों और लोकोक्तियों में सांस्कृतिक इतिहास
२७. हिन्दी के वैदेशिक तत्व में सांस्कृतिक इतिहास
२८. हिन्दी नामों में सांस्कृतिक इतिहास
२९. प्राचीन पिंगल व्याकरण
३०. प्राचीन व्रज व्याकरण

३१. प्राचीन अवधी व्याकरण
३२. प्राचीन खड़ीबोली व्याकरण
३३. प्राचीन भोजपुरी व्याकरण
३४. प्राचीन राजस्थानी व्याकरण
३५. हिन्दी संतकाव्य-शब्दावली—अपनी पृष्ठभूमि में
३६. हिन्दी वीरगाथाकाव्य-शब्दावली—अपनी पृष्ठभूमि में
३७. हिन्दी भक्तिकाव्य-शब्दावली—अपनी पृष्ठभूमि में
३८. हिन्दी रीतिकाव्य शब्दावली—अपनी पृष्ठभूमि में
३९. हिन्दी छायावाद-रहस्यवाद-शब्दावली–अपनी पृष्ठभूमि में
४०. हिन्दी सिद्ध-साहित्य शब्दावली—अपनी पृष्ठभूमि में
४१. ग्रामीण जीवन की शब्दावली
४२. प्राचीन हिन्दी कोष-समुच्चय
४३. अंग्रेज़ी-हिन्दी कोष
४४. भाषा-विश्वकोष
४५. प्राचीन भारतीय आर्यभाषा व्याकरण
४६. आधुनिक आर्यभाषा व्याकरण
४७. द्रविड़ भाषा व्याकरण

ललित कला

१. भारतीय संगीतकला का विकास
२. भारतीय नृत्यकला का विकास
३. भारतीय अभिनयकला का विकास
४. भारतीय लोकसंगीत, लोकवृत्त और लोकाभिनय का विकास
५. हिन्दी में ललित कलाओं का साहित्य
६. भारत में ललित कलाओं का विकास
७. ललित कला-विश्वकोष
८. विदेशों में ललित कलाओं का विकास
९. बृहत्तर भारत में ललित कलाओं का विकास
१०. मंदिर-निर्माण
११. मूर्ति-निर्माण
१२. चित्रण
१३. संगीत
१४. वक्तृत्व
१५. नृत्य
१६. स्फुट ललित कलाएँ

उपयोगी कला

१. भारत में उपयोगी कलाओं का विकास
२. विदेशों में उपयोगी कलाओं का विकास

३. हिन्दी में उपयोगी कला-संबंधी साहित्य
४. उपयोगी कला-विश्वकोष
५. बृहत्तर भारत में उपयोगी कलाओं का विकास
६. आधुनिक युद्ध-कला
७. वास्तु
८. कृषि और बाग़वानी
९. गृह-शिल्प
१०. कार्यालय-संचालन,
११. पुस्तकालय-संचालन
१२. व्यापार-कला
१३. यंत्र-निर्माण
१४. मुद्रण
१५. स्फुट कलाएँ

शरीर-रक्षा

१. हिन्दी का शरीर-रक्षा तथा चिकित्सा-साहित्य
२. भारतीय चिकित्सा का इतिहास
३. संसार की चिकित्सा-प्रणालियों का इतिहास
४. शरीर-रक्षा तथा चिकित्सा-विश्वकोष

विज्ञान

१. हिन्दी में विज्ञान-साहित्य
२. गणित
३. ज्यौतिष
४. भौतिक
५. रसायन
६. भूगर्भ-शास्त्र
७. जीव-विज्ञान
८. वनस्पति-शास्त्र
९. जंतु-शास्त्र
१०. मानव-विज्ञान

समाज-शास्त्र

१. हिन्दी में समाज-शास्त्र और दर्शन का साहित्य
२. भारत में समाज-शास्त्र और दर्शन का विकास
३. तत्व-दर्शन
४. मनोविज्ञान
५. तर्क-शास्त्र
६. आचार-शास्त्र
७. सौन्दर्य-शास्त्र
८. गणना-शास्त्र

९. राजनीति-शास्त्र
१०. धर्म-शास्त्र
११. क़ानून
१२. शासन
१३. अर्थ-शास्त्र
१४. नागरिक शास्त्र
१५. विदेशों में समाज-शास्त्र और दर्शन का विकास
१६. समाज-शास्त्र और दर्शन का विश्वकोष

शिक्षा

१. हिन्दी में शिक्षा-साहित्य
२. भारतीय शिक्षा का इतिहास
३. विदेशों में शिक्षा का इतिहास
४. शिक्षा-शास्त्र
५. शिक्षा-मनोविज्ञान
६. शिक्षा-विश्वकोष

धर्म

१. हिन्दी में धर्म-संबंधी साहित्य
२. भारत में धर्म का विकास
३. बृहत्तर भारत में धर्म का विकास
४. संसार के प्रमुख धर्म
५. धर्म और उसकी आवश्यकता
६. धर्म-संबंधी विश्वकोष

समालोचना

१. हिन्दी का समालोचना-साहित्य
२-२१. बीस सर्वश्रेष्ठ प्राचीन लेखकों पर स्वतन्त्र अध्ययन-ग्रंथ
२२-४१. बीस सर्वश्रेष्ठ प्राचीन लेखकों की कलात्मक कृतियों से सङ्कलन
४२-६१. बीस सर्वश्रेष्ठ प्राचीन लेखकों की कृतियों का वैज्ञानिक सम्पादन
६२-७१. दस आधुनिक सर्वश्रेष्ठ लेखकों पर स्वतंत्र अध्ययन-ग्रंथ

साहित्य का इतिहास

१. हिन्दी के साहित्यिक इतिहास का साहित्य
२. भारतीय साहित्य के इतिहास की भूमिका में हिन्दी साहित्य के इतिहास का अध्ययन
३. भारतीय इतिहास का हिन्दी साहित्य के विकास पर प्रभाव
४. हिन्दी भाषा के साहित्य पर अन्य भाषाओं के साहित्यों का प्रभाव

५. हिन्दी का हस्तलिखित पुस्तक-साहित्य
६. हिन्दी की दुष्प्राप्य पुस्तकों और पत्रिकाओं की प्राप्तिस्थान-निर्देशक सूची
७. पत्रिकाओं में प्रकाशित हिन्दी-साहित्य
८. हिन्दी की सर्वोत्कृष्ट २००० पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण
९. हिन्दी साहित्य के इतिहास में प्रगतिशीलता
१०. हिन्दी साहित्य में छायावाद और रहस्यवाद
११. हिन्दी की वीरगाथा-परंपरा
१२. हिन्दी साहित्य का प्रारम्भ
१३. हिन्दी का वैष्णव-साहित्य
१४. हिन्दी का सन्त-साहित्य
१५. हिन्दी का सूफ़ी-साहित्य
१६. हिन्दी का रीति-साहित्य
१७. हिन्दी साहित्य में हास्यरस
१८. हिन्दी साहित्य में करुण रस
१९. हिन्दी साहित्य में भक्ति और शान्त रस
२०. हिन्दी में भक्ति और शृङ्गार का अन्योन्याश्रय
२१. हिन्दी में वीर और भयानक का अन्योन्याश्रय
२२. हिन्दी में वात्सल्य रस
२३. हिन्दी साहित्य में 'नारी'
२४. हिन्दी साहित्य के इतिहास में 'मानव'
२५. हिन्दी साहित्य के इतिहास में प्रकृति
२६. हिन्दी साहित्य के इतिहास में 'देव' और 'दिव्य'
२७. हिन्दी साहित्य और संस्कृति
२८. अन्य साहित्यों पर हिन्दी साहित्य का प्रभाव
२९. हिन्दी साहित्य में कलापक्ष का विकास
३०. हिन्दी साहित्य में भावपक्ष का विकास
३१. हिन्दी समाचार-पत्रों का इतिहास
३२. हिन्दी पत्रिकाओं का इतिहास
३३. हिन्दी और उर्दू साहित्यों का आदान-प्रदान
३४. हिन्दी साहित्य का विश्व-कोष

विभाषा साहित्य का अध्ययन

१. हिन्दी में विभाषा साहित्य का अध्ययन
२. वैदिक साहित्य का इतिहास
३. संस्कृत साहित्य का इतिहास

४. पाली साहित्य का इतिहास
५. प्राकृत साहित्य का इतिहास
६. अपभ्रंश साहित्य का इतिहास
७. उर्दू साहित्य का इतिहास
८. मैथिली साहित्य का इतिहास
९. उड़िया साहित्य का इतिहास
१०. बंगला साहित्य का इतिहास
११. आसामी साहित्य का इतिहास
१२. राजस्थानी साहित्य का इतिहास
१३. गुजराती साहित्य का इतिहास
१४. महाराष्ट्री साहित्य का इतिहास
१५. द्रविड़ साहित्य का इतिहास
१६. अंग्रेज़ी साहित्य का इतिहास
१७. वृहत्तर भारत के साहित्य का इतिहास
१८. विश्व-साहित्य का इतिहास
१९. विभाषा साहित्य का विश्व-कोष
२०. विभाषाओं के साहित्य में काव्य
२१. विभाषाओं के साहित्य में उपन्यास
२२. विभाषाओं के साहित्य में कहानी
२३. विभाषाओं के साहित्य में नाटक
२४. विभाषाओं के साहित्य में निबंध
२५. विभाषाओं के साहित्य में समालोचना

केवल एक बात और कहनी है : इस तालिका में जितना विश्लेषण हिन्दी के ललित साहित्य का मिलेगा उतना उपयोगी और वैज्ञानिक-साहित्य का नहीं। ऐसा अन्य विषयों की मेरी अनभिज्ञता के कारण है, इसलिए नहीं कि उनकी आवश्यकता और उनका महत्व कुछ कम है। आशा है कि प्रस्तुत सूची इसी दृष्टि से देखी जावेगी, और उसको और पूर्ण बनाने के लिए प्रत्येक विषय के विशेषज्ञों का ध्यान आकृष्ट होगा।

काव्य—प्राचीन*

नाल्ह नरपति : बीसलदेवरासो

नेमिनाथ : बारहमासा

गोरखनाथ : भरथरी-चरित्र

जागनिक : पद्मावती खंड

,, : आल्ह खंड

चन्द : पृथ्वीराजरासो

अज्ञात : परमालरासो

खुसरो :—की हिन्दी-कविता

नरसी मेहता : प्रेम-कीर्तन

हरिवंश हित : वृन्दावन-शतक

,, : हित-चौरासी

[,, ?] : हित सुधा-सागर

मीराबाई : शब्दावली, भजन

नरोत्तमदास : सुदामा-चरित

हरिदास : रसिक-लहरी

अग्रदास : ध्यान-मञ्जरी

वीरबल : बलबीर पचासा

सूरदास : विनय

,, : दृष्टिकूट

,, : सूर रामायण

,, : बाललीला

सूरदास : भँवरगीत

,, : गोपाल-गारी

,, : बिसातिन लीला

,, : सूरसागर

,, : सूर-पचीसी

,, : सूर-साठी

,, : सूरशतक

,, : सूर-संगीत-सार

,, : सूर-सागर-रतन

,, : मयूरध्वज राजा की कथा

नन्ददास : बाँसुरी-लीला

,, : रास-पञ्चाध्यायी

,, : भ्रमर-गीत

,, : श्याम-सगाई

,, : रुक्मिणी-मङ्गल

,, : विरह-मञ्जरी

,, : रस-मञ्जरी

,, : रूप-मञ्जरी

परमानन्ददास : दधिलीला

,, : —सागर

तुलसीदास : रामललानहछू

---

* सूफ़ी प्रेमगाथाएँ 'उपन्यास—प्राचीन', काव्यशास्त्र संबंधी रचनाएँ 'साहित्यशास्त्र—प्राचीन' और संतवाणियाँ 'धर्म—प्राचीन' शीर्षकों में देखिये।

तुलसीदास : जानकी-मङ्गल
,, : रामचरितमानस
,, : पार्वती-मङ्गल
,, : गीतावली
,, : विनयपत्रिका
,, : कृष्ण-गीतावली
,, : बरवा
,, : कवितावली
,, : हनुमानबाहुक
,, : छप्पय-रामायण
,, : छन्दावली रामायण
,, : कुण्डलिया रामायण
,, : विजय दोहावली
,, : बारहमासी
बलभद्र : नखशिख
केशवदास : रामचन्द्रिका
,, : वीरसिंहदेव-चरित
,, : नखशिख
पद्‌म भागवत : रुक्मिणी-मङ्गल
नाभादास : रामाष्टयाम
नरहरिदास बारहट : अवतार-चरित्र
रसखान : शतक
,, : सुजान रसखान
,, : प्रेम-बाटिका
,, :—पदावली
जटमल : गोरा बादल की कथा
अली मुहिब्ब खाँ : खटमल बाईसी
धर्मदास : अवध-विलास

मुबारक : अलक-शतक
,, : तिल-शतक
सेनापति : कवित्त-रत्नाकर
बिहारीलाल : सतसई
,, : नखशिख
रसनिधि : रतहज़ारा
सबलसिंह : महाभारत
भगवत रसिक :—की बानी
नेवाज : शकुंतला उपाख्यान
सूदन : सुजान-चरित
सुखदेव मिश्र : फ़ाज़िल अलीप्रकाश
देव : अष्टयाम
,, : भवानी विलास
भूषण : शिवा बावनी
,, : छत्रसाल दशक
रसिकराय : सनेहलीला
आलम : आलम-केलि
नवीन : सुधारस
छत्रसिंह : विजय-मुक्तावली
कालिदास कवि : जंजीरा
वृन्द : भावपंचासिका
श्रीधर : जङ्गनामा
गोरेलाल : छत्र-प्रकाश
घनानन्द : सुजान-सागर
,, : विरहलीला
नागरीदास : इश्कचमन
,, : नागर-समुच्चय
सोमनाथ : रास-पंचाध्यायी

सलीन : अङ्गदर्पण
ंसराज बख्शी : सनेह-सागर
ामसखे जी : नृत्य राघव-मिलन
,, : पदावली
सरूप : उपालंभ शतक
ाजवासीदास : गोवर्धन-विलास
,, : व्रजविलास
त्त कवि : समस्यापूर्ति-प्रकाश
ाधुसूदनदास : रामाश्वमेध
ारामन जी : प्रबीन-सागर
ालधर : सुदामा-चरित
ग्रलबेली अलि: समय-प्रबंध पदावली
ामचन्द्र पंडित : चरण-चंद्रिका
ोधा : इश्कनामा
,, : बिरह-वारीश
ज़ीर : नागलीला
,, : बालपन कन्हैया का
,, : चूहेनामा
झाकर : जगद्विनोद
,, : प्रबोध पचासा
,, : गंगालहरी
,, : रामरसायन
,, : हिम्मतबहादुर-बिरदावली
ुमानी कवि : कृष्णचन्द्रिका
ान कवीश्वर : राजविलास
र्ण कवि : अनुराग-बाटिका
ठी कवि : श्री राधा सुधा-शतक
ल्लूजीलाल : राधारमण-पद-मंजरी

लल्लूजीलाल : माधवविलास
ठाकुर : —शतक
,, : ठसक
रसिकगोविन्द : युगल रस-माधुरी
रामसहायदास : शृङ्गार-सतसई
रुद्रप्रताप सिंह : रामायण
जोधराज : हम्मीर रासो
ग्वाल : यमुना-लहरी
,, : नखशिख
,, : षट्ऋतु-वर्णन
दीनदयालु गिरि : दृष्टान्त तरङ्गिणी
,, : अनुराग बाग
,, : अन्योक्तिकल्पद्रुम
वृन्दाबन : —विलास
पजनेस : —प्रकाश
,, : पचासा
गिरिधरदास : प्रेम-तरंग
,, : जरासंधवध
चन्द्रशेखर वाजपेयी : हमीर-हठ
,, ,, : रसिक-विनोद
,, : नखशिख
रामगुलाम द्विवेदी : कवित्त रामायण
,, : पदावली
,, : रहस्य विनयावली
युगलानन्यशरण : उत्सव-विलासिका
,, : मधुर मंजुमाला
,, : अवधविहार
कृपानिवास : पदावली

मानसिंह : शृङ्गार-बत्तीसी
,, : शृङ्गार-तिलक
सेवक : नखशिख
अज्ञात : योगी और यमुनी का गीत

काव्य—तत्कालीन

हरिश्चन्द्र : विरह-शतक '६७
शम्भुराय : रुक्मिणी-मङ्गल '६६
गुलाबसिंह धाऊ : प्रेम-सतसई '७०
गोकुलचन्द : शोक-विनाश '७०
हरिश्चन्द्र : भक्ति-सर्वस्व '७०
उत्तमराम : विवाह-वर्णन '७१
सीताराम : उषा-चरित्र '७१
शिवप्रसाद सिंह : काशी प्रकाश '७२
जगमोहन सिंह : प्रेम-रत्नाकर '७३
मोहनलाल विष्णुलाल पण्ड्या : अंग्रेज़-स्तोत्र '७३
सच्चिदानंदस्वरूप : विहार वृन्दाबन '७३
हरिश्चन्द्र : देवी छद्मलीला '७३
,, : फूलों का गुच्छा '७३
,, : प्रेमाश्रु-वर्षण '७३
,, : प्रेम फुलवारी '७३
ईश्वरीप्रतापनारायण राय : रहस्य काव्य-शृङ्गार '७४
जानकीप्रसाद महन्त : इश्क अजायब '७४
माधवसिंह : भक्ति-तरंगिणी '७४
ईश्वरीप्रसादनारायण सिंह : चित्र-चन्द्रिका '७५
विष्णुदास : रुक्मिणी-मंगल '७५
हरिश्चन्द्र : प्रेम-माधुरी '७५
हरिश्चन्द्र : स्वरूप-चिन्तन '७५
छायासिंह : आनन्द-लहरी '७६
राधाकृष्ण : व्रजविलास भाषा '७६
साजनभाई वलीभाई : साजन-काव्य-रत्न '७६
काशीगिरि : लावनी '७७ द्वि०
जानकीप्रसाद महन्त : सुजस-कदम्ब '७७
,, : बजरङ्ग-बत्तीसी '७७
,, : नाम-पच्चीसी '७७
बल्देवप्रसाद पं० : शृङ्गार-सुधाकर '७७
रघुनाथप्रसाद : सुलोचनाख्यान '७७
रमणविहारी : जुगल-बिहार '७७
भान जी मोन जी : भानप्रकाश तथा पदावली '७८
लक्ष्मणप्रसाद पाण्डेय : रस-तरंग '७८
हनुमानप्रसाद : शिखनख '७८
रघुराज सिंह : रामस्वयंवर '७६
रघुवंशसहाय : व्रजवन-यात्रा '७६
कुन्दनलाल : लघुरस-कलिका '७६
नन्दकिशोर दूबे : जलझूलन '७६
भानजी मोनजी : भान-विलास, मणि-रत्नमाला और भान-बावनी '७६

कृष्णलाल गोस्वामी : हास्य पंच-रत्न '८४
गोवर्धनदास धूसर : ब्रज विलास-सारावली '८४ द्वि०
दलपतिराम दयाभाई कवि : पुरुषोत्तम चरित्र '८४
दिवाकर भट्ट : नखशिख '८४
रघुबरचरण : दोलोत्सव - दीपिका '८४
राधामोहन चतुर्वेदी : रसलहरी '८४
विजयसिंह, लाल : सिया-चन्द्रिका '८४
श्रीराम, मुन्शी : प्रेम-सरोवर '८४
सीताराम, लाला : पार्वती-पाणि-ग्रहण '८४
खड्गबहादुर मल्ल : रसिक-विनोद '८५
जगमोहन सिंह : श्यामालता '८५
,, : प्रेम सम्पत्ति-लता '८५
प्रतापनारायण मिश्र : मन की लहर '८५
बचऊ चौबे : सुरस-तरङ्गिणी '८५
बंशीधर, लाला : प्रेम-लतिका '८५
बलदेवप्रसाद, पं० : सुधा-तरंगिणी '८५
भेदीराम : ढोलामारू '८५
रामकिशोर व्यास : चन्द्रास्त '८५
श्यामलाल : अनुराग लतिका '८५
सीताराम, लाला : सीताराम चरित्र-माला '८५
सोहनप्रसाद : हिन्दी और उर्दू की लड़ाई '८५
अम्बिकादत्त व्यास : पावस-पचासा '८६
कृष्णदेवनारायण सिंह : अनुराग-मुकुल '८६
गिरिधरदास हरिकिशनलाल : छंद-रत्नमाला '८६
चण्डी प्रसाद सिंह : पहेली-भूषण '८६
नकछेदी तिवारी : जगद्विनोद '८६
रमणविहारी : रामचन्द्र सत्योपाख्यान '८६
लोकनाथ चतुर्वेदी : पावस-पचीसी '८६
हरिहरप्रसाद : शृङ्गार-प्रदीप '८६
अम्बिकादत्त व्यास : सुकवि-सतसई '८७
आदितराम जोइतराम : कलगी नी लावनियो '८७
कृष्णदेव नारायण सिंह: सनेह-सुमन '८७
जगमोहनसिंह: श्यामा-सरोजिनी '८७
जगमोहन सिंह, महाराजा : ऋतु-प्रकाश '८७

जवाहरमल्ल : उपालम्भ '८७
नारायण : अष्टयाम '८७
बैजनाथ कुर्मी : षट्ऋतु-वर्णन '८७
मन्नालाल शर्मा:शृङ्गार-सुधाकर '८७
शिवराज मिश्र : अनुरागलतिका '८७
किशन सिंह : सवैयै शतक '८८
गोपीश्वर राजा : गोपीश्वर-विनोद '८८
गोवर्धनप्रसाद शर्मा : मजमूआ ख्यालात मरहठी व तुर्रा '८८
जगमोहन सिंह : मानस-सम्पत्ति '८८
देवतीर्थ स्वामी : श्याम-सुधा '८८
प्रेमदास मिश्र : लोकोक्ति शतक '८८
माधवप्रसाद त्रिपाठी : माधव-विलास, '८८
वल्लभराम सूजाराम व्यास : वल्लभ कृत काव्यम् '८८
वामनाचार्य गोस्वामी : वामन-विनोद '८८
शम्भुदयाल : अमसी व लावनी ख्यालात तुर्रा '८८
शिवशरणलाल मिश्र:भक्तिसार '८८
गोविन्दसहाय, लाला : श्याम-केलि '८९
गौरीशङ्कर : प्रेम-प्रकाश '८९
जनमुकुन्ददास : कवित्तावली '८९
जानकीप्रसाद महंत : विरह दिवाकर '८९
,, : रामनिवास-रामायण '८९
तन्त्रधारी सिंह : शिव-उमङ्ग '८९-
नवनीतलाल : कुब्जा-पच्चीसी '८९
महावीरप्रसाद द्विवेदी : विद्याविनोद '८९
रघुराज सिंह : रुक्मिणी-परिणय '८९
राधाकान्तशरण, पं० : साहित्य-युगल विलास '८९
राधागोविन्ददास : दोहावली मान-लीला '८९
रामप्रकाश, पं० : कुसुमाकर प्रमोद '८९-
रामरत्नदास गोस्वामी : सियावर केलि पदावली '८९-
लखपतराय : शशिमौलि '८९
लोकनाथ चतुर्वेदी : राधिका-सुषमा '८९
हरिश्चन्द्र : प्रेम-मालिका '८९
खूबचन्द कुँवर : अङ्ग-चन्द्रिका '९०
गोपालराम गहमरी : बसन्त-विकाश '९०
दुनियामणि त्रिपाठी : कृष्ण-पदावली '९०
दुर्गाप्रसाद वर्मा : माधवी-लता '९०
बदरीनारायण चौधरी : कजली कदम्बिनी '९०

ब्रह्मदत्त कवि : दीप-प्रकाश '६०
रामकिङ्कर सिंह:अनुराग-विनोद '६०
विश्वेश्वरदयाल, मुंशी : प्रेमोद्रेक '६०
हरिश्चन्द्र : वेणुगीत '६०
झूमकलाल : नवरस विहार '६१
टेकनारायणप्रसाद : शाक्त-मनोरञ्जन '६१
तेजबहादुर, राना : फाग धमाल '६१
पाटेश्वरीप्रसाद, लाला : प्रेम-प्रकाशिका '६१
बचऊ चौबे : ऊधो उपदेश '६१
महेश्वरबख्श तथा गणेश्वरबख्श सिंह : प्रिया-प्रियतम-विलास '६१
माधवप्रसाद : सुंदरी सौदामिनी '६१
मारकण्डेयलाल : लक्ष्मीश्वर-विनोद '६१
रघुराजसिंह : भक्ति-विलास '६१
वैद्यनाथ शर्मा : विरह-छंदावली '६१
शालिग्राम कवि:शतपञ्च-विलास '६१
अनन्तराम, पं० : अनन्त-प्रेम-वाणी '६२
खेलावनलाल : प्रमोद-मंजरी '६२
गङ्गाधर कवि : कृष्ण-चरितावली '६२
गणेशदत्त मिश्र : नखशिख-बत्तीसी '६२
द्वारकादास : रासपञ्चाध्यायी '६२
नकछेदी तिवारी : उपालम्भ-शतक '६२
,, : शिवा-शिव-शतक '६२
बदरीनारायण चौधरी : मङ्गलाशा हार्दिक धन्यवाद '६२
बलवीर : राधिका-शतक '६२
ब्लैकेट:देशोद्धार कांग्रेस-काव्य '६२
महावीरप्रसाद द्विवेदी : देवी-स्तुति-शतक '६२
रामानन्द : हिंडोला '६२
विजय सिंह : विजय-रसचन्द्रिका '६२
वेणीमाधव अग्निहोत्री : वृन्दावन-आमोद '६२
शेरसिंह वर्मा : संताप-चालीसा '६२
श्यामसुन्दर : राधा-विहार '६२
सज्जन सिंह, महाराणा : रसिक-विनोद '६२
सियादास : षट्ऋतु-विनोद '६२
हरिनारायण : रुक्मिणी-मंगल '६२
हरिशङ्कर सिंह : शृङ्गार-शतक '६२
,, : काव्य-रत्नाकर '६२
कृष्णलाल गोस्वामी : पंचऋतु-वर्णन '६३
,, : रससिंधुप्रकाश '६३
जङ्गबहादुर सिंह : बाल-विवाह '६३
दलपतिराम दयाभाई कवि : श्रवणाख्यान '६३

नवनीत कवि : मूर्ख-शतक '६३
प्रभुदयाल : कवितावली '६३
प्रह्लादीराम : हरि पदावली '६३
रघुराज कुंवरि, रानी : रामप्रिया-विलास '६३
रङ्गनारायण पाल : अङ्गादर्श '६३
रामनाथ प्रधान : राम होरी-रहस्य '६३
ललनपिया : होली-शतक '६३
लालताप्रसाद : धनञ्जय-विजय '६३
शंभुनाथ, राजा : नखशिख '६३
शालिग्राम वैश्य : सुदामा-चरित्र '६३
इन्द्रभान, लाला : दंपति-विलास '६४
कृष्णलाल गोस्वामी : खटमल-स्तोत्र '६४
गणेश सिंह : भक्ति-चन्द्रिका '६४
गोविंद गिल्लाभाई : नखशिख '६४
जगन्नाथदास : हिंडोला '६४
प्रभुदयाल : प्रेम-विलास '६४
बसंत जायसी : कृष्ण-चरित्र '६४
बैजनाथ कुर्मी : नख-शिख वर्णन '६४
मुकुन्दलाल नागर : गुलदस्ता-ए-मुकुन्द '६४
महादेवप्रसाद त्रिपाठी : राघव-रहस्य '६४
रघुराज सिंह : रघुराजविलास '६४
,, : जगन्नाथ-शतक '६४
,, : पदावली '६४
विश्वेश्वरबख्श पाल वर्मा : अङ्गा-दर्श '६४
सीताराम शर्मा : काव्य-कलापिनी '६४
हफ़ीजुल्ला खाँ : मन-मोहनी '६४ च०
कृष्णलाल गोस्वामी : रससिन्धु-शतक '६५
कालिकाप्रसाद सिंह : राम रसिक-शिरोमनि '६५
गजाधरप्रसाद शुक्ल : जगदीश-विनोद '६५
गोपालराम गहमरी : दंपति-वाक्य-विलास '६५
जियालाल त्रिपाठी : भक्ताम्बुनिधि '६५
बलदेवप्रसाद : शृङ्गार-सरोज '६५
मोहनलाल विष्णुलाल पाण्ड्या : प्रेम-प्रमोदिनी '६५
,, : बसंत-प्रमोदिनी '६५
रत्न कुँवरि : प्रेमरत्न '६५ ?
श्यामसुन्दर सारस्वत : रसिक-विनोद '६५
सूरकिशोर जी, स्वामी : मिथिला-विलास '६५

कालिकाप्रसाद सिंह : मानस-तरंगिणी '९६
जानकीप्रसाद महन्त : कवित्त-वर्णावली '९६
प्रतापनारायण मिश्र : लोकोक्ति-शतक '९६
बेनीप्रसाद तिवाड़ी : अनुराग-मंजरी '९६
महेश्वरबख्श सिंह : महेश्वर-चन्द्रिका '९६
रघुराज सिंह : रघुराज पचासा '९६
रामकिङ्कर सिंह : रसिकविहार-रत्नाकर '९६
रामदयाल नेवटिया : प्रेमाङ्कुर '९६
लालजी राम, मुंशी : काव्याङ्कुर '९६
शिवदास : सुधासिन्धु '९६
उदयभानु लाल : भानु-विरहावली '९७
गङ्गानारायण : पद-कुसुमाकर '९७
गङ्गाप्रसाद अवस्थी : राग-बहार '९७
गौरीशंकर शुक्ल : मनरञ्जन-प्रकाश '९७
ठाकुरदीन मिश्र : प्रेम-तरंग दोहावली '९७
देवदास : अद्भुत वृन्दाबन '९७
बलदेवदास : प्रभात-शतक '९७
भोपालदास : भारत-भजनावली '९७

'मधुर अली' : युगल-विने पदावली '९
महेश्वरबख्श सिंह : महेश्वर-विने '९
रघुवरदयाल : रस-प्रकाश '९
रतन सिंह : नटनागर-विनो '९७ द्वि
रामसुख : कवितावली '९
शिवम्बरप्रसाद : मित्र-विलास '९
श्यामनारायण : प्रेम-प्रवाह '९
अम्बिकादत्त व्यास : ईश्वरइच्छ '९
गङ्गादास : विनयपत्रिका '९
रसरंगमणि : सरयू रसरङ्ग-लह '९
शालिग्राम शर्मा : हरि-यश गाय '९
श्यामसुन्दर : महेश्वर-सुधाकर '९
अयोध्यासिंह उपाध्याय : रसि रहस्य '९
कालिकाप्रसाद : राधा जी व नखशिख '९
जगन्नाथदास : हरिश्चंद्र '९
जानकीप्रसाद द्विवेदी : जानक सतसई '९
दौलतराम कवि : महेश्वर रसम ग्रंथ '९
पातेश्वरप्रसाद : अनुराग-प्रकाश '९

बलवन्त सिंह : भक्ति शिरोमणि '९९
मिश्रबंधु : लवकुश-चरित्र '९९
मोहनलाल गुप्त : प्रेम रसामृत '९९
योगेन्द्रनारायण सिंह : शारदा-नखशिख '९९
लक्ष्मीनारायण सिंह : विनोदमाला '९९
लालदास कवि:रामचरणानुराग'९९
अयोध्यासिंह उपाध्याय : प्रेमाम्बु-वारिधि १९००
,, : प्रेम-प्रपञ्च १९००
गजाधर शुक्ल:भुवनेन्द्र भूषण १९००
जैनेन्द्र किशोर: शृङ्गार-लता १९००
पतिराम बाबू : कवि भूषण-विनोद १९००
प्रेम सिंह पृथ्वीराजोत: कामकेतु राजा का जस १९००
महेश्वरबख्श सिंह : महेश्वर-प्रकाश १९००
महावीरप्रसाद द्विवेदी : नागरी १९००
मोतीराम भट्ट:मनोद्वेग-प्रवाह १९००
व्रजविहारी लाल:संगीत-सुधा १९००
शीतलप्रसाद, मुंशी : प्रेम-सरोवर १९००
श्रीधर पाठक : क्लाउड मेमोरियल (घन-विनय) १९००
श्रीधर पाठक : गुनवंत हेमंत १९००
